कण्डूः, खर्ज्जूः, कण्डूयाः, और भी "कण्डूतिः" ये ३ स्त्री लिङ्ग सूखी खाज के वा खजुआना इस प्रसिद्ध के नाम हैं; विस्फोटः, पिटकः, "स्त्री॰ पिटका, कः, (का कं)" ये २ फोड़ा के नाम हैं, ॥ ४ ॥ व्रणः, ईर्मं, अरुः, "उसी प्रकार पुं॰ ईर्मः" ये ३ घाव के नाम हैं; जो व्रण सदा गलता है उसे नाड़ीव्रणः कहते हैं; वा नसूर का नाम है (एकं) कोठः, मण्डलकं, कुष्ठं, श्वित्रं, "और श्वेतं, वा श्वेत्रं" ये ४ कोढ़ी के नाम हैं; कोठ आदि दो मंडलाकार कुष्ठ के वा गजचर्म इस प्रसिद्ध के नाम हैं; और कुष्ठ आदि दो श्वेत कुष्ठ के नाम हैं यह एक का मत है" दुर्नामकः, अर्शः, "उसी प्रकार अर्सः (—स्) और भी पुं॰ अर्शः (—र्श) ये २ अर्श रोग के वा बावसीर इस प्रसिद्ध के नाम हैं, "वा मूलव्याधि अर्श है" ॥ ५ ॥ आनाहः, विबन्धः, ये २ मल और मूत्र के निरोध के वा मल बद्धरोग के नाम हैं; ग्रहणीरुक्, प्रवाहिका, "और भी ग्रहणी, और ग्रहणिः" ये २ संग्रहणी रोग के नाम हैं, (प्रकर्षेण वहति बहुस्रवति गुदमस्यां सा प्रवाहिका) प्रच्छर्द्दिका, "उसी प्रकार न॰छर्दिः (—स्), स्त्री॰ छर्दिः (—द) वा छर्दी आदि", वमिः, वमथुः, ये ३ वमन रोग वा उलटी के नाम हैं, और समानार्थक हैं, ॥ ६ ॥ अब व्याधियों के भेद कहते हैं, विद्रधिः, उदर आदि में गण्डभेद वा व्रयथिआ इस प्रसिद्ध का नाम है, ज्वरः, प्रसिद्ध है (मेहति मूत्रयति अनेन) मेहः, "और भी प्रमेहः" यह रक्तमेह शुभ्र प्रमेह इस आदि भेद से बहुत, प्रकार, का है, भगन्दरः, यह गुदा के निकट विस्फोटक विशेष वा फोड़ा का नाम है, "श्लीपदः, पादवल्मीकः, ये २ हाड़ारोग के नाम हैं; केशघ्नः, इन्द्रलुप्तकः, ये २ चांईचूंई के नाम हैं", ।

	स न
पथरी-वा मूत्रकृच्छ्र।	अश्मरी मूत्र कृच्छ्रं (स्यात्)
	(पूर्व्वे शुक्रावधे स्त्रिषु) ॥ ७ ॥
	पु १पु २पु ३पु पु
हकीम- वा वैद्य।	रोगहार्य्यं गदंकारो भिषग्-वैद्यौ चिकित्सके।
	पुसन पुसन पुसन पुसन
रोगरहित।	वार्त्तो निरामयः कल्प उल्लाघो (निर्गतो गदात्) ॥ ८ ॥
	पुसन पुसन
रोग से दुखी।	ग्लान-ग्लास्नू
	४पुसन पुसन पुसन पुसन
रोगी।	आमयावी विकृतो व्याधितो ऽपटुः।
	पुसन पुसन पुसन
	आतुरो ऽभ्यमितो ऽभ्यान्तः
	पुसन पुसन
खँसरावाला।	(समौ) पामन-कच्छुरौ ॥ ९ ॥
	पुसन ५पुसन
दादवाला।	दद्रुणो दद्रुरोगी (स्याद्)
	पुसन पुसन
बावसीरवाला।	अर्शरोगयुतो ऽर्शसः।

१ अ-. २ -षज्. ३ वैद्य. ४-न्. ५-न्.

अश्मरी, मूत्रकृच्छ्रं, ये २ मूत्रकृच्छ्र के नाम हैं, (अश्माकारं शुक्रं राति ददाति इति अश्मरी) इससे आगे शुक्र शब्द से पूर्व मूर्छितान्त ये तीनों लिङ्ग में अर्थात् वाच्यलिङ्ग हैं; ॥ ७ ॥ रोगहारी, (-न्) अगदंकारः, भिषक् (-ज्) वैद्यः, चिकित्सकः, ये ५ वैद्य के नाम हैं, "द्विव॰ रोगहारिणौ, द्विव॰ भिषजौ"; वार्त्तः, "स्त्री॰ वार्त्ता", निरामयः, कल्पः, ये ३ निरोगी के नाम हैं, जो रोग से छूट गया है उसे उल्लाघः कहते हैं, (एकं,) "यह भी पूर्वका पर्याय है" ॥ ८ ॥ ग्लानः, ग्लास्नुः, ये २ रोग आदि के वश से हर्षरहित के नाम हैं; आमयावी, विकृतः, व्याधितः, अपटुः, आतुरः, अभ्यमितः; अभ्यान्तः, ये ७ रोगी के नाम हैं; पामनः, कच्छुरः, ये २ खसरा, के नाम हैं, ॥ ९ ॥ दद्रुणः, और भी "दद्रूणः, स्त्री॰ दद्रूः, दर्द्रुः, वा दद्रूः, वा दद्रुः" दद्रुरोगी, ये २ दादवाले के नाम हैं, अर्शरोग से युत को अर्शसः, कहते हैं, (एकं), वा अर्शरोगयुतः, अर्शसः, ये २ पद हैं, ।

बाईवाला।	१पुसन २पुसन वातकी वातरोगी (स्यात्)
सितरसी।	पुसन पुसन सातिसारोऽतिसारकी ॥ १० ॥
चौंधरी।	पुसन पुसन पुसन पुसन (स्युः) क्लिन्नाक्षे चुल्ल-चिल्ल-पिल्लाः (क्लिन्नेऽक्ष्णि चाप्यमी)।
पागल।	पुसन ३पुसन उन्मत्त उन्मादवति
कफी।	पुसन पुसन ४पुसन श्लेष्मलः श्लेष्मणः कफी ॥ ११ ॥
कुबड़ा।	पुसन न्युब्जो (भुग्ने रुजा)
तुंदला।	पुसन पुसन (वृद्धनाभौ) तुण्डिल-तुण्डिभौ।
सेहुंआहा।	५पुसन पुसन किलासी सिध्मलो
अन्धा।	पुसन ६पुसन ऽन्धोऽदृङ्
मूर्छित।	पुसन पुसन पुसन मूर्च्छाले मूर्त्त-मूर्च्छितौ ॥ १२ ॥
काम।	न ७न न न न न शुक्रं तेजो-रेतसी (च) बीज-वीर्य्ये-न्द्रियाणि (च)।
पित्त।	पु न मायुः पित्तं
कफ।	पु ८पु कफः श्लेष्मा

१-न. २-न. ३-त. ४-न. ५-न. ६-श्र. ७-स. ८ न-.

वातकी, वातरोगी, ये २ बातरोगवाले के नाम हैं, सातिसारः, अतिसारकी, ये २ सितरसवाले के नाम हैं; ॥ १० ॥ क्लिन्नाक्षः, चुल्लः, चिल्लः, पिल्लः, ये ४ गीले आंखवाले के नाम हैं; उन्मत्तः, उन्मादवान्, ये २ बावले के नाम हैं, अर्थात् वात पित्त कफ के विकार से चित्त विभ्रमवाले के नाम हैं; श्लेष्मलः, श्लेष्मणः, कफी, ये ३ कफवाले के नाम हैं. ॥ ११ ॥ रोग से नष्ट टेढ़ी पीठ और अधोमुखवाले को न्युब्जः कहते हैं; वृद्धनाभिः, तुण्डिलः, "और भी तुन्दिलः" तुन्दिभः, ये ३ वात आदि से ऊंची नाभीवाले के नाम हैं, किलासी, सिध्मलः, ये २ पपड़ी के वा सेहुंआंवाले इस प्रसिद्ध के नाम हैं, अन्धः, अदृक् (-श्,) ये २ अन्धे के नाम हैं, मूर्च्छालः, मूर्त्तः, मूर्छितः, ये ३ मूर्छावाले के नाम हैं, ॥ १२ ॥ शुक्रं, तेजः, रेतः, बीजं, वीर्यं, इन्द्रियं, ये ६ रेत के अर्थात् वीर्य के नाम हैं, मायुः, पित्तं, ये २ पित्त के नाम हैं, कफः, श्लेष्मा, ये २ कफ के नाम हैं,

	स १स
चाम वा खाल ।	(स्त्रियां तु) त्वग् सृग्धरा ॥ १३ ॥
	न न न न न न
मांस ।	पिशितं तरसं मांसं पललं क्रव्य मामिषम् ।
	न न पुसन
सूखा मांस ।	उत्तप्तं शुष्कमांसं (स्याद्) वल्लूरं (तत्त्रिलिङ्गकम्) ॥१४॥
	न न २न न न न न
रक्त ।	रुधिरे ऽसृ-ग्लोहिता-ऽस्र-रक्त-क्षतज-शोणितम् ।
	पुसन न
करेज ।	वुक्का ऽग्रमांसं
	न ३न
हृदय ।	हृदयं हृन्
	न स स
चर्वी ।	मेद (स्तु) वपा वसा ॥ १५ ॥
	स
गले की पिछली नस	(पश्चाद्ग्रीवा शिरा) मन्या
	स स स
नाड़ी ।	नाडी (तु) धमनिः सिरा ।
	न ४न
तिल ।	तिलकं क्लोम
	न न
गूदा ।	मस्तिष्कं गोर्दं

१ अ-. २ लो-. ३-त् वा-द्. ४-न्.

त्वक्, "(-च) और त्वचा, वा नपुं॰ त्वचं", असृग्धरा, वा "असृग्धारा" ये २ चाम के नाम हैं, ॥ १३ ॥ पिशितं, तरसं, मांसं, पललं, क्रव्यं, आमिषं, "और अमिषं" ये ६ मांस के नाम हैं; उत्तप्तं, शुष्कमांसं, वल्लूरं, "वल्लुरं, स्त्री॰ वल्लूरा" ये ३ सूखे मांस के नाम हैं; ॥ १४ ॥ रुधिरं, असृक्, (-ज्) लोहितं, अस्रं, "वाजे पढ़ते हैं अस्रं", रक्तं, क्षतजं, शोणितं, ये ७ रक्त के नाम हैं; द्वीव॰ "असज्ञौ" वुक्का "वुक्कः, वा वुक्का, (-न्)", स्त्री॰ वुक्का, वा वुक्की, न॰ वुक्कं, वा वुक्क (-न्) और भी वृक्कः, वा वृक्का, वृक्कं, और वूक्कः, वूक्का, वक्कं, वा वक्का, वक्क (-न्) और वूक्का, वूक्क (-न्)" उसी प्रकार अग्रमासं, वा "वुक्काग्रमासं" ये २ हृदय के भीतर जो पद्माकार मांस है उसके नाम हैं वा कलेजा इस प्रसिद्ध के नाम हैं; हृदयं, हृत्, ये २ हृदय के नाम हैं; वा वुक्का आदि ४ समानार्थक हैं, यह एक का मत है, हृदी, हृन्दि; मेदः (-स) वा पुं॰ मेदः (-द), वपा, वसा, ये ३ मांस से उत्पन्न चिकनाहट के वा चर्वी के नाम हैं; ॥ १५ ॥ ग्रीवा का शिर ग्रीवाशिरा है और जो पीछे स्थित ग्रीवाशिरा है उसे मन्या कहते हैं, अर्थात् गले के पीछे की नस का नाम है, नाड़ी, वा "नाडिः" धमनिः, "वा धमनी" शिरा, "वा सिरा" ये ३ नाड़ी के नाम हैं; तिलकं, क्लोम, "और भी क्लोमं (-म)" ये २ मांस के पिंड विशेष के वा तिल के नाम हैं, मस्तिष्कं, गोर्दं, ये २ माथे में उत्पन्न घी के समान चिकनाहट वा गूदा के नाम हैं,

कान आदि का मल।	न पुन किट्टं मलो (ऽस्त्रियाम्) ॥ १६ ॥
आंत।	न १पुन अंत्रं पुरीतद्
पिलही।	पु २पु गुल्म (स्तु) प्लीहा (पुंस्य)
नस।	स (ऽथ) वस्नसा।
	स स्नायुः (स्त्रियां)
कलेजा विशेष।	न ३न कालखण्ड-यकृती (तु समे इमे) ॥ १७ ॥
लार-वा थूंक।	स स स सृणिका स्यन्दिनी लाला
कींचर।	स दूषिका (नेत्रयो र्मलम्)।
मूत।	न पु मूत्रं प्रस्राव
गुह।	पु पु पु पु उच्चारा-ऽवस्करौ शमलं शकृत् ॥ १८ ॥
	न न पुन स स गूथं पुरीषं वर्च्चस्क (मस्त्री) विष्ठा-विषौ (स्त्रियौ)।
कपार।	पु पुन (स्याद्) कर्प्परः कपालो (ऽस्त्री)
हाड़ वा अस्थि।	न न ४न कीकसं कुल्य मस्थि (च) ॥ १९ ॥
पिंजरा-वा पांजर।	पु (स्या च्छरीरास्थ्नि) कंकालः

१-त्. २-न्. ३-त्. ४ अ-.

किट्टं, मलः, ये २ कान आदि के निकले मलके नाम हैं; ॥ १६ ॥ अंत्रं, "वा आंत्रं" पुरीतत्, "उसी प्रकार परितत्" ये २ आंतड़ी के नाम हैं; गुल्मः, प्लीहा, "वा प्लिहा (-न्) और भी स्त्री॰ प्लीहा" ये २ बांयें कोख में स्थित मांसपिंड विशेष वा पिलही के नाम हैं; वस्नसा, स्नायुः, "उसी प्रकार स्नसा" ये २ अङ्ग और प्रत्यङ्ग के सन्धिबन्धन की नाड़ी वा नस इस प्रसिद्ध के नाम हैं; कालखण्डं, यकृत्, ये २ दाहिने कोख में स्थित मांसपिंड वा कलेजा के नाम हैं, ॥ १७ ॥ सृणिका, "वा सृणीका" स्यन्दिनी, लाला, ये ३ लार वा थूंक इस प्रसिद्ध के नाम हैं; दूषिका, यह एक नेत्रों के मलका नाम है, "और दूषी, वा दूषीका", "सिंघाणं यह एक नाक के मल का नाम है, पिञ्जूषः यह १ कानों के मल का नाम है", मूत्रं, प्रस्रावः, ये २ मूत्र के नाम हैं, उच्चारः, अवस्करः, शमलं, शकृत्, "और सकृत्" ॥ १८ ॥ पुरीषं, गूथं, वर्चस्कं, विष्टा, विट, "विष्, वा विश, और भी विषा" ये ६ विष्ठा के नाम हैं, (उच्चार्यते त्यज्यते इत्युच्चारः, अवकीर्यते अधः क्षिप्यते इति अवस्करः) कर्परः, कपालः ये २ शिर के हड्डी के टुकड़े के नाम हैं, कीकसं, कुल्यं, अस्थि, ये ३ अस्थिमात्र के नाम हैं, ॥ १९ ॥ कंकालः यह एक शरीर में प्राप्त अस्थि के पिंजरे का नाम है,

रीर वा रीड़ ।	स (पृष्ठास्थि तु) कशेरुका ।
खोपड़ी ।	१न स शिरोऽस्थि (तु) करोटिः (स्त्री)
पंशुड़ी ।	२न स पार्श्वास्थनि (तु) पर्शुका ॥ २० ॥
अंग ।	न पु पु पु अङ्गं प्रतीको ऽवयवो ऽपघनो
देह ।	न पु (ऽथ) कलेवरम् । न ३न न न ४न गात्रं वपुः संहननं शरीरं वर्ष्म विग्रहः ॥ २१ ॥ पु पुन स स ५स कायो देहः (क्लीवपुंसोः स्त्रियां) मूर्त्ति स्तनु स्तनूः ।
पैर की अगाड़ी ।	न न पादाग्रं प्रपदं
पैर वा पांव ।	पु पु पु ६पुन पादः पदं घ्रि श्चरणो (ऽस्त्रियाम्) ॥ २२ ॥
टखना वा पाव की गांठि ।	स पुन (तद्ग्रंथी) घुटिके गुल्फौ
एड़ी ।	पु (पुमान्) पार्ष्णि (र्‌घ स्तयोः)
जंघा ।	स स जंघा (तु) प्रसृता
जानू वा घुटुनू ।	पुन ७पुन ८पुन जानू रुपर्वा ऽष्ठीवद् (ऽस्त्रियाम्) ॥ २३ ॥
निरोह ।	न ९पु सक्थि (क्लीवे पुमान्) ऊरुस्

१—न. २—न्. ३—स्. ४—न्. ५तनू. ६च—. ७ऊ—न्. ८—त्. ९—रु.

कशेरुका, यह एक पीठ के मध्यगत अस्थिदंड का नाम है; वा रीर इस प्रसिद्ध का नाम है, "और कसेरुका", करोटिः, "वा करोटी, और भी नपुं॰ करोटं" यह एक शिर में प्राप्त अस्थिसमुदाय वा खोपड़ी का नाम है; पर्शुका, यह एक पांजरे के अस्थि का नाम है, "और भी पार्शुका, और पर्शुः" ॥ २० ॥ अंगं, प्रतीकः, अवयवः, अपघनः, ये ४ देह के अवयव, अर्थात् हिस्सो के नाम हैं; कलेवरं, गात्रं, वपुः, संहननं, शरीरं, वर्ष्मं, विग्रहः, ॥ २१ ॥ कायः, देहः, मूर्त्तिः, तनुः, (—न और—नुस्) तनूः, ये १२ देह के नाम हैं; पादाग्रं, प्रपदं, ये २ पांव के अग्रभाग के नाम हैं, पादः, "पत्, (—द्) और पदः, (—द) और भी नपुं॰ पादं, और पदं", पत्, अंघ्रिः, "अंघ्रिः" चरणः, ये ४ चरण के नाम हैं, ॥ २२ ॥ पाद के किनारे के गांठि विशेष को घुटिका "और घटिः, वा घुटि, और भी घुटः", और गुल्फ; कहते हैं, (द्वयं), गुल्फ और घुटिका के नीचे के प्रदेश को पार्ष्णिः कहते हैं वा एड़ी इस प्रसिद्ध का नाम है; जंघा, प्रसृता, ये २ जंघा के नाम हैं; "पुं॰ जानुः, ऊरुपर्वा, अष्ठीवान्", न॰ जानु, ऊरुपर्वं, अष्ठीवत्, ये ३ जानु और ऊरु के संधि के नाम हैं, वा घुटुनू इस प्रसिद्ध के नाम हैं, ॥ २३ ॥ सक्थिः, ऊरुः, ये २ जानू के ऊपर भाग के वा निरोह के नाम हैं,

ठेहुनी वा घुठ्नू ।	(तत्संधिः पुंसि) वंक्षणः ।
गुदा ।	गुदं (त्व्) पानं पायु (र्ना)
मूत्रस्थान ।	वस्ति (र्नाभेरधो द्वयोः) ॥ २४ ॥
कटि-वा कमर ।	कटो (ना) श्रोणिफलकं कटिः श्रोणी ककुद्मती ।
स्त्री का चूतर ।	(पश्चान्) नितम्बः (स्त्रीकट्याः)
स्त्रीकी-नाभी-वा पेडू ।	(क्लीबे तु) जघनं (पुरः) ॥ २५ ॥
नितम्ब का गड़हा ।	(कूपकौ तु नितम्बस्थौ द्वयहीने) कुकुन्दरे ।
कूल वा कुल्ला ।	(स्त्रियां) स्फिचौ कटिप्रोथाव्
भग लिङ्ग ।	उपस्थो (वक्ष्यमाणयोः) ॥ २६ ॥
योनि ।	भगं योनि (र्द्वयोः)
लिङ्ग ।	शिश्नो मेढ्रो मेहन-शेफसी ।
अण्ड-वा पेल्हर ।	मुष्को ऽण्डकोषो वृषणः
मेंकड़ ।	(पृष्ठवंशाधरे) त्रिकम् ॥ २७ ॥

१–अ. २–च.

उस ऊरु की सन्धि को वंक्षणः कहते हैं, अर्थात् ठेहुनीवा घुठुनू का नाम है (एकं); गुदं, अपानं, पायुः, ये ३ गुदा–वा विष्ठा निकलने के द्वार के नाम हैं; वस्तिः यह एक स्त्री० और पुल्लिंग नाभी के नीचे भग में स्थितमूत्राशय का नाम है, "और भी स्त्री० वस्ती" ॥ २४ ॥ कटः, श्रोणिफलकं, कटिः, श्रोणी, ककुद्मती, उसी प्रकार श्रोणीफलं, "और कटी" वा श्रोणिः, ये ५ कटि के नाम हैं, स्त्री के कमर के पीछे के भाग को नितम्बः कहते हैं, "(निभृतं तम्यते कामुकैः नितम्बः)" स्त्री के कमर के अग्रभाग को जघनं कहते हैं, वा नाभी को कहते हैं, ॥ २५ ॥ नितम्ब में रहनेवाले और पीठ के वांस के अधोभाग में विद्यमान कूप रूप गड़हों को द्वयहीने अर्थात् स्त्री० पुं० से हीन क्लीव में कुकुंदरं कहते हैं, "और भी ककुन्दरं; (एकं); स्फिचौ, कटिप्रोथौ, "एक वचन में कटिप्रोथः, उसी प्रकार कटिः और प्रोथः" ये २ कटि में रहनेवाले मांस पिंड के नाम हैं वा कुल्ला इस प्रसिद्ध के नाम हैं; वक्ष्यमाण भग और शिश्न को उपस्थः कहते हैं, (एकं) ॥ २६ ॥ भगं, योनिः, "और स्त्री० योनी" ये २ स्त्री के उपस्थ के नाम हैं, शिश्नः, मेढ्रः, मेहनं, शेफः (–स्) वा शेपः (–स्), और पुं० शेफः (–फ) शेपः (–प) और शेवः", ये ४ शिश्न के नाम हैं, मुष्कः, अण्डकोषः, "और भी अण्डकोशः" वृषणः, ये ३ अण्डकोश के नाम हैं, पीठ के बांस के नीचे तीन हड्डी से बने स्थान को त्रिकं कहते हैं, वा मेंकड़ कहते हैं, ॥ २७ ॥

	पु पु पुन १न न
पेट ।	पिचिण्ड-कुक्षी जठरो दरं तुन्दं
	पु पु
कुच ।	स्तनौ कुचौ ।
	पुन न
चूंची की ढेपुनी ।	चूचुकं (तु) कुचाग्रं (स्यान्)
	स्रन न
कोरा-वा गोद ।	(न ना) क्रोडं भुजान्तरम् ॥ २८ ॥
	२न न न
छाती ।	उरो वत्स (ञ्च) वक्षश् (च)
	न
पीठ ।	पृष्ठं (तु चरमं तनोः) ।
	पु ३न पुन
कन्धा ।	स्कन्धो भुजशिरो ऽसो (ऽस्त्री)
	न
हंसुली ।	(सन्धी तस्यैव) जत्रुणी ॥ २६ ॥
	न पु
कांख ।	बाहुमूले (उभौ) कक्षौ
	पुन
बगल ।	पार्श्व (मस्त्री तयो रधः) ।
	पुन पुन पुन
मध्य-शरीर-वा कमर।	मध्यम (ञ्चा) ऽवलग्न (ञ्च) मध्यो (ऽस्त्री)
वांह-वा भुजा ।	(द्वौ परौ द्वयोः) ॥ ३० ॥
	पुस पुस पु ४पु
	भुज-बाहू प्रवेष्टो दोः
	पुस पुस
गांठि-वा केहुनी वा, कोहनी ।	(स्यात्) कफोणि (स्तु) कूर्परः ।

१उ—. २—स. ३—स. ४—स.

पिचिण्डः, "और भी पिचण्डः" कुक्षिः, "और कुक्षः" जठरं, उदरं, तुंदं, ये ५ जठर अर्थात् पेट के नाम हैं, स्तनः, कुचः, ये २ छाती में के उठे वा चूंची इस प्रसिद्ध के नाम हैं, चूचुकं, "और भी चुचुकं,—कः" कुचाग्रं, ये २ चूंचों की ढेपुनी वा अग्रभाग के नाम हैं, (चूष्यते पीयते इति चूचुकं); क्रोडं, भुजान्तरं, ये २ गोदी के—वा कोरां के नाम हैं ॥ २८ ॥ उरः, वत्सं, वक्षः, ये ३ छाती के नाम हैं, वा ५ छाती के पर्य्याय हैं. किसी के मत से इनके मध्य क्रोड़ंना नहीं है किन्तु स्त्री॰ नपुंसक है, "स्त्री॰ मे तो क्रोड़ा", वक्षः (—स्) "शरीर का चरम अर्थात् पीछे के भाग को पृष्ठं कहते हैं, (एकं); स्कन्धः (—ध) वा न॰ स्कन्धः (स्)"; भुजशिरः, अंसः, "वा अंशः" ये ३ भुजा के शिर के वा कन्धा इस प्रसिद्ध के नाम हैं, उस कन्धे की सन्धी को जत्रुणी कहते हैं, "ए.व. जत्रु" (एकं) ॥ २६ ॥ बाहुमूलं, कक्षः, ये २ कक्ष वा कांख के नाम हैं, उन दोनो कांखों के नीचे के भाग को पार्श्वं कहते हैं, मध्यमं, अवलग्नं, "उसी प्रकार विलग्नं" मध्यः, ये ३ शरीर के मध्य के नाम हैं, वा कमर इस प्रसिद्ध के नाम हैं, अस्त्री यह पद मध्यम आदि पदो में भी युक्त होता है, आगे जो भुज और बाहू शब्द पढ़े हैं वे स्त्री॰ और पुंस में हैं ॥ ३० ॥ भुजः, "स्त्री॰ भुजा" पुं॰ और स्त्री॰ बाहुः, "और भी पुं॰ बाहः, स्त्री॰ बाहा" प्रवेष्टः, दोः, "स्त्री॰ दोषा" ये ४ भुजा वा बाहू के नाम हैं, कफोणिः, और कफणिः, स्त्री॰ कफोणी, और कफणी" कूर्परः, "स्त्री॰ कूपरा" ये २ केहुनी वा कोहनी इस प्रसिद्ध के नाम हैं, ।

गांठि के ऊपर।	पु (अस्यो परि) प्रगण्डः (स्यात्)
गांठि के नीचे।	पु प्रकोष्ठ (स्तस्य चा प्यधः) ॥ ३१ ॥
मणिबन्ध।	पु (मणिबन्धा दाकनिष्ठं करस्य) करभो (वहिः)।
हाथ।	पु पु १पु पञ्चशाखः शयः पाणिस्
अंगुठा के पास की	स स तर्ज्जनी (स्यात्) प्रदेशिनी ॥ ३२ ॥
अंगुली।	स स अङ्गुल्यः करशाखाः (स्युः)
अंगुठा।	२पु स (पुंस्यं) गुष्ठः प्रदेशिनी।
क्रम से सब-अंगुलियां।	स स स मध्यमा ऽनामिका (चापि) कनिष्ठा (चेति ताः क्रमात्) ॥३३॥
नख-वा नह।	पु पु पुन पुन पुनर्भवः कररुहो नखो (ऽस्त्रि) नखरो (ऽस्त्रियाम्)।
तीन प्रमाणविशेष	पु पु पु प्रादेश-ताल-गोकर्णा (स्तर्ज्जन्यादियुते तते) ॥ ३४ ॥
प्रमाणविशेष।	पुस पु (अंगुष्ठे स कनिष्ठे स्याद्) वितस्ति र्द्वादशांगुलः।

१—णिः. २ अ—.

इस कूर्पर के ऊपर के भाग को प्रगण्डः कहते हैं; उसी कूर्पर के अधोभाग को प्रकोष्ठः कहते हैं; (एकैकं) ॥ ३१ ॥ प्रकोष्ठ और हाथ की सन्धि को मणिवन्धः, कहते हैं, उस मणिवन्ध से लेकर कनिष्ठा पर्य्यन्त हाथ के मोटे बाहर के भाग को करभः कहते हैं; पञ्चशाखः, शयः, "और शमः, पाणिः शमः शयो हस्त इत्यमरमाला", पाणिः, ये ३ हाथ के नाम हैं, तर्ज्जनी, प्रदेशिनी, "और भी प्रदेशनी" ये २ अगूंठे के निकट रहनेवाली अंगुलि के नाम हैं, ॥ ३२ ॥ अंगुल्यः, "ए॰ व॰ अंगुलिः, और भी अंगुली, अंगुरिः, (—री) वा अंगुलः और अंगुलं", करशाखाः, ये २ अगुली मात्र के नाम हैं, वे अंगुलीयां क्रम से अंगुष्ठः, प्रदेशिनी, मध्यमा, अनामिका, "और अनामा" कनिष्ठिका और भी "कन्यसा, कनीनी, वा कनीनिका" इन नामों से कही जाती हैं, (एकैकं) ॥ ३३ ॥ पुनर्भवः "और भी पुनर्नवः", कररुहः, नखः, नखरः, "और भी स्त्री॰ नखरा" ये ४ नख के नाम हैं, तर्ज्जनी आदि तीन अगुंलियों से युत और फैले अंगूठे को प्रादेश आदि क्रम से कहते हैं, जैसे तर्जनी सहित फैले अगूंठे को प्रादेशः, वा प्रदेशः; ऐसेही मध्यमा सहित फैले अंगूठे को तालः, और अनामिका सहित फैले अंगूठे को गोकर्णः ॥ ३४ ॥ कनिष्टा सहित फैले अंगूठे को वितस्तिः, द्वादशाङ्गुलः, ये २ वित्ता—वा वीता—वा विलांद—वा विलस्त के नाम हैं, ।

खुला हाथ-वा चटकना।	पु पु पु (पाणौ) चपेट-प्रतल-प्रहस्ता (विस्तृताङ्गुलौ) ॥ ३५ ॥
दुहत्या चटकना।	पु (द्वौ संहतौ) संहतलः (प्रतलौ वामदक्षिणौ)।
पसर।	पु (पाणि र्निकुब्जः) प्रसृतस्
अंजुरी।	पु (तौ युतावञ्) अञ्जलिः (पुमान्) ॥ ३६ ॥
हाथ।	पु (प्रकोष्ठे विस्तृतकरे) हस्तो
मूठी।	(मुष्ट्या तु बद्धया)।
	पुस सरत्निः (स्याद्)
कानी उंगुली के छोड़ मूठी।	पुस अरत्नि-(स्तु निष्कनिष्ठेन मुष्टिना) ॥ ३७ ॥
फैला हाथ।	पु व्यामो (बाह्वोः सकरयो स्ततयो स्तिर्य्यगंतरम्)।
ऊपर उठा हाथ।	पुसन (ऊर्द्ध्वविस्तृतदोः पाणिनृमाने) पौरुषं (त्रिषु) ॥ ३८ ॥
कण्ठ।	पुसन पु कण्ठो गलो
गला।	१स स २स (ऽथ) ग्रीवायां शिरोधिः कन्धरे (त्यपि)।

१ ग्रीवा-. २-रा.

चपेटः, "और भी चर्पटः, और चपटः", प्रतलः, "उसी प्रकार तलं" प्रहस्तः, ये ३ फैली अंगुली के हाथ के नाम हैं, ॥ ३५ ॥ वाम और दक्षिण दोनो हाथ तर ऊपर होवें तो संहतलः, "वा सिंहतलः" कहते हैं, सव टेढ़ा किया हाथ प्रसृतः कहलाता है, "और भी प्रसृतिः" दो दो प्रसृत मिलें तो अंजलिः, कहलाता है, ॥ ३६ ॥ फैलाया है हाथ जिसमे ऐसे प्रकोष्ठ अर्थात् कूर्पर के नीचे के भाग को हस्तः, अर्थात् हाथ कहते हैं, यह एक चोवीस अंगुल प्रमाण का होता है, वही फिर वंधी मूठी से जाना गया रत्निः कहलाता है, मुंड़ा हाथ इस प्रसिद्ध का नाम है, सरत्निः भी; निष्कनिष्टेन अर्थात् फैली कनिष्ठिका से युक्त मूठी से उपलक्षित हाथ अरत्निः कहलाता है, (एकं) ॥ ३७ ॥ टेढ़े फैले फैले कर सहित वाहुओं के अन्तर को व्यामः कहते हैं, ऊपर को फैलाया है भुजा और पाणी को जिसने उस पुरुष का जो प्रमाण है उसे पौरुषं कहते हैं, यह भी तीनो लिङ्ग है, "स्त्री. पौरुषी" ॥ ३८ ॥ कण्ठः, गलः, "कण्ठी, वा कण्ठा, कण्ठं", ये २ गले के अग्रभाग को कहते हैं, "नटई वा गटई इस प्रसिद्ध के नाम हैं", ग्रीवा, शिरोधिः, कन्धरा, "कन्धरः" ये ३ गले को कहते हैं, ।

रेखा ।	स कम्बुग्रीवा (त्रिरेखा सा)
घांटी ।	पुस १स स ऽवटु घाटा कृकाटिका ॥ ३९ ॥
मुख-वा मुंह ।	न २न न न ३न न न वक्त्रा-स्ये वदनं तुण्ड माननं लपनं मुखम् ।
नाक ।	न स स स स (क्लीवे) घ्राणं गन्धवहा घोणा नासा (च) नासिका ॥ ४० ॥
ओठ वा होठ ।	पु पु पु ४न ओष्ठा-ऽधरौ (तु) रदनच्छदौ दशनवाससी ।
ठाढ़ी ।	न (अधः स्याच्) चिबुकं
गाल ।	पु पु गण्डौ कपोलौ
कनपटी ।	पुस (तत्परो) हनुः ॥ ४१ ॥
दांत ।	पु पुन पु ५पु रदना-दशना-दन्ता-रदास्
तालू ।	म म तालु (तु) काकुदम् ।
जीभ ।	स स स रसज्ञा रसना जिह्वा
ओठ का किनारा।	न (प्रांतावो ष्ठस्य) सृक्किणी ॥ ४२ ॥
ललाट ।	पु पु ६पु ललाट मलिकं गोधिर्

१ घा–. २ आस्य. ३ आ–. ४–स. ५–द. ६ गोधि.

ग्रीवा जो तीन रेखा से युक्त है वह कम्बुग्रीवा कहलाती है, (एकं); अवटुः, घाटा, कृकाटिका, ये ३ गला और शिर के सन्धि के पीछे के भाग के नाम हैं, वा, गले में ऊंचे के वा घांटी इस प्रसिद्ध के नाम हैं, ॥ ३९ ॥ वक्त्रं, आस्यं, वदनं, तुण्डं, आननं, लपनं, मुखं, ये ७ मुख के नाम हैं, "(अस्यन्त्युच्चारयन्ति वर्णाननेन, अस्य ते ग्रासो वा ऽस्मिन् तदास्यं, ण्यत्)" घ्राणं, गन्धवहा, घोणा, नासा, "और नसा, वा नस्या", नासिका, ये ५ नाक के नाम हैं, ॥ ४० ॥ ओष्ठः, अधरः, "ओष्ठौ, अधरौ, और ओष्ठाधरौ" रदनच्छदः, दशनवासः, ये ४ ओष्ठ के नाम हैं, निचले अधर के अधोभाग को चिबुकं कहते हैं, "और भी चिबुः", (एकं); गंडः, कपोलः, ये २ कपोल वा गाल इस प्रसिद्ध के नाम हैं, तिनमें नेत्र और कपोल के मध्यदेश को गंडः कहते हैं, उन कपोलों से पर और चिबुक के अधोभाग को हनुः, "स्त्री॰ हनूः" कहते हैं ॥ ४१ ॥ रदनः, दशनः, (–नं), आदि, दंतः, "वा दत्", रदः, ये ४ दांत के नाम हैं, और बहुवचन हैं; तालु, काकुदं ये २ तारू के नाम हैं, रसज्ञा, रसना, "रशना, और न॰ रसनं" जिह्वा, "पु॰ जिह्वः" ये ३ जिह्वा, वा जीभ के नाम हैं, वाम और दक्षिण दोनों ओष्ठ के किनारों को सृक्किणी कहते हैं, "एकवचन सृक्क (–न), सृक्क (–न्), वा सृक्कि (–न) और सृक्कं, (–क्क) सृक्कं वा सृक्कि और भी स्त्री॰ सृक्कणी", ॥ ४२ ॥ ललाटं, अलिकं, "उसी प्रकार अलीकं, गोधिः, ये ३ भाल वा माथा के नाम हैं,

अर्थ	मूल
भौंह ।	१स (ऊर्द्धं दृग्भ्यां) भ्रुवौ (स्त्रियौ) ।
भौंहों का बीच ।	पुन कूर्चं (मस्त्री) (भ्रुवो र्मध्यम्)
आंखि का तिल ।	स स तारका (ऽक्ष्णः) कनीनिका ॥ ४३ ॥
आंखि ।	न न न २न न न लोचनं नयनं नेत्र मीक्षणं चक्षु रक्षिणी । ३स स दृ-ग्दृष्टी (चा)
आंसु ।	न न न न ४न ऽश्रु नेत्राम्बु रोदनं (चा) ऽस्र मस्रु (च) ॥ ४४ ॥
आंखिका किनारा ।	पु अपांगौ (नेत्रयो रन्तौ)
किनारे से देखना ।	पु कटाक्षो (ऽपाङ्गदर्शने) ।
कान ।	पु ५पु न स पुन ६न कर्ण-शब्दग्रहौ श्रोत्रं श्रुतिः (स्त्री) श्रवणं श्रवः ॥ ४५ ॥
शिर ।	न ७न न ८पु पुन उत्तमाङ्गं शिरः शीर्षं मूर्द्धा (ना) मस्तको (ऽस्त्रियाम्) ।
वार-वा वाल ।	पु पु पु पु पु पु चिकुरः कुन्तलो वालः कचः केशः शिरोरुहः ॥ ४६ ॥
वालों का झुण्ड ।	न न (तद्वृन्दे) कैशिकं कैश्यम्
टेढ़े वाल ।	पु ९पु अलका श्चूर्णकुन्तलाः ।

१भ्रू- २ ई–. ३ दृश्. ४ असु. ५–ह. ६–स्. ७–स्. ८–न. ९ चू–.

आंखों के ऊपर के भाग को भ्रुवौ कहते हैं, (एकं) एकव॰ भ्रूः, नाक के ऊपर भौहों के मध्य को कूर्च कहते हैं, आंखों के मध्य जो कनीनिका कृष्णमण्डल है, उसे तारका और कनीनिका, कहते हैं. ॥ ४३ ॥ लोचनं, नयनं. नेत्रं, ईक्षणं, चक्षुः, "(–स्), चक्षु (–क्षु)" अक्षि, "याजे पढ़ते हैं, अक्षं" दृक्, दृष्टिः,ये ८ नेत्र के नाम हैं, अश्रु, नेत्राम्बु, रोदनं, अस्रं, "वा अश्रं" अस्रु, ये ५ नेत्र के जल के नाम हैं, ॥ ४४ ॥ नेत्रों के अन्तों को अपांगो, कहते हैं, अपांग से देखना और चेष्टा करने को कटाक्षः कहते हैं, (एकैकं), "ए॰व॰ अपांगः, और भी काक्षः" कर्णः, शब्दग्रहः, श्रोत्रं, श्रुतिः, श्रवणं, श्रवः, "वा श्रोत्रं, पु॰ श्रवः (–व)" ये ६ कान के नाम हैं, द्विव॰ श्रवसी, ॥ ४५ ॥ उत्तमांगं, शिरः, "और भी पुं॰ शिरः, (–र)" शीर्षं, मूर्धा, मस्तकः, "उसी प्रकार मस्तः", ये ५ शिर के नाम हैं, ना पुमान्, चिकुरः, "चिकूरः" कुन्तलः, वालः, कचः, केशः, शिरोरुहः, ये ६ केश के नाम हैं. ॥ ४६ ॥ कैशिकं, कैश्यं, ये २ केशों के समूह के नाम हैं, अलकाः, "ए॰व॰ अलकः, (–कं)", चूर्णकुन्तलाः, ये २ टेढ़े केशों के नाम हैं, ।

लिलार पर झुल्फे ।	पु (ते ललाटे) भ्रमरका:
जुलुफ-वा-फी ।	पु पु काकपक्ष: शिखण्डक: ॥ ४७ ॥
पटिया ।	स पु कवरी केशवेशो
जूरा ।	पु (ऽथ) धम्मिल्ल: (संयता: कचा:) ।
चोटी ।	स स स शिखा चूडा केशपाशी
जटा ।	स स (व्रतिन स्तु) जटा सटा ॥ ४८ ॥
जुटुरी ।	स स वेणि: प्रवेणि:
साफ ।	पु १पु शीर्षण्य-शिरस्यो (विशदे कचे) ।
केशसमूह ।	पु पु पु पाश: पक्ष (श्च) हस्त (श्च कलापार्था: कचात्परे) ॥ ४९ ॥
रोम ।	पुन २न ३न तनूरुहं रोम लोम
मोछ ।	४न (तद्वृद्धो) श्मश्रु (पुंमुखे) ।

१–स्य. २–न. ३–न. ४–श्रु वा–श्रुन.

वे अलक ललाट में लम्बमान भ्रमरका: कहलाते हैं, (एकं) काकपक्ष:, शिखण्डक:, "वा शिखाण्डक:, और शिखण्ड:" ये २ कुमार के चूड़ा वा जुलुफी के नाम हैं ॥ ४७ ॥ कवरी, "और पुं· कवर:" वा न· (–रं); केशवेश:, ये २ केश बांधने की रचना के नाम हैं, मोती की माला आदि से बन्धे वा गुथे केश समूह को धम्मिल्ल: कहते हैं, शिखा, चूडा, केशपाशी, ये ३ शिखा के नाम हैं, "केशपाश्यौ" जटा, सटा, "बाजे पढ़ते हैं शटा" ये २ तपस्वी के शिखा के नाम हैं, ॥ ४८ ॥ वेणि:, प्रवेणि:, "और भी वेणी, और प्रवेणी" ये २ सर्प के आकार रचना कर बनाये शृंगार केश के बनावट के नाम हैं, शीर्षण्य:, शिरस्य:, ये २ निर्मल और सुन्दर केश के नाम हैं, कचात् यह अर्थ प्रधान निर्द्देश है और इस कचपर्याय से परे पाश आदि तीन कलापार्था अर्थात् केशसमूहवाची हैं, जैसे कचपाश:, केशपाश:, केशपक्ष:, कुन्तल-हस्त:, आदि ॥ ४९ ॥ तनूरुहं, "उसी प्रकार तनूरुह:" रोम, लोम, ये ३ रोम के नाम हैं, पुरुष के मुख में रोम के बढ़ने पर उस रोम को श्मश्रु कहते हैं, "दाढ़ी वा मोछ इस प्रसिद्ध का नाम है"; ।

॥ तृतीय प्रकरण ॥

	पु पु न १न न
अलङ्कारकीशोभा।	आकल्प-वेशौ नेपथ्यं प्रतिकर्म प्रसाधनम् ।
	(दशै ते त्रिष्व्)
	२पुसन पुसन
अलङ्कारकरनेवाला	ऽलंकर्त्ता ऽलंकरिष्णु
	पुसन
अलङ्कारयुत।	(श्च) मण्डित ॥ १ ॥
	पुसन पुसन पुसन पुसन
	प्रसाधितो ऽलंकृत (श्च) भूषित (श्च) परिष्कृतः ।
	पुसन ३पुसन ४पुसन
अलंकार आदि से-अति शोभित।	विभ्राड् भ्राजिष्णु-रोचिष्णू
	स स
शृङ्गार।	भूषा (तु स्याद्) अलंक्रिया ॥ २ ॥
	पु ५न पु न
अलंकार-वा गहना	अलंकार (स्त्वा) भरणं परिष्कारो विभूषणम् ।
	न
	मण्डनं (चा)
	न पुन
मुकुट।	(ऽथ) मुकुटं किरीटं (पुन्नपुंसकम्) ॥ ३ ॥

१–न. २–र्तृ. ३ भ्रा–. ४–ष्णु. ५ आ–.

आकल्पः, वेशः, "वा वेषः", नेपथ्यं, प्रतिकर्म, प्रसाधनं, ये ५ अलंकार किये की शोभा के नाम हैं, ये अलंकर्त्ता आदि वक्ष्यमाण दश शब्द तीनों लिङ्ग में वा वाच्यलिङ्ग हैं, अलंकर्त्ता, अलंकरिष्णुः, ये २ अलंकार करनेवाले के नाम हैं, '(अलं कर्त्तुं शीलमस्यालंकरिष्णुः)" मण्डित,ः ॥ १ ॥ प्रसाधितः, अलंकृतः. भूषितः, परिष्कृतः, "वा परिस्कृतः" ये ५ अलंकृत के नाम हैं, विभ्राट्, भ्राजिष्णुः, रोचिष्णुः, ये ३ अत्यन्त शोभायमान के नाम हैं, द्विव॰ विभ्राजौ, । भूषा, अलंक्रिया, 'और भी भूषणं" ये २ भूषणक्रिया के नाम हैं, ॥ २ ॥ अलंकारः, आभरणं, परिष्कारः, विभूषणं, "परिस्कारः" मण्डनं, ये ५ अलंकार के नाम हैं, वा गहना इस प्रसिद्ध के नाम हैं, मुकुटं, "वा मकुटं" किरीटं, ये २ किरीट के नाम हैं ॥ ३ ॥

चोटी की मणि ।	पु न चूडामणिः शिरोरत्नं
हार के बीच की बड़ी मणि ।	पु तरलो (हारमध्यगः) ।
चोटी की सोने की पट्टी ।	स स वालपाश्या पारितथ्या
बन्दी-वा टीका ।	स स पत्रपाश्या ललाटिका ॥ ४ ॥
कर्णभूषण-वा तर्की ।	स न कर्णिका तालपत्रं (स्यात्)
सुवर्ण आदिका भूषण ।	न न कुण्डलं कर्णवेष्टनम् ।
कण्ठी-वा कण्ठा ।	न स ग्रैवेयकं कण्ठभूषा
लम्बी कण्ठी ।	न स स लंबनं (स्याल्) ललन्तिका ॥ ५ ॥
सोने की लम्बी कण्ठी ।	(स्वर्णैः) प्रालम्बिका
मोतियों से गुथी ।	१स स (ऽथो) रःसूत्रिका (मौक्तिकैः कृता) ।
मोतियों के हार ।	पु हारो मुक्तावली
सौ लर का हार ।	पु पु देवच्छन्दो (ऽसौ) शतयष्टिकः ॥ ६ ॥
हार के भेद ।	पु पु पु (हारभेदा यष्टिभेदा) गुत्स गुत्सार्द्ध गोस्तनाः ।

१ उ–.

चूडामणिः, शिरोरत्नं, ये २ शिर के मणि के नाम हैं, हार के मध्यगत मणिनायक को तरलः कहते हैं, (एकं) वालपाश्या, पारितथ्या, ये २ सीमन्तभूषण के वा स्वर्णपट्टी इस प्रसिद्ध के नाम हैं, पत्रपाश्या, ललाटिका, ये २ ललाट के भूषण के नाम हैं, ॥ ४ ॥ कर्णिका, तालपत्रं, "वा ताड़पत्र" ये २ कर्णभूषण के नाम हैं, कुंडलं, कर्णवेष्टनं, ये २ कुण्डल के नाम हैं, इनमें कर्णिका स्त्रियां पहिनती हैं, ग्रैवेयकं, "उसी प्रकार ग्रैवेयं और ग्रैवं" कंठभूषा, ये २ गले के भूषण के नाम हैं, लंबनं, ललन्तिका, ये २ नाभी तक लम्बी कंठी के नाम हैं, ॥ ५ ॥ वही ललंतिका सोने से बनाई हुई प्रालम्बिका कहलाती है, फिर वही ललंतिका मोतियों से रची जावे तो उसे उरःसूत्रिका कहते हैं, हारः, मुक्तावलीः, ये २ मोतियों के हार के नाम हैं, वही मुक्तावली सौ लरों वा १०८ लरों और ८१ लरों से रची होवें तो उसे देवच्छंदः, और शतयष्टिकः, कहते हैं, ॥ ६ ॥ यष्टि के भेद और लताओं के भेद से गुच्छ आदि हार के भेद हैं, वे जैसे ३२ यष्टिक, अर्थात् लरों का गुत्स, २४ यष्टिक का गुत्सार्द्ध, ४ यष्टिक का गोस्तनः होता है, "और भी गुच्छः, वा गुच्छार्द्धः" ।

	पु पु
अर्धहार-आदि।	अर्द्धहारो माणवक
	१स
एक लर का।	एकावल्ये (कयष्टिका) ॥ ७ ॥
	स
नक्षत्रमाला।	(सैव) नक्षत्रमाला (स्या त्सप्तविंशतिमौक्तिकैः)।
	पु पु पुन पुन
पहुंची।	आवापकः पारिहार्य्यः कटको वलयो (ऽस्त्रियाम्) ॥ ८ ॥
	पुन २पुन
विजायठ-बाजूबन्द आदि।	केयूर मङ्गदं-(तुल्ये)
	पुन ३स
अंगूठी।	अङ्गुलीयक मूर्मिका।
	४स
मोहर करनेकी अंगूठी।	(साक्षरां) गुलिमुद्रा (सा)
	पुन न
कंकण वा कड़ा।	कंकणं करभूषणम् ॥ ९ ॥
	स स स स
स्त्रियों की करधनी।	(स्त्रीकट्यां) मेखला काञ्ची सप्तकी रसना (तथा)।
	न
	(क्लीवे) सारसनं (चा)
	पुसन
पुरुषों की करधनी।	(ऽथ पुंस्कट्यां) शृंखलं (त्रिषु) ॥ १० ॥
	न ५पु ६पुन पुन
बिछिया वा पायजेब।	पादांगदं तुलाकोटि मञ्जीरो नूपुरो (ऽस्त्रियाम्)।

१—ली. २ अं—. ३ ऊ—. ४ अं—. ५—टि. ६—म—.

१२ यष्टिक अर्थात् लर का अर्द्धहारः होता है, २० यष्टिक अर्थात् लर का माणवकः होता है, और १ यष्टिक अर्थात् लर का एकावली होती है, ॥ ७ ॥ वही एकावली २७ मोतियों से रची हुई नक्षत्रमाला कहलाती है, (एकैकं) आवापकः, पारिहार्य्यः, कटकः, वलयः, ये ४ कंकण वा पहुंची इस प्रसिद्ध के नाम हैं, ॥ ८ ॥ केयूरं, अंगदं, ये २ विजायठ वा बाजूबन्द इस प्रसिद्ध के नाम हैं, अंगुलीयकं, "बाजे पढ़ते हैं, अंगुरीयकं" ऊर्मिका, ये २ अंगुली के आभरण वा अंगूठी इस प्रसिद्ध के नाम हैं, वही ऊर्मिका रामनाम आदि अक्षरों से युक्त होवे तो अंगुलिमुद्रा कहलाती है, (एकं) कंकणं, करभूषणं, ये २ कंकण वा कड़े के नाम हैं, ॥ ९ ॥ मेखला, कांची, "और भी कांचिः", सप्तकी, रसना, "और रशना" सारसनं, ये ५ स्त्रियों के कटिभूषण वा करधनी के नाम हैं, शृंखलं, "उसी प्रकार स्त्री शृंखला, पुं॰ शृंखलः", पुरुष के कटिभूषण का यह एक नाम है, ॥ १० ॥ पादांगदं, तुलाकोटिः, वा स्त्री॰ तुलाकोटिः, "वा तुलाकोटी" मंजीरः, "और भी मंजीलः" नूपुरः,

	पु पु हंसकः पादकटकः
घुंघुरू ।	स स किङ्किणी क्षुद्रघण्टिका ॥ ११ ॥
वस्त्रों के बनाने का कारण ।	१स (त्वक्फलकृमिरोमाणि) वस्त्रयोनिर् (दश त्रिषु) ।
अलसी आदि से बने ।	पुसन वाल्कं (क्षौमादि)
कपास से बने ।	पुसन पुसन पुसन फालं (तु) कार्प्पासं वादरं (च तत्) ॥ १२ ॥
रेशम से बने ।	पुसन पुसन कौशेयं कृमिकोशोत्थं
पशुरोम से बने ।	पुसन पुसन राङ्कवं मृगरोमजम् ।
मंड़िहार-वा कोरा	पुसन पुसन पुसन २न अनाहतं निष्प्रवाणि तन्त्रकं (च) नवाम्बरे ॥ १३ ॥
धोये वस्त्र ।	न (त त्स्याद्) उद्गमनीयं (य द्धौतयो र्वस्त्रयो र्युगम्) ।
धोये रेश्मी ।	न न पत्रोर्णं धौतकौशेयं
दुशाला आदि ।	न न बहुमूल्यं महाधनम् ॥ १४ ॥

१–नि. २–र.

हंसकः, पादकटकः, ये ६ नूपुर वा पायजेब इस प्रसिद्ध के नाम हैं, किंकिणी, "और भी किंकिणिः, वा कंकणी" क्षुद्रघण्टिका, ये २ घुंघुरू इस प्रसिद्ध के नाम हैं ॥ ११ ॥ त्वक् आदि चार वस्त्रों के योनि अर्थात् कारण हैं, इन कारणों के चार प्रकार के होने से वस्त्र भी चार प्रकार के हैं, क्षौम आदि यह त्रिना वाल्क फाल आदि निष्प्रवाणि है वे दश तीनो लिङ्ग हैं, औतंत्रकंच च के चकार से एकादश वा तन्त्रकंच यह भी तीनों लिङ्ग है, वक्ष्यमाण दुकूल के साहचर्य्य से क्षौमं क्लीव ही है, किसी के मत में तीनो लिङ्ग है, क्षौम आदि वस्त्रं वकला से बनता है, "वाल्कं" क्षुमा अतसी है इससे बने वस्त्र को क्षौमं, "क्षैमी" और शण से बने वस्त्र को शाणं कहते हैं, फालं, कार्पासं, वादरं, ये ३ कपास के बने वस्त्र के नाम हैं ॥ १२ ॥ कीड़ों के अपान से निकले सूत के किये कुड्मल के आकार कोश को कृमिकोश कहते हैं उससे उत्पन्न वस्त्र को कौशेयं "कौषेयं" कहते हैं, मृगरोम से उत्पन्न वस्त्र को रांकवं कहते हैं, "यहां मृग शब्द से पशुमात्र का ग्रहण है, तिस से कम्बल आदि भी गृहीत होते हैं", अनाहतं, निःप्रवाणि, तन्त्रकं, नवाम्बरं, ये ४ नये वस्त्र के नाम हैं, "कोरे वस्त्र इस प्रसिद्ध के नाम हैं" ॥ १३ ॥ जो धोये हुए वस्त्रों के जोड़े हैं उन्हें उद्गमनीयं कहते हैं, जो धोया कौशेय है उसे पत्रोर्णं कहते हैं, जो बहुत मोल के वस्त्र आदि हैं वे बहुमूल्यं, और महाधनं कहलाते हैं ॥ १४ ॥

रेशमी कपड़े।	न न क्षैामं दुकूलं (स्याद्)
कपड़े का किनारा।	पुसन पुसन (द्वे तु) निवीतं प्रावृतं (त्रिषु)।
दशी।	पुस पुस (स्त्रियां बहुत्वे वस्त्रस्य) दशाः (स्युर्) वस्तयो (र्द्वयोः) १५।
वस्त्र की लम्बाई।	न १पु पु दैर्घ्य मायाम आरोहः
उस की चौड़ाई।	पु स परिणाहो विशालता।
पुराना कपड़ा।	न न पटच्चर ञ्जीर्णवस्त्रं
फटा वा चिथड़ा।	पु पु (समौ) नक्तक-कर्पटौ ॥ १६ ॥
वस्त्रमात्र।	न २न ३न ४न न ५न वस्त्र माच्छादनं वास श्चेलं वसन मंशुकम्।
अच्छे वस्त्र।	पु पुन सुचेलकः पटो (ऽस्त्री स्याद्)
मोटे वस्त्र।	पुन पुसन वराशिः स्थूलशाटकः ॥ १७ ॥

१ आ–. २ आ–. ३–स. ४ चे–. ५अं–.

क्षैामं, और भी "क्षोमं" दुकूलं, ये २ पट्टवस्त्र के–वा पीताम्बर के नाम हैं, निवीतं, "वा निवृतं, स्त्री॰ निवीता", प्रावृतं, "प्रावृता" ये २ वस्त्र से ढके हुये के वा किनारे के नाम हैं; वस्त्र के दोनों किनारों को दशाः कहते हैं, (एकं) स्त्रीलिङ्ग और बहुवचनान्त नित्य है, "वस्त्रयोर्द्वयोः इस पाठ में तो, दशाः, वस्तयः, ए॰व॰ "वस्तिः" ये २ वस्त्र के किनारों के नाम हैं, तहां स्त्रीलिङ्ग और बहुत्व में दशाः, स्त्रीपुंन के बहुत्व में वस्तयः कहते हैं, "(दशावस्था दीपवर्त्योर्वस्त्रान्ते भूम्नि योर्षित, वस्तिर्द्वयोर्निरूहेनाभ्यधो भूम्निदशासु चेति मेदिनी)" ॥ १५ ॥ दैर्घ्यं, आयामः, "उसी प्रकार स्त्री॰ आयतिः" आरोहः, "बाजे पढ़ते हैं आनाहः" ये ३ वस्त्र आदि की लम्बाई के नाम हैं, परिणाहः, विशालता, ये २ विस्तार वा चौड़ाई इस प्रसिद्ध के नाम हैं, पटच्चरं, जीर्णवस्त्रं, ये २ जीर्ण वस्त्र के वा पुराने वस्त्र के नाम हैं, नक्तकः, "उसी प्रकार लक्तकः" कर्पटः, ये २ पुराने वस्त्र के खण्ड के वा चिथड़े इस प्रसिद्ध के नाम हैं, ॥ १६ ॥ वस्त्रं, आच्छादनं, वासः, "और भी पुं॰ वासः", चेलं, "चैलं, और स्त्री॰ चेली", वसनं, अंशुकं, ये ६ वस्त्र के नाम हैं. "(अंशुकं शुक्लवस्त्रे स्याद्वस्त्रमात्रोत्तरीययोरिति रभसः)" सुचेलकः, पटः, "और भी स्त्री॰ पटिः, और पटी" ये २ अच्छे वस्त्र के नाम हैं, वराशिः, "उसी प्रकार वरासिः" स्थूलशाटकः, "स्त्री॰ स्थूलशाटका" ये २ मोटे वस्त्र के नाम हैं, ॥ १७ ॥

ओहार-वा बेठन।	पुसन पु निचोल: प्रच्छदपट:
कम्बल ।	पु १पु (समौ) रल्लक-कम्बलौ ।
धोती आदि ।	न २न ३न ४न अन्तरीयो-पसंव्यान-परिधाना न्यधोंशुके ॥ १८ ॥
अंगौका वा दुपट्टा आदि ।	पु ५पु स (द्वौ) प्रावारो त्तरासङ्गौ (समौ) बृहतिका (तथा) ।
	न ६न संव्यान मुत्तरीयं (स्याच्)
अंगिआ वा चोली।	पुस पुन चोल: कुर्पासको (ऽस्त्रीयाम्) ॥ १६ ॥
रजाई-वा ओढ़ना।	पु नीशार: (स्यात्प्रावरणे हिमा निलनिवारणे) ।
उटङ्ग लहंगा ।	पुन (अर्द्धोरुकं वरस्त्रीणां स्याच्) चण्डातक (मंशुकम्) ॥ २० ॥
लम्बा लहंगा ।	७पुसन (स्यात्त्रिष्वा) प्रपदीन (न्तत्प्राप्नोत्याप्रपदं हि यत्) ।
चनवा ।	पुन ८पु (अस्त्री) वितान मुल्लोचो
तम्बू डेरा ।	न दूष्या (द्यं वस्त्रवेश्मनि) ॥ २१ ॥
कनात ।	स स स प्रतिसीरा जवनिका (स्यात्) तिरस्करणी (च सा) ।
रोली आदि से अंगसंस्कार ।	६न १०पु परिकर्म्मा ङ्गसंस्कार:

१-ल. २-उ. ३-न. ४ अ-क. ५ उ-ग. ६ उ-. ७ आ-. ८ उ-. ६-न्. १० अ-.

निचोल:, और "निचुल:, स्त्री· निचोली" प्रच्छदपट:, ये २ वीणा आदि के बेठन वा ओहार के नाम हैं, रल्लक:, कम्बल:, ये २ कम्बल के नाम हैं, अन्तरीयं, उपसंव्यानं, परिधानं, अधोंशुकं, ये ४ धोती आदि, देह के अधोभाग में पहिरने के वस्त्र के नाम हैं, (अधो देह-भागस्यांशुकं अधोंशुकं) ॥ १८ ॥ प्रावार:, "वा प्रावर:" उत्तरासंग:, बृहतिका, संव्यानं, उत्तरीयं, ये ५ बायें कांधे पर जो धारण क्रिया जाता है उस के वा दुपट्टे आदि के नाम हैं, चोल:, स्त्री· "चोली" कूर्पासक:, ये २ स्त्रियों के स्तन आदि के ढकने के वस्त्र के वा चोली के नाम हैं, ॥ १६ ॥ पवन और ठंढ का निवारण है जिससे ऐसे ओढ़ने के वस्त्र को नीशार: कहते हैं, "वा रजाई इस आदि प्रसिद्ध का नाम है, "(नितरां शीर्य्यते हिमानिलौयत्रानेन वा)" जो वर स्त्रियों के आधे उरू के आच्छादन वस्त्र है उसे चण्डातकं, कहते हैं, (एकं) वा "लहंगा इस प्रसिद्ध का नाम है" ॥ २० ॥ जो वस्त्र आदि पाद के अग्र पर्य्यन्त प्राप्त होता है उसे आप्रप-दीनं "स्त्री· आप्रपदीना" कहते हैं और वह त्रिलिंग है, (एकं) वितानं, उल्लोच:, ये २ चन्द-वा—वा सामिआना इस प्रसिद्ध के नाम हैं; दूष्यं इस आदि वस्त्र के बनाये गृह का नाम है "वा डेरा तम्बू रावटी आदि का नाम है दूश्यं भी" ॥ २१ ॥ प्रतिसीरा, जवनिका, "वा यमनिका" तिरस्करिणी, और तिरस्कारिणी" ये ३ पड़दा वा कनात के नाम हैं, परिकर्म, "और भी प्रति-कर्म" अंगसंस्कार:, ये २ रोली आदि से शरीर में संस्कार मात्र के नाम हैं,

पोंछना।	स १स स (स्यात्) मार्ष्टि-र्म्मार्ज्जना मृजा ॥ २२ ॥
उबटन।	न २न उद्वर्त्तनो त्सादने (द्वे समे)
स्नान-वा नहाना।	पु पु आप्लाव आप्लवः ।
	न स्नानं
चन्दनआदि का लेपन।	स न पु चर्च्चा (तु) चार्च्चिक्यं स्थासको
गये गन्ध को फिर करना।	न (ऽथ) प्रबोधनम् ॥ २३ ॥
	पु अनुबोधः
गाल आदि में कस्तूरी आदि से चिह्न बनाना।	स स पत्रलेखा पत्राङ्गुलि (रिमे समे)।
तिलक।	न पुन ३न पुन तमालपत्र-तिलक-चित्रकाणि विशेषकम् ॥ २४ ॥
	(द्वितीयञ्च तुरीयञ्च न स्त्रियाम्)
	(अथ) कुङ्कुमम् ।
कुंकुम।	४न न न न ५न काश्मीरजन्मा ऽग्निशिखं वरं वाह्लीक-पीतने ॥ २५ ॥
	न न न न न रक्त संकोच पिशुनं धीर लोहितचन्दनम् ।

१ मा—. २ उ—. ३—क. ४—न. ५—न.

मार्ष्टिः, मार्जना, मृजा, ये ३ पोंछने आदि से देह के निर्म्मल करने के नाम हैं, ॥ २२ ॥ उद्वर्त्तनं, उत्सादनं, "और भी उच्छादनं" ये २ पीसे द्रव्य से शरीर के मल दूर करने के वा उबटन के नाम हैं, आप्लावः, आप्लवः, स्नानं, ये ३ स्नान वा नहाने के नाम हैं, चर्चा, चार्चिक्यं, स्थासकः, ये ३ चन्दन आदि से देह के विशेष विलेपन के नाम हैं, प्रबोधनं, ॥ २३ ॥ अनुबोधः, "उसी प्रकार अनुरोधः" ये २ गये गन्ध के फिर गन्ध प्रगट करने के नाम हैं, "जैसे कस्तूरिका आदि को मद्य आदि से" पत्रलेखा, पत्रांगुलिः, और भी पत्रावली, ये २ कस्तूरी केशर आदि से कपोल आदि में बनाये पत्रबल्ली के नाम हैं, "पत्ते के आकार पत्रलेखा है जो कलिंग आदि देशों में प्रसिद्ध है"; तमालपत्रं, तिलकं, चित्रकं, विशेषकं, ये ४ ललाट में किये तिलक के नाम हैं; ॥ २४ ॥ यहां द्वितीयं तिलकं और तुरीयं विशेषकं यह दोनो स्त्रीलिङ्ग नहीं हैं किन्तु पुंनपुंसक हैं; कुङ्कुमं, काश्मीरजन्मा, वा काश्मीरजन्म, (—न) अग्निशिखं, वरं, "वा वरं और भी बाह्र" वाह्लीकं, "उसी प्रकार बाह्लिकं, और बरबाह्लिकं" पीतनं, ॥ २५ ॥ रक्तं, संकोचं, पिशुनं, धीरं, लोहितचन्दनम्, "और भी रक्तचन्दनम्, ये ११ कुंकुम के नाम हैं।

	स स न पु पु पु
लाख-वा लाह।	लाक्षा राक्षा जतु (क्लीवे) यावो ऽलक्तो द्रुमामयः ॥ २६ ॥
	न न न
लवङ्ग।	लवंगं देवकुसुमं श्रीसंज्ञम्
	न
पीत चन्दन।	(अथ) जायकम्।
	न न
	कालीयकं (च) कालानुसार्य्यं (स्त्री)
अगुरु।	(ऽथ समार्थकम्) ॥ २७ ॥
	न पुन न न न न
	वंशिका ऽगुरु राजार्हं लोह क्रिमिज जोंगकम्।
	१न २पुन
काला अगुरु।	कालागु र्वगुरुः
	स
अगुरु का भेद।	(स्यात्तन्) मङ्गल्या (मल्लिगंधि यत्) ॥ २८ ॥
	पु पु पु ३पु
यक्षधूप-वा राल।	यक्षधूपः सर्ज्जरसो ऽराल-सर्वरसा (वपि)।
	पु
	बहुरूपो (ऽप्य)
	पु ४पु
धूप।	(ऽथ) वृकधूप-कृत्रिमधूपकौ ॥ २९ ॥
	पु पु पु पु
लोहबान।	तुरुष्कः पिण्डकः सिह्लो यावनो (ऽप्य)
	पु
देवदारुधूप-वा तारपीन का तेल।	(ऽथ) पायसः।

१—रु. २ अ—. ३—स. ४—क.

लाक्षा, राक्षा, "वा रक्षा" जतु, यावः, अलक्तकः, द्रुमामयः, ये ६ लाख के नाम हैं, (द्रुमाणामामयो द्रुमामयः) ॥ २६ ॥ लवंगं, देवकुसुमं, श्रीसंज्ञं, ये ३ लवङ्ग के नाम हैं, (देवानां कुसुमं कुसुमेषु देव इव देवयोग्यं कुसुमं वा) और (लक्ष्मीसंज्ञं लक्ष्मीपर्य्यायनामकम्) जायकम्, "और जापकं" कालीयकं, "वा कालेयकं और कालियकं" कालानुसार्यम्, ये ३ जायक नाम गन्धद्रव्य के वा पीतचन्दन इस प्रसिद्ध के नाम हैं, (जयति गन्धान्तरं जायकम्) ॥ २७ ॥ वंशिकं, "और वंशकं और भी स्त्री॰ वंशिका" अगुरु, राजार्हं, लोहं, कृमिजं, जोंगकं, ये ६ सम अर्थ और काले अगुरु के पर्यायवाची हैं; कालागुरुः, अगुरुः, ये २ काले अगुरु के नाम हैं; जो अगुरु मल्लिगन्धि है वह मंगल्या कहलाती है; ॥ २८ ॥ यक्षधूपः, सर्ज्जरसः, रालः, सर्वरसः, बहुरूपः, ये ५ यक्षधूप के नाम हैं, "वा राल इस प्रसिद्ध के नाम हैं", "उसी प्रकार अरालः भी पाठ है" वृकधूपः, "वा वकधूपक", कृत्रिमधूपकः, ये २ अनेक पदार्थ मिलाकर बनाये धूप के नाम हैं ॥ २९ ॥ तुरुष्कः, पिण्डकः, सिह्लः, "कोई पढ़ता है शिह्ल" यावनः, ४ ये लोहबान धूप के नाम हैं, पायसः, ।

	पु पु पु १पु
	श्रीवासो वृकधूपो (ऽपि) श्रीवेष्ट-सरलद्रवौ ॥ ३० ॥
	पु २पु स
कस्तूरी ।	मृगनाभि र्मृगमदः कस्तूरी (चा
	न
कबाबचीनी ।	ऽथ) कोलकम् ।
	न न
	कक्कोलकं कोशफलम्
	पुन्
कपूर ।	(ऽथ) कर्पूर (मस्त्रियाम्) ॥ ३१ ॥
	पु ३पु पु स
	घनसार श्चन्द्र (सञ्ज्ञः) सीताभ्रो हिमवालुका ।
	पु पुन स ४पुन
मलयागिरचन्दन ।	गन्धसारो मलयजो भद्रश्री श्चन्दनो (ऽस्त्रियाम्) ॥ ३२ ॥
	न न पुन
चन्दन विशेष के भेद ।	तैलपर्णिक-गोशीर्षे हरिचन्दन (मस्त्रियाम्) ।
	स न न न
रक्तचन्दन ।	तिलपर्णी (तु) पत्राङ्गं रञ्जनं रक्तचन्दनम् ॥ ३३ ॥
	न
	कुचन्दनं (चा)
	न न
जायफल ।	(ऽथ) जातीकोश-जातिफले (समे) ।

१–व. २ मृ–. ३ चं–. ४ चं–.

श्रीवासः, (–स्) वृकधूपः, श्रिवेष्टः, "श्रिपिष्टः", सरलद्रवः, ये ५ सरलद्रव के वा विशेष धूप के नाम हैं. (पयसोद्रुमस्य चीरस्य वा विकारः पायसः) और (सरलस्य देवदारोर्द्रवः सरलद्रवः) ॥ ३१ ॥ मृगनाभिः, "उसी प्रकार मृगः और स्त्री॰ नाभिः" मृगमदः, "और भी मदः" कस्तूरी, ये ३ कस्तूरी के नाम हैं, कोलकं, कक्कोलकं, कोशफलं, ये ३ कंकोलक वा कबाबचीनी इस प्रसिद्ध के नाम हैं, कर्पूरं, ॥ ३१ ॥ घनसारः, चंद्रः, सिताभ्रः, "वा सिताभः" हिमवालुका, ये ५ कपूर के नाम हैं, (चन्द्रसंज्ञः चन्द्रपर्य्यायनामकः) गन्धसारः, मलयजः, भद्रश्रीः, चंदनः, ये ४ मलयागिरचन्दन के नाम हैं, "भद्रश्रियौ" ॥ ३२ ॥ तैलपर्णिकं यह एक धवल शीतल चन्दन विशेष का नाम है, गोशीर्षकं यह एक उत्पल के समान गन्धवाले चन्दन का नाम है, हरिचन्दनं यह एक पीले रंग के चन्दन का नाम है. इस प्रकार तीन भेद हैं, तिलपर्णी, पत्राङ्गं, "और भी पत्रंगं, और पत्तंगं" रञ्जनं, रक्तचन्दनं, ॥ ३३ ॥ कुचन्दनं, ये ५ रक्तचन्दन के नाम हैं, जातीकोशं, "और जातीकोषं", जातिफलं, "उसी प्रकार जातीफलं, "और जातिः, वा जाती, और फलं", ये २ जायफल के नाम हैं; और समानार्थक हैं।

यक्षकर्दम-वा महा सुगन्धि लेप विशेष ।	(कर्पूरागुरुकस्तूरी कक्कोलैर्) यक्षकर्द्दमः ॥ ३४ ॥
पीसे सुगन्धद्रव्य वा चोश्रा-श्ररगजा ।	गात्रानुलेपनी वर्त्ति र्वर्णकं (स्याद्) विलेपनम् ।
सुगन्ध करने वाले द्रव्य वा चूर्ण ।	चूर्णानि वासयोगाः (स्युर्)
वासित वस्तु ।	भावितं वासितं (त्रिषु) ॥ ३५ ॥
गन्धमाला आदि का धारन ।	(संस्कारो गन्धमाल्याद्यै र्यस्स्यात्तद्) अधिवासनम् ।
सिरपर की धरी माला	माल्यं माला-स्रजौ (मूर्द्धि)
सिर के बीच की माला ।	(केशमध्ये तु) गर्भकः ॥ ३६ ॥
सिर से चोटी तक की ।	प्रभ्रष्टकं (शिखालंबि)
सिरसे ललाट तक की ।	(पुरोन्यस्तं) ललामकम् ।
गले तक लटकी वा लम्बी ।	प्रालंब (मृजुलंबि स्यात्कण्ठाद्)
जनेऊ के समान छाती पर लटकी माला ।	वैकक्षकं (तु तत्) ॥ ३७ ॥ (यत्तिर्य्यक् क्षिप्तमुरसि)
चोटी की पहिरी ।	(शिखास्वा) पीड़-शेखरौ ।
माला आदि का बनाना ।	रचना (स्यात्) परिस्पंद
सब वस्तु से परिपूर्ण ।	आभोगः परिपूर्णता ॥ ३८ ॥

१ व–. २ श्रा–. ३–र.

कपूर आदि के समभागों के बनाये पिण्ड के लेप विशेष को यक्षकर्दमः कहते हैं, (एकं) "(कर्पूरागुरुकस्तूरी कंकोलघुसृणानि च । एकीकृतमिदं सर्वं यक्षकर्द्दम इष्यत इति व्याडिः, घुसृणं, केशरं, अन्यत्स्पष्टं कुंकुमा गुरुकस्तूरी कर्पूरं चन्दनं तथा । महासुगन्धिरित्युक्त नामतो यक्षकर्दम इति धन्वन्तरिः)", ॥ ३४ गात्रानुलेपनी, वर्त्तिः, वा वर्त्ती, वर्णकं, विलेपनं, ये ४ गात्र के अनुलेप योग्य पीसे केशर आदि सुगन्धद्रव्य के उबटन के नाम हैं; चूर्ण, वासयोगः, ये २ पटवस्त्र आदि के सुगंध करनेवाले के नाम हैं, भावितं, वासितं, ये २ गंधद्रव्य से सुगन्धित किये वस्तु के नाम हैं, और ये दोनो त्रिलिंग हैं, ॥ ३५ ॥ गंधमाल्य और धूप आदि से जो संस्कार वस्त्र ताम्बूल आदि का सुगन्ध के बढाने के लिये किया जाता है उसे अधिवासनं कहते हैं, (एकं) माल्यं, माला, स्रक्, ये ३ सिर में धरे फूल माला आदि के नाम हैं, फिर केश के मध्यधरी माला को गर्भकः कहते हैं, ॥ ३६ ॥ जो माला शिखा में लम्बमान है उसे प्रभ्रष्टकं कहते हैं, आगे रक्खी गई वा ललाट पर्य्यन्त फेंकी गई को ललामकं कहते हैं, जो माला कंठ में सीधी लम्बी है उसे प्रालम्बं कहते हैं, और जो माला टेढी जनेव के समान छाती में फैलाई गई है उसे वैकक्षिकं कहते हैं, "(विकक्षमुरस्तत्र भवं वैकक्षकमित्यपि)" ॥ ३७ ॥ आपीडः, शेखरः, ये २ शिखा में रक्खे माल्यमात्र के नाम हैं, रचना, परिस्पन्दः, वा परिस्यन्दः,ये २ माल्य आदि की रचना के नाम हैं, आभोगः, परिपूर्णता, ये २ सब सेवा से परिपूर्ण के नाम हैं ॥ ३८ ॥

तकिआ।	उपधान[न] (न्तू) पवर्हः[१पु]
तोसक-गलीचा आदि।	शय्यायां[२स] शयनीय[न] (वत्)। शयनं[न]
पलङ्ग।	मंच[पु]-पर्य्यङ्क[पु]-पल्यङ्काः[पु] खट्वया[३स] (समाः) ॥ ३९ ॥
छोटी तकिआ-वा गेन्द।	गेण्डुकः[पु] कन्दुकौ[पु]
दीया।	दीपः[पु] प्रदीपः[पु]
पीढ़ा।	पीठ[न] मासनम्[४न]।
डव्वा-वा चौघड़ा।	समुद्गकः[पु] संपुटकः[पु]
पीकदान।	प्रतिग्राहः[पु] पतद्ग्रहः[पु] ॥ ४० ॥
कंघी।	प्रसाधनी[स] कंकतिका[स]
वुकवा।	पिष्टातः[पु] पटवासकः[पु]।
दर्प्पन-वा सीसा।	दर्प्पणे[५पुन] मुकुरा[पु] दर्शौ[पु]
वेना-वा पंखा।	व्यजनं[न] तालवृन्तकम्[न] ॥ ४१ ॥
	॥ इति मनुष्यवर्गः ॥

१ उ—. २ शय्या. ३ खट्वा. ४ आ—. ५—या.

उपधानं, उपवर्हः, ये २ तकिआ के नाम हैं, (उपधीयते शिरो ऽत्र उपधानं) शय्या, शयनीयं, शयनं, ये ३ बिछवना के नाम हैं, मंचः, पर्य्यंकः, पल्यङ्कः, खट्वा, ये ४ पलङ्ग के नाम हैं. ॥ ३९ ॥ गेण्डुकः, "गेन्दुकः, और भी गेंडूकः", कन्दुकः, ये २ खेलने के गेन के वा गाल की तकिआ के नाम हैं, दीपः, प्रदीपः, ये २ दीप के नाम हैं, पीठं, आसनं, ये २ पीढ़ा वा मचिआ वा कुर्सी आदि के नाम हैं, समुद्गकः, "और समुद्गा" संपुटकः, ये २ डव्वा वा चौघड़ा इस प्रसिद्ध के नाम हैं, प्रतिग्राहः, "वा प्रतिग्रहः" पतद्ग्रहः, ये २ पीकदानी इस प्रसिद्ध के नाम हैं, ॥ ४० ॥ प्रसाधनी, कंकतिका, "उसी प्रकार कंकती, वा कंकतं, और भी प्रसाधनं", ये २ हाथीदन्त की बनी वा अन्य की बनी कंघी इस प्रसिद्ध के नाम हैं, पिष्टातः, पटवासकः, ये २ चोआ वा अगंजा की वुकनी वा वुकवा के नाम हैं, दर्पणः, मुकुरः, "और मकुरः, वा मंकुरः", आदर्शः, "वा अदर्शः"; ये ३ दर्पण के वा आरसी इस प्रसिद्ध के नाम हैं, व्यंजनं, तालवृन्तकं, "वा तालवृन्तं" ये २ तालपत्र आदि के बने पंखा के नाम हैं,

॥ इति मनुष्यवर्गः ॥

॥ अथ सप्तमवर्गः ॥

वंश ।	स १न न २न ३पु पु सन्तति र्गोत्र-जनन-कुलान्य भिजना-ऽन्वयौ । पु पु पु वंशो ऽन्ववायः सन्तानो
वर्ण ।	पु वर्णाः (स्युर्ब्राह्मणादयः) ॥ १ ॥
राजवंश ।	४पु पु राजबीजी राजवंश्यो
कुलीन ।	पु पु बीज्य (स्तु) कुलसंभवः ।
सज्जन ।	पु पु ५पु पु पु ६पु महाकुल-कुली-नार्य्य-सभ्य-सज्जन-साधवः ॥ २ ॥
ब्रह्मचारी आदि ।	पु पु पु पु ब्रह्मचारी गृही वाणप्रस्थो भिक्षु (श्चतुष्टये) ।
ब्रह्मचर्य आदि वा इन का स्थान ।	पुन आश्रमो (ऽस्त्री)
ब्राह्मण ।	पु ७पु पु पु द्विजात्य ग्रजन्म-भूदेव-वाडवाः ॥ ३ ॥ पु पु विप्र (श्च) ब्राह्मणो

१ गो–. २–ल. ३ अ–. ४–न. ५ आर्य. ६–धु. ७ अ–न्.

संततिः, गोत्रं, जननं, कुलं, अभिजनः, अन्वयः, वंशः, अन्ववायः सन्तानः, ये ९ वंश के नाम हैं, ब्राह्मण आदि वर्णाः, ए॰ व॰ वर्णः, कहलाते हैं, (एकं) ॥ १ ॥ "ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्र ये ४ वर्ण चातुर्वर्ण्य कहलाते हैं", राजबीजी, राजवंश्यः, ये २ राजवंश में उत्पन्न के नाम हैं, द्विव॰ राजवीजिनौ, वीज्यः, कुलसंभवः, ये २ कुलीन कुलमात्र में उत्पन्न के नाम हैं; महाकुलः, "वा माहाकुलः" कुलीनः, "और भी कुल्यः, कौलेयः, और कौलेयकः", आर्य्यः, सभ्यः, सज्जनः, साधुः, ये ६ सज्जन के नाम हैं, ॥ २ ॥ ब्रह्मचर्य्य आदि चार आश्रम शब्द वाच्य हैं, जैसे ब्रह्मचारी, गृही, वाणप्रस्थः, भिक्षुः, अर्थात् यतिः, द्विजातिः, और भी द्विजः, और द्विजन्मा (–न्) अग्रजन्मा, (–न्) भूदेवः, "वा भूमिदेवः" वाडवः, ॥ ३ ॥ विप्रः, ब्राह्मणः, ये ६ ब्राह्मण के नाम हैं, (वड़वायां जातो वाड़वः, वड़वा द्विजयोषिति इति मेदिनी)",

ब्राह्मण के कर्म्म या षट्कर्म्मा ।	१पु (ऽसौ) षट्कर्म्मा (यागादिभिर्युतः) ।
पण्डित ।	२पु ३पु ४पु ५पु पु पु पु विद्वान् विपश्चिद् दोषज्ञः सन् सुधीः कोविदो बुधः ॥ ४ ॥ पु ६पु पु पु ७पु पु पु धीरो मनीषी ज्ञः प्राज्ञः संख्यावान् पण्डितः कविः । ८पु पु ९पु पु १०पु पु धीमान् सूरिः कृती कृष्टि र्लब्धवर्णो विचक्षणः ॥ ५ ॥ ११पु १२पु दूरदर्शी दीर्घदर्शी
वेदज्ञ-या वैदिक।	पु १३पु श्रोत्रिय-च्छान्दसौ (समौ) ।
अध्यापक-वा पढ़ाने वाला ।	पु पु उपाध्यायो ऽध्यापको
पिता आदि ।	पु (ऽथ स्यान्निषेकादिकृद्) गुरुः ॥ ६ ॥
आचार्य्य ।	पु (मन्त्रव्याख्याकृद्) आचार्य्य
यज्ञाध्यक्ष ।	१४पु (आदेष्टा त्वध्वरे) व्रती । १५पु पु यष्टा (च) यजमान (श्च)
आज्ञाकारी यजमान ।	पु (स सोमवति) दीक्षितः ॥ ७ ॥
वारंवार यज्ञ करने-वाला ।	पु पु इज्याशीलो यायजूको

१-न्. २-द्वस्. ३-त. ४दो-. ५सत्. ६-न्. ७-वत्. ८-मत्. ९-न्. १० ल-. ११-न्. १२-न्. १३ छां-. १४-न्. १५ यष्टृ.

असौ ब्राह्मणः अर्थात् यह ब्राह्मण याग आदि से युक्त है तो षटकर्मा कहलाता है, कहा है कि इज्याध्ययनदानानि याजनाध्यापने तथा, प्रतिग्रहश्च तैर्युक्तः षट्कर्मा विप्र उच्यते इति (एकं) विद्वान्, विपश्चित्, दोषज्ञः, सन्, सुधीः, कोविदः, बुधः, ॥ ४ ॥ धीरः, मनीषी, ज्ञः, प्राज्ञः, "स्त्री॰ प्राज्ञी, और भी पुं॰ प्रज्ञः, संख्यावान्, पंडितः, कविः, "और भी स्त्री॰ कवी" धीमान्, सूरिः, और भी सूरी (-न्) कृती, कृष्टिः, लब्धवर्णः, विचक्षणः, ॥ ५ ॥ दूरदर्शी दीर्घदर्शी, ये २२ पण्डित के नाम हैं, श्रोत्रियः, छान्दसः, ये २ वेद पढ़नेवालों के नाम हैं, उपाध्यायः, अध्यापकः, ये २ अध्यापक के वा पढ़ानेवाले के नाम हैं, निषेक गर्भाधान और पुंसवन आदि कर्म का कर्त्ता पिता आदि गुरुः कहलाते हैं, ॥ ६ ॥ वेदमन्त्र की व्याख्या का करनेवाला आचार्यः कहलाता है, व्याख्यालक्षणतो, (पदच्छेदः पदार्थोक्तिर्विग्रहो वाक्ययोजना, आक्षेपोथ समाधानं व्याख्यानं पञ्चलक्षणमित्युक्तं, यज्ञ में यो ऋत्विजों को आज्ञा कर्त्ता है वह व्रती कहलाता है, यष्टा, यजमानः, ये ३ आदेष्टा के नाम हैं, वही यजमान सोमवति यज्ञ में आज्ञा कर्ता होय तो दीक्षितः कहलाता है, ॥ ७ ॥ इज्याशीलः, यायजूकः, ये २ यज्ञ करने के स्वभाववाले के नाम हैं, (पुनः पुनः भृशं वा यजते यायजूकः)

विधि से यज्ञ का कर्त्ता	यज्वा (तु विधिनेष्टवान्) । [१पु]
बृहस्पति यज्ञका कर्ता।	(स गीष्पतीष्ट्या) स्थपतिः [पु]
सोमरस पीनेवाला यजमान।	सोमपीती (तु) सोमपः ॥ ८ ॥ [२पु, पु]
सर्वस्व दक्षिणा से विश्वजित् नाम का कर्ता।	सर्ववेदाः (स येनेष्टो यागः सर्वस्वदक्षिणः) । [३पु]
अंग सहित वेद का पढ़नेवाला।	अनूचानः (प्रवचने साङ्गेऽधीती) [पु]
गुरु से गृहस्थाश्रम आदि के लिये आज्ञा पानेवाला।	(गुरोस्तु यः ॥ ९ ॥ लब्धानुज्ञः) समावृत्तः [पु]
अभिषव स्नान करने वाला।	सुत्वा (त्वभिषवे कृते) । [४पु]
शिष्य—वा विद्यार्थी।	छात्रा-न्तेवासिनौ शिष्ये [५पु, पु, पु]
नया विद्यार्थी।	शैक्षाः प्राथमकल्पिकाः ॥ १० ॥ [पु, पु]
सपाठी।	(एकब्रह्मव्रताचारा मिथः) स ब्रह्मचारिणः । [पु]
एक गुरु के पास के पढ़नेवाले।	सतीर्थ्या (स्त्वे) कगुरव [पु, ६पु]
अग्नि का बटोरनेवाला।	(श्चितवानग्निम्) अग्निचित् ॥ ११ ॥ [पु]

१—न. २—न. ३—दस. ४—न. ५—त्र. ६ ए—रु.

विधिना सोमेन यजेत इत्यादि याग विधायक जो विधिमात्र हैं उन से जिसने यज्ञ किया है उसे यज्वा कहते हैं, द्विव. यज्वानौ, (एकं); जिसने गीष्पतीष्ट्या अर्थात बृहस्पति के कहे विधि से यज्ञ किया है उसे स्थपतिः कहते हैं, (एकं); सोमपीती, सोमपः, "और भी सोमपाः (—पा)"; ये २ सोम यज्ञ करनेवाले के नाम हैं ॥ ८ ॥ जिसने सर्वस्व दक्षिणा से विश्वजित् नाम यज्ञ किया है उसे सर्ववेदाः कहते हैं, (एकं), अंगसहित शिक्षा आदि से युक्त वेद को जिसने पढ़ा है उसे अनूचानः कहते हैं, (एकं) ॥ ९ ॥ और जिस अनूचान ने गुरु से गृहस्थाश्रम आदि आश्रम के प्राप्ति के लिये अनुज्ञा पाई है उसे समावृत्तः, कहते हैं, (एकं), अभिषव स्नान जिसने किया है उसे सुत्वा कहते हैं, (एकं) छात्रः, अन्तेवासी, (—न्) शिष्यः, ये ३ शिष्य वा चेला के नाम हैं, शैक्षाः, "एक वचन शैक्षः" प्राथमकल्पिकाः, ये २ पढ़ना आरंभ करनेवाले लड़कों के नाम हैं, ॥ १० ॥ समान वेदव्रत—और आचार है जिन्हों का, और एक शाखा के पढ़नेवाले ब्रह्मचारी लोग परस्पर सब्रह्मचारिणः कहलाते हैं; (एकं) समान गुरु हैं जिन्हों के वे परस्पर सतीर्थ्याः ए.व. सतीर्थ्यः और सतीर्थः, एकगुरवः, ए.व. एकगुरुः, कहलाते हैं, जिसने अग्नि का संग्रह किया है उसे अग्निचित् कहते हैं, (एकं) ॥ ११ ॥

	न १
उपदेश की परंपरा	(पारंपर्य्योपदेशे स्याद्) ऐतिह्य मितिह (ऽव्ययम्)।
	स
प्रथम ज्ञान।	उपज्ञा (ज्ञानमाद्यं स्यात्)
	पु
जानकर आरंभ कर्ना।	(ज्ञात्वारंभ) उपक्रमः ॥ १२ ॥
	पु पु पु पु पु २पु पु
यज्ञ।	यज्ञः सवो ऽध्वरो यागः सप्ततंतु-र्मखः क्रतुः।
	(पाठो होमश्चा तिथीनां सपर्य्या तर्प्पणं बलिः ॥ १३ ॥
	पु
महायज्ञ आदि।	एते पञ्च) महायज्ञा (ब्रह्मयज्ञादिनामकाः)।
	स ३स ४स स स स
सभा।	समज्या-परिष-द्गोष्ठी-सभा-समिति-संसदः ॥ १४ ॥
	स न ५सस
	आस्थानी (क्लीवम्) आस्थानं (स्त्रीनपुंसकयोः) सदः।
	पु
यज्ञगृह विशेष।	प्राग्वंशः (प्राग्घविर्गेहात्)
	पु ६पु
यज्ञ दर्शक।	सदस्या विधिदर्शिनः ॥ १५ ॥
	पु पु पु पु
सभा में बैठने वाले।	सभासदः सभास्तारा: सभ्याः सामाजिका (श्च ते)।
	७पु ८पु पु
तीनों वेद के ज्ञाता क्रम से।	अध्वर्य्यू-द्गातृ-होतारो (यजुः सामर्ग्विदः क्रमात्) ॥ १६ ॥

१द्-ह. २स-. ३-द. ४गो-. ५-स. ६-न्. ७-र्यु ८उ-.

ऐतिह्यं, इतिह, ये २ लोकपरंपरा के उपदेश के नाम हैं, इतिह यह अव्यय है, जो प्रथम ज्ञान है उसे उपज्ञा कहते हैं, जैसे ग्रंथ में पाणिनि की उपज्ञा है, (एकं) जान कर जो आरंभ है वह उपक्रमः है, जैसे ग्रंथ का उपक्रम अर्थात् आरंभ है (एकं) ॥ १२ ॥ यज्ञः, सवः, अध्वरः, यागः, सप्ततंतुः, मखः, क्रतुः, ये ७ यज्ञ के नाम हैं, पाठ आदि पांच ब्रह्मयज्ञ आदि नाम से महायज्ञाः ए॰ व॰ महायज्ञः कहलाते हैं, (एकं), इनमें पाठः जो विधि से वेद आदि का पठन है वह ब्रह्मयज्ञ है, होमः वैश्वदेव का होम है सो देवयज्ञ है, घर में आये हुये अतिथियों का अन्न आदि के सपर्या से संतोष करना मनुष्ययज्ञ है, तर्पणं अर्थात् पितरों को अन्न और जल आदि से जो तृप्ति संपादन कर्ना है वह पितृयज्ञ है बलिः अर्थात् जीवों को जो अन्न आदि देना है वह भूतयज्ञ है, (पठनं पाठः भावे घञ्) मनुः "(अध्यापनं ब्रह्मयज्ञः पितृयज्ञस्तु तर्पणं, होमो दैवो बलिर्भौतो नृयज्ञो ऽतिथिपूजनमिति)" समज्या, परिषत्, गोष्ठी, सभा, समितिः संसत्, (-द्) ॥१४॥ आस्थानी, आस्थानं, ए॰व॰ सदः, "स्त्री॰ सदाः" ये ९ सभा के नाम हैं. (समजन्ति गच्छन्त्यस्यां समज्या, गावो ऽनेका वा वाचस्तिष्ठंत्यस्यां गोष्ठी, सह समाना वा भान्त्यस्यां सभा, संयंति गच्छन्त्यस्यां समितिः, संसीदंत्यस्यांसं सत्, आतिष्ठन्त्यस्यामास्थानी. सीदन्त्यस्यां सदः) हवि के गृह से पूर्व देश में सदस्य आदि का जो गृह है उसे प्राग्वंशः कहते हैं, वा यज्ञशाला में पूर्व और पश्चिम के खंभों में रक्खे बड़े काष्ठ को प्राग्वंशः कहते हैं, यज्ञ कर्त्ता है, यज्ञ कर्म में विधि अर्थात् वेदोक्त क्रिया कलाप को जो देखते हैं, वे सदस्याः "ए॰ व॰ सदस्यः, विधिदर्शी" कहलाते हैं. "अर्थात् ऋत्विक विशेष है" (एकं) ॥ १५ ॥ सभासदः, "ए॰व॰ सभासत् (-द्)" सभास्ताराः, सभ्याः, सामाजिकाः, ये ४ सभा में रहनेवालों के नाम हैं, (सभां स्तृणंति सभास्ताराः, सभायां साधवः सभ्याः, समाजं रक्षंति सामाजिकाः) यजुर्वित ऋत्विक अध्वर्युः है, (एकं), सामवित् उद्गाता है, (एकं), ऋग्वेदवित् होतारः, ए॰व॰ होता (-तृ) कहलाता है, (एकं) ॥ १६ ॥

ऋत्विक ।	पु पु (आग्नीध्राद्या धनैर्वार्य्या) ऋत्विजो याजका (श्च ते) ।
यज्ञवेदी ।	पु वेदिः (परिष्कृता भूमिः)
यज्ञ का चौतरा ।	न न (समे) स्थण्डिल-चत्वरे ॥ १७ ॥
यज्ञ का खम्भा विशेष।	पु पु चषालो यूपकटकः
रक्षार्थ टट्टी ।	स कुम्बा (सुगहनावृतिः) ।
खम्भा का शिर ।	न १न यूपाग्रं तर्म
अग्नि निकालनेकी दो लकड़ी ।	२पुस (नि र्म्मथ्य दारुणित्व) रणि-(र्द्वयोः) ॥ १८ ॥
यज्ञाग्नि तीन ।	पु ३पु पु दक्षिणाग्नि-र्गार्हपत्या-हवनीयौ (त्रयो ऽग्नयः) ।

१—न. २ अ.—. ३ गा—.

यजमान धन आदि देकर जिनका वरण कर्ता है वे आग्नीध्राः "ए. व. अग्नीध्रः,
वा आग्नीध्रः", आदि ऋत्विजः, ए. व. ऋत्विक्, (—ज्), याजकाः, ये २ अग्नीध्र आदि कह-
लाते हैं और आदि शब्द से ब्रह्मा उद्गाता होता और अध्वर्यू आदि सोलह कहे जाते हैं,
"ऋतु में जो यज्ञ करते हैं, वे ऋत्विजः कहलाते हैं", यज्ञ के लिये परिष्कृत अर्थात् डमरु के आ-
कार बनाई हुई भूमि को वेदिः कहते है, "और भी वेदी" (एकं), स्थण्डिलं, चत्वरं, ये २ यज्ञ
के अर्थ संस्कार किये भूमि के भाग के नाम हैं, ॥ १७ ॥ यूप के सिर में कंकण के आकार काष्ठ
के विकार को चषालः और यूपकटकः, कहते हैं, यज्ञ के भूमि में अन्त्यज आदि की दृष्टि के
वारण के लिये सुगहनावृत्तिः, "वा स्त्री. सुगहनावृत्तिः" वेष्ठनं अर्थात्, आवरण को कुम्बा
कहते हैं, (एकं), यूपाग्रं, तर्मं, ये २ यूप के अग्रभाग के नाम हैं, अग्नि की सिद्धि के अर्थ
मथन की लकड़ी को अरणिः कहते हैं, "और भी स्त्री. अरणी" ॥ १८ ॥ दक्षिणाग्निः, गार्ह-
पत्यः, आहवनीयः, ये ३ अग्नि यज्ञों में विशेष अग्नि कहलाती हैं, ।

तीनों अग्नि का नाम।	स (अग्निचय मिदं) त्रेता
यज्ञाग्नि विशेष।	पु प्रणीतः (संस्कृतो ऽनलः) ॥ १९ ॥
यज्ञाग्नि के स्थल।	पु पु १पु समूह्यः परिचाय्यो-पचाय्याव् (अग्नौ प्रयोगिणः)।
अग्नि-विशेष।	(यो गार्हपत्यादानीय दक्षिणाग्निः प्रणीयते ॥ २० ॥ पु तस्मिन्) आनाय्यो
अग्नि की प्रिया।	स स स (ऽथा) ऽग्नायी स्वाहा (च) हुतभुक्प्रिया।
अग्नि जलाने की ऋचा वा मन्त्र।	स स (ऋक्) सामधेनी धाय्या (च या स्या दग्निसमिंधने) ॥२१॥
छन्द।	स्न (गायत्री प्रमुखं) छन्दो
यज्ञ की जाउरि वा-खीर।	पु (हव्यपाके) चरुः (पुमान्)।
दधि और दुग्ध मिला।	स आमिक्षा (सा शृतोष्णेया क्षीरे स्याद्दधियोगतः) ॥ २२ ॥
यज्ञ का बिजना-वा बेना।	न धुवित्रं (व्यजनं तद्रचितं मृगचर्म्मणा)।

१ उ–. २–स.

यह तीनों अग्नि का त्रेता एक नाम है, (एकं), मंत्र आदि से संस्कार किये अग्नि को प्रणितः कहते हैं, (एकं), ॥ १९ ॥ समूह्यः, परिच्चाय्यः, उपचाय्यः, ये ३ अग्नि में प्रयोगी हैं अर्थात् अग्नि-धारण के स्थलविशेष के नाम हैं, गार्हपत्य से लेकर दक्षिणाग्नि जहां स्थापित किई जाती है उसे आनाय्यः कहते हैं (एकं); अग्नायी, स्वाहा, हुतभुक्प्रिया, ये ३ अग्नि की प्रिया के नाम हैं, इस स्वाहा शब्द को अव्ययत्व नहीं है, क्योंकि इसे द्रव्यवाचित्व है, इसी से (स्वाहां-तुदहितोपार्थ्यं) यह पयोग संगत होता है, अग्नि को लकड़ी आदि से जगाने में जो ऋचा पढ़ी जाती है उसे सामधेनी और धाय्या भी, कहते, हैं ॥ २१ ॥ गायत्री, वा गायत्री, अनुष्टुप् (–भ्) उष्णिग्. उष्णिक् (–ह), वृहती, ये २ आदि छन्दः कहलाते हैं, एक सान्त और क्लीव है, हव्यपाके अर्थात् अग्नि के मुख में हूयमान अन्न को चरुः कहते हैं, "हव्य का जो पाक है उसे हव्यपाकः कहते हैं, (चर्यते भक्ष्यत इति चरुः) और मीमांसकोने भी त्रिवृच्चरु के अधिकरण में अन्नं परस्य चरु शब्द को स्वीकार किया है", अच्छे पके और गरम दूध में जो दही के योग से विकार उत्पन्न होता है उसे आमिक्षा, वाजे "आमीक्षा" कहते हैं, (एकं) ॥ २२ ॥ मृग के चाम से बनाये पंखे को धुवित्रं कहते हैं, "और धवित्रं भी"।

दही मिला घी।	न पृषदाज्यं (सदध्याज्ये)
खीर।	न पुन परमान्नं (तु) पायसः ॥ २३ ॥
देव और पितरका।	न न हव्य-कव्ये (दैवपित्र्ये अन्ने)
यज्ञपात्र।	पुन पात्रं (स्रुवादिकम्)।
स्रुव के भेद।	स १स स पुस २पु ध्रुवोपभृज्जुहू (र्ना तु) स्रुवो (भेदाः) स्रुचः (स्त्रियः)॥२४॥
यज्ञपशु।	पु उपाकृतः (पशुरसौ योऽभिमन्त्र्य क्रतौ हतः)।
यज्ञपशु मारना।	न न न परंपराकं शमनं प्रोक्षणं (च वधार्थकम्) ॥ २५ ॥
मारे पशु।	पुसन ३पुसन पुसन (वाच्यलिंगाः) प्रमीतो-पसंपन्न-प्रोक्षिता (हते)।
विशेष हवि-वा साकल्य।	न ४न सान्नाय्यं हविर्
हूना वस्तु।	पुसन (अग्नौ तु हुतं त्रिषु) वषट्कृतम् ॥ २६ ॥

१ उ-त्. २-च. ३ उ-. ४-स्.

दही से युक्त घी पृषदाज्यम् है, (एकं); परमान्नं, पायसः, ये २ खीर के नाम हैं; ॥ २३ ॥ देव और पितर संबंधी अन्न को क्रम से हव्यं और कव्यं कहते हैं, "(हूयन्ते प्रीणयन्ते देवा येन तत् हव्यं, कूयन्ते पितृभ्यः इति कव्यं)" स्रुव चमस आदि पात्रं है, (एकं); ध्रुवा, उपभृत्, जुहूः, स्रुचः, ये ४ स्रुव के भेद हैं, "वा जुहुः" स्रुवः, वा स्रूः, स्रुक् (—च) पुंसि, (एकं); ॥ २४ ॥ जो पशु यज्ञ में मन्त्र संस्कार कर मारा जाता है उसे उपाकृतः कहते हैं, "(एकं); उपक्रियते हिंस्यत इति उपाकृतः)" परंपराकं, शमनं, "शसनं, वा ससनं" प्रोक्षणं, ये ३ वधार्थक हैं, अर्थात् यज्ञ के पशु मारने के वाची हैं, ॥ २५ ॥ प्रमीतः, उपसंपन्नः, प्रोक्षितः, ये ३ यज्ञ के अर्थ मारे हुये पशुमात्र के नाम हैं और वाच्य लिङ्ग हैं, विशेष हवि को सान्नाय्यं और हविः, कहते हैं, अग्नि में हूना हुआ घी आदि वषट्कृतं कहलाता है और वाच्यलिङ्ग है, ॥ २६ ॥

यज्ञान्त स्नान ।	पु (दीक्षान्तो) ऽवभृथो (यज्ञे)
यज्ञीय वस्तु ।	पुस्न (तत्कर्म्मार्हन्तु) यज्ञियम् ।
यज्ञकर्म ।	(विष्व्)
	१न (ऽथ क्रतुकर्म्मे) ष्टं
कर्म्म विशेष ।	न पूर्त्तं (खातादि कर्म्मणि) ॥ २७ ॥
यज्ञशेष भ्राद्धशेष ।	न पु अमृतं विघसो (यज्ञ शेषभोजनशेषयोः) ।
दान ।	पु न न २न न त्यागो विहापितं दान मुत्सर्ज्जन-विसर्ज्जने ॥ २८ ॥
	न न न न विश्राणनं वितरणं स्पर्शनं प्रतिपादनम् ।
	न न ३न ४स प्रादेशनं निर्वपण मपवर्ज्जन मंहतिः ॥ २९ ॥
मरे के लिये दान ।	पुस्न. (मृतार्थे न्तदह-दानं त्रिषु स्याद्) और्द्ध्वदेहिकम् ।
पितृदान ।	न पु पितृदानं निवापः (स्याच्)
श्राद्ध ।	५न श्राद्धं (तत्कर्म्मशास्त्रतः) ॥ ३० ॥

१ इष्ट. २ उ–. ३ अ–. ४ अं–. ५ श्राद्ध.

यज्ञदीक्षा के अन्त में यज्ञदीक्षा के समापक अर्थात् समाप्तिबोधक यज्ञपूर्वक स्नान विशेष को अवभृथः कहते हैं, (एकं) तत्कर्मार्ह अर्थात् यज्ञकर्म के योग्य वस्तु "द्विज द्रव्य आदि" को यज्ञियं कहते हैं, और तीनो लिङ्ग हैं "स्त्री॰ यज्ञिया" जो क्रतु कर्म है उसे इष्टं कहते हैं "वा क्रतुयज्ञ है, कर्मदान है इन को इष्टं कहते हैं", (एकं); खातं वापी कूप तडाग और देवालय आदि जो कर्म है उसे पूर्त्तं कहते हैं (एकं) ॥ २७ ॥ यज्ञशेष पुरोडाश आदि को अमृतं कहते हैं (एकं) देव पितर आदि के भोजन के शेष को विघसः कहते हैं, (एकं), "(विघसाशीभवेन्नित्यं नित्यं चामृतभोजनः, विघसो भुक्तशेषः स्याद्यज्ञशेषमथामृतमिति मनुः)" त्यागः, विहापितं, दानं, उत्सर्जनं, विसर्जनं, ॥ २८ ॥ विश्राणनं, वितरणं, स्पर्शनं, प्रतिपादनं, प्रादेशनं, निर्वपणं, अपवर्ज्जनं, अंहतिः, "वा अंहितिः" ये १३ दान के नाम हैं, ॥ २९ ॥ मरे के अर्थ जो मरण दिन से लेकर दशाह पर्यन्त पिण्डदान आदि है उसे और्ध्वदेहिकं, "और भी और्ध्वदैहिकं, स्त्री॰ और्ध्वदैहिकी" कहते हैं, और तीनो लिंग है, पितृदानं, निवापः, ये २ पितरों के निमित्त जो दान किया जाता है उस के नाम हैं और शास्त्र से वह पितृ सम्बन्धी कर्म श्राद्धं है. (श्रद्धा ऽस्ति अत्र तत् श्राद्धं), ॥ ३० ॥

श्राद्ध विशेष ।	न १न अन्वाहार्य्यं मासिकं
श्राद्ध काल विशेष।	पुन (ऽशो ऽष्टमोऽह्नः) कुतपो (ऽस्त्रियाम्)।
श्राद्ध में ब्राह्मण भक्ति।	स स स स पर्य्येषणा परीष्टि (श्चा) ऽन्वेषणा (च) गवेषणा ॥३१॥
विनय ।	स २स सनि (स्त्व) ध्येषणा
मांगना ।	स स ३स स याञ्चा ऽभिशस्ति याचना ऽर्थना ।
	(षट् तु त्रिष्व)
पूजार्थजल ।	पुसन ऽर्घ्य (मर्घार्थे)
पांव धोने का ।	पुसन पाद्यं (पादाय वारिणि) ॥३२॥
अतिथि के निमित्त कर्म्म ।	पुसन ४पुसन (क्रमाद्) आतिथ्या-तिथेये (अतित्यर्थे ऽत्र साधुनि)।
अतिथि-वा पाहुन।	पुसन पुसन ५पु (स्युर्) आवेशिक आगन्तु रतिथि (र्ना गृहागते) ॥ ३३ ॥

१—कं. २ अ—. ३ या॰. ४ आ—. ५ अ—.

मासिक वा अमावास्या के श्राद्ध को अन्वाहार्य्यं, कहते हैं, "उसी प्रकार अन्वाहार्य्यकं, और अनुहार्य्यं" और मासिकं. (एकं) दिन का अष्टम अंश कुतपः कहलाता है, यहां अंश शब्द मुहूर्त पर है, पर्य्येषणा, परीष्टिः. ये २ श्राद्ध में द्विजभक्ति और सुश्रुषा के नाम हैं, अन्वेषणा, गवेषणा, ये २ धर्म आदि के खोजने के नाम हैं, "किसी के मत में ये ४ धर्म आदि के खोजने के नाम हैं" ॥ ३१ ॥ सनिः, "और भी सनी" अध्येषणा; ये २ गुरु आदि से किसी अर्थ में जो प्रार्थना पूर्वक विनती है उस के नाम हैं; याञ्चा, अभिशस्तिः, "अभिषस्तिः" याचना, अर्थना, ये ४ मांगने के नाम हैं, अर्घ्य, पाद्य, आतिथ्य, आतिथेय, आवेशिक, आगन्तव, ये ६ पद शब्द वाच्य वाच्य लिङ्ग हैं, पूजा और उपचारार्थ जल को अर्घ्यं कहते हैं, (एकं) "स्त्री॰अर्घ्या" पांव के अर्थ जलपाद्यं है, (एकं) "स्त्री॰पाद्या", अति के अर्थवस्तु आतिथ्यं है, "आतिथ्या. स्त्री॰ है", और यहां अतिथि के अर्थ जो साधु है उसे आतिथेयं कहते हैं, (एकं) "स्त्री॰ आतिथेयी" आवेशिकः, "स्त्री॰ आवेशिकी", आगन्तुः, "उसी प्रकार आगान्तुः" अतिथिः, गृहागतः, ये ४ घर में आये हुये के नाम हैं, ना पुमान्, "वा अतिथी", ॥ ३३ ॥

	स स स स स स
पूजा ।	पूजा नमस्या ऽपचितिः सपर्य्या-ऽर्चा-ऽर्हणाः (समाः) ।
	स स स १न
उपासना-वा सेवा।	वरिवस्या (तु) शुश्रूषा परिचर्य्या (ऽप्यु) पासनम् ॥ ३४॥
	स स स न
जाना-वा फिरना ।	व्रज्या ऽटा ऽट्या पर्य्यटनं स
ध्यानी-वा मौनी ।	पु २न चर्य्या (त्वीर्य्यापथेस्थितिः) ।
आचमन ।	उपस्पर्श (स्त्वा) चमनम् न ३न
चुप ।	(ऽथ) मौन मभाषणम् ॥ ३५ ॥
	स ४स स पु
अनुक्रम ।	आनुपूर्व्वी (स्त्रियां) (वा) वृत्-परिपाटी अनुक्रमः ।
	पु
	पर्य्याय (श्चा) पु पु पु
अतिक्रम ।	ऽतिपात (स्तु स्यात्) पर्य्यय उपात्ययः ॥ ३६ ॥
	पु पुन न
व्रत ।	नियमो व्रत (मस्त्री तच्चोपवासादि) पुण्यकम् ।
	न ५पु
चान्द्रायण आदि उपवास ।	उपवस्तं (तू) पवासो पु स
विचार ।	विवेकः पृथगात्मता ॥ ३७ ॥
	न ६स
सदाचार और वेदाभ्यास फल।	(स्याद्) ब्रह्मवर्च्चसं वृत्ताध्ययनर्द्धि

१—उ. २ आ—. ३ अ—. ४ आवृत. ५ उ—. ६—र्द्धिः.

प्राघूर्णिकः, प्राघुणकः, ये २ अभ्यागत के नाम हैं, अभ्युत्थानं, गौरवं, ये २ उठ कर और सत्कार पूर्वक के नाम हैं" पूजा, नमस्या, अपचितिः, सपर्या, अर्चा, अर्हणा, ये ६ पूजा के नाम हैं, वरिवस्या, शुश्रूषा, परिचर्य्या, "परिसर्य्या" उपासनं, "स्त्री० उपासना" "वा उपास्तिः" ये ४ सेवा के नाम हैं; ॥ ३४ ॥ व्रज्या, अटा, अट्या, पर्य्यटनं, ये ४ पर्यटन अर्थात् फिरने के नाम हैं, "अटापर्यटनं भ्रमः यह रत्नकोश है" ईर्यापथे अर्थात् ध्यान और मौन आदि योगमार्ग में जो स्थिति है उसे चर्य्या कहते हैं, (एकं) उपस्पर्शः, आचमनं, ये २ स्नान और आचमन के नाम हैं. मौनं, अभाषणं, ये २ मौन के नाम हैं, ॥ ३५ ॥ "प्राचेतसः, आदिकविः, मैत्रावरुणः, वाल्मीकः, ये ४ वाल्मीक के नाम हैं, गाधेयः, विश्वामित्रः, कौशिकः, ये ३ विश्वामित्र के नाम हैं, व्यासः, द्वैपायनः, पाराशर्य्यः सत्यवतीसुतः, ये ४ वेदव्यास के नाम हैं", आनुपूर्व्वी, "इसी प्रकार आनुपूर्व्यं, आनुपूर्व्वी, वा आनुपूर्वकं", आवृत्, परिपाटी, "ग०व० परिपाटिः" अनुक्रमः, पर्य्यायः ये ५ अनुक्रम के नाम हैं, परिपाटी यहां द्विवचन होने से णत्व न भया; अतिपातः, पर्य्ययः, उपात्ययः, ये ३ अतिक्रम के नाम हैं, ॥ ३६ ॥ नियमः, व्रतं, ये २ व्रतमात्र के नाम हैं, और वह व्रत उपवास और चान्द्रायण आदिक से उत्पन्न जो पुण्य है उसको जानना चाहिये, उपवस्तं, "उपोषितं, उपोषणं, औपवस्तं", उपवासः, ये २ उपवास के नाम हैं, पृथगात्मता अर्थात् पृथक् स्वरूपत्व को विवेकः कहते हैं, (एकं) जैसे चित् और जड़ का विवेक है. ॥ ३७ ॥ वृत्तं अर्थात् सदाचार का पालन और वेदाध्ययन अर्थात् वेद का अभ्यास इन दोनों की सम्पत्ति को ब्रह्मवर्च्चसं और वृत्ताध्ययनर्द्धिः, कहते हैं, (एकं) "वा ब्रह्मणः अर्थात् तप और स्वाध्याय का जो तेज है वह ब्रह्मवर्च्चसं है, यह स्वामी का मत है"

वेदपाठ के आदि में शान्तिपाठ की अञ्जलि ।	(ऽथाञ्जलिः । पाठे) ब्रह्माञ्जलिः (पु)
अञ्जली से वा पढ़ने के समय मुख से निकले जल के बून्द ।	(पाठे विप्रुषो) ब्रह्मबिन्दवः (१पु) ॥ ३८ ॥
आसन विशेष ।	ध्यानयोगासने ब्रह्मासनं (न)
विधि ।	कल्पो (पु) विधि (पु)-क्रमौ (पु) ।
मुख्य विधि ।	मुख्यः (पु) (स्यात्प्रथमः कल्पो)
गौण विधि ।	ऽनुकल्प (पु) (स्तु ततो ऽधमः) ॥ ३९ ॥
वेदका पढ़ना ।	(संस्कारपूर्वग्रहणं स्याद्) उपाकरणं (न) (श्रुतेः) ।
प्रणाम ।	(समे तु) पादग्रहण (न) मभिवादन (२न) (मित्यु भे) ॥ ४० ॥
सन्यासी ।	भिक्षुः (पु) परिव्राट् (३पु) कर्मन्दी (४पु) पाराशर्य्य (५पु) (पि) मस्करी (६पु) ।

१–न्दु. २ अ–. ३–ज्. ४–न्. ५–न्. ६–न्.

वेदपाठ करने में जो अञ्जलि है उसे ब्रह्माञ्जलिः कहते हैं, अर्थात् पढ़ने के पहिले हाथों की प्रणव पूर्वक अञ्जलि करते हैं, उसका नाम है (एकं) वेदपाठ में विप्रुषः अर्थात् मुख से वा अञ्जली से निकले जल टुकड़े ब्रह्मबिन्दवः कहलाते हैं, "विप्लुषः भी पाठ है" (एकं) ॥ ३८ ॥ ध्यान और योग के आसनों को ब्रह्मासनं कहते हैं, "एकाग्र मन से जो स्मरण है उसे ध्यानं कहते हैं, और चित्त की वृत्ति का जो निरोध है उसे योगः कहते हैं" कल्पः, विधिः, क्रमः, ये ३ आज्ञा देने के शास्त्र के नाम हैं, जो प्रथम कल्प है अर्थात् आदि विधि है वह मुख्यः कहलाता है, जैसे व्रीहिर्यजेत्, (एकं) मुख्य से पीछे अधम अर्थात् जो गौण विधि है वह अनुकल्पः है, जैसे व्रीही के अभाव में नीवार्यजेत्, (एकं) ॥ ३९ ॥ संस्कार पूर्वक श्रुति के ग्रहण को उपाकरणं कहते हैं, और भी "उपाकर्म (–न्) और उपग्रहणं" "संस्कारः, उपनयनं"; पादग्रहणं, उसी प्रकार "उपसंग्रहणं" अभिवादनं, ये २ नाम और गोत्र के कथन पूर्वक नमस्कार विशेष के नाम हैं, ॥ ४० ॥ भिक्षुः, परिव्राट्, "और परिव्राजकः", कर्मन्दी, पाराशरी, "वा पराशरी (–न्)", मस्करी, ये ५ संन्यासी के नाम हैं, ।

तपस्वी ।	१पु पु २पु तपस्वी तापसः पारिकांक्षी
मुनि ।	पु पुस वाचंयमो मुनिः ॥ ४१ ॥
तपस्या के क्लेश का सहना ।	पु पु तपः क्लेशसहो दान्तो
ब्रह्मचारी ।	पु पु वर्णिनो ब्रह्मचारिणः ।
ऋषि ।	पुस पु ऋषयः सत्यवचसः
वेद व्रत को पूरा कर गुरु की आज्ञा का पानेवाला ।	पु पु स्नातक (स्त्वा) प्लुतव्रती ॥ ४२ ॥
जितेन्द्रिय ।	पु पु पु (ये) निर्ज्जितेन्द्रियग्रामा यतिनो यतय (श्च ते) ।
भूमिशायी ।	३पु (यः स्थण्डिले व्रतवशाच्छेते) स्थण्डिलशाय्य (सौ) ॥४३॥

१–न. २–न. ३–यी. (–न)

तपस्वी, तापसः, पारिकांक्षी, ये ३ तपस्या मे युक्त के नाम हैं। (पारिव्रज्यज्ञानं कांक्षतीति पारिकांक्षी) वाचंयमः, मुनिः, ये २ वाणी के नियमवाले के नाम हैं, ॥ ४१ ॥ तपस्या के क्लेश के सहनेवाले को दान्तः कहते हैं, वर्णी, (–न) ब्रह्मचारी, (–न) ये २ ब्रह्मचारी के नाम हैं, ऋषिः, "वा रिषिः, स्त्री॰ ऋषी" सत्यवचाः, ये २ सामान्य ऋषि के नाम हैं, ऋषियों के भेद तो महर्षि, देवर्षि, ब्रह्मर्षि, आदि हैं. स्नातकः, "आप्लवव्रती (–न) और आप्लुतव्रती" ये २ जो वेदव्रत धारण किये हुये और गुरु की आज्ञा से स्नान करनेवाले के नाम हैं; (कहा है, गुरवे तु वरं दत्त्वा स्नायाद्वा तदनुज्ञया, वेदव्रतानि वा पारं नीत्वा ह्युभयमेव वेति) ॥ ४२ ॥ जिन्होंने स्ववश किये हैं वा जीते हैं इन्द्रिय समूहों को वे यतिनः, और, यतयः कहलाते हैं, "यती (–न) और यतिः" नियम के वश से भूमि विशेष में जो सोता है वह स्थण्डिलशायी कहलाता है, (एकं) ॥ ४३ ॥

	पु स्थण्डिल (श्चा)
व्यासआदि ऋषि।	१पु पु (ऽथ) विरजस्तमस: (स्युर्) द्वयातिगा: ।
पवित्र।	पु पु पु पवित्र: प्रयत: पूत:
पाखण्डी।	पु २पु पाषण्डा: सर्व्वलिङ्गिन: ॥ ४४ ॥
ब्रह्मचर्य का दण्ड।	पु (पालाशो दण्ड) आषाढो (व्रते)
बांस का।	पु रांभ (स्तु वैणव:) ।
ऋषिपात्र।	पुन स (अस्त्री) कमण्डलु: कुण्डी
ऋषिआसन।	स (व्रतिना मासनं) वृषी ॥ ४५ ॥
मृगचर्म।	न ३न स अजिनं चर्म्म कृत्ति: (स्त्री)
भिक्षा का समूह।	न भैक्षं (भिक्षाकदम्बकम्) ।
वेदाभ्यास।	पु पु स्वाध्याय: (स्याज्) जप:

१–मस्. २–न्. ३–न.

स्थण्डिलः, यह भी १ पृथ्वी में सोनेवाले का नाम है. विरजस्तमसः, द्वयातिगः, ये २ एक सत्त्वगुण में युक्त व्यास आदि के नाम हैं, "(रजस्तमोभ्यां विगतः विरजस्तमाः)" पवित्रः, प्रयतः, पूतः, ये ३ पवित्रता के नाम हैं, पापण्डः, "वा पाखण्डः", सर्वलिङ्गी, ये २ बौद्ध क्षपणक आदि दुःशास्त्रवर्ती के नाम हैं, (पालनाच्च त्रयी धर्मः पाशब्देन निगद्यते, तं खण्डयंति ते तस्मात्पाखण्डास्तेन हेतुनेति) ॥ ४४ ॥ वन में ब्रह्मचारियों को जो पलाश सम्बन्धी दंड है उसे आषाढः कहते हैं, (एकं) वेणुः "वा वैणवः" अर्थात् बांस के दण्ड को रांभः कहते हैं, (एकं) कमण्डलुः, कुंडी, ये २ व्रतियों के जलपात्र के नाम हैं, "क्लीब में कमण्डलु, स्त्री॰ कुंडी" "उसी प्रकार कुण्डिका" व्रतियों का आसन वृषी है, (एकं) वृसी भी पाठ है, ॥ ४५ ॥ अजिनं, चर्म, कृत्तिः, ये ३ मृगों के चाम के नाम हैं, भिक्षा के समूह को भैक्षं कहते हैं, (एकं) स्वाध्यायः, जपः, "वा जापः" ये २ वेदाभ्यास के नाम हैं,

यज्ञोषधी का कूटना ।	स पु न सुत्या ऽभिषवः सवनं (च सा) ॥ ४६ ॥
सर्वपापनाशन ।	१पुसन (सर्वैनसा मपध्वंसि जप्यं त्रिष्व) घमर्षणम् ।
अमावस और पूर्णिमा का यज्ञ विशेष ।	पु पु दर्श (श्च) पौर्णमास (श्च यागौ पक्षान्तयोः पृथक्) ॥४७॥
नित्यकर्म्म ।	पु (शरीरसाधनापेक्षं नित्यं यत्कर्म्म तद्) यमः ।
कर्म विशेष ।	पु नियम (स्तु स यत्कर्म्म नित्य मागन्तुसाधनम्) ॥ ४८ ॥
जनेऊ बांयें कान्धे का ।	न न उपवीतं यज्ञसूत्रं (प्रोद्धृते दक्षिणे करे) ।
दहिने कान्धे का ।	न प्राचीनावीत (मन्यस्मिन्)
कंठ में मालाकार ।	न निवीतं (कण्ठलम्बितम्) ॥ ४६ ॥
देवतीर्थ ।	न (अङ्गुल्यग्रे तीर्थं) दैवं

१ अ–.

सुत्या, अभिषवः, सवनं, ये ३ यज्ञ में सोमलता के वा यज्ञोषधी के कूटने के नाम हैं, इन में सुत्या टावन्त है, (सुवन्ति सोममस्यां सुत्या) क्यप् प्रत्ययान्त है, ॥ ४६ ॥ सर्व एनस अर्थात् पापों के नाश करने वाले जप्यं अर्थात् "ऋचा आदि को अघमर्षणं कहते हैं", (एकं) "स्त्री॰ में तो अघमर्षणी" पक्षान्तयोः अर्थात् अमावस्या और पौर्णमासी में विहित याग को क्रम से दर्शः और पौर्णमासः कहते हैं, (एकैकं), ॥ ४७ ॥ शरीरसाधनापेक्षं अर्थात् शरीर मात्र से साध्य नित्य जो कर्म है उसे यमः कहते हैं, (अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्य–परिग्रहो यमा इति) (एकं), जो कर्म आगन्तुसाधन है अर्थात् बाह्य साधन है वा मट्टी जल आदि साधन नित्य और कृत्रिम कर्म है, वह नियम है, (शौचसन्तोषतपः स्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमाइति) ॥ ४८ ॥ दक्षिण हाथ में जो ब्रह्मसूत्र धारण किया जाता है उसे उपवीतं और यज्ञसूत्रं, कहते हैं, (द्वयं), दूसरे हाथ में वा वाम हाथ में जो ब्रह्मसूत्र धारण किया जाता है उसे प्राचीनावीतं कहते हैं, (एकं) कण्ठ में लम्बित अर्थात् कंठ में सीधा लम्बा किया ब्रह्मसूत्र निवीतं कहलाता है, (एकं) ॥ ४६ ॥ अंगुलियों के आगे देवतीर्थ है, इसी लिये (देवतीर्थेन तर्पयेत्) यहां अंगुलिओं के आगे से देवताओं का तर्पण किया जाता है यह अर्थ जानना चाहिए,

प्रजापतितीर्थ ।	(स्वल्पांगुल्यो र्मूले) कायम्[न] ।
पितृतीर्थ ।	(मध्ये ऽङ्गुष्ठा ङ्गुल्योः) पैत्रं[न]
ब्रह्मतीर्थ ।	(मूले त्वङ्गुष्ठस्य) ब्राह्यम्[न] ॥ ५० ॥
ब्रह्म में मिलना ।	(स्याद्) ब्रह्मभूयं[न] ब्रह्मत्वं[न] ब्रह्मसायुज्य[न] (मित्य पि) ।
देव में मिलना ।	देवभूयादिकं[न] (तद्वत्)
आचार विशेष ।	कृच्छ्रं[न] (सान्तपनादिकम्) ॥ ५१ ॥
संन्यास विशेष ।	(संन्यासवत्यनशने पुमान्) प्रायो[पु]
नष्टाग्नि ।	(ऽथ) वीरहा[१पु] ।
	नष्टाग्निः[पु]
लोभी और दम्भी ।	कुहना[स] (लोभान्मिथ्येर्य्यापथकल्पना) ॥ ५२ ॥
संस्कारहीन ।	व्रात्यः[पु] संस्कारहीनः[पु] (स्याद्)
वेदाभ्यासरहित ।	अस्वाध्यायो[पु] निराकृतिः[पु] ।

१—न.

स्वल्पांगुल्योर्मूले अर्थात् अनामिका और कनिष्ठिका के मूल में कायं, तीर्थ है, (कः प्रजापतिर्देवता ऽस्य कायं, प्राजापत्यं इत्यर्थः) अंगुष्ठ और तर्जनी के मध्य भाग में पैत्रं, उसी प्रकार पित्र्यं वा पैत्र्यं तीर्थ है, अंगुष्ठ के मूल में तो ब्राह्मं, वा ब्राह्म्यं तीर्थ है (एकैकं) ॥ ५० ॥ ब्रह्मभूय, आदि तीन ब्रह्मभाव के नाम हैं, "जैसे ब्रह्म का भाव ब्रह्मभूयं है" इसी प्रकार देवभूयं, देवत्वं, देवसायुज्यं, ये ३ देवभाव के नाम हैं; सान्तपन आदि कृच्छ्रं है (एकं), गोमूत्रं गोमयं क्षीरं दधिसर्पिः कुशोदकं, एकरा (त्रोपवासश्च कृच्छ्रं सांतपनं स्मृतमिति) आदि पद से प्राजापत्य आदि का संग्रह है, ॥ ५१ ॥ संन्यास पूर्वक जो भोजन का त्याग है उसे प्रायः कहते हैं, (एकं) वीरहा, नष्टाग्निः, ये २ नष्ट अग्निवाले के नाम हैं; लोभ से परधन आदि की अभिलाषा से जो मिथ्या पदों से अर्थ के पथ की कल्पना है और दंभ से जो ध्यान आदि का सम्पादन है उसे कुहना कहते हैं; (एकं) ॥ ५२ ॥ संस्कार जो यज्ञोपवीत आदि है इस से गौण काल के उत्तर भी जो संस्कारहीन है उसे व्रात्यः, और संस्कार हीनः, कहते हैं, (एकं) जो अपने वेद से हीन है उसे अस्वाध्यायः, और निराकृतिः कहते हैं, (एकं) ।

वहुरूपिश्रा-वा ठग	धर्म्मध्वजी[१पु] लिङ्गवृत्तिर्[२पु]
ब्रह्मचर्य्यहीन ।	अवकीर्णी[३पु] क्षतव्रतः[पु] ॥ ५३ ॥
सूर्य्योदय और सूर्य्यास्तमेंसोनेवाले	(सुप्ते यस्मिन्नस्तमेति सुप्ते यस्मिन्नुदेति च । अंशुमान्) अभिनिर्मुक्ता[पु]-ऽभ्युदितौ[पु] (तौ यथाक्रमम्) ॥ ५४ ॥
छोटा भाई ।	परिवेत्ता[४पु] (ऽनुजो ऽनूढे ज्येष्ठे दारपरिग्रहात्) ।
बड़ा भाई ।	परिवित्ति[पु] (स्तु तज्ज्यायान्)
विवाह ।	विवाहो[पु]-पयमौ[५पु] (समौ) ॥ ५५ ॥ (तथा) परिणयो[पु] द्वाहो[६पु] पयामः[७पु] पाणिपीडनम्[न] ।
मैथुन ।	व्यवायो[पु] ग्राम्यधर्म्मो[पु] मैथुनं[न] निधुवनं[न] रतम्[न] ॥ ५६ ॥
त्रिवर्ग ।	त्रिवर्गो[पु] (धर्म्मकामार्थैश्)
चतुर्वर्ग ।	चतुर्वर्गः[पु] (समोक्षकैः) ।
मिले सर्व धर्म ।	(सबलैस्तैश्) चतुर्भद्रं[न]
वर के मित्र वा वलधा-वा सहवाला।	जन्याः[पु] (स्निग्धावरस्य ये) ॥ ५७ ॥

॥ इति ब्रह्मवर्गः ॥

१—न. २—त्ति. ३—न. ४ त्तृ—. ५ उ—. ६ उ—. ७ उ—.

धर्म्मध्वजी, लिङ्गवृत्तिः, ये २ जो जीविका के अर्थ जटा आदि धारण करते हैं उन के नाम हैं; अवकीर्णी, क्षतव्रतः, ये २ नष्ट ब्रह्मचर्य्य के नाम हैं; ॥ ५३ ॥ अंशुमान् सूर्य्य जिस के सोने में अस्त को जाता है उसे क्रम से अभिनिर्मुक्तः कहते हैं, (एकं) फिर जिस के सोने में अंशुमान् उदय होता है उसे अभ्युदितः कहते हैं; (एकं) ॥ ५४ ॥ विना विवाह संस्कार किये जेठे भाई को जो छोटा भाई अपना विवाह संस्कार कर्त्ता है वा किया है उसे परिवेत्ता कहते हैं, (एकं), और उस परिवेत्ता का जेठा भाई परिवित्तिः "और भी परिवृत्तिः, और परिवृस्तिः" कहलाते हैं, (एकं), विवाहः, उपयमः, ॥ ५५ ॥ परिणयः, उद्वाहः, उपयामः, पाणिपीडनं, "और भी पाणिग्रहणं" आदि ये ६ विवाह के नाम हैं; व्यवायः, ग्राम्यधर्मः, मैथुनं, निधुवनं, रतं "और भी रमणं, सुरतं और रतिः" ये ५ मैथुन के नाम हैं; ॥ ५६ ॥ वेदविहित यज्ञ आदि धर्म है, यथाविधि स्त्री का सेवन काम है, और धन अर्थ है, ये ३ मिलकर समुदाय को त्रिवर्गः कहते हैं. "और त्रिगणः भी" (एकं) मोक्ष के सहित धर्म, अर्थ, काम, और मोक्ष, इस समुदाय को चतुर्वर्गः कहते हैं, (एकं) उन धर्म आदिकों से मिले धर्म को चतुर्भद्रं, कहते हैं. (एकं); वर के जो बड़े प्रिय हैं वे वयस्याः, जन्याः, ए·व· जन्यः, कहलाते हैं, (एकं) ॥ ५७ ॥ इति ब्रह्मवर्गः ॥

॥ अथ अष्टमवर्गः ॥

	पु पु पु पु १पु
क्षत्रिय ।	मूर्द्धाभिषिक्तो राजन्यो बाहुजः क्षत्रियो विराट् ।
	पु २पु पु ३पु पु पु पु
राजा ।	राज्ञि राट्-पार्थिव-क्ष्माभृ न्नृप-भूप-महीक्षितः ॥ १ ॥
	पु
महाराजा ।	(राजा तु प्रणता शेष सामन्तः स्याद्) अधीश्वरः ।
	४पु पु
महाराजाधिराज ।	चक्रवर्त्ती सार्वभौमो
	पु
छोटा राजा ।	(नृपो ऽन्यो) मण्डलेश्वरः ॥ २ ॥
राजसूय आदि यज्ञ का कर्ता और सब राजाओं का अध्यक्ष वा बादशाह ।	(येनेष्टं राजसूयेन मण्डलस्ये श्वरश्च यः ।
	५पु
	शास्ति यश्चा ज्ञया राज्ञः स) सम्राड्
	न
राजसमूह ।	(अथ) राजकम् ॥ ३ ॥
	न
क्षत्रियों का गणआदि ।	राजन्यकं (च नृपति क्षत्रियाणां गणे क्रमात्) ।

१ राज्, २—ज्. ३—त्. ४—न्. ५—ज्.

मूर्द्धाभिषिक्तः, राजन्यः, बाहुजः, क्षत्रियः, उसी प्रकार क्षत्री (–न्), और क्षत्तः, वा क्षत्रः" विराट्, ये ५ क्षत्रिय के नाम हैं, राजा, (—न्) राट्, पार्थिवः, क्ष्माभृत्, "उसी प्रकार महीभृत्" "क्ष्माभुक्" नृपः, नृपतिः, नरपतिः, आदि भूपः, "और भी भूपालः, भूमिपालः आदि" महीक्षित्, ये ७ राजा के नाम हैं, ॥ १ ॥ सब देशों के सम्पूर्ण प्रणत राजा लोग जिसकी आज्ञा से राज करते हैं उसे अधीश्वरः, कहते हैं, (एकं), चक्रवर्त्ती, सार्वभौमः, ये २ समुद्र पर्य्यन्त क्षितीश के नाम हैं, उससे भिन्न राजा मण्डलेश्वरः कहलाता है, (एकं); ॥ २ ॥ जिसने राजसूय यज्ञ विशेष को किया है जो द्वादश मण्डल का ईश्वर है और जो अपनी इच्छा से सब राजाओं को आज्ञा करता है, ऐसे तीन विशेषण से युक्त राजा समराट्, कहलाता है, (एकं) ॥ ३ ॥ राजाओं के समुदाय को राजकं कहते हैं (एकं); क्षत्रियों के समुदाय को राजन्यकं कहते हैं; ।

मित्र ।	न १पु २पु (अथ) मित्रं सखा सुहृत् ।
मित्रता-वा मिताई	न न सख्यं साप्तपदीनं (स्याद्)
भलापन ।	पु न अनुरोधोऽनुवर्त्तनम् ॥ १२ ॥
जासूस-वा हल-कारा ।	पु पु ३पु ४पु पु यथार्हवर्णः प्रणिधि रपसर्प श्चरः स्पशः । पु ५पु चार (श्च) गूढपुरुषश्
विश्वासी ।	६पुस्त्रन पुस्त्रन (चा) प्तः प्रत्ययित (स्त्रिषु) ॥ १३ ॥
ज्योतिषी ।	पु पु पु पु साम्वत्सरो ज्यौतिषिको दैवज्ञ-गणका (वपि) । पु पु ७पु पु (स्युर्) मौहूर्तिक-मौहूर्त-ज्ञानि-कार्त्तान्तिका (अपि) ॥१४॥
शास्त्री ।	पु पु तांत्रिको ज्ञातसिद्धान्तः
मोदी ।	८पु पु सत्री गृहपतिः (समौ) ।
लेखक ।	पु पु पु पु लिपिकारोऽक्षरचणोऽक्षरचुञ्चु (श्च) लेखके ॥ १५ ॥

१—खि. २—द्. ३ अ—. ४ च—. ५—प. ६ आप्त. ७—न्, ८—न्.

मित्रं, सखा, सुहृत्, ये ३ मित्र के नाम हैं, "वा मित्त्रं, पुं· मित्रः, स्त्री· मित्रा, स्त्री· सखी"; सख्यं, साप्तपदीनं, ये २ मित्रता के नाम हैं, अनुरोधः, अनुवर्त्तनं, ये २ अनुकूलता के नाम हैं, ॥ १२ ॥ यथार्हवर्णः, प्रणिधिः, अपसर्पः, "वा अवसर्पः" चरः, स्पशः, चारः, गूढ-पुरुषः, ये ७ चार पुरुष वा दूत इस प्रसिद्ध के नाम हैं, (स्पशते वाधते परान् इति स्पशः), आप्तः, "स्त्री· आप्ता", प्रत्ययितः, और "प्रत्ययिता", ये २ निश्चय ज्ञानवाले के नाम हैं, ॥ १३ ॥ साम्वत्सरः, ज्यौतिषिकः, "वा ज्योतिषिकः", दैवज्ञः, गणकः, "स्त्री· गणकी" मौहूर्त्तिकः, मौ-हूर्त्तः, ज्ञानी, कार्त्तान्तिकः, ये ८ ज्योत्सी के नाम हैं, ॥ १४ ॥ तान्त्रिकः, ज्ञातसिद्धान्तः, ये २ शास्त्रज्ञ के नाम हैं, "(ज्ञातः सिद्धान्तो येन स ज्ञातसिद्धान्तः)" सत्री, "और भी सत्त्री", गृह-पतिः, ये २ गृह के अध्यक्ष के नाम हैं, लिपिकारः, "वा लिपिकरः, और लिविंकरः" अक्षर-चणः, अक्षरचुंचुः, लेखकः, ये ४ लेखक के नाम हैं, "(अक्षरैर्वित्तो ऽक्षरचणः) ॥ १५ ॥

	न न स १स
लिखा-वा अक्षर ।	लिखिता-ऽक्षरसंस्थाने लिपि लिवि (रुभे स्त्रियौ) ।
	पु पु
दूत ।	(स्यात्) सन्देशहरो दूतो
	न
दूत का काम ।	दूत्यं (तद्भावकर्मणि) ॥ १६ ॥
	पु पु पु पु पु
पथिक ।	अध्वनीनो ऽध्वगो ऽध्वन्यः पांथः पथिक (इत्यपि) ।
राज्य के अङ्ग ।	(स्वाम्य-मात्य-सुहृ-त्कोश-राष्ट्र-दुर्ग-बलानि च) ॥ १७ ॥
	न स
	राज्याङ्गानि प्रकृतय:
पुरवासियों का समूह भी ।	(पौराणां श्रेणयो ऽपि च) ।
	पु पु न न न पु
मेल आदि ६ गुण ।	सन्धिर्नो विग्रहो यान मासनं द्वैध माश्रयः ॥ १८ ॥
	पु
	(षड्) गुणा:
	स
शक्तियां ।	शक्तय (स्तिस्रः प्रभावो-त्साह-मन्त्रजाः) ।

१ लि—.

लिखितं. "और लिखनं, वा लेखनं" अक्षरसंस्थानं, "अक्षरविन्यासं" लिपिः, "उसी प्रकार लिपी", लिविः, और "लिवी" ये ४ लिखे हुये अक्षर के नाम हैं, सन्देशहरः, दूतः, "स्त्री॰ दूती", ये २ दूत के नाम हैं, और दूत के काम को दूत्यं, और दौत्यं कहते हैं, ॥ १६ ॥ अध्वनीनः, अध्वगः, अध्वन्यः. पान्थः, पथिकः, ये ५ पथिक के नाम हैं, "स्त्री॰ अध्वनीना, अध्वगा, अध्वन्या, और स्त्री॰ पांथा, पथिकी, पथिका भी और भी पुं॰ पथकः", स्वामी राजा, अमात्य मंत्री, सुहृत् मित्र, कोशः, धन का समूह, राष्ट्रं जनपदवर्त्ती भूमि, दुर्गं दुर्गमस्थान, "पर्वत आदि" बलं सेना, ॥ १७ ॥ ए॰व॰ राज्याङ्गं, और प्रकृतिः, ये ७ राज्य के अङ्ग हैं, "(स्वाम्यमात्यश्च राष्ट्रं च दुर्गं कोशो बलं सुहृत्, परस्परोपकारीदं सप्ताङ्गं राज्यमुच्यते इति कामन्दकीये)" ये ही सब प्रकृति वाच्य हैं, और पुरवासिओं का समूह भी प्रकृति शब्द वाच्य है, "पौरश्रेणी के सहित अष्टाङ्ग राज्य है" संधिः अर्थात् स्वर्ण आदि देकर शत्रुओं को प्रीति उत्पन्न करना, दूसरे के राज्य में जलाने और लूट लेने को विग्रहः कहते हैं, शत्रु की ओर जयशील का गमन यानं है, निज शक्ति के रुकने पर काल बिताने के लिये कोट बनाकर उसमें रहना आसनं है, बलवान के साथ मेल और अबल के साथ विग्रह ये २ द्वैधं कहलाते हैं; शत्रु से पीड़ित को बलवान राजा के आश्रयण को आश्रयः कहते हैं, इन के भेद कामन्दक आदि नीतिशास्त्र में देख लेना चाहिये, ॥ १८ ॥ ये संधि, आदि ६ गुणाः, ए॰व॰ गुणः कहलाते हैं, (एकं), प्रभावः, उत्साहः, मन्त्रजः, ये ३ शक्तियां कहलाती हैं; (एकं), इनमें कोश दण्ड और तेज ये प्रभाव शक्ति हैं, विक्रम आदि से उन्नति उत्साह शक्ति है, सन्धिविग्रह आदि को मंत्र से जैसा चाहिये तैसे स्थापन करना मंत्र शक्ति है, किसी के मत में पंचांगमंत्र मंत्र शक्ति है ॥

त्रिवर्ग ।	पु न स पु (क्षयः स्थानं च वृद्धिश्च) त्रिवर्गो (नीतिवेदिनाम्) ॥ १९ ॥
प्रभाव ।	पु पु (स) प्रतापः प्रभाव (श्च यत्तेजः कोपदण्डजम्) ।
उपाय ।	१पु (भेदो दण्डः साम दानमित्यु) पाय (चतुष्टयम्) ॥ २० ॥
दण्ड ।	न पु पु साहसं (तु) दमो दण्डः
मिलाप ।	२न न साम सान्त्वम् (अथो समौ) ।
भेद करना ।	पु ३पु भेदोपजापाव्
मंत्री आदि के कार्य्य का देखना ।	स उपधा (धर्म्माद्यै र्य्यत्परीक्षणम्) ॥ २१ ॥
सलाह ।	(पञ्च त्रिष्व्) पुस्न ऽपडक्षीणो (यस्तृतीयाद्यगोचरः) ।
एकान्त ।	पुस्न पुस्न पुस्न पुस्न ४न विविक्त-विजन-च्छन्न-निःशलाका-(स्तथा) रहः ॥ २२ ॥ ५अ ६अ रह (श्चो) पांशु (चालिंगे)
एकान्त की बात ।	पुस्न रहस्यं (तद्भवे त्रिषु) ।
विश्वास ।	पु पु (समौ) विस्रंभ-विश्वासौ

१ उ–. २–न्. ३ उ–प. ४–स्. ५–स्. ६ उ–.

क्षयः, स्थानं, वृद्धिः, ये ३ नीतिज्ञों के त्रिवर्ग हैं, अर्थात् नीतिशास्त्रोक्त त्रिवर्ग हैं, (एकं), आठ वर्ग का अपचय क्षयः है, उसी का उपचय वृद्धिः है, उपचय और अपचय से रहित होकर रहना स्थानं है, आठ वर्ग तो (कृषिर्वणिक् पथो दुर्गं सेतुः कुंजरवन्धनं । खनि-र्वनकरादानमित्युक्तः) ये ८ वर्ग हैं, ॥ १९ ॥ कोशः धनसमूह, दण्डः दम, सेना से उत्पन्न तेज प्रताप और प्रभाव है, साम प्रिय वचन आदि, दानं धन आदि का समर्पण करना, भेदः उपस्थित और मिले हुये शत्रुओं को भेद से स्वाधीन करना, दंड देना दण्डः है, ये ४ उपाय चतुष्टय कहलाते हैं, ॥ २० ॥ साहसं, दमः, दण्डः, ये ३ दंड के नाम हैं, साम (–न्) सांत्वं, उसी प्रकार शाम–(न्) और शान्त्वं ये २ मिलाप के नाम हैं, भेदः, उपजापः, ये २ मिले हुये के भेद करने के नाम हैं, धर्म अर्थ काम और भय से परीक्षा पूर्वक, मंत्री आदि के आशय के ढूंढने को उपधा कहते हैं, ॥ २१ ॥ अब अपड़क्षीण आदि निःशलाका अन्त त्रिलिङ्ग हैं अर्थात् पांच शब्द वाच्यलिङ्ग हैं, जो तृतीयादि से नहीं जाना जाता किन्तु दोही से किया मंत्र आदि है वह अपड़क्षीणः, कहलाता है, (शक्षं), विविक्तः, "स्त्री॰ विविक्ता" विजनः, छन्नः, "वा छन्नः" निःशलाकः, रहः, उसी प्रकार पुं॰ रहः (–ह) ॥ २२ ॥ रहः, उपांशुः ये ७ एकान्त के नाम हैं, इन में एक रहः सान्त और क्लीव है, दूसरा रहः और उपांशु ये दोनो अलिंग और अव्यय हैं, एकान्त में हो उसे रहस्यं "स्त्री॰ रहस्या" कहते हैं, विस्रम्भः, "और विश्रम्भः" विश्वासः, ये २ विश्वास के नाम हैं,

अन्याय ।	भ्रेषो (भ्रंशो यथोचितात् ॥ २३ ॥
न्याय ।	अभ्रेष-न्याय-कल्पा (स्तु) देशरूपं समञ्जसम् ।
न्याय से युक्त वस्तु ।	युक्त मौपयिकं लभ्यं भजमाना ऽभिनीत (वत्) ॥ २४ ॥
	न्याय्यं (च त्रिषु षट्)
युक्तायुक्त परीक्षा ।	संप्रधारणा (तु) समर्थनम् ।
आज्ञा-वा हुकुम ।	अपवाद (स्तु) निर्द्देशो निदेशः शासनं (च सः) ॥ २५ ॥
	शिष्टि (श्चा) ज्ञा (च)
मर्य्यादा ।	संस्था (तु) मर्य्यादा धारणा स्थितिः ।
अपराध ।	आगो ऽपराधो मंतु (श्च)
बांधना-वा कैद ।	(समे तू) द्दान-बन्धने ॥ २६ ॥
दूना दण्ड ।	द्विपाद्यो (द्विगुणो दण्डो)
पोत-वा राजभाग ।	भागधेयः करो बलिः ।
मासूल ।	(घट्टादिदेयं) शुल्को (ऽस्त्री)
भेंट-वा नजर ।	प्राभृतं (तु) प्रदेशनम् ॥ २७ ॥

१ श्री–. २ आज्ञा. ३–स. ४ उ–.

यथोचित स्वरूप से भ्रंश अर्थात् गिरना भ्रेषः है, (एकं); ॥ २३ ॥ अभ्रेषः, न्यायः, कल्पः, देशरूपं, समंजसं, ये ५ नीति के नाम हैं; युक्तं, औपयिकं, लभ्यं, भजमानं, अभिनीतं, ॥ २४ ॥ न्याय्यं, ये ६ न्याय से युक्त द्रव्य के नाम हैं, और ये ६ तीनो लिंग हैं, संप्रधारणा, समर्थनं, ये २ युक्त और अयुक्त की परीक्षा के नाम हैं, अपवादः, निर्द्देशः, निदेशः, शासनं, ॥ २५ ॥ शिष्टिः, "और भी शास्तिः" आज्ञा, ये ६ काम कार्य्य कहने की आज्ञा के नाम हैं, संस्था, मर्य्यादा, धारणा, स्थितिः, ये ४ न्याय मार्ग में रहने के नाम हैं, आगः, अपराधः, मंतुः, ये ३ अपराध के नाम हैं, आगः सान्त और क्लीव है, मन्तुः पुं· है, उद्दानं, बन्धनं, ये २ बन्धन के नाम हैं, ॥ २६ ॥ द्विगुण दण्ड द्विपाद्यः है, "(द्वौ पादौ परिमाणमस्य द्विपाद्यः)" भागधेयः, करः, "और भी कारः" बलिः, ये ३ लोगों से जो राजा को मिलता है अर्थात् पोत के नाम हैं; घाट आदि नदी तीर स्थान में वस्तुओं को पार ले जाने और ले आने में जो राजभाग दिया जाता है वह शुल्क अर्थात् मासूल कहलाता है, (एकं), प्राभृतं, प्रदेशनं, ॥ २७ ॥

कन्यादान में और भाई वन्धुआदिकों केदेने की वस्तु।	न १न २न ३स उपायन मुपग्राह्य मुपहार (स्तथो) पदा । पु न (यौतकादि तु यद्देयं) सदायो हरणं (च तत्) ॥ २८ ॥
वर्त्तमान काल ।	पु न तत्काल (स्तु) तदात्वं (स्याद्)
आने वाला काल।	स (उत्तरः काल) आयतिः ।
तुरंत फल ।	न सांदृष्टिकं (फलं सद्यः)
आनेवाला फल ।	पु उदर्कः (फलमुत्तरम्) ॥ २९ ॥
अदृष्ट फल ।	न अदृष्टं (वह्नितोयादि)
दृष्ट फल ।	न दृष्टं (स्वपरचक्रजम्) ।
अपने सहायकसेभय।	न (महीभुजाम्) अहिभयं (स्वपक्षप्रभवं भयम्) ॥ ३० ॥
कानून चलाना ।	स ४पु प्रक्रिया (त्व) धिकारः (स्याच्)
चवंर ।	न न चामरं (तु) प्रकीर्णकम् ।
राजगद्दी ।	न न नृपासनं (यत्तद्) भद्रासनं
सिंहासन ।	न सिंहासनं (तु तत्) ॥ ३१ ॥

१ उ—. २ उ—. ३ उ—. ४ अ—.

उपायनं, उपग्राह्यं, उपहारः, उपदा, ये ४ नृप गुरु आदि के दर्शन के पहिले समर्पण किये जाने वस्तु वा भेंट नजर के नाम हैं, युतक जो वधू और वर हैं, इनके सम्बन्धी धन को यौतकं कहते हैं, "यौतुकं" वन्धु आदिकों के जो देय धन का देना है वह सदायः "उसी प्रकार सुदायः" और हरणं, कहलाता है, "कन्यादान काल में और व्रतभिक्षा आदि में भी दीयमान द्रव्य के नाम हैं, यह वाचस्पति का मत है, ॥ २८ ॥ तत्कालः, तदात्त्वं, ये २ वर्त्तमान काल के नाम हैं, आनेवाले काल को आयतिः "उसी प्रकार पुं॰ आयतः" कहते हैं, जो सद्यः फल है उसे सान्दृष्टिकं कहते हैं, (एकं) उत्तर काल में होनेवाले फल को उदर्कः कहते हैं, ॥ २९ ॥ अग्नि का उत्पात और अति वृष्टि आदि के किये भय को अदृष्टं कहते हैं, (एकं), "(आदिना हुताशनो जलं व्याधिर्दुर्भिक्षं मरणं तथा अति वृष्टिरनावृष्टिर्मूषकाः शलभादयो गृह्यंते)", अपने और अन्य राज्य से उत्पन्न और चोर आदि से उत्पन्न भय को दृष्टं कहते हैं, राजाओं को अपने सहायकों से उत्पन्न भय को अहिभयं कहते हैं, (एकं), ॥ ३० ॥ प्रक्रिया, अधिकारः, ये २ व्यवस्था के स्थापन करने के नाम हैं, चामरं, "उसी प्रकार चमरं, स्त्री॰ चामरा" प्रकीर्णकं, ये २ चंवर के नाम हैं, नृपासनं, भद्रासनं, ये २ मणि आदि से बनाये राजासन कहलाते हैं, वही, नृपासन सोने से बनाया होय तो उसे सिंहासनं कहते हैं, (एकं) ॥ ३१ ॥

	(हैमं)
छाता।	न १न छत्रं (त्वा) तपत्रं
राजा का छाता।	२न (राज्ञस्तु) नृपलक्ष्म (तत्)।
पूर्ण कलश।	पु पु भद्रकुम्भः पूर्णकुम्भः
झारी।	पु स भृङ्गारः कनकालुका ॥ ३२ ॥

॥ अथ द्वितीय प्रकरण ॥

सेना निवास।	पु न निवेशः शिविरं (षण्ढे)
पहरा-वा गस्त।	न ३न सज्जनं (तू) परक्षणम्।
सेनांग।	न (हस्त्यश्वरथपादान्तं) सेनाङ्गं (स्याच्चतुष्टयम्) ॥ १ ॥

१ आ–. २–न. ३ उ–.

छत्रं, "वा छत्त्रं" आतपत्रं, ये २ छाता के नाम हैं, राजा का छाता होय तो नृपलक्ष्म कहलाता है, (एकं), भद्रकुम्भः, पूर्णकुम्भः, ये २ पूर्ण घट के नाम हैं, भङ्गारः, कनकालुका, ये २ सोने के बने पात्र विशेष "वा झारी" इस प्रसिद्ध के नाम हैं ॥ ३२ ॥ अथ द्वितीय प्रकरण ॥ निवेशः, शिविरं, ये २ सेना के वासस्थान के नाम हैं, सज्जनं, उपरक्षणं, ये २ सेना के रक्षार्थ नियुक्त "वा पहरा–गस्त" इस प्रसिद्ध के नाम हैं, हाथी–घोड़ा–रथ–पैदल, ये ४ सेनाङ्ग कहलाते हैं, ॥ १ ॥

हाथी ।	१पु पु २पु पु पु पु दन्ती दन्तावलो हस्ती द्विरदो ऽनेकपो द्विपः । पु पु पु पु पु ३पु मतङ्गजो गजो नागः कुञ्जरो वारणः करी ॥ २ ॥ पु पु ४पु इभः स्तम्बेरमः पद्मी
हाथियों का राजा।	पु पु यूथनाथ (स्तु) यूथपः ।
मदान्ध ।	पु पु मदोत्कटो मदकलः
हाथी के बच्चे ।	पु पु कलभः करिशावकः ॥ ३ ॥
मदस्रावी हाथी ।	पु पु पु प्रभिन्नो गर्जितो मत्तः
बिना मद का ।	पु पु (समाव्) उद्वान्त निर्मदो ।
हाथी का झुण्ड ।	पु स हास्तिकं गजता (वृन्दे)
हथिनी ।	स स स करिणी धेनुका वशा ॥ ४ ॥
हाथी का गाल ।	पु पु गण्डः कटो
उसका मद ।	पु न मदो दानं
शूंड़ से निकला जल	पु पु वमथुः करशीकरः ।
उसके शिरके मांसपिंड	पु कुंभौ (तु पिण्डौ शिरसः)

१-न २-न. ३-न. ४-न.

दन्ती, दन्तावलः, हस्ती, द्विरदः, अनेकपः, द्विपः, मतंगजः, गजः, नागः, "और भी नगजः", कुंजरः, वारणः, करी, ॥ २ ॥ इभः, स्तम्बेरमः, पद्मी, "और पद्म" ये १५ हाथी के नाम हैं. "(अतिगर्वितः कुंजो हनुरस्य कुंजरः)" यूथनाथः, यूथपः, ये २ यूथ में मुख्य गज के नाम हैं, मदोत्कटः, मदकलः, ये २ मतवाले हाथी के नाम हैं, कलभः, "स्त्री॰ कलभी" करिशावकः, ये २ हाथी के बच्चे के नाम हैं, ॥ ३ ॥ प्रभिन्नः, गर्जितः, मत्तः, ये ३ टपकते मदवाले हाथी के नाम हैं, उद्वान्तः, निर्मदः, ये २ गत मदवाले हाथी के नाम हैं, "(उद्वमति मदं उद्वान्तः)" हास्तिकं, गजता, ये २ हाथी के समूह के नाम हैं, करिणी, धेनुका, वशा, "हस्तिनी, पद्मिनी, करेणुः, वासिता, आदि" ये ३ हथिनी के नाम हैं, ॥ ४ ॥ हाथी का गंडस्थलः, और कटः, "करटः" कहलाता है, (गर्क), मदः, दानं, ये २ मदजल के नाम हैं. वमथुः, करशीकरः, ये २ हाथी के शूंड़ से निकले जल के कण के नाम हैं, शिर के दो पिण्डों को कुम्भौ, ए॰व॰ कुम्भः, कहते हैं,

कुम्भों का मध्य।	पु (तयो र्मध्ये) विदु: (पुमान्) ॥ ५ ॥
हाथी का ललाट वा माथा।	पु न अवग्रहो ललाटं (स्याद्)
उस्के नेत्रों का गोल।	स न इषिका (त्वचिकूटकम्)।
उस्का देखना।	(अपाङ्गदेशो) निर्य्याणं
उस्के कानों की जड़ि।	स (कर्णमूलं तु) चूलिका ॥ ६ ॥
उस्के ललाट का अधोभाग।	न (अध: कुंभस्य) वाहित्थं
दांतों का मध्य।	न प्रतिमान (मधो ऽस्य यत्)।
कन्धा।	न पु आसनं स्कन्धदेश: (स्यात्)
बूंद समूह।	न न पद्मकं विन्दुजालकम् ॥ ७ ॥
बगल।	पु पु पक्षभाग: पार्श्वभागो
आगे का भाग।	पु दन्तभाग (स्तु यो ऽग्रत:)।
आगे की जंघा का भाग और पाछे की जंघा का भाग।	१न २न (द्वौ पूर्व्वपश्चाज्जंघादिदेशौ) गात्रा ऽवरे (क्रमात्) ॥ ८ ॥
हांकने की लकड़ी।	न न तोत्रं वेणुकम्
हाथी का खूंटा।	न पु आलानं बन्धस्तम्भे
उसकी जंजीर।	पुसन (ऽथ) शृंखले।

१—त्र. २—र.

उन कुम्भों के मध्य आकाशस्थान को विदु: कहते हैं, "बाजे पढ़ते हैं विदू:" (एक) ॥ ५ ॥ गज के ललाट को अवग्रह: "और भी अवग्राह:", कहते हैं, ईषिका, "और इषिका, वा ईषीका, और भी ईशीका" आदि अक्षिकूटकं, ये २ हाथी के नेत्र गोल के नाम हैं, हाथी के नेत्रों के किनारे के देश को निर्य्याणं वा देखने को कहते हैं, (एक) कान के मूल को चूलिका कहते हैं, (एक) ॥ ६ ॥ कुम्भ के अधोभाग को वाहित्थं "वा वातकुम्भ:", कहते हैं, यह ललाट के भी अधोभाग में जानना चाहिये, (एक) इस वाहित्थ के अधोभाग में दांतों के मध्य को प्रतिमानं कहते हैं, (एक) गज का स्कन्धदेश आसनं है. (एक) विन्दु समूह को पद्मकं वा पद्मं कहते हैं, (एक) "(पद्ममिव रक्तत्वात्पद्मकं)" हाथियों के देह में बहुधा लाल विन्दु होते हैं, ॥ ७ ॥ गज के पार्श्वभाग को पक्षभाग:, और पार्श्वभाग:, कहते हैं, आगे का जो भाग है वह दन्तभाग: है, (एक) हाथी के पूर्व जंघा आदि देश गात्रं है, और पश्चात् जंघा आदि देश अवरं है, (एकैकं) ॥ ८ ॥ तोत्रं, वैणुकं, "बाजे पढ़ते हैं वेणुकं", ये २ हांकने के दंड के नाम हैं, बन्धन के आधार खंभे को आलानं कहते हैं, (एक), शृंखलं" "स्त्री• शृंखला", ।

	पु पुन अंदुको निगडो (ऽस्त्री स्याद्)
आंकुश ।	पुन पु अंशुको (ऽस्त्री) शृणिः (स्त्रियाम्) ॥ ९ ॥
उसके कमर वान्धने की रस्सी ।	स स स चूषा कक्ष्या वरत्रा (स्यात्)
तैयार करना ।	स स कल्पना सज्जना (समे) ।
गद्दी-वा झूल ।	स १न पु पु पुस प्रवेण्या स्तरणं वर्णः परिस्तोमः कुथो (द्वयोः ॥ १० ॥)
लड़ाई के अयोग्य हाथी और घोड़ा ।	न वीतं (त्वसारं हस्त्यश्वं)
वान्धने का स्थान ।	स स वारी (तु) गजबन्धनी ।
घोड़ा ।	पु पु पु पु पु पु घोटके पीति-तुरग-तुरंगा-ऽश्व-तुरङ्गमाः ॥ ११ ॥
	२पु पु ३पु पु पु पु ४पु वाजि-वाहा-ऽर्व-गन्धर्व-हय-सैंधव-सप्तयः ।
कुलीन ।	पु ५पु आजानेयाः कुलीनाः (स्युर्)
सीखे ।	पु ५पु विनीताः साधुवाहिनः ॥ १२ ॥

१ आ-. २-न. ३-न. ४-स्त्रि. ५-न.

अन्दुकः, "और भी अन्दूकः" निगड़ः, ये ३ हाथी बांधने के सांकल वा जंजीर के नाम हैं; अंकुशः, सृणिः, "वा शृणिः" ये २ अंकुश के नाम हैं, ॥ ९ ॥ चूषा, "उसी प्रकार दूषा, और दूष्या" कक्ष्या, "और भी कक्षा" वरत्रा, ये ३ मध्य वा कमर बांधने की उपयोगी चाम की रस्सी के नाम हैं, (कक्षायां मध्यदेशे भवा कक्ष्या); कल्पना, सज्जना, ये २ नायक के चढ़ने के लिये गज को तैयार करने के नाम हैं; प्रवेणी, "वा प्रवेणिः" आस्तरणं, वर्णः, परिस्तोमः, "ग्राज़े पढ़ते हैं परिष्टोमः" कुथः, "स्त्री॰ कुथा, और भी क्लीवं कुथं" ये ५ गज के पीठ पर के आस्तरण वा बिछावना वा गद्दी के नाम हैं, ॥ १० ॥ हाथी और घोड़ा युद्ध के योग्य न होवें तो वीतं कहलाते हैं; गजबन्धनी गज के आलान अर्थात् बांधने की पृथ्वी वारी कहलाती है, (वार्य्यते ऽनया वारी) (एकं) घोटकः, "और घोटः" पीतिः, "और पीती, और भी वीतिः" तुरगः, तुरंगः, अश्वः, तुरंगमः, ॥ ११ ॥ वाजिः, वाहः, अर्वा, गन्धर्वः, हयः, "स्त्री॰ हयी" सैन्धवः, सप्तिः, ये १३ घोड़े के नाम हैं, अर्वा नान्त है, वाजिनो, ये कुलीन और अच्छी जाति से उत्पन्न हैं ये अश्व आजानेयाः कहलाते हैं, और ये साधुवाही और अच्छे सीखे हैं वे विनीताः कहलाते हैं, "ए॰व॰ आजानेयः, और भी अजानेयः, ए॰व॰ विनीतः", ॥ १२ ॥

घोड़ों के भेद ।	पु पु पु पु वानायुजाः पारशीकाः काम्बोजाः वाह्लिका (हयाः) ।
अश्वमेध यज्ञ का ।	१पु पु ययुर् (अश्वो) ऽश्वमेधीयो
बड़े वेग का ।	पु पु जवन (स्तु) जवाधिकः ॥ १३ ॥
लदुआ ।	पु २पु पृष्ठ्यः स्थौरी
उजला ।	पु (सितः) कर्को
रथ का ।	पु रथ्यो (वोढा रथस्य यः) ।
बछेड़ा ।	पु पु बालः किशोरो
घोड़ी ।	३स ४स स वाम्य् श्वा बड़वा
घोड़ी का झुण्ड ।	न वाड़वं (गणे) ॥ १४ ॥
घोड़ा का मञ्जिल ।	५पुसन (त्रिष्वा) श्वीनं (यदश्वेन दिनेनैकेन गम्यते) ।
घोड़े का मध्यभाग ।	न कश्यं (तु मध्य मश्वानां)
हिनहिनाना ।	स स हेषा ह्रेषा (च निस्वनः) ॥ १५ ॥
गले का बीच ।	पु पु निगाल (स्तु) गलोद्देशो
उनका समूह ।	न ६न (वृन्दे त्व) ऽश्वीय माश्व (वत्) ।

१ ययु. २–न्. ३–मी. ४ अ–. ५ आ–. ६ आ–.

वानायु देश में उत्पन्न वानायुजाः, "वानायुजः, वनायुजः, उसी प्रकार पारस देश में उत्पन्न पारशीकाः, "ए·व· पारशीकः, वा पारसीकः" ये विदेश में होनेवाले अश्व के भेद हैं, (एकैकं) उसी प्रकार कंबोज देश में उत्पन्न होंवे काम्बोजाः, काबुन देश में उत्पन्न होंवे वाह्लिकाः "वाह्लिकः, वा वाह्लीकः" हयाः, अर्थात् घोड़े कहलाते है; अश्वमेध यज्ञ के अर्थ हित अश्व को ययुः कहते हैं, (एकं) जो वेग में अधिक है वह जवनः कहलाता है, (एकं) ॥ १३ ॥ पृष्ठ्यः, स्थौरी, "उसी प्रकार स्थुरी, और स्थोरी" ये २ जल आदि में बोझा लेजानेवाले अश्व के नाम हैं, सफेद अश्व को कर्कः कहते हैं (एकं); जो रथ का लेजानेवाला है वह रथ्यः कहलाता है, इसका बाल-किशोरः कहलाता है, वामी, अश्वा, वड़वा, ये ३ घोड़ी के नाम हैं; और घोड़ियों के समूह को वाड़वं कहते हैं; ॥ १४ ॥ जो एक अश्व से एक दिन में जाया जाता है उस मार्ग को आश्वीनं कहते हैं, (एकं) "आश्वीनः (–ना–नं)" घोड़ों का मध्यभाग कश्यं कहलाता है, घोड़ों का शब्द हेषा, ह्रेषा, "ह्रेषा", कहलाता है, दो ॥ १५ ॥ गलोद्देश अर्थात् गल की सन्धि निगालः है, (एकं) आश्वीयं, आश्वं, ये २ घोड़ों के समूह के नाम हैं, और वत का निर्द्देश दोनों के तुल्यत्व के अर्थ है; ।

	न न न न न
घोड़ों की गति ।	आस्कन्दितं धौरितकं रेचितं वल्गितं प्लुतम् ॥ १६ ॥
	स स पुन
	(गतयोऽमूः पंच) धारा
घोड़े की नाक ।	घोणा (तु) प्रोथ (मस्त्रियाम्) ।
	स पुन
लगाम ।	कविका (तु) खलीनो (ऽस्त्री)
	न पु
टाप ।	शफं (क्लीबे) खुरः (पुमान्) ॥ १७ ॥
	पुन न न
पोंछ ।	पुच्छो (ऽस्त्री) लूम-लांगूले
	पु पु
बारयुत पोंछ ।	बालहस्त (श्च) बालधीः ।
	१पुसन पुसन
लोटना ।	(त्रिषू) पावृत्त-लुठितौ (परावृत्ते मुहु र्भुवि) ॥ १८ ॥
	पु पु पु
लड़ाई का रथ ।	(याने चक्रिणि युद्धार्थे) शतांगः स्यंदनो रथः ।
	पु
रथ विशेष ।	(असौ) पुष्परथ (श्चक्रयानं न समराय यत्) ॥ १९ ॥
	पु न न
जनानी रथ ।	कर्णीरथः प्रवहणं डयनं (च समं त्रयम्) ।
	२न पुन
गाड़ा ।	(क्लीबे) ऽनः शकटो (ऽस्त्री स्याद्)
	स
गाड़ी ।	गंत्री (कंबलिवाह्यकम्) ॥ २० ॥
	स न
पालकी ।	शीविका याप्ययानं (स्याद्)

१ उ-. २-स.

ये आस्कन्दित आदि अश्वोंकी पांच गतियां धारा कहलाती हैं,(एकं) जहां वेगसे आर्त्त अश्व नहीं सुनता और न देखता है तैसी गति को आस्कन्दितं कहते हैं; सरपट प्रसिद्ध है; चतुराई से युक्त सीधी गति को धौरितकं कहते हैं, "धोरितकं यह हेमचन्द्र का मत है, दुलकी चाल प्रसिद्ध है", मध्यम वेग से चक्राकार भ्रमण रेचितं है, "पोइया चाल यह प्रसिद्ध है", शरीरके अग्रभाग को समेटकर कुत्सित स्थल आदि में मुख को टेढ़ा कर चलना वल्गितं है, "उछाल यह प्रसिद्ध है" शरीर के पूर्व और पर-भाग को झुकाकर क्रम से रखना प्लुतं है, "चौकड़ी मारना यह प्रसिद्ध है" अश्वकी घोणा अर्थात् नासिका प्रोथं कहलाती है, कविका, "कवि:, वा कवी" खलीनः, "खलिनः" ये२ लोह आदि के बने घोड़े के मुख में लगाने की वस्तु विशेष "वा लगाम यह प्रसिद्ध के नाम हैं" (कवते दन्तेन शब्दायते कविका) शफं, खुरः, "और क्षुरः यह भरतमालामें है" ये२ खुर वा "सुंभ इस प्रसिद्धके नाम हैं" ॥१७॥ पुच्छः, लूमं, लांगूलं, "वा लांगुलः" ये ३ घोड़े की पोंछ के नाम हैं, वालहस्तः, वालधिः ये २ केशसमूह से युक्त पुच्छके अग्रभागके नाम हैं, उपावृत्तः, लुठितः, ये २ थकाहट दूर करने के अर्थ वारंवार भूमि में दोनों पक्षों से लोटने के नाम हैं ॥१८॥ युद्ध है प्रयोजन जिस का ऐसे चक्रयुत यान को शतांगः कहते हैं स्यन्दनः, रथः, ये ३ रथ के नाम हैं, और जो चक्रयुतयान समर के अर्थ नहीं है वह पुष्परथः कहलाता है. यह एक खेलनेके रथ का नाम है, जैसे पुष्य नक्षत्र सुख कर है तैसा रथ भी पुष्परथः, है ॥१९॥ कर्णीरथः, प्रवहणं, "प्रहरणं" डयनं, "डयनं" ये ३ स्त्रियों के जाने आने के अर्थ वस्त्र आदि से ढके रथ विशेष के नाम हैं, जैसे (कर्णीरथस्थां रघुनाथपत्नीं) अनः, शकटः, ये २ शकट अर्थात् गाड़ा के नाम हैं; (शक्नोति भारं वोढुं शकटः) बड़े यत्नों कम्बलोंसे लेजानेके योग्य शकटको गन्त्री, "वा गान्त्री" कहते हैं, "गाड़ी इस प्रसिद्धका नाम है" ॥ २० ॥ शीविका, याप्ययानं, ये २ पुरुषों से लेजाने के योग्य यान विशेष "वा पालकी इस प्रसिद्ध के नाम हैं",

डोली वा हिंडोला।	स स दोला प्रेंखा (द्विकाः स्त्रियाम्)।
बाघ के चाम के परदा से युत रथ।	पुसन पुसन (उभौ तु) द्वैप-वैयाघ्रौ (द्वीपिचर्मावृत्ते रथे) ॥ २१ ॥
कुछ सफेद और पीले कम्बल के परदा से युत रथ।	१पुसन (पाण्डुकम्बलसम्वीतः स्यन्दनः) पाण्डुकम्बली।
कम्बल वस्त्र-दूकूल आदि से युत रथ।	पुसन पुसन (रथे) काम्बल वास्त्रा (द्याः कम्बलादिभि रावृते) ॥ २२ ॥
रथ समूह।	(त्रिषु द्वैपादयो) स स रथ्या रथकट्या (रथव्रजे)।
धुरा-वा धुरी।	स न धूः (स्त्री क्लीबे) यानमुखं
ताडा-वा लढ़ा।	न ३पु (स्याद्) रथांग मपस्करः ॥ २३ ॥
पहिया।	न न चक्रं रथांगं
पुट्ठी-वा हाल।	स पु (तस्यांते) नेमिः (स्त्री स्यात्) प्रधिः (पुमान्)।
	स स पिण्डिका नाभिर्
कुलावा।	पु पुस अक्षाग्रकीलके (तु द्वयोर्) अणिः ॥ २४ ॥

१—न. २ धर्. ३ अ—.

दोला, प्रेंखा, ये २ हिंडोला के वा डोली इस प्रसिद्ध के नाम हैं, आदि शब्द से "खट्वा" आदि दोला हैं; द्वैपः, वैयाघ्रः, "द्वैपः रथः" ये २ द्वीपी अर्थात् व्याघ्र के चाम से ढके रथ के नाम हैं, ॥ २१ ॥ कुछ पीले और सफेद कम्बल से आवृत रथ पाण्डुकम्बली कहलाता है, (एकं) कम्बल वस्त्र आदि शब्द से दूकूल आदि से आवृत रथ काम्बलः, वास्त्रः, दौकूलः, "चार्मः, क्षौमः" ये आदि कहलाते हैं, (एकैकं) ॥ २१ ॥ द्वैप वैयाघ्र आदि वाच्यलिङ्गत्त्व से तीनों लिङ्ग हैं, जैसे द्वैपीरथ्या, द्वैपीरथः, रथ्या, रथकट्या, ये २ रथ समूह के नाम हैं, धूः, "और भी धुरा" यानमुखं, ये २ रथ आदि के अग्रभाग के "वा धुर" इस प्रसिद्ध के नाम हैं, रथांगम्, अपस्करः, ये २ रथ के अवयव मात्र के नाम हैं. ॥ २२ ॥ चक्रं, रथांगं, ये २ चक्र के वा पहिआ वा चाक इस प्रसिद्ध के नाम हैं, नेमिः, "और नेमी" प्रधिः, ये २ उस चक्र के अन्त के उस भाग के नाम हैं जो भूमि को स्पर्श करते हैं, पिण्डिका, "और पिण्डी, वा पिण्डिः भी" नाभिः, "वा नाभीः भी", ये २ चक्रकाष्ठ के आधार हुये गोलाकार चक्र के मध्य के नाम हैं, (नभ्यते हिंस्यते ऽनया नाभिः, स्त्री) अक्ष के अर्थात् नाभि के चलाने के काष्ठ के आगे चक्रधारण के अर्थ जो कील गाड़ते हैं उसे अणिः कहते हैं, "उसी प्रकार आणिः, और स्त्री॰ अणी" ॥ २४ ॥

लोह का परदा ।	स १पु रथगुप्ति र्वरूथो (ना)
जूआ का काठ ।	पु पु कूवर (स्तु) युगन्धरः ।
रथ के नीचे का काठ ।	पु अनुकर्षो (दार्वधःस्थं)
जूआ ।	पु प्रासंगो (ना युगाद्युगः) ॥ २५ ॥
सवसवारी-वा वाहन ।	न न न न न (सर्वं स्याद्) वाहनं यानं युग्यं पत्रं (च) धोरणम् ।
कहार आदि ।	पुन (परम्परावाहनं यत्तद्) वैनीतकम् (ऽस्त्रियाम्) ॥ २६ ॥
पीलवान-वा महावत ।	पु पु पु २पु आधोरणा-हस्तिपका-हस्त्यारोहा-निषादिनः ।
रथवान वा गाड़ी-वान ।	३पु ४पु ५पु पु ६पु पु नियंता प्राजिता यन्ता सूतः क्षत्ता (च) सारथिः ॥ २७ ॥
	पु पु सव्येष्ठृ-दक्षिणस्थौ (च संज्ञा रथकुटुम्बिनः) ।
रथ पर चढ़कर लड़-नेवाले ।	पु पु रथिनः स्यन्दनारोहाः
घोड़चढ़ा-वा सवार ।	पु पु अश्वारोहा (स्तु) सादिनः ॥ २८ ॥

१ व—. २—न्. ३—तृ. ४—तृ. ५—तृ. ६—तृ.

रथगुप्तिः, वरूथः, ये २ शस्त्र आदि से परिरक्षण के अर्थ रथ को जो लोह आदि से आवरण करते हैं. उस के नाम हैं, "(व्रीयते रथो ऽनेन इति वरूथः)" कूवरः, युगंधरः, ये २ रथ के घोड़े बांधे जाते हैं जिसमें उस काष्ठ के वा जूआ इस प्रसिद्ध के नाम हैं, "(युगं वोढु-र्बन्धनकाष्ठं धारयतीति युगंधरः)" रथ के नीचे स्थित काष्ठ को अनुकर्षः, "और भी अनुकर्षा (न्)" कहते हैं, जो युग से अन्य युग बैल आदि के कांधे में लगाया जाता है वह प्रासंगः, कहलाता है वा जूआ इस प्रसिद्ध का नाम है, ॥ २५ ॥ सब हाथी घोड़ा आदि वाहन यानादि शब्द वाच्य हैं, जैसे, वाहनं. "और भी वाहनं", यानं, युग्यं, पत्त्रं, "और पत्रं", धारणं, ये ४ सवारी के नाम हैं; और जो परम्परा से वाहन है और नर आदि से ले जाने के योग्य है पालकी आदि वह वैनीतकं कहलाता है, "पुंसि, वैनीतकः, विनीतकमित्यपि" ॥ २६ ॥ आधोरणाः, हस्तिपकाः, हस्त्यारोहाः, निषादिनः, ये ४ हस्तिपक के वा महावत के नाम हैं, नियन्ता, प्राजिता, यन्ता, सूतः, क्षत्ता, सारथिः, ॥ २७ ॥ सव्येष्टा, (ष्टृ), वा सव्येष्टः (ष्ट)", दक्षिणस्थः, ये ८ रथकुटुम्बी के वा सारथी के नाम हैं, रथिनः, स्यन्दनारोहाः, ये २ रथों में चढ़कर युद्ध करनेवालों के नाम हैं, अश्वारोहाः, सादिनः, "ए०व० अश्वारोहः, सादी, (न्)" ये २ अश्वसवार के वा असवार इस प्रसिद्ध के नाम हैं, ॥ २८ ॥

लड़नेवाले ।	पु पु १पु भटा योधा (श्च) योद्धार:
सेनारक्षक-वागस्तवाले	पु पु सेनारक्षा (स्तु) सैनिका: ।
फौज वा सेना ।	पु पु (सेनायां समवेताये) सैन्या (स्ते) सैनिका (श्च ते) ॥ २९ ॥
सुबेदार बहादुर।	पु २पु (बलिनो ये सहस्रेण) साहस्रा (स्ते) सहस्रिण: ।
सेनारक्षक सेना ।	पु पु परिधिस्थ: परिचर:
सेनाध्यक्ष ।	पु ३पु सेनानी र्वाहिनीपति: ॥ ३० ॥
बखतर ।	पु पुन कंचुको वारवाणो (ऽस्त्री)
कमरपट्टी ।	(यत्तु मध्ये सकंचुका:) ।
	४न न (वध्नन्ति तत्) सारसनो-ऽप्यधिकांगे
टोप ।	५ पु (ऽथ) शीर्षकम् ॥ ३१ ॥
	न न शीर्षण्य (ञ्च) शिरस्त्रे
कवच ।	न ५न न (ऽथ) तनुत्रं वर्म दंशनम् ।
	पु पु पु पुन उरश्छद: कंकटको जागर: कवचो (ऽस्त्रियाम्) ॥ ३२ ॥
झिल्लम आदि पहिने हुये ।	पुसन पुसन पुसन पुसन आमुक्त: प्रतिमुक्त (श्च) पिनद्ध (श्चा) ऽपिनद्ध (वत्) ।
मन्त्र आदि से रक्षित ।	पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन सन्नद्धो वर्मित: सज्जो दंशितो व्यूढकंकट: ॥ ३३ ॥
	(त्रिष्वा मुक्तादयो)
कवचियों का समूह।	न (वर्मभृतां) कावचिकं (गणे) ।

१ योद्ध्र २–न. ३ वा–. ४–न. ५ न.

भटा:, योधा:, योद्धा, ये ३ योधा के नाम हैं; सेनारक्षा:, सैनिका:, ये २ सेनारक्षकों के वा पहरावालों के वा गस्त वालों के नाम हैं, "(सेनां रक्षन्तीति सैनिका:)"; ये सेना में मिले हैं वा रहते हैं वे सैन्या: और सैनिका:, कहलाते हैं, ॥२९॥ ये सहस्र बलियों से सेनावाले हैं वा बली हैं वे २ साहस्रा: और साहस्रिण:, कहलाते हैं, बल सेना है जिस को वह वा सहस्र योधा हैं जिन नायकों के वे २ परिधिस्थ: और परिचर: कहलाते हैं, "वा सुबेदार कहलाते हैं" "(परिधौसेनान्ते तिष्ठतीति परिधिस्थ:)", सेनानी:, वाहिनीपति:, ये २ सेनापति के वा फौजबक्सी के नाम हैं, सेनान्यो ॥ ३० ॥ कंचुक:, वारवाण: "वाणवार: भी" ये २ सन्नाह के वा चोलक आदि के वा बखतर के नाम हैं, कंचुक धारण करनेवाले पुरुष मध्य भाग में दृढता के अर्थ कंचुक के ऊपर जो बांधते हैं वे २ सारसनं, और अधिकांगं कहलाते हैं, शीर्षकं, ॥ ३१ ॥ शीर्षण्यं, शिरस्त्रं, ये ३ युद्ध के टोप इस प्रसिद्ध के नाम हैं, (शीर्षकं सुखमास्मादिति शीर्षकम्)" तनुत्रं, वर्म, दंशनं, "वा दंसनं" उरच्छद:, कंकटक:, जागर:, "और जगर:" कवच:, ये ७ कवच के नाम हैं, "क्लीवे तु कवचं" ॥ ३२ ॥ आमुक्त:, प्रतिमुक्त:, पिनद्ध:, अपिनद्ध:, ये ४ कंचुक आदि पहिरे हुए के नाम हैं, "(आमुच्यते बध्यतेस्म आमुक्तक:)" सन्नद्ध:, वर्मित:, सज्ज:, दंशित:, व्यूढकंकट:, "बाजे ऊढकंकट:, पढते हैं" ये ५ कवच धारण किये हुयों के नाम हैं, "(सन्नह्यतिस्म सन्नद्ध:)" ॥ ३३ ॥ आमुक्त आदि तीनों लिङ्गों में हैं, आमुक्ताशाटी, आमुक्त: कंचुक:, आमुक्तं वस्त्रं, इसी प्रकार सन्नद्ध और सज्ज, आदि हैं, वर्म के धारण करनेवाले कवचियों के गणे अर्थात समूह को कावचिकं कहते हैं, (षकं):।

प्यादा वा पैदल।	पु पु पु पु १पु पदाति-पत्ति-पदग-पादातिक-पदाजय: ॥ ३४ ॥
प्यादों का समूह।	पु पु न स पद्ग (श्च) पदिक (श्चा) (ऽथ) पादातं पत्तिसंहति: ।
हथिआरवन्द ।	पु पु पु पु शस्त्राजीवे काण्डस्पृष्टा ऽयुधीया ऽयुधिका: (समा:) ॥ ३५ ॥
अच्छे तीरंदाज़ ।	पु पु पु कृतहस्त: सुप्रयोगविशिख: कृतपुंख (वत्) ।
निशाना से चूका।	पु अपराद्धपृषत्को (ऽसौ लक्ष्याद्य श्च्युतसायक:) ॥ ३६ ॥
धनुषधारी ।	२पु ३पु पु पु पु पु धन्वी धनुष्मान् धानुष्को निष ङ्ग्यस्त्री धनुर्धर: ।
केवल वाणधारी।	४पु पु (स्यात्) काण्डवां (स्तु) काण्डीर:
वर्छीहा ।	पु पु शाक्तीक: शक्तिहेतिक: ॥ ३७ ॥
लट्ठवाज और फरसावाज़ ।	पु पु याष्टीक-पारश्वधिकौ (यष्टिपरशुहेतिकौ) ।
तलवारवाला ।	पु पु नैस्त्रिंशिको ऽसिहेति: (स्यात्)
भालावाला ।	पु पु (समौ) प्रासिक-कौन्तिकौ ॥ ३८॥
ढालवाला ।	५पु पु चर्मी फलकपाणि: (स्यात्)
निशानवाला ।	६पु पु पताकी वैजयन्तिक: ।
सहायक ।	पु पु पु पु अनुप्लव: सहाय (श्चा) ऽनुचरो ऽभिसर: (समा:) ॥ ३९ ॥
अगुआ ।	पु पु पु पु पु पुरोगा-ऽग्रेसर-प्रष्ठा-ऽग्रत:सर-पुर:सरा: ।

१—जि. २—न्. ३—त्. ४—वत्. ५—न्. ६—न्.

पदाति:, "और भी पादात:, पादाति:, पादात:, और पादाविक:", पत्ति:, पदग: पादातिक:, (पादाभ्यां अजति गच्छति पदाजि:),वा व॰व॰पदाजय: ॥३४॥ पद्ग:, पदिक:, ये७ पैदलके नाम हैं, पैदलके समूह को पादातं,और पत्तिसंहति: कहते हैं, शस्त्राजीव:,काण्डस्पृष्ट:,"वा काण्डपृष्ठ:" आयुधीय:, आयुधिक:, ये ४ आयुध से जीविका करनेवालों के नाम हैं, ॥ ३५ ॥ कृतहस्त:, सुप्रयोगविशिख:, कृतपुंख:, ये ३ वाण चलाने में चतुर के नाम हैं, "(कृतो ऽभ्यस्तो हस्तो यस्य स: कृतहस्त:)" लक्ष्य से च्युत है सायक जिसका वह अपराद्धपृषत्क: कहलाता है,(एकं), ॥ ३६ ॥ धन्वी, धनुष्मान्, धानुष्क:, निषङ्गी (–न्) अस्त्री (–न्) धनुर्धर:, ये ६ धनुष धारण करने वाले के नाम हैं, धनुष्मन्तौ, काण्डवान्, काण्डीर:, ये २ वाण धारण करनेवाले के नाम हैं, शाक्तिक:, शक्तिहेतिक:, शक्तिनाम आयुध धारण करनेवाले के नाम हैं, "(शक्ति: प्रहरणमस्य शाक्तिक:)" ॥ ३७ ॥ यष्टि: अर्थात् लाठी से लड़नेवाले याष्टिक: कहलाते हैं, (एकं), परशु:, अर्थात् फरसा से लड़नेवाले पारश्वधिक: कहलाते हैं, (एकं)"फरसी वा गड़ासी इस प्रसिद्ध के नाम हैं. असि: अर्थात् खड्गहेति: शस्त्र है जिसके वह नैस्त्रिंशिक: और असिहेति: कहलाता है, "वा तलवार से लड़नेवाला" कुन्तहेतिक अर्थात् भाला से लड़नेवाला प्रासिक:, और कौन्तिक:, कहलाते हैं, ॥ ३८ ॥ चर्मी, फलकपाणि:, ये २ ढालधारण करनेवाले के नाम हैं, पताकी, वैजयन्तिक:, ये २ पताका वा निशान धारण करनेवाले के नाम हैं, अनुप्लव:, सहाय:, अनुचर:, अभिसर:, ये ४ अनुचर वा सेवक के नाम हैं, ॥ ३९ ॥ पुरोग:, अग्रेसर:, "अग्रसर:" प्रष्ठ:, अग्रत:सर:, पुर:सर:, ।

	पु १पु
	पुरोगमः पुरोगामी
	२पु पु
धीरे२ चलने वाले।	मन्दगामी (तु) मन्थरः ॥ ४० ॥
	पु पु
जल्द-चलने वाले।	जंघालोऽतिजवस्-
	पु पु
हलकारा।	(तुल्यौ) जंघाकरिक-जांघिकौ।
	३पु पु ४पु ५पु पु पु
जल्दबाज।	तरस्वी त्वरितो वेगी प्रजवी जवनो जवः ॥ ४१ ॥
	पु
जीतने के शक्य।	जय्यो (यः शक्यते जेतुं)
	पु
जीतने के योग्य।	जेयो (जेतव्यमात्रके)।
	पु ६पु
जीतने वाले।	जैत्र (स्तु) जेता
	(यो गच्छ त्यलं विद्विषतः प्रति) ॥ ४२ ॥
	पु पु पु
शत्रु के सन्मुख लड़ने को जाने वाले।	(सो)ऽभ्यमित्र्यो ऽभ्यमित्रीयो (ऽप्य)ऽभ्यमित्रीण (इत्यपि)।
	पु ७पु
पहलवान्।	ऊर्जस्वलः (स्याद्) ऊर्जस्वी (य ऊर्जो तिशयान्वितः) ॥४३॥
	८पु ९पु
बड़ी छाती वाले।	(स्याद्) उरस्वानु रसिलो
	पु पु १०पु
रथ वाले।	रथिको रथिरो रथी।
	पु ११पु
स्वतन्त्र चलनेवाले।	कामगाम्य नुकामीनो (ह्य)
	पु
वारम्वार चलने वाले।	ऽत्यंतीन (स्तथा भृशम्) ॥ ४४ ॥

१—न. २—न. ३—न. ४—न. ५—न. ६—तृ ७—न. ८—त् ९ उ—. १०—न. ११ अ—.

पुरोगमः, पुरोगामी, ये ७ आगे चलनेवाले वा अगुआ के नाम हैं, (प्रतिष्ठते इति प्रष्ठः) मन्दगामी, मन्थरः, ये २ धीरे २ चलने वाले के नाम हैं, ॥ ४० ॥ जंघालः, "वा जंघिलः" अतिजवः, "और अतिजवनः, भी" ये २ अति वेगवाले के नाम हैं, जंघा, करिकः, जांघिकः, ये ३ जो जंघा के बल से जीते हैं उनके नाम हैं, तरस्वी, त्वरितः, वेगी, प्रजवी, जवनः, जवः, ये ६ जल्दी मात्र के नाम हैं, ॥ ४१ ॥ जो जीतने के शक्य है उसे जय्यः कहते हैं, जैसे राम ने रावण को जीता, (एकं) जेयः, यह एक जीते जाने मात्र के नाम हैं, जैसे जीतने के योग्य मन है, जैत्रः, जेता, ये २ जीतनेवाले के नाम हैं, और जो शत्रुओं की ओर सामर्थ्य से युद्ध करने को सन्मुख जाता है उसे अभ्यमित्र्यः, अभ्यमित्रीयः, अभ्यमित्रीणः, ये ३ नाम से कहते हैं, और जो ऊर्ज अर्थात् पराक्रम के अधिकता से युक्त हैं वे २ उर्जस्वलः, ऊर्जस्वी, कहलाते हैं, ऊर्ज शब्द अदन्त और सान्त है, ॥ ४३ ॥ उरस्वान्, उरसिलः, ये २ बड़ी छातीवाले के नाम हैं, रथिकः, रथिरः, रथी, ये ३ रथवाले के नाम हैं, "रथिनः भी" जो स्वेच्छा पूर्वक जाता है और वही स्वभाव रखता है वह कामगामी 'और भी कामं गामी (—न)" और अनुगामीनः कहलाता है, और जो भृशं गामी अर्थात् अत्यन्त गमन शील है वह एक अत्यन्तीनः कहलाता है, ॥ ४४ ॥

	पु पु पु
बहादुर ।	शूरो वीर (श्च) विक्रान्तो
	१पु पु पु
जीतने वाला ।	जेता जिष्णु (श्च) जित्वरः ।
	पु
रण कुशल ।	सांयुगीनो (रणे साधुः)
	(शस्त्राजीव.दयस्त्रिषु) ॥ ४५ ॥
	स स स स स स
फौज ।	ध्वजिनी वाहिनी सेना पृतना ऽनीकिनी चमूः ।
	स न न न पुन
	वरूथिनी बलं सैन्यं चक्रं (चा) ऽनीक (मस्त्रियाम्) ॥ ४६ ॥
	पु पु
किला बांधना ।	व्यूह (स्तु) बलविन्यासो
फौज के विशेष भेद।	(भेदा दण्डादयो युधि) ।
	पु पु
किला का पीछा ।	प्रत्यासारो व्यूहपार्ष्णिः
	पु
फौज का पीछा ।	(सैन्यपृष्ठे) प्रतिग्रहः ॥ ४७ ॥
	स
फौज विशेष ।	(एकेभैकरथा त्र्यश्वा) पत्तिः (पञ्चपदातिका) ।
फौज की संज्ञा विशेष।	(पत्त्यङ्गैस्त्रिगुणैः सर्व्वैः क्रमा दाख्या यथोत्तरम्) ॥ ४८ ॥

१–तृ.

शूरः, वीरः "वा वीरः", विक्रान्तः, ये ३ शूरवीर के नाम हैं, जेता, जिष्णुः, जित्वरः, ये ३ जयशील के नाम हैं रण में जो साधु है वह सांयुगीनः कहलाता है अर्थात् युद्ध करने में कुशल है, शस्त्राजीवे यह जो पहिले कहा है तदादि "और सांयुगीनान्त" त्रिषु, अर्थात् इन को वाच्यलिङ्गत्व है, ॥ ४५ ॥ ध्वजिनी, वाहिनी, "वाजे वाहिनी पढ़ते हैं और भी वाहना, सेना, पृतना, और भी पूतना" अनीकिनी, चमूः, वरूथिनी, बलं, "वा बलम्" सैन्यं, चक्रं, अनीकं, ये ११ सेना के नाम हैं, पुंसि अनीकः, ॥ ४६ ॥ सेना को युद्ध के अर्थ रचना विशेष से स्थापन करना व्यूहः है, और बलविन्यासः भी, रण में दण्ड आदि भेद विशेष व्यूह के हैं, जैसे सैन्य का दण्ड के समान टेढ़ा होकर ठहरना दण्डः है, आदि पद से भोग मण्डल आदि हैं, जैसे एक के पीछे एक की आवृत्ति भोग है, सर्प के शरीर के समान अवस्थान मण्डल है, विजातीयों से विना मिले हाथियों का स्थान असंहतः है, इन के भी शकट, मकर, पताका, सर्वतोभद्र, दुर्जयआदि भेद प्रत्येक के हैं, प्रत्यासारः, व्यूहपार्ष्णिः, "वा प्रत्यासरः" ये २ व्यूह के पीछे के भाग के नाम हैं, "(प्रत्यासारयति भागान् प्रत्यासारः)" सैन्यपृष्ठः, प्रतिग्रहः, "और परिग्रहः, वा पतद्ग्रहः" ये २ सेना के पीछे के भाग के नाम हैं, "(प्रतिगृह्यते व्यवष्टभ्यते सैन्यमनेनेति प्रतिग्रहः)" ॥ ४७ ॥ एक इभ हाथी है जिसमें वह एकेभा है, एक रथ है जिसमें वह एकरथा, तीन घोड़े हैं जिस में वह त्र्यश्वा है, पांच हैं पदाति जिस में वह पञ्चपदातिका है, इन चार विशेषण से विशिष्ट सेनापत्तिः कहलाती है, कहा है "एको रथो गजश्चैको नराः पंचपदातयः । त्रयश्चतुरगास्तज्ज्ञैः पत्तिरित्यभिधीयत इति)" (एकं) पत्त्यङ्गैः अर्थात् पत्ति के अवयव गज आदिकों के तीन गुणों से यथोत्तर क्रमसे सेनामुख आदि संज्ञा होती हैं ॥ ४८ ॥

	न पुन पु स स स
	सेनामुखं गुल्म-गणौ वाहिनी पृतना चमूः ।
	स
	अनीकिनी
	१स
अक्षौहिणी ।	(दशानीकिन्य) ऽक्षौहिण्य
	स
सम्पत्ति ।	(ऽथ) सम्पदि ॥ ४६ ॥
	स स स
	सम्पत्तिः श्री (श्च) लक्ष्मी (श्च)
	स २स ३स
विपत्ति ।	विपत्त्यां विपदा-पदौ ।
	न न न ४न
शस्त्र-वा हथिआर।	आयुधं (तु) प्रहरणं शस्त्र मस्त्रम्
धनुष ।	(अथा ऽस्त्रियौ) ॥ ५० ॥
	पुन ५पुन ६न न न न
	धनु-श्चापौ धन्व-शरासन-कोदगड-कार्मुकम् ।
	पु
	इष्वासो (ऽप्य)
	न
राजाकरण का ।	(ऽथ कर्णस्य) कालपृष्ठं (शरासनम्) ॥ ५१ ॥
	पुन पुन
अर्जुन का ।	(कपिध्वजस्य) गाण्डीव-गाण्डिवौ (पुन्नपुंसकौ) ।

१—णी २—द. ३ आपद. ४ अ—. ५ चाप. ६—न.

वे जैसे, तीन पत्तियें से १ सेनामुखं, तीन सेनामुखों से १ गुल्मः, तीन गुल्मों से १ गणः, तीन गणों से १ वाहिनी, तीन वाहिनियें से १ पृतना, तीन पृतना से १ चमूः, तीन चमू से १ अनीकिनी, तीन अनीकिनी से १ दश अनीकिनी, तीन दश अनीकिनी से १ अक्षौहिणी होती है, तैसा कहा है, "(अक्षौहिण्यामित्यधिकैः सप्तत्याह्यष्टभिःशतैः । संयुक्तानि सहस्राणि गजानामेकविंशतिः ॥ २१८७० एवमेवरथानान्तु सख्यानं कीर्तितं वुधैः । २१८७० । पञ्चषष्ठिसहस्राणि षट्शतानि दशैवतु, संख्यातास्तुरगास्तज्ज्ञैर्विनारथतुरङ्गमैः ॥ ६५६१० ॥ नृणां शतसहस्राणि सहस्राणि तथा नव । शतानि त्रीणि चान्यानि पंचाशच्च पदातयः ॥ १०६३५० ये एकेक के नाम हैं)", संपत्, "संपद्, और संपदा" ॥ ४६ ॥ संपत्तिः, श्रीः, लक्ष्मीः, ये ४ संपति के नाम हैं, विपत्तिः, "और भी विपदा" विपत्, आपत्, "और आपदा, आपत्तिः", ये ३ आपत्ति के नाम हैं, आयुधं, प्रहरणं, शस्त्रं, अस्त्रं ये ४ शस्त्र मात्र के नाम हैं, ॥ ५० ॥ धनुः, चापः, धन्व, शरासनं, कोदगडं, कार्मुकं, इष्वासः, "धनुः (—स्) वा धनुः (—नु) और धनूः (—नू) उसी प्रकार स्त्री॰ धनुः आदि, धन्व (—न्) वा धन्वं, (—न्व) और भी पुं॰ धन्वा (—न)" ये ७ धनुष के नाम हैं, कर्ण का धनुष कालपृष्ठं है, (एकं) "(कालोयमइव पृष्ठमस्य)" ॥ ५१ ॥ गाण्डीवः, गांडिवः ये २ अर्जुन के धनुष के नाम हैं, "(गाण्डिर्ग्रन्थिरस्यास्ति)" क्लीवे, गांडीवं, गांडिवं, ।

	स स
धनुष का किनारा।	कोटि (रस्या) ऽटनी सन सन
दास्ताना विशेष॥	गोधा-तले (ज्याघातवारणे) ॥ ५२ ॥
	पु न
उसकी मूठि वा मध्य।	लस्तक (स्तु) धनुर्मध्यं स स स पु
धनुष की रस्सी वा म-त्यञ्चा।	न १न मौर्वी ज्या शिञ्जिनी गुण: ।
धनुष के आसन।	(स्यात्) प्रत्यालीढ मालीढ (मित्यादिस्थानपञ्चकम्) ॥ ५३ ॥
	न न न पु न
निशाना।	लक्ष्यं लक्षं शरव्यं (च)
बाण सीखना।	शराभ्यास उपासनम् ।
	पु पु २पु पु पु ३पु
बाण-बातीर।	पृषत्क-बाण-विशिखा-अजिह्मग-खगा-शुगा: ॥ ५४ ॥
	पु पु पु ४पु पु पुस
	कलम्ब-मार्गण-शरा: पत्री रोप इषु (र्द्वयो:) ।
	पु पु
लोहियातीर।	प्रक्ष्वेडना (स्तु) नाराचा: पु पु
उसका पत्त वा फोंक।	पुसन पक्षो वाज: (त्रिषू त्तरे) ॥ ५५ ॥
फेंके बाण।	निरस्त: (प्रहिते बाणे) पुसन पुसन
ज़हरी।	पु पु पु पु पुस (विषाक्ते) दिग्ध-लिप्तकौ ।
तरकस।	तूणोपासङ्ग तूणीर निषङ्गा इषुधि (र्द्वयो:) ॥ ५६ ॥

१—अ:. २—ख. ३ आ—. ४—न.

कोटि:, "वा कोटी" अटनी, "और अटनि:" ये २ इस धनुष के किनारे के नाम हैं गोधा, तला, "वा तलं", ये २ ज्या को आघात अर्थात् जो ताड़न है इस के वारण में चर्म आदि के बने बाहु के बंधन विशेष वा दास्ताना विशेष के नाम हैं", व्यक्ति के द्वित्त्व से द्विवचनान्त हैं; ॥ ५२ ॥ धनुष का मध्य वा मूठि लस्तक: है, (एकं); मौर्वी, ज्या, शिंजिनी, गुण:, ये ४ धनुष के गुण के नाम हैं, रस्सी वा चिल्ला वा रोदा इस प्रसिद्ध के नाम हैं, (मूर्वा नाम तृण विशेष को बनी मौर्वी है) प्रत्यालीढं, आलीढं, इस आदि पांच धनुषधारियों की स्थिति के भेद हैं, (एकैकं); आदि पद से समपदं, वैशाखं, मण्डलं भी, इनमें वाम जंघा को फैलाकर और दक्षिण जंघा को समेट कर धनुष चलाना प्रत्यालीढ़ है, दक्षिण जंघा फैलाकर वाम जंघा को संकोच कर धनुष चलाना आलीढ़ं है, पावों को बराबर करके ठहरना सम पदं है, बारह अंगुल के अन्तर से पावों को ठहरा कर ठहरना वैशाखं है, मण्डल के आकार पादद्वय का धारण करना मण्डलं है, (एकैकं); ॥ ५३ ॥ लक्ष्यं, लक्षं, शरव्यं, उसी प्रकार "सरव्यं" ये ३ वेध के वा निशाने के नाम हैं; शराभ्यास:, उपासनम्, ये २ बाण चलाने के अभ्यास के नाम हैं, "(शरस्य शरमोक्षस्याभ्यास: शराभ्यास:)", पृषत्क:, बाण:, विशिख:, अजिह्मग:, खग:, आशुग:, ॥ ५४ ॥ कलम्ब:, "और भी कादम्ब:" मार्गण:, शर:, "वा सर:" पत्री, रोप:, इषु:, ये १२ बाण के नाम हैं, प्रक्ष्वेडन:, नाराच:, "और भी स्त्री॰ प्रक्ष्वेड़ना, और प्रक्ष्वेदना भी", ये २ लोहमय बाण के नाम हैं, "(नरानाचामतिनाराच:)" पक्ष:, वाज:, ये २ कंक आदि पक्ष के नाम हैं, उत्तरे अर्थात् निरस्त आदि निष्क्रांत (त्रिषु) अर्थात् त्रिलिङ्ग हैं, ॥ ५५ ॥ फेंके हुये बाण को निरस्त:, कहते हैं; (एकं); दिग्ध:, लिप्तक:, ये २ विष से युक्त बाण के नाम हैं, तूण:, "और भी स्त्री॰ तूणा" उपासंग:, "उसी प्रकार अपासंग:" तूणीर:, निषङ्ग:, इषुधि:, ॥ ५६ ॥

	१स तूण्यां
खड्ग-वा-तलवार।	पु पु पु पु पु खड्गे (तु) निस्त्रिंश-चन्द्रहासा-ऽसि-रिष्टय: ।
	पु पु पु पु कौक्षेयको मण्डलाग्र: करपाल: कृपाण (वत्) ॥ ५७ ॥
मूठी-वा कब्जा।	पु त्सरु: (खड्गादिमुष्टौ स्यात्)
परतला।	स मेखला (तन्निबन्धनम्) ।
ढाल।	पुन न २न फलको (ऽस्त्री) फलं चर्म
हथकड़ा।	पु संग्राहो (मुष्टि रस्य य:) ॥ ५८ ॥
मुद्गर।	पु पु पु द्रुघणो मुद्गर-घनौ
खांड़ा।	स स (स्याद्) ईली करपालिका ।
ढेलवांस।	पु पु भिन्दिपाल: सृग (स्तुल्यौ)
लोहाङ्गी।	पु पु परिघ: परिघातन: ॥ ५९ ॥
फरसा-वा कुल्हार	पुस पुस पुस पु (द्वयो:) कुठार: स्वधिति: परशु (श्च) परश्वध: ।

१ तूणी: २—न.

तूणी, ये ६ इषुधी वा तरकस के नाम हैं; वा तूण, निषंङ, आदि कहलाते हैं, "(इषवोधीयन्ते यस्यां भस्त्रायां सा इषुधिः स्त्रीपुंसयोः)"; खड्गः, निस्त्रिंशः, चन्द्रहासः, असिः, रिष्टिः, "वा ऋष्टिः" कौक्षेयकः, मण्डलाग्रः, करपालः, "और भी करवालः" कृपाणः, ये ९ खड्ग के वा तरवार इस प्रसिद्ध के नाम हैं "(खण्डयति परं खड्गः)" ॥ ५७॥ खड्ग की मूठि को त्सरुः, "सरुः भी" कहते हैं, "मूठ वा कबजा प्रसिद्ध है" आदि पद से कटार—छूरी आदि ग्रहण होते हैं, उस खड्ग की मूठि के चाम के बनाये बन्धन का मेखला, वा परतला नाम है, जैसे मारनेवाले के हाथ से खड्ग न निकल जावे, फलकः, फलं, "वा फरं" चर्म, ये ३ ढाल इस प्रसिद्ध के नाम हैं, "क्लीवे फलकं" इस फलक की जो मूठि अर्थात् ग्रहणस्थान है, उसे संग्राहः कहते हैं, "वा मूठ यह प्रसिद्ध है" ॥ ५८॥ द्रुघणः, "और द्रुघनः", मुद्गरः, घनः, ये ३ मुद्गर के वा मुङ्दर इस प्रसिद्ध के नाम हैं, ईली, "उसी प्रकार इली, और ईलिः", करपालिका, "और भी करवालिका" ये २ एक धार के बने छोटे खड्ग के वा खांडा वा गुप्ती इस प्रसिद्ध के नाम हैं, भिन्दिपालः, सृगः, ये २ पत्थल आदि के फेकने के उपकारक रस्सी की बनी हुई गोफोण वा ढेलवांस इस प्रसिद्ध के नाम हैं, परिघः, परिघातनः, ये २ लोह से बंधी गदा—मुद्गर—लाठी—इस प्रसिद्ध के नाम हैं, ॥ ५९ ॥ कुठारः, स्वधितिः, परशुः, परश्वधः, "स्त्री॰ कुठारी, और भी पर्शुः, उसी प्रकार परस्वधः, और पर्श्वधः", ये ४ कुठार—वा कुल्हाड़ी—वा कुदाली—वा फौड़ा इस प्रसिद्ध के नाम हैं, ।

	१स स स
छूरी-वा कुठारि	(स्याच्) छुस्त्री (चा) ऽसिपुत्री (च) छुरिका (चा)
	स
	ऽसिधेनुका ॥ ६० ॥
	पुन पु
फर।	(वा पुंसि) शल्यं शंकु (र्ना)
	२ पुन
गुर्ज।	सर्वला तोमरो (ऽस्त्रियाम्)।
	पु
सांग।	प्रास (स्तु)
	पु
भाला-वा वर्छी।	कुन्तः पु स स स
खड्गआदि की नोंक।	कोण (स्तु स्त्रियः) पाल्य श्रि कोटयः ॥ ६१ ॥
	पु पु ३न
फौज की तैयारी-वा जमा।	सर्वाभिसारः सर्वौघः सर्वसन्नहना (ऽर्थकः)।
	पु
शस्त्र पूजन।	लोहाभिहारो (ऽस्त्रभृतां राज्ञां नीराजनाविधिः) ॥ ६२ ॥
	न
शत्रु पर चढ़ाई।	(यत्सेनया ऽभिगमनमरौ तद्) अभिषेणनम्।
	स स न न न पु
यात्रा-वा प्रस्थान।	यात्रा व्रज्या ऽभिनिर्य्याणं प्रस्थानं गमनं गमः ॥ ६३ ॥
	पु न
फौज का फैलाव।	(स्याद्) आसारः प्रसरणं न ३न
चली फौज।	प्रचक्रं चलिता (ऽर्थकम्)।
	पु
निडर वीर की यात्रा	(अहिता न्प्रत्यभीतस्य रणे यानम्) अतिक्रमः ॥ ६४ ॥

१ शस्त्री. २—न. ३—त.

शस्त्री, असिपुत्री, छुरिका, असिधेनुका, ये ४ छूरी इस प्रसिद्ध के नाम हैं, ॥ ६० ॥ शल्यं, शंकुः, ये २ बाण के अग्रभाग वा आयुध विशेष—वा वर्छी वा भाला वा फल इस प्रसिद्ध के नाम हैं. "(शलतीति शल्यं, शलगतौ)" सर्वला, "वा शर्वला", तोमरः, ये २ गुर्जवा मंथनी के आकार शस्त्र— वा लोहे के अस्त्र विशेष के नाम हैं, "(तोगन्ता म्रियते ऽनेन इति तोमरः,)" शल्य आदि ४ भी तोमर के नाम हैं यह किसी का मत है, प्रासः, "और भी प्राशः" कुन्तः, ये २ भाला इस प्रसिद्ध के नाम हैं. कोणः, पालिः, "वा पाली" अश्रिः, "वा अश्री" कोटिः, "वा कोटी" ये ४ खड्ग आदि के किनारे के भाग के वा नोंक इस प्रसिद्ध के नाम हैं, ॥ ६१ ॥ सर्वाभिसारः, सर्वौघः, सर्वसन्नहनं, ये ३ चतुरंग सेनासमूह वा जमाव इस प्रसिद्ध के नाम हैं, "(सर्वसन्नहनमर्थो यस्य)" (सर्वेषामभिसरणं सर्वाभिसारः) अस्त्र के धारण करनेवाले राजाओं का सदा नवमी दशमी में नीराजन अर्थात् आर्त्ती के समय शस्त्र आदि का समर्पण लक्षण जो विधि है वह लोहाभिसारः. "कोई पढ़ते हैं लोहाभिहारः" है, ॥ ६२ ॥ शत्रु के समीप जो सेना सहित गमन है वह अभिषेणनं है. (एकं); यात्रा, व्रज्या, अभिनिर्याणं, प्रस्थानं, गमनं, गमः, ये ६ प्रस्थान के नाम हैं. ॥ ६३ ॥ आसारः, प्रसरणं, "और भी स्त्री· प्रसरणी, प्रसरणिः, और प्रसारणी" ये २ सब जगह फैली हुई वा व्याप्त सेना के नाम हैं, प्रचक्रं, चलितं ये २ चलती सेना के नाम हैं, रण में निडर शूर का जो गमन है वह अतिक्रमः, "वा अभिक्रमः" कहलाता है ॥ ६४ ॥

स्तुति आदि से राजाओं को जगाने वाले	(पु) वैतालिका (१पु) बोधकराश्च
घड़ियाल।	(पु) चाक्रिका (पु) घाण्टिका (घंका:)।
यश गायक।	(स्युर्) मागधा (स्तु) मगधा
भांट।	(पु) वन्दिन: (पु) स्तुतिपाठका: ॥ ९५ ॥
लड़ाई से जो न भागै।	(पु) संशप्तका (स्तु समया त्संग्रामा दनिवर्तिन:)।
धूरि-वा धूलि।	(पुस) रेणु (द्वयो: स्त्रियां) (स) धूलि: (पु) पांशु (र्ना न द्वयो) (स्न) रज: ॥ ९६ ॥
चून-वा बड़ी धूलि	(पुन) चूर्णे (पु) चोद:
अकुलानी फौज।	(पु) समुत्पिञ्ज-(पु) पिञ्जलौ (भृश माकुले)।
झण्डा-वा निशान	(स) पताका (स) वैजयन्ती (स्यात्) (न) केतनं (पुन) ध्वज (मस्त्रियाम्) ॥९७॥
भयावनी रणभूमि	(सा) (न) वीराशंसनं (युद्धभूमि र्या ऽतिभयप्रदा)।
हम पहिले लड़ेंगे।	(अहं पूर्व्व महं पूर्व्व मित्य) ऽहं (स) पूर्व्विका (स्त्रियाम्) ॥९८॥
हमी पुरुष हैं-वा हमी लड़ैंगे।	(स) आहोपुरुषिका (दर्प्पा द्या स्या त्सम्भावना त्मनि) ॥ ९९ ॥

१-र. २-स.

वैतालिका:, बोधकरा:, ये २ राजाओं को स्तुतिपाठ आदि से ये प्रातःकाल जगाते हैं उन के नाम हैं, "(विविधेन तालेन शब्देन चरन्ति येते वैतालिका:)" चाक्रिका:, घाण्टिका:, "ए० व० घाण्टिक: और भी घाटिक:" ये २ वन्दी विशेष में ये घंटा के बजाने से स्तुति करते हैं वे घांटिका: कहलाते हैं, और "(चक्रमस्ति वाद्यत्वेन यस्य स:) ये २ घण्टा बजानेवाले के नाम हैं; मागधा:, मगधा:, "ए०व० मागध:, वा मगध:, और भी मधुक:", ये २ राजाओं के आगे वंश के क्रम की स्तुति करनेवाले के नाम हैं; वन्दिन:, स्तुतिपाठका:, "ए० व० वा वन्दी (—न्) ये २ राजा आदि की स्तुति करनेवाले के वा भांट इस प्रसिद्ध के नाम हैं; चारो एकार्थक हैं यह किसी का मत है; ॥ ९५ ॥ ये समय से अर्थात् सपथ से संग्राम से अपराङ्मुख हैं वे संशप्तका: कहलाते हैं; (एकं) रेणु:, धूलि: "वा धूली" "और भी पुं० धूलि:" पांशु:, "और पांसु:" रज:, "उसी प्रकार पुं० रज: (ज)" ये ४ धूल वा धूरि इस प्रसिद्ध के नाम हैं, ॥ ९६ ॥ चूर्णं, चोद:. ये २ पिसी धूलि के नाम हैं, "ये ६ भी धूलि के वाचक हैं यह एक का मत है" समुत्पिंज:, पिंजल:, ये २ अत्यन्त आकुल सैन्य आदि के नाम हैं, पताका, वैजयन्ती, केतनं, ध्वजं, ये ४ पताका के नाम हैं, वा केतन आदि दो पताका के दण्ड के नाम हैं यह एक का मत है. ॥ ९७ ॥ जो युद्धभूमि खंडित गज आदि से अति भयदा है वह वीराशंसनं कहलाती है, (एकं), "(वीरा आशंस्यन्ते ऽत्र वीराशंसनम्, आङ: शसिइच्छायाम्)" अहं पूर्वं अहं पूर्वं में पहिले में पहिले में आगे होऊं यह आग्रह पुरःसरपूर्व युद्ध अहं पूर्विका कहलाता है; (एकं); ॥ ९८ ॥ दर्पात् अर्थात् अभिमानसे अपने विषय में जो सम्भावना और सामर्थ्य का प्रगट करना है वह आहोपुरुषिका कहलाती है, "(अहं पुरुष इत्यहंकारवानहं पुरुषस्तद्भाव: आहो पुरुषिका) (एकं); ॥ ९९ ॥

	स
अभिमानी ।	अहमहमिका (तु सा स्यात्परस्परं यो भवत्य् हङ्कारः)।
	न १न न न २न न ३न
पराक्रमी ।	द्रविणं तरः-सहो-बल-शौर्य्याणि स्थाम शुष्मं (च) ॥ ७० ॥
	स पु पु
	शक्तिः पराक्रम-प्राणौ
	पु स
अति पराक्रम ।	विक्रम (स्त्व) ऽतिशक्तिता ।
	न
नसा करना ।	वीरपाणं (तु यत्पानं वृत्ते भाविनि वा रणे) ॥ ७१ ॥
	न ४न न न न
लड़ाई ।	युद्ध मायोधनं जन्यं प्रधनं प्रविदारणम् ।
	न ५न न न न
	मृध मास्कंदनं संख्यं समीकं साम्परायिकम् ॥ ७२ ॥
	पु ६पु पु पु पु
	(अस्त्रियां) समरा-ऽनीक-रणाः कलह-विग्रहौ ।
	पु पु पु पु पु
	सम्प्रहारा-ऽभिसम्पात-कलि-संस्फोट-संयुगाः ॥ ७३ ॥
	पु पु पु पु ७पु
	अभ्यामर्द्द-समाघात-संग्रामा-ऽभ्यागमा-हवाः ।
	पु ८पुस ९स १०स ११स
	समुदायः (स्त्रियः) संय त्समि त्याजि समिद्युधः ॥ ७४ ॥
	न न
वाहु युद्ध ।	नियुद्धं वाहुयुद्धे
	पुन न
वीरों का गर्जन ।	(ऽथ) तुमुलं रणसंकुले ।

१-स्. २-यं. ३-न्. ४आ-. ५आ-. ६अ-. ७आ-. ८-त्. ९-ति. १०आ-. ११-त्.

जो परस्पर में समर्थ हूं मैं समर्थ हूं यह अहंकार है वह अहमहमिका कहलाती है, (शकं) यह ६ अक्षर का पद है; द्रविणं तरः, सहः, वलं, शौर्य्यं, स्याम, शुष्मं, ॥ ७० ॥ शक्तिः, पराक्रमः, प्राणः, "सहः (स्), और पुं॰ 'सहः (ह)' शुष्मं (ष्म) और शुष्म (न्); द्विव॰ तरसी, सहसी. और स्यामनी", ये १० पराक्रम के नाम हैं, विक्रमः, अतिशक्तिता, ये २ अति पराक्रम के नाम हैं, युद्ध होजाने पर रण के परिश्रम की शान्ती के अर्थ अथवा भाविनि अर्थात् होनेवाले रण के उत्साह वढ़ाने के लिये जो वीरों को मद्यपान है वह वीरपाणं कहलाता है, "याने पढ़ते हैं, वीरपानं" ॥ ७१ ॥ युद्धं, आयोधनं, जन्यं, प्रधनं, प्रविदारणं, मृद्धं, आस्कन्दनं, संख्यं, समीकं, सांपरायिकं, "और भी शमीकं, वा संपरायकम्", ॥ ७२ ॥ समरः, अनीकः, रणः, कलहः, विग्रहः, संप्रहारः, अभिसंपातः, कलिः, संस्फोटः, "उसी प्रकार संस्फेटः" संयुगः, ॥ ७३ ॥ अभ्यामर्द्दः, समाघातः, संग्रामः, अभ्यागमः, आहवः, समुदायः, संयत्, समितिः, आजिः, समित्, युत्, (ध) ये ३१ युद्ध के नाम हैं, "द्विव॰ संयती, समिती, युधौ" ॥ ७४ ॥ नियुद्धं, वाहुयुद्धं, ये २ वाहुयुद्ध के नाम हैं, तुमुलं, "और तुमूलं, और भी तुमुरं" रणसंकुलं, ये २ रण के संकुल होने में और परस्पर संवाध में वर्त्तमान के नाम हैं; ।

	स पु
वीरों का गर्जन ।	क्ष्वेड़ा (तु) सिंहनादः (स्यात्) स स
हाथियों का कतार।	न पु (करिणां) घटना घटा ॥ ७५ ॥
वीरों को निन्दा पूर्वक पुकारना ।	क्रन्दनं योधसंरावो न न
हाथियों का गर्जन ।	पु बृंहितं करिगर्ज्जितम् ।
धनुष का शब्द ।	विस्फारो (धनुषः स्वानः) पु १पु
जुझाऊ नगाड़ा ।	पटहा-डम्बरौ (समौ) ॥ ७६ ॥
	न पु पु
हठ ।	प्रसभं (तु) बलात्कारो हठो न न
धोखा देना ।	पुन पु पु (ऽथ) स्खलितं छलम् ।
उत्पात ।	अजन्यं (क्लीवम्) उत्पात उपसर्गः (समं त्रयम्) ॥ ७७ ॥
	स न पु
मूर्छा ।	मूर्छा (तु) कश्मलं मोहो (ऽप्य) पु न
पदार्थों का तहस नहस कर्ना ।	न न ऽवमर्द्द(स्तु) पीडनम् ।
धोखे से दबाना ।	अभ्यवस्कन्दनं (त्व) ऽभ्यासादनं पु पु
जीत वा फते ।	न विजयो जयः ॥ ७८ ॥
	स पु न
वैर मिटाना ।	वैरशुद्धिः प्रतीकारो वैरनिर्यातनं (च सा) ।
	पु २पु पु ३पु पु पु
भागना ।	प्रद्रावो द्राव संद्राव संदावो विद्रवो द्रवः ॥ ७९ ॥
	पु न
	अपक्रमो ऽपयानं (च) पु
हार ।	(रणे भङ्गः) पराजयः ।

१ आ—. २ उ—. ३—व.

क्ष्वेड़ा, सिंहनादः, ये २ वीरों के सिंहनाद के तुल्य नाद अर्थात् शब्द विशेष के नाम हैं, हाथियों का युद्ध में एकट्ठा होना घटना, और घटा कहलाता है, ॥ ७५ ॥ योधाओं के संराव अर्थात् आक्रोश निन्दापूर्वक शब्द क्रन्दनं कहलाता है, (एकं); हाथियों का गर्जन बृंहितं कहलाता है, (एकं) धनुष का शब्द विस्फारः कहलाता है, "और विष्फारः" (एकं) पटहः, आडम्बरः, ये २ संग्राम के नगाड़ा के शब्द के नाम हैं, ॥ ७६ ॥ प्रसभं, बलात्कारः, हठः, ये ३ बलात्कार वा हठ के नाम हैं; "(प्रगता सभा विचारोऽस्मात्प्रसभं, बलात्करणं बलात्कारः)"; स्खलितं, छलं, ये २ युद्ध मर्य्यादा से विचलने के वा धोखा देने के नाम हैं; अजन्यं, उत्पातः, उपसर्गः, ये ३ उत्पात के नाम हैं, वा शुभाशुभ सूचक के नाम हैं, "(नजने साधु अजन्यम्)" ॥ ७७ ॥ मूर्छा, कश्मलं, "वा कस्मलं" मोहः, ये ३ मूर्छा के नाम हैं; अवमर्द्दः, पीड़नं, ये २ शस्य आदि से सम्पन्न देश का जो परचक्र से पीड़न है उसके नाम है; अभ्यवस्कन्दनम्, अभ्यासादनम् ये २ छल से जीतने के वा डाका इस प्रसिद्ध के नाम हैं; विजयः, जयः ये २ शत्रुओं को जीत कर लब्ध उत्कर्ष के नाम हैं; ॥ ७८ ॥ वैरशुद्धिः, प्रतीकारः, वैरनिर्यातनं, ये ३ वैर के दूर करने के नाम हैं; प्रद्रावः, उद्रावः, संद्रावः, संदावः, विद्रवः, द्रवः, ॥ ७९ ॥ अपक्रमः, अपयानं, ये ८ पलायन के वा भागजाने के नाम हैं, जो रण में भंग अर्थात् हार है वह पराजयः कहलाता है; (एकं); ।

	पुसन पुसन
हारा।	पराजित-पराभूतौ (त्रिषु) पुसन पुसन
छिपा।	नष्ट-तिरोहितौ ॥ ८० ॥
	न न न न
मारे।	प्रमापणं निबर्हणं निकारणं निशारणम्।
	न न न न
	प्रवासनं परासनं निषूदनं निर्हिंसनम् ॥ ८१ ॥
	न न न १न
	निर्वासनं संज्ञपनं निर्ग्रन्थन मपासनम्।
	न न न न
	निस्तर्हणं निहननं क्षणनं परिवर्ज्जनम् ॥ ८२ ॥
	न न न न
	निर्वापणं विशसनं मारणं प्रतिघातनम्।
	न न न २न
	उद्वासन-प्रमथन-क्रथनो ज्जासनानि (च) ॥ ८३ ॥
	पु पु पु पु ३पु पु
	आलंभ-पिञ्ज-विशर-घातो न्मन्थ-वधा (अपि)।
	स पु पु पु पु
मृत्यु वा मौत।	(स्यात्) पञ्चता कालधर्म्मो दिष्टान्तः प्रलयो ऽत्ययः ॥८४॥
	पु पु पुस ४न पु
	अन्तो नाशो (द्वयोर्) मृत्यु-मरणं निधनो (ऽस्त्रियाम्)।
	पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन
मृतक-वा मुर्दा।	परासु-प्राप्तपञ्चत्व-परेत-प्रेत-संस्थिताः ॥ ८५ ॥
	पुसन पुसन
	मृत-प्रमीतौ (त्रिष्वे ते) स स स
चिता।	चिता चित्या चितिः (स्त्रियाम्)।

१ अ—. २ उ—न. ३ उ—. ४ म—.

पराजितः, पराभूतः, ये २ निर्जित के वा हारे हुये के नाम हैं; नष्टः, तिरोहितः, ये २ छिपे हुए के नाम हैं; त्रिषु यह कोवे के आंख के समान दोनों ओर सम्बन्ध रखता है; ॥ ८० ॥ प्रमापणं, "कोई पढ़ते हैं प्रमापनं" निबर्हणं, "वा निर्वर्हणं" निकारणं. निशारणम्, "और विशारणं" प्रवासनं, परासनं, निषूदनं, "निसूदनं भी" निर्हिंसनम्, ॥ ८१ ॥ निर्वासनं, संज्ञपनं, निर्ग्रन्थनम्, "कोई पढ़ते हैं. निर्गन्थनम्", अपासनम्, निस्तर्हणं, निहननं, क्षणनं, परिवर्जनं, ॥ ८२ ॥ निर्वापणं, विशसनं. मारणं, प्रतिघातनं, उद्वासनं, प्रमथनम्. क्रथनं. उज्जासनं ॥ ८३ ॥ आलंभः. पिंजः, विशरः, घातः, उन्मंथः, "उन्मथः" वधः, ये ३० प्रमापण आदि वध अन्तवध के नाम हैं; पंचता, "उसी प्रकार पञ्चत्वं" कालधर्मः, दिष्टान्तः, प्रलयः, अत्ययः, ॥ ८४ ॥ अन्तः, नाशः, मृत्युः. "और भी न. मृत्यु", मरणं, निधनः, ये १० मरण के नाम हैं, परासुः, प्राप्तपञ्चत्वः, परेतः, प्रेतः, संस्थितः, ॥ ८५ ॥ मृतः, "उसी प्रकार न. मृतं, और स्त्री. मृतिः", प्रमीतः, ये ७ मृत के नाम हैं; चिता, चित्या, चितिः, ये ३ प्रेतदाह के आधार के वा चिता के नाम हैं; ।

	पुन
मूंड़कटा।	कबन्धो (ऽस्त्री क्रियायुक्त मपमूर्द्धकलेवरम्) ॥ ८६ ॥
	न न
श्मशान।	श्मशानं (स्यात्) पितृवनं
	पु पुन
निर्ज्जीव।	कुणपः शवम् (अस्त्रियाम्) ।
	पु १पु स
बंधुआ-वा कैदी।	प्रग्रहो-पग्रहो वन्द्यां
	स पु
बन्दीखाना वा जेल।	कारा (स्याद्) बन्धनालये ॥ ८७ ॥
	२पु पु
प्राण।	(पुंसि भूम्न्य) ऽसवः प्राणा (श्चैवं)
	पु न
प्राणी।	जीवो ऽसुधारणम् ।
	न पु
आयु-वा उमिरि।	आयु र्जीवितकालो (ना)
	पुन ३न
जीना।	जीवातु-र्जीवनोपधम् ॥ ८८ ॥
	॥ इति-क्षत्रियवर्गः ॥

१ उ–ग्र. २ असु. ३ जी–.

अपमूर्द्ध अर्थात् मस्तक से हीन और नाचता हुआ जो कलेवर "वा धड़" यह प्रसिद्ध है, वह कबन्धः कहलाता है, (एकं) ॥ ८६ ॥ श्मशानं. पितृवनं, "और भी पितृकाननं, पितृवसतिः", ये २ प्रेतभूमि के नाम हैं, "(शवः शेते ऽस्मिन् श्मशानं)"; कुणपः, शवं पुं· शवः" ये २ निर्जीव शरीर के नाम हैं; प्रग्रहः, उपग्रहः, ए· व· वन्दिः. "वा वन्दी" ये ३ चोर आदि के ग्रहण करबन्द करने के वा हवालात इस प्रसिद्ध के नाम हैं; वन्धन के घर को कारा कहते हैं वा जेलखाना यह प्रसिद्ध है, ॥ ८७ ॥ असवः, "ए· व· असुः" प्राणाः, ये २ प्राणों के नाम हैं, पुल्लिङ्ग और वहुवचन हैं, "एवं, इसी प्रकार प्राणाः भी नित्य पुं· वहुवचन भी है, प्राण नाम वायु है यह एक का मत है वह तो वायुमात्र की विवक्षा से है"; जीवः, "और स्त्री· जीवा, क्लीव जीवनं" असुधारणं, ये २ प्राणधारण के नाम हैं; जीवितपर्यन्त काल आयुः और जीवितकालः, कहलाता है, (एकं) "आयुः (स्) पुं· आयुः (यु)"; जीवातुः. जीवनोपधं, ये २ सञ्जीवनौषध के नाम हैं, जीवितकाल वा औषध "वा अन्न वा भक्त वा रक्षण का उपाय जीवातुः कहलाता है"; ना पुमान् है; ॥ इति क्षत्रियवर्गः ॥

॥ अथ नवमवर्गः ॥

	पु पु पु पु १पु पु
वैश्य-वा बनिआं ।	उरव्या ऊरुजा अर्य्या वैश्या भूमिस्पृशो विशः ।
	पु स स स २न न
जीविका ।	आजीवो जीविका वार्त्ता वृत्ति-र्वर्त्तन-जीवने ॥ १ ॥
	स न न
खेती-पशुरक्षा-बनियांपन ।	(स्त्रियां) कृषिः पाशुपाल्यं वाणिज्यं (चेति वृत्तयः) ।
	स ३स
पराधीनी ।	सेवा श्ववृत्तिर्
	न स
खेती ।	अनृतं कृषिर्
	पु न ४न
फूटा बीनना ।	उञ्छ-शिलं (त्वृ) तम् ॥ २ ॥
	न न
मांगने से जो मिले १ और मांगे बिना मिले २ ।	(द्वे याचितायाचितयो र्यथा संख्यं) मृता-ऽमृते ।
	न पु
बनियई ।	सत्यानृतं वणिग्भावः
	न न
उधार लेना ।	(स्याद्) ऋणं पर्य्युदंचनम् ॥ ३ ॥

१—श्. २व—. ३—त्ति. ४ ऋत.

उरव्यः, ऊरुजः, अर्यः, वैश्यः, भूमिस्पृक् (—श्), विट्, ये ६ वैश्य के नाम हैं; आजीवः, जीविका, वार्त्ता, वृत्तिः, वर्त्तनं, जीवनं, ये ६ जीविका मात्र के नाम हैं; ॥ १ ॥ कृषिः, खेती करना, पशुपाल का कर्म पाशुपाल्यं अर्थात् गौ आदि की रक्षा, बनियों का कर्म वाणिज्यं, "वा वणिज्या, वाणिज्यं" क्रय विक्रय आदि, इस प्रकार तीनों वृत्तियां वैश्यों की जीविका के भेद हैं, "(अथ मृतामृताभ्यां जीवेत मृतेन प्रमृतेन वा । सत्यानृताभ्यामपिवानश्ववृत्त्या कथंचनेत्यादि मुत्युकान् वृत्तिभेदान् व्युत्पादयति)"; सेवा दूसरे के चित्त का अनुवर्तन करना यह श्ववृत्ति है या कुत्ता की वृत्ति के समान श्ववृत्ति है, "(श्ववृत्तिर्नीचसेवनमिति श्रीभागवते)" (एकं); कृषिः, खेती करना अनृतं कहलाता है; "(अनृतं कर्षणं स्मृतमितिस्मृतेः)" (एकं) उञ्छ और शिल उंछशिलं उंछशिलं समाहारद्वन्द्व है, आपण अर्थात् बजार आदि में गिरे कणों के एकेक का ग्रहण करना उंछः है, खेत आदि में स्वामी के छोड़े हुये कणों का ग्रहण करना शिलं है, ये २ ऋतं कहलाते हैं, 'उंछशिलं भी, उञ्छः, या उञ्छ' "(उञ्छः कणश आदानं कणिशाद्यर्जनं शिलमिति यादवः) शिलं" ॥ २ ॥ चावल आदि प्रतिदिन मांगने पर मृतं, कहलाता है (एकं), "(मृतं तु नित्य याच्ञास्यादित्युक्तेः)" अयाचिते अर्थात् अजगर वर्तन के तुल्य याच्ञा के विना मिलने पर अमृतमित्येकं, वणिक का भाव वाणिज्यं है क्रयविक्रय आदि वह सत्यानृतं कहलाता है, या कुछ सच्च कुछ झूंठ सत्यानृतं कहलाता है; ऋणं, पर्य्युदंचनम्, ॥ ३ ॥

	पु पु न स
ब्याज ।	उद्धारो ऽर्थप्रयोग (स्तु) कुसीदं वृद्धिजीविका ।
	न
मांगने से मिला ।	(याञ्चयाप्तं) याचितकं
	न
वादे से मिला ।	पु पु (नियमाद्) आपमित्यकम् ॥ ४ ॥
महाजन और कर्जी।	उत्तमर्णा-ऽधमर्णौ (द्वौ प्रयोक्तृ-ग्राहकौ क्रमात्) ।
	पु पु पु पु
ब्याजखोर ।	कुसीदिको वार्द्धुषिको वृद्ध्याजीव (श्च) वार्द्धुषिः ॥ ५ ॥
	पु पु पु पु
किशान ।	क्षेत्राजीवः कर्षक (श्च) कृषिक (श्च) कृषीवलः ।
	पुसन पुसन
धान का खेत ।	(क्षेत्रं) व्रैहेय-शालेयं (व्रीहिशाल्युद्भवो चितम्) ॥ ६ ॥
	पुसन पुसन पुसन
जौ २ और साठी का ।	यव्यं यवक्यं षष्टिक्यं (यवादिभवनं हि यत्) ।
तिल-उरद-अलसी	पुसन पुसन
अणु और भांग का ।	तिलं तैलीन (वन्माषो-मा-णु-भङ्गा द्विरूपता) ॥ ७ ॥
मूंग कोदव चना-गेहुं	पुसन पुसन
क्यराव-कुर्थी-कंकुनी आदिशाक-और	मौद्गीनं कौद्रवीणा (दि शेषधान्योद्भवो चितम्) ।
तरकारी ।	पुसन १पुसन
बो कर जुते खेत ।	बीजाकृतं (तू) प्रकृष्टं

१ उ-.

उद्धारः, ये ३ ऋण के नाम हैं; अर्थ प्रयोगः, कुसीदं, "और कुशीदं, वा कुषीदं", वृद्धि-जीविका, ये ३ ऋण देकर कालान्तर में अधिक लेकर "लोक में ब्याज" इस प्रसिद्ध जीविका के नाम हैं; याञ्चया अर्थात् मांगनें से जो लब्ध है उसे याचितकं कहते हैं, नियम से वा विनियम से प्राप्तं आपमित्यकं, कहलाते हैं. "(नियमः परिवर्त्तः स्यादिति मनुः)" (एकैकं) ॥ ४ ॥ प्रयोक्ता अर्थात् ऋण का दाता उत्तमर्णः कहलाता है, "(उत्तमं ऋणमस्य)", ऋण का ग्राहक अधमर्णः कहलाता है; (एकैकं) कुसीदिकः, वार्द्धुषिकः वृध्याजीवः, वार्द्धुषिः. ये ४ ऋण देकर ऋण की वृद्धि से जो पुरुष जीते हैं उन के नाम हैं,"(कुसीदार्थं प्रयच्छति कुसीदिकः, वृद्धिं गर्ह्यां प्रयच्छति वार्द्धुषिकः)" ॥ ५ ॥ क्षेत्राजीवः, कर्षकः, "वा कार्षकः" कृषिकः, कृषीवलः, ये ४ खेतीवालों के नाम हैं, "(कृषिरस्यास्तीति कृषीवलः)"; व्रीह्युद्भवोचितं अर्थात् धान के उत्पत्ति के उचित वा धानों के उत्पत्ति के योग्य क्षेत्र व्रैहेयं कहलाता है. (एकं) शालीधान विशेष के उचित क्षेत्र शालेयं कहलाता है, (एकं) ॥ ६ ॥ यव आदि के उत्पत्ति के योग्य जो क्षेत्र है वह यव्यादि कहलाता है, जैसे यवों के भवन अर्थात् उत्पत्ति के योग्य क्षेत्र यव्य कहलाता है; अल्पयव यवक है इस के भवन क्षेत्र को यवक्यं कहते हैं; षष्ठिक अर्थात् साठ रात्रि में जो पकते हैं इनके भवन क्षेत्र को षष्ठिक्यं कहते हैं, (एकैकं) तिलं, तैलीनवत् माष आदि के क्षेत्र विषय में द्विरूपता होती है. जैसे तिलं, तैलीनं, ये २ तिलों के भवन क्षेत्र के नाम हैं, इसी प्रकार माष्यं, माषीणं, ये २ उरद के पैदा होने के खेत के नाम हैं, उमा अतसी इनका क्षेत्र उम्यं, औमीनं ये २ कहलाते हैं, अणुः धान्य का भेद है उसके क्षेत्र को अणव्यं, आणवीनं, ये २ नाम हैं, भंगा मातुलानी उसके क्षेत्र को भंग्यं, भांगीनं कहते हैं, ॥ ७ ॥ व्रीही आदि कहे हुये से शेष मूङ्ग आदि धान्यों के उत्पत्ति के क्षेत्र मौद्गीन आदि हैं, जैसे मूङ्गों के होने का क्षेत्र मौद्गीनं, इसी प्रकार कौद्रवीणं, आदि पद से कौलत्थीनं, चाणकीनं, गौधूमीनं, कालापिनं, प्रैयंगवीनं, इत्यादि. (एकैकं) "शाक, शाकटं, शाक, शाकीनं, ये २ शाक क्षेत्र आदि के नाम हैं; आदौ उप्तं अर्थात् पहिले बोये पीछे जोते खेत उप्तकृष्टं और बीजाकृतं कहलाते हैं, (एकं);

	पुसन पुसन पुसन
जुतेखेत।	सीत्यं कृष्टं (च) हल्य (वत्) ॥ ८ ॥
	पुसन पुसन पुसन पुसन
तीनवांह जुते खेत।	त्रिगुणाकृतं तृतीयाकृतं त्रिहल्यं त्रिसीत्य (मपि तस्मिन्)।
	पुसन पुसन
दो बांह जुते खेत।	द्विगुणाकृते (तु सर्व्वं पूर्व्वं) सम्बाकृत (मपीह) ॥ ९ ॥
	पुसन १ पुसन
द्रोणभर जिस्मे बोया जाय और आढ़कभर जिस्में बोया जाय।	(द्रोणाढकादिवापादौ) द्रौणिका आढकिका (दयः)।
	पुसन
खारीभर जिस्मे बोया जाय।	(खारीवापस्तु) खारीक
	(उत्तमर्णादय स्त्रिषु) ॥ १० ॥
	पुन पु न
खेत।	(पुन्नपुंसकयोर्) वप्रः केदारः क्षेत्रम्
	(अस्य तु) ॥
	न न न न
खेतसमूह।	केदारकं (स्यात्) केदार्य्यं क्षेत्रं केदारिकं (गणे) ॥ ११ ॥
	पुन पु
ढेला।	लोष्टानि लेष्टवः (पुंसि)
	पु पु
मुगरी।	कोटिशो लोष्टभेदनः।
	न न न
पैना-वा चाबुक।	प्राजनं तोदनं तोत्रं
	न २न
कुदार-वा कसी।	खनित्र मवदारणम् ॥ १२ ॥

१ आ—. २ अ—.

सीत्यं, कृष्टं, हल्यं, "शीत्यं भी" ये ३ कृष्ट मात्र के वा सीताहल लेखा से जुते खेत के नाम हैं; वा हल से कृष्ट अर्थात् जुता क्षेत्र हल्यं है, ॥ ८ ॥ त्रिगुणाकृतं, तृतीयाकृतं, त्रिहल्यं, त्रिसीत्यं, ये ४ तीन वार जुते क्षेत्र के नाम हैं, त्रिगुणं, "त्रिवारं" कृतं कृष्टं क्षेत्रं त्रिगुणाकृतं है, इसी प्रकार द्विगुणाकृत में सब पूर्व योजन करना चाहिये, जैसे द्विगुणाकृतं, "द्वितीयाकृतं, द्विहल्यं, द्विसीत्यं" सम्बाकृतं ये ५ दो वार जुते क्षेत्र के नाम हैं, इह यहां द्विकृष्टे शंबाकृतं भी नाम है, शम्ब शब्द दो वार जोते खेत में वर्त्तमान है, ॥ ९ ॥ उप्यन्ते अर्थात् बोये जाते हैं जिसमें वह वापः क्षेत्र है, द्रोण आदि से परिमित धान्य का वाप आदि में द्रौणिकादिक कहलाते हैं, जैसे द्रोण के वापः क्षेत्र को द्रौणिकः कहते हैं, आढ़क के वापः क्षेत्र को आढ़किकः कहते हैं, "वा आढ़कीनः, स्त्री॰ आढ़की, आढ़कीना, तथा स्त्री॰ द्रौणी, द्रौणिकी" आदि शब्द से प्रस्थ का वापः प्रास्थिकः, "कौड़विकः" इत्यादि, वापादौ यहां आदि पद से पचादि का ग्रहण है, जैसे द्रोण का पचद्रौणिकः कटाहः है, अर्थात् कड़ाह है. खारी परिमित धान्य जिसमें बोये जाते हैं वह खारीकः कहलाता है, (एवं) उत्तमर्ण आदि और खारीक अन्त वाच्यलिंगत्व से त्रिलिंग हैं; ॥ १० ॥ वप्रः, केदारः, क्षेत्रं, ये ३ क्षेत्र के वा खेत इस प्रसिद्ध के नाम हैं, इस क्षेत्र के गण अर्थात् समूह केदारकं, केदार्य्यं, "और भी केदारं" क्षेत्रं, केदारिकं, ये ४ नाम से कहलाते हैं. ॥ ११ ॥ लोष्टं, लेष्टुः, ये २ मृत्तिकाखण्ड के वा ढेला इस प्रसिद्ध के नाम हैं; कोटिशः, "वा कोटीशः" लोष्टभेदनः, "उसी प्रकार लोष्टघ्नः, और लेष्टुघ्नः" ये ३ लोष्ट के तोड़ने वाले मुग्दर के नाम हैं; प्राजनं, "और प्रवयणं" तोदनं, तोत्रं, "वा तोत्रं" ये ३ वृषभ आदि के ताड़न के उपयोगी तोत्र के वा पयना वा चाबुक इस प्रसिद्ध के नाम हैं, "(तुद्यते अनेन तोत्रं, पन्लद्यं, तोत्रवेत्रेकपाणये)" खनित्रं, अवदारणं, ये २ कुद्दाल आदि के वा कुदारि या कसी इस प्रसिद्ध के नाम हैं, ॥ १२ ॥

	न न
हंसुआ ।	दात्रं लवित्रं
	पु न न
जोते की रस्सी ।	आबन्धो योत्रं योक्त्रम्
	न
फार ।	(अथो) फलम् ।
	न न
	निरीषं कूटकं
	पुन पु
	फालः कृषिको
	न न
हर ।	लाङ्गलं हलम् ॥ १३ ॥
	न पु
	गोदारणं (च) सीरो
	स पु
सइल ।	(ऽथ) शम्या (स्त्री) युगकीलकः ।
	स पु
हरिश ।	ईषा लाङ्गलदण्डः (स्यात्)
	स स
कूंड़ ।	सीता लाङ्गलपद्धतिः ॥ १४ ॥
	पु
मेढ़ी ।	(पुंसि) मेधिः (खले दारु न्यस्तं यत्पशुबन्धने) ।
	पुस पु पु
साठी ।	आशु व्रीहिः पाटलः (स्यात्)
	पु पु
जव ।	सितशूक-यवौ (समौ) ॥ १५ ॥
	पु
हरा जव ।	तोक्म (स्तु तत्र हरिते)

दात्रं, लवित्रं, ये २ हंसुआ वा दातरि इस प्रसिद्ध के नाम हैं, "(लुनाति छिनत्ति अनेन लवित्रम्)" आबन्धः, योत्रं, योक्त्रम्, ये ३ जूआ बान्धने को उपयोगी रस्सी के वा जोते के नाम हैं, फलं, "बाजे पढ़ते हैं हलं" निरीषं, "वा निरीशं" कूटकं फालः, कृषिकः, "वा कृषकः, और भी स्त्री॰ कृषिका" ये ५ हल के नीचे स्थित काष्ठ में जिसका अग्रभाग लोह से बान्धा जाता है उस के वा फार के नाम हैं, वा आद्य ३ जिस काठ में फार गाड़ा जाता है उस के नाम हैं, अन्त्य के २ फार वा फाल के नाम हैं, यह भी मत है; "(फलति विशीर्य्यते भूमिरनेन फालः)"; लांगलं, हलं, "और पुं॰ हालः" ॥ १३ ॥ गोदारणं, सोरः, "वा शीरः" ये ४ हल के नाम हैं; शम्या, युगकीलकः, ये २ खील वा शैल इस प्रसिद्ध के नाम हैं, "(शम्यते वृषादिरनया शम्या)" हल के दण्ड को ईषा, "उसी प्रकार ईशा भी" कहते हैं, और लाङ्गलदण्डः, ये २ हरिश के नाम हैं; सीता, "और शीता", लांगलपद्धतिः, ये २ हल से रचित रेखा के वा कूड़ के नाम हैं, ॥ १४ ॥ पशुबन्धने अर्थात् वृषभ आदि के बन्धन के निमित्त जो काष्ठ गाड़ा जाता है उसे मेधिः, खलेदारु, कहते हैं, "वा मेढ़ा इस प्रसिद्ध के नाम हैं, वा खलहान में धान्य मर्दन के स्थल में जो लकड़ी गाड़ते हैं उस के नाम हैं, और यह पृथक पद है"; आशुः, "बाजे पढ़ते हैं आशुव्रीहिः" व्रीहिः, पाटलः, "और भी पाटलिः" ये ३ सामान्य धान के वा साठी के नाम हैं; सितशूकः, "और शितशूकः", यवः, ये २ जव इस प्रसिद्ध के नाम हैं, ॥ १५ ॥ उस हरित वर्ण यव को तोक्म : कहते हैं; (एकं) "वा निःशूक अर्थात् बिना टूंड़ यव का नाम है",

मटर ।	पु पु कलाय (स्तु) सतीलकः ।
	पु पु हरेणु-खण्डिकौ (चास्मिन्)
कोद्रव ।	पु पु कोरदूष (स्तु) कोद्रवः ॥ १६ ॥
मसूर ।	पु पु मङ्गल्यको मसूरो
मोथी वा वनमूङ ।	पु पु (ऽथ) मपुष्ठक-मपष्ठकौ ।
	पु वनमुद्गे
सरसों ।	पु पु पु सर्षपे (तु द्वौ) तन्तुभ-कदम्बकौ ॥ १७ ॥
उजला सरसों ।	पु सिद्धार्थ (स्त्वेष धवलो)
गेहूं ।	पु पु गोधूमः सुमनः (समौ) ।
कुरथी ।	पु १पु (स्याद्) यावक (स्तु) कुल्माषश्च
चना ।	पु पु चणको हरिमन्थकः ॥ १८ ॥

१-प.

कलायः, सतीलकः, "वा सतीलः और भी सीतीलकः, वा सतीनकः और सातीनकः" हरेणुः खण्डिकः, ये ४ मटर इस प्रसिद्ध के वा क्षराव्र के नाम हैं; कोरदूपः, कोद्रवः, "और कुद्रवः भी" ये २ कोदव या एक छोटे अनाज के नाम हैं, ॥ १६ ॥ मङ्गल्यकः, मसूरः "वा मसुरः", "और भी स्त्री॰ मसूरा, मसुरा", ये २ मसूर इस प्रसिद्ध के नाम हैं; मपुष्ठकः, "और मुकुष्ठकः, या मकुष्ठकः, और भी मकुष्टकः" मपष्ठकः, "और मयष्टकः वा मपष्ठकः, उसी प्रकार मयुष्ठकः" वनमुद्गः, ये ३ मोथी या मोठ या वनमूङ इस प्रसिद्ध के नाम हैं, सर्षपः, "वा सरिषपः" तंतुभः, "और तंतुकः, तंतभः भी" कदम्बकः, "और भी कटुस्नेहः" ये ३ सरसव इस प्रसिद्ध के नाम हैं; ॥ १७ ॥ वह सरसव धवल है तो सिद्धार्थः कहलाता है. (एक) गोधूमः, सुमनः, "और सुमनाः (—नस्) ये २ गेंहूं इस प्रसिद्ध के नाम हैं; यावकः, कुल्माषः, "वा कुल्मासः" ये २ आधे पके यव आदि के वा कुरथी—या गदराये हुये के नाम हैं; चणकः, हरिमंथकः, "और हरिमंथजः" ये २ हराभरा—वा चना के नाम है; ॥ १८ ॥

बांझ तिल ।	पु पु (द्वौ तिले) तिलपेज (श्च) तिलपिञ्ज-(श्च निष्फले) ।
राई ।	पु पु स स स क्षवः क्षुधाभिजननो राजिका कृष्णिका सुरी ॥ १९ ॥
ककुनी ।	स स (स्त्रियौ) कङ्गु-प्रियङ्गू (द्वे)
अलसी ।	स स स अतसी (स्याद्) उमा क्षुमा ।
भांग वा पटुआ का भेद ।	स १स मातुलानी (तु) भङ्गायां
सांवां ।	पु पु व्रीहिभेद (स्त्व) ऽणुः (पुमान्) ॥ २० ॥
टूंड ।	पु न किंशारुः शस्यशूकं (स्यात्)
बालि ।	पुन स कणिशं शस्यमञ्जरी ।
सामान्य धान्य ।	न पु पु धान्यं व्रीहिः स्तम्बकरिः
गुच्छा ।	पु पु स्तम्बो गुच्छ-(स्तृणादिनः) ॥ २१ ॥
नरई ।	स न पु नाडी नालं (च) काण्डो (ऽस्य)
प्यार वा पुआरा ।	पुन पलालो (ऽस्त्री स निष्फलः) ।
भुस वा भूसा ।	पु न कडङ्गरो बुसं (क्लीबे)
भूसी ।	२पु (धान्यत्वचि) तुषः पुमान् ॥ २२ ॥

१ भंगा. २ तुष.

तिलपेजः, तिलपिञ्जः, ये, २ निष्फल तिल के वा बांझ तिल के नाम हैं, क्षवः, क्षुधाभिजननः, "वा क्षुताभिजनः" राजिका, कृष्णिका, आसुरी, "वा असुरी" ये ५ राजसर्षप के वा कृष्णसर्षप के—वा राई इस प्रसिद्ध के नाम हैं, "(क्षुतमभिजायते ऽनेन इति क्षुताभिजननः)" ॥ १९ ॥ कङ्गुः, "वा कंगूः" प्रियङ्गुः, "वा प्रियंगूः" ये २ ककुनी वा टांगुन इस प्रसिद्ध के नाम हैं,-अतसी, उमा, क्षुमा, ये ३ अलसी वा जवस वा सन इस प्रसिद्ध के नाम हैं, मातुलानी, भङ्गा, ये २ भांग वा पटुआ इस प्रसिद्ध के नाम हैं, व्रीहिभेदः अणुः ये २ सांवां के नाम हैं, (एकं) ॥ २० ॥ शस्य का शूक सूक्ष्म शूची के तुल्य अग्र किंशारुः, और शस्यशूकं, कहलाता है; (एकं) "टूंड वा अनाज की दाढ़ी" और शस्य की मंजरी अर्थात् नया निकला शिर कणिशं, और शस्यमञ्जरी, यह बालि, कहलाता है, "कणिशं भो" "(कणाः सन्त्यस्य कणिशं)" "(कणिशो धान्यशीर्षकः)" इति तालव्यांते रत्नकोशः)" धान्यं, व्रीहिः, स्तम्बकरिः, ये ३ व्रीहि यव आदि के नाम हैं, तृण यव आदि के गुच्छे को अर्थात् नाल आदि पुञ्ज समूह को स्तम्बः "गुत्सः" कहते हैं ; वा धोर, मीर, आदि प्रसिद्ध के नाम हैं, ॥ २१ ॥ इस गुच्छे का जो काण्ड है वह नाड़ी "और भी नाली", नालं "और नाड़ं", काण्डः, कहलाता है, पलालः, यह १ प्यार, वा पुआरा, इस प्रसिद्ध का नाम है, कडंगरः, बुसं, वा "बुषं" ये २ तुच्छ धान्य-वा भूसा इस प्रसिद्ध के नाम हैं, धान के छिलका को तुषः, वा तुसः, वा भूसी, कहते हैं, (एकं) ॥ २२ ॥

टूंड़ ।	पुन शूको (ऽस्त्री श्लक्ष्णं तीक्ष्णाग्रे)
छीमी ।	स स शमी सिम्बा
	(त्रिषूत्तरे) ।
ढेर-उकांव-कुनांव।	पुसन १पुसन ऋद्धं मावसितं (धान्यं)
ओसाया-वा बसाया।	पुसन पुसन पूतं (तु) बहुलीकृतम् ॥ २३ ॥
छीमीवाले ।	न (माषादयः) शमीधान्ये
बालि-वा टूंड़वाले।	न शूकधान्ये (यवादयः) ।
जड़हन आदि धान	२पु शालयः (कलमाद्याश्च षष्टिकाद्याश्च पुंस्यमी) ॥ २४ ॥
तिनी-वा मुनि अन्न	न पु तृणधान्यानि नीवाराः
स्यहुंआं ।	स ३स (स्त्री) गवेडु-र्गवेधुका ।
मूसल ।	पुन पुन अयोग्रं मुसलो (ऽस्त्री स्याद्)
ओखरी ।	न ४न उदूखल मुलूखलम् ॥ २५ ॥

१आ—. २ शालि. ३ ग—. ४ उ—.

पतला चिकना और तीखा ऐसा जो यव आदि का अग्रभाग है उसे शूकः "वा शूकं" कहते हैं वा अनाज की दाढ़ी, शमी, सिम्बा, "और भी शिंबा, और शिंबिः" ये २ शेंगरी, फली, छिम्मी वा कलाई इन प्रसिद्धों के नाम हैं, उत्तरे अर्थात् ऋद्ध आदि चार अपने विशेष्य के लिङ्ग के समान लिङ्गवाले हैं, ऋद्धं, आवसितं, "और भी अवसितं" ये २ तृण दूर किये पके दायें धान्य के ढेर के नाम हैं, पूतं, बहुलीकृतं, ये २ भूस दूर किये धान्य के नाम हैं, शूप आदि से स्वच्छ किये के यह एक का मत है ॥ २३ ॥ शमी में होनेवाले धान्य माष आदि अर्थात् उरद मूङ आदि भेद हैं, जैसा रत्नकोश में कहा है, "(मुद्गो माषो राजमाषः कुलत्थश्चणकस्तिलः । कलायस्तूवर इति शमीधान्यगणः स्मृत इति)" (शकं), शूक सहित धान्यशूक धान्य है उस में यव गोधूम आदि जानना चाहिये, (शकं) बड़े नाल और बहुत जल से उत्पन्न ब्रीहि विशेष कलमः कहलाता है, इस की अपेक्षा कुछ अल्प मर्य्याद का और साठ रात्रि में पकनेवाला षष्ठिकः कहलाता है आदि शब्द से राजशालि आदि हैं, (शकं) ये माष यव शालि कलम और षष्ठिक आदि पुल्लिंग हैं, ॥ २४ ॥ तृणधान्यं, और नीवारः, ये २ जंगली धान वा तीनी इस प्रसिद्ध के नाम हैं, बहुवचन से श्यामाक आदि ग्रहण किये जाते हैं, (शकं), गवेडुः, "गवेधुः वा गवेडुका", गवेधुका, ये २ मुनिअन्न विशेष वा स्यहुंआं वा चेना इस प्रसिद्ध के नाम हैं, अयोग्रं, मुसलः, "ऐसा प्रकार मुषलः" ये २ मूसल इस प्रसिद्ध के नाम हैं, उदूखलं, उलूखलं, ये २ ऊखल वा ओखली के नाम हैं ॥ २५ ॥

सूप ।	न पुन प्रस्फोटनं शूर्प्पं (मस्त्री)
चलनी ।	स पु चालनी तितउः (पुमान्) ।
थैली-वा बोरा ।	पु पु स्यूत-प्रसेवौ
ओड़ा डलवा वा छाबड़ा ।	पु पु काण्डोल-पिटौ
झांपी ।	पु पु कट-किलिञ्जकौ ॥ २६ ॥
	(समानौ)
रसोई का घर ।	१स न पुन रसवत्या (न्तु) पाकस्थान-महानसे ।
रसोई का अध्यक्ष ।	पु पौरोगव (स्तदध्यक्षः)
रसोईदार ।	पु पु सूपकारा (स्तु) बल्लवाः ॥ २७ ॥
	पु पु पु पु पु आरालिका आन्धसिकाः सूदा औदनिका गुणाः ।
पूआ आदि बनाने वाले	पु पु पु आपूपिकः कान्दविको भक्ष्यकार (इमे त्रिषु) ॥ २८ ॥
चूल्हि-वा चूल्हा ।	न न २स स ३स अश्मन्त मुद्धान मधिश्रयणी चुल्लि रन्तिका ।
अंगेठी ।	स ४स ५स अङ्गारधानिका ऽङ्गारशकट्य (पि) हसन्त्य (पि) ॥ २९ ॥

१—ती. २ अ—. ३ अं—. ४—टी. ५—न्ती.

प्रस्फोटनं, शूर्प्पं, 'वा सूर्प्पं" ये २ सूप इस प्रसिद्ध के नाम हैं, चालनी, "और भी न॰ चालनं" तितउः, ये २ चालनी इस प्रसिद्ध के नाम हैं, "(तनोतिसारं तितउः)" स्यूतः, "उसी प्रकार स्योतः, और स्यूनः, वा स्योनः", प्रसेवः, ये २ धान्य आदि के भरने के लिये गोन बोरा इस प्रसिद्ध के नाम हैं, काण्डोलः, पिटः, "और भी पिटकः, वा पेटकः" ये २ बांस के बने पात्र विशेष वा टोरा—आदि के नाम हैं. कटः, किलिञ्जकः, ये २ बांस के बने करंडा—वा बोरी आदि प्रसिद्ध के नाम हैं, "(कटत्यावृणोतीति कटः)" ॥ २६ ॥ समानौ यह स्यूत आदि युगलों से संबन्ध रखता है, रसवती, पाकस्थानं, महानसं, ये ३ पाकस्थान के—वा पाकशाला—वा रसोई के घर के नाम हैं, उस पाकस्थान का अध्यक्ष पौरोगवः कहलाता है, सूपकारः, वल्लवः, ॥ २७ ॥ आरालिकः, आन्धसिकः, सूदः, औदनिकः, गुणः, ये ७ पाक करनेवाले के—वा रसोईदार के नाम हैं, आपूपिकः, कान्दविकः, भक्ष्यकारः, "वा भक्ष्यंकारः, भक्षकारः भी" ये ३ भक्ष्यकार के नाम हैं, भक्ष्यं तेल से पक्के आदि हैं, ये पौरोगव आदि वाच्यलिंग हैं, ॥ २८ ॥ अश्मन्तं, उद्धानं, "और असमंतं," "और उध्मानं, वा उद्धारं" अधिश्रयणी, चुल्लिः, "और चुल्ली" अन्तिका "वा अन्दिका" ये ५ चूल्ह के नाम हैं, अंगारधानिका, अंगारशकटी, हसन्ती, ॥ २९ ॥

	१स हसन्य (प्य)
अंगार ।	पुन (ऽथ न स्त्री स्याद्) अङ्गारो
लुकाठ-वा लुक्का	न न ऽलात मुल्मुकम् ।
खपरी ।	न पु (क्लीवे) ऽम्बरीषं भ्राष्ट्रः (ना)
भट्ठी-वा भाड ।	पुसन स कन्दू (र्वा) स्वेदनी (स्त्रियाम्) ॥ ३० ॥
मटका-वा कूंडा ।	पु पु अलिञ्जरः (स्यान्) मणिकः
करवा-वा गडुआ	२स स ३स कर्कर्य्या लु-र्गलन्तिका ।
वटुआ-वा वटलोही ।	पु स स न पिठरः स्थाल्यु खा कुण्डं
घड़ा वा गगरी ।	पुसन कलश (स्तु-स्त्रिपुंद्वयोः) ॥ ३१ ॥
	पुन पुन ४पुन घटः कुट-निपाव्
सरया-वा परई-दीआ।	पुन पुन (अस्त्री) सरावो वर्द्धमानकः ।
तावा ।	न न ऋजीषं पिष्टपचनं
कटोरा-वा खोरा ।	पुन पुन कंसो (ऽस्त्री) पानभाजनम् ॥ ३२ ॥

१—नी. २—री. ३ग—. ४ निप.

हसनी, ये ४ अंगेठी के नाम हैं, अंगारः, अलातं, उल्मुकं. ये ३ अच्छे जलते काष्ठ के नाम हैं, वा आद्य १ अंगार का नाम है, अन्त्य २ अधजली लकड़ी के नाम हैं, यह भी मत है; अम्बरीषं, वा अम्बरीषं, भ्राष्ट्रः ये २ चने आदि के भूजने के पात्र के—वा खपरा—वा कड़ाह—इस प्रसिद्ध के नाम हैं; कन्दूः, वा कंदुः, स्वेदनी, ये २ मद्य बनाने के उपयोगी के—वा भट्ठी इस प्रसिद्ध के नाम हैं; ॥ ३० ॥ अलिञ्जरः, "वा अलञ्जरः" मणिकः, ये २ वड़े घड़े के नाम हैं वा मटका इस प्रसिद्ध के नाम हैं; कर्करी, आलुः, "आलः, और आलुः, वा आरुः" गलन्तिका, ये ३ चावल आदि के धोने के पात्र—वा छोटा कलशा—वा कलशी वा गडुआ के नाम हैं; पिठरः, "और भी स्त्री॰ पिठरी" स्थाली, और न॰ स्थालं" उखा, वा उपा, कुण्डं वा स्त्री॰ कुण्डी, ये ४ स्थाली के—वा हांडी वा हण्डा वा वटलोही आदि के नाम हैं; कलशः, वा कलसः, स्त्री॰ कलशिः, —शी,—सिः, वा—सी, नपु॰ कलसं—शं, ॥ ३१ ॥ घटः, कुटः, निपः, "घटी" ये ४ कलश के वा घट के नाम हैं, सरावः "वा शरावः" वर्द्धमानकं, ये २ ढकना—वा मलैया वा—सरावा आदि के नाम हैं; ऋजीषं, "और भी ऋचीषं", पिष्टपचनं, ये २ तवा—वा कड़ाही—हण्डा आदि के नाम हैं; कंसः, "वा कंशः, और भी कांस्यं" पानभाजनं, ये २ पानपात्र—वा कटोरा, वा कटोरी— वा आबखोरा—आदि के नाम हैं; ॥ ३२ ॥

कुप्पा । कुप्पी ।	स कुतूः (कृत्तेः स्नेहपात्रं) पु (सैवाल्पा) कुतुपः (पुमान्) ।
सब वर्त्तन ।	न न पुन न न (सर्वम्) आवपनं भाण्डं पात्रा-मत्रे (च) भाजनम् ॥ ३३ ॥
कर्छुलि । दर्वी-कर्छुलि का भेद ।	स स स दर्विः कम्बिः खजाका (च स्यात्) पुस १पु तद्दू-द्रुसहस्तकः ।
साग । साग का दण्ड ।	न न २पु (अस्त्री) शाकं हरितकं शिग्रु पु पु (अस्य तु नाडिका) ॥ ३४ ॥
इस्का मसाला ।	कडम्ब-(श्च) कलम्ब-(श्च) पु पु वेसवार उपस्करः ।
चूक । मिर्च्च ।	न पुन न तिन्तिडीक (ञ्च) चुक्र (ञ्च) वृक्षाम्लम् न (अथ) वेल्लजम् ॥ ३५ ॥
	न न न न न मरीचं कोलकं कृष्णा मूषणं धर्म्मपत्तनम् ।
जीरा । काला जीरा ।	पु पु स स जीरको जरणो ऽजाजी कणा (कृष्णे तु जीरके) ॥ ३६ ॥
	स स स स ३स ४स सुषवी कारवी पृथ्वी पृथुः काला पकुञ्चिका ।
अदरख । धनियां ।	न न आर्द्रकं शृङ्गवेरं (स्याद्) स न (अथ) छत्रा वितुन्नकम् ॥ ३७ ॥

१ दा–. २–ग्रु. ३ काला. ४ उ–.

कृत्तेः अर्थात् चाम का बना स्नेह–तैल–घृत–आदि के रखने का पात्र कुतूः कहलाता है, वा कुप्पा–आदि कहलाते हैं, (एक) वही कुतूः अल्पा होय तो कुतुपः कहलाता है, "वा कुप्पी इस प्रसिद्ध का नाम है" सब सूत आदि और पिठर आदि, पात्र मात्र, आवपनादि संज्ञक हैं, आवपनं, भाण्डं, पात्रं, अमत्रं, भाजनं ये ५ बासन वा वर्त्तन इस प्रसिद्ध के नाम हैं, ॥ ३३ ॥ दर्विः, कम्बिः, "और भी दर्वी, और कम्बी" खजाका, "उसी प्रकार पुं॰ खजः" ये ३ दर्वी के वा–चिमचा–वा कर्छी–वा कलछुलि के नाम हैं, "(खजति मथ्नाति पाकं खजाका)" तर्द्दूः, दारुहस्तकः, ये २ दर्वी के भेद के वा काठ के बने हाथ–वा चिमचे के नाम हैं, शाकं, हरितकं, शिग्रुः, "वा सिग्रुः", ये ३ वथुआ आदि शाक के नाम हैं, "(शक्यते भोक्तुमनेन शाकम्)"; इस शाक की नाड़िका अर्थात् नाल ॥ ३४ ॥ कडम्बः, कलम्बः, ये २ शाक के डंठे के नाम हैं; वेसवारः, "और भी वेशवारः, वा वेषवारः" उपस्करः, ये २ शाक आदि के संस्कार के अर्थ बनाये हुए हरदी सरसो और मरिचा आदि के चूर्ण वा मसाला प्रसिद्ध के नाम हैं "(आत्रेयसंहिता में कहा है, चित्रकं पिप्पलीमूलं, पिप्पली चव्यनागरं, धान्याकं रजनी श्वेततंडुलाश्च समांशकाः॥ वेसवार इति ख्यातः शाकादिषु नियोजयेदिति। दश पल हरदी के, बीस पल धनिआं के, पांच पल शुद्ध जीरा के, अढाई पल मेथी के, ये चार भूंजे हुये लेने चाहिये, तीन पल मरिचा के आधा पल हींग का, ये सब एकट्ठा मिला कर कूटा हुआ वेसवार कहलाता है यह अन्य का मत है;) तिंतिड़ीकं, "तिंतिडिकं भी" चुक्रं, वृक्षाम्लं, ये ३ तिंतिड़ीक के वा अमिली वा खट्टे के वा चूका शाक विशेष के नाम हैं, "वा अमला इस प्रसिद्ध के नाम हैं"; वेल्लजं, ॥ ३५ ॥ मरीचं, "वा मरिचं" कोलकं, कृष्णां, ऊषणं, "वा उषणं" धर्मपत्तनम्, ये ६ काली मिरच के नाम हैं, जीरकः, जरणः, अजाजी, कणा, ये ४ जीरा के नाम हैं, ॥ ३६ ॥ सुषवी, "उसी प्रकार सुशवी, वा सुसवी" कारवी, पृथ्वी, पृथुः, काला, उपकुंचिका, ये ६ कालेजीरे के नाम हैं, आर्द्रकं, शृंगवेरं, ये २ आदी के नाम हैं, "वा सोंठि की पहिली अवस्था के नाम हैं", छत्रा, वितुन्नकम्, ॥ ३७ ॥

	न न
	कुस्तुम्बुरु (च) धन्याकम्
	स न
सोंठि ।	(अथ) शुण्ठी महौषधम् ।
	सन न न
	(स्त्रीनपुंसकयोर्) विश्वं नागरं विश्वभेषजम् ॥ ३८ ॥
	न न १न २न
कांजी ।	आरनालक-सौवीर-कुल्माषा-ऽभिषुतानि (च) ।
	न न ३न न
	अवन्तिसोम-धान्याम्ल-कुञ्जलानि (च) काञ्जिके ॥ ३९ ॥
	न न न पुन न
हींग ।	सहस्रवेधि जतुकं वाह्लीकं हिङ्गु रामठम् ।
	स स स स स स
हींग वृक्ष की पत्ती ।	तत्पत्री कारवी पृथ्वी वाष्पिका कवरी पृथुः ॥ ४० ॥
	स स स स स
हरदी ।	निशाह्वा काञ्चनी पीता हरिद्रा वरवर्णिनी ।
	न न
समुद्र नून ।	(सामुद्रं यत्तु लवण) मक्षीवं वसिर (ञ्च तत्) ॥ ४१ ॥
	पुन न न न
सैन्धव ।	सैन्धवो (ऽस्त्री) शितशिवं माणिमन्थ (ञ्च) सिन्धुजे ।

१—प. २—न. ३—ल.

कुस्तुम्बुरु, "उसी प्रकार तुम्बरु, और स्त्री· कुस्तुम्बुरी और तुम्बुरी" धन्याकं, "और भी धान्यकं, धनिकं, धनीयकं, धनेयकं, धान्यं, और स्त्री· धन्या" ये ४ धनियां के नाम हैं, "वा कोथिंबिरी इस प्रसिद्ध के नाम हैं"; शुंठी, "वा शुण्ठिः" महौषधम्, "और भी स्त्री· महौषधी" विश्वं, स्त्री· "विश्वा", नागरं, विश्वभेषजम्, ये ५ सोंठि के नाम हैं, "(विश्वस्य दोषस्य भेषजम्)" ॥ ३८ ॥ आरनालकं, सौवीरं, कुल्माषं, "वा कुल्मासः, कुल्माषः, और कुल्माषाभिषुतं" अवन्तिसोमं, धान्याम्लं, कुञ्जलं, कांजिकं, "और भी कांचिकं, वा कांजीकं, स्त्री· कांजिका" ये ८ कांजिक के नाम हैं. "वा खट्टे माण के-वा कुछ माष के और चावल आदि के मिले हुये खट्टे माण के नाम हैं, ॥ ३९ ॥ सहस्रवेधि, जतुकं, वाह्लीकं, "वा वाह्लिकं" हिंगु, रामठं, "और रमठं" ये ५ हिंगु वृक्ष के निर्य्यास के वा हींग इस प्रसिद्ध के नाम हैं, "(सहस्त्रं विध्यति गन्धेन सहस्त्रवेधि)" उस हींग की पत्री तत्पत्री, "हिंगुपत्री, वाजे पढते हैं त्वक्पत्री", कारवी, पृथ्वी, वाष्पिका, "वा वार्ष्णिका" कवरी "और भी कर्वरी", पृथुः, ये ५ हिङ्गुवृक्ष की पत्ती के नाम हैं; ॥ ४० ॥ निशाह्वा, "और निशा" काञ्चनी, पीता, हरिद्रा, वरवर्णिनी, ये ५ हरदी के नाम हैं, "निशाह्वा अर्थात् निशा के पर्य्यायवाची हैं, इसी से रजनी, रात्रिः, ये आदि भी इस के नाम हैं"; अक्षीवं, "वा अक्षिवं", वसिरं, "और भी वशिरं" ये २ समुद्र नून के नाम हैं; ॥ ४१ ॥ सैंधवः, शितशिवं, "और सितशिवं, वा शीतशिवं, और शीतसिवं" मणिमंथं सिंधुजं, "और भी माणिमन्थं", ये ४ सैंधव—या पहाड़ी नोन के नाम हैं; ।

सांभर ।	न न रौमकं वसुकं
खारी ।	न न न पाक्यं विड (ञ्च) कृतके (द्वयम्) ॥ ४२ ॥
सोंचर ।	न न न सौवर्चले ऽच्च-रुचके
काला नोन ।	न तिलकं (तत्र मेचके) ।
राब-वा खांड़ ।	स न मत्स्यण्डी फाणितं (खण्डविकारे)
पक्कीचीनी-वा मिश्री।	स स शर्करा सिता ॥ ४३ ॥
दही दूध मिला पदार्थ ।	स स कूर्चिका क्षीरविकृतिः (स्याद्)
शिखरन वा चटनी	स स रसाला (तु) मार्जिता ।
कढ़ी ।	न न (स्यात्) तेमनं (तु) निष्ठानं (त्रिलिङ्गा वासितावधेः) ॥ ४४ ॥
शूल पर भुने मांस।	पुसन पुसन १पुसन शूलाकृतं भटित्रं (स्याच्) छूल्यं
बटुआ में पके ।	पुसन पुसन उख्यं (तु) पैठरम् ।

१ शूल्यः

रौमकं, "और भी रौमं" वसुकं; "वसूकं" ये २ सांभर नोन इस प्रसिद्ध के नाम हैं पाक्यं, विडं, कृतकं ये ३ कृतक के अर्थात् बनाये हुये नोन के नाम हैं, "(क्षारमट्टी को पकाकर लवण बनाते हैं अर्थात् खारी नोन यह प्रसिद्ध है)"; ॥ ४२ ॥ सौवर्चलं, अक्षं, रुचकं, ये ३ मधुर लवण के भेद के वा सोंचर इस प्रसिद्ध के नाम हैं, तिन में कृष्ण वर्ण के सौवर्चल को तिलकं कहते हैं, (एकं) यों वैद्योंने कहा है "(कृष्णसौवर्चलगुणालवणे गन्धवर्जिते)" इति; मत्स्यण्डी, फाणितं, ये २ राब—खांड़—वा कच्ची चीनी के नाम हैं; खंड़विकारः, शर्करा, सिता, ये ३ पक्की चीनी—वा सफेद चीनी के नाम हैं, ये ५ भी शर्करा के नाम हैं यह किसी का मत है; ॥ ४३ ॥ दही आदि से जो क्षीर का विकार है उसे कूर्चिका, और क्षीरविकृतिः, कहते हैं, "वा कुर्चिका" जो किसी ने कहा है "(दध्नासह पयः पक्वं यत्तत्स्याद्दधिकूर्चिका। तक्रेण पक्वं यत्क्षीरं सा भवेत्तक्रकूर्चिकेति)" (एकं); रसाला, मार्जिता, ये २ दधि—मधु—शर्करा—मरिचा—आर्द्रादि के किये चाटने के योग्य—वा चटनी के नाम हैं; तेमनं, निष्ठानं, ये २ दही आदि के बने छंकके व्यंजन के वा कढ़ी इस प्रसिद्ध के नाम हैं; इस के परे वासित अन्त त्रिलिङ्ग और वाच्यलिंग हैं; ॥ ४४ ॥ शूलाकृतं, भटित्रं, शूल्यं, ये ३ शूलसंस्कार किये मांस आदि के नाम हैं, "(शूलेन पक्वं शूलाकृतम्)" शूलं लोहशलाका, उख्यं, पैठरं, ये २ स्थाली में पके अन्न आदि के नाम हैं; ।

रसिस्राव ।	पुसन १पुसन प्रणीत मुपसम्पन्नं
पूरी आदि ।	पुसन पुसन प्रयस्तं (स्यात्) सुसंस्कृतम् ॥ ४५ ॥
पनिहा व्यञ्जन ।	पुसन पुसन (स्यात्) पिच्छिलं (तु) विजिलं
बीना अन्न ।	पुसन पुसन संमृष्टं शोधितं (समे) ।
चिकना ।	पुसन पुसन पुसन चिक्कणं मसृणं स्निग्धं
छौंका ।	पुसन पुसन (तुल्ये) भावित-वासिते ॥ ४६ ॥
मुरमुरा वा हावुस ।	न पु २पु आपक्कं पौलि(रभ्यूषो
धान का लावा ।	पुवहु पुनवहु लाजाः (पुंभूम्नि चा)ऽक्षतम् ।
चिउड़ा ।	पु पु पृथुकः (स्याच्) चिपिटको
बहुरी ।	सवहु धाना (भ्रष्टयवे स्त्रियाम्) ॥ ४७ ॥
बरा-वा पूआ ।	पु पु पु पूपो ऽपूपः पिष्टकः (स्यात्)
दही साना सत्तू ।	पु ३पुवहु करंभो दधिसक्तवः ।

१ उ–. २ अ–. ३–क्तु.

प्रणीतं, उपसम्पन्नं, ये २ रस आदि से सम्पन्न मांस वा व्यंजन आदि के नाम हैं; प्रयस्तं सुसंस्कृतं, ये २ प्रयत्न से सिद्ध घृतपक्क आदि के नाम हैं; ॥ ४५ ॥ पिच्छिलं, विजिलं, "और भी विजिनं, और विज्जलं, वा विजयिनं" ये २ मांड युक्त दही आदि के–वा साढ़ी सुद्धा दही–या मट्ठा इस प्रसिद्ध के नाम हैं, संमृष्टं, शोधितं, ये २ केशकीड़ा आदि के दूर करने से शोधे अन्न आदि के नाम हैं; चिक्कणं, मसृणं, स्निग्धं, ये ३ चिकने के नाम हैं, भावितं, वासितं, ये २ पुष्प आदि द्रव्यांतर से वासित के नाम हैं, जैसे धूप से भावित तिल हैं; ॥ ४६ ॥ आपक्कम्, पौलिः, अभ्यूषः, "और भी अभ्युषः, और अभ्योषः", ये ३ आधे पके गेहूं यव आदि घृत वा अग्नि में भूंजे वा किये पक्वान्न के नाम हैं, लाजाः, भूंजे धान के नाम हैं यह पुल्लिंग और बहुवचन है, इसी प्रकार अक्षताः भी, 'अक्षताः यवाः यह पुराण है" वा अक्षतं, यह एक गीले चावल का नाम है, यह मुकुट का मत है "स्त्री· लाजा, बहु–अक्षताः"; पृथुकः, चिपिटकः, "चिपिटः, चिपुटः, उसी प्रकार चिपिटः", ये २ गीले भुने हुये ब्रीही के तण्डुल के वा चिउड़ा इस प्रसिद्ध के नाम हैं, धाना, यह एक भुने हुये यव के नाम हैं, नित्य स्त्रीलिङ्ग और बहुवचन है. ॥ ४७ ॥ पूपः, अपूपः, पिष्टकः, ये ३ पिसे हुये तंडुल से बने भक्ष्य भेद के नाम हैं वा बड़ा–या पूआ इस प्रसिद्ध के नाम हैं, दही से युक्त सक्तु दधिसक्तवः, करंभः "और भी करम्भः" कहलाता है, "(केन जलेन रम्यते करंबः)"; ।

भात।	स न न न १पुन पु भिस्सा(स्त्री)भक्त मन्धो ऽन्न मोदनो(ऽस्त्री स)दीदिविः॥४८॥
जला अन्न वा भात	स स भिस्सटा दग्धिका
मांड-मैल।	पुन (सर्वरसाग्रे) मण्ड (मस्त्रियाम्)।
माण।	पु २पु पु मासरा चाम निस्रावा (मण्डे भक्तसमुद्भवे)॥ ४९॥
लप्सी वा गीला भात।	स ३स स स स यवागू रुष्णिका श्राणा विलेपी तरला (च सा)।
गव्य।	पुसन गव्यं (त्रिषु गवां सर्वं)
गोबर।	४सन ५पुन गोविड् गोमय (मस्त्रियाम्)॥ ५०॥
उपला।	पुन (तत्तुशुष्कं) करीषो (ऽस्त्री)
दूध।	न न ६न दुग्धं क्षीरं पयः (समम्)।
घी आदि।	न पयस्य (माज्यदध्यादि)
पतलादही।	न द्रप्स्यं (दधि घनेतरत्)॥ ५१॥
घी।	न ७न ८न ९न घृत माज्यं हविः सर्पिर्
नवनीत-वा नयनू।	न न नवनीतं नवोद्धृतम्।

१ ओ—. २ आ—. ३ उ—. ४—ष्. ५ गो—. ६—स्. ७ आ—. ८—स्. ९—स्.

भिस्सा, "वा भिक्षा", भक्तं, अन्धः, "अन्धः (स) अन्नं, ओदनः, दीदिविः, ये ६ अन्न वा भात के नाम हैं, ॥ ४८ ॥ भिस्सटा, "और भिस्सिटा, वा भिक्षिटा, भिक्षिष्टा, भिक्षिका" दग्धिका, ये २ जले भात वा अन्न के नाम हैं, सब रसों का और द्रवद्रव्यों का अग्र अर्थात् अग्रिमद्रव मण्ड कहलाता है, मासरः, आचामः, निस्रावः, "उसी प्रकार विस्रावः" ये ३ भात के मांण के नाम हैं, ॥ ४९ ॥ यवागूः, उष्णिका, श्राणा, विलेपी, तरला, ये ५ गीले भात वा किसी के मत से लप्सी के नाम हैं, गैयों के सब अर्थात् गैया में होनेवाले सब, क्षीर—दही—घी—आदि गव्यं कहलाता है, (एकं) गोविट्, गोमयं, ये २ गाय के गोवर के नाम हैं, ॥ ५० ॥ वह गोमय सूखा हो तो करीषं कहलाता है, उपला उपली—इस प्रसिद्ध के नाम हैं; दुग्धं, क्षीरं, पयः, ये ३ दूध इस प्रसिद्ध के नाम हैं, पय का विकार जो घी—दही—आदि है वह पयस्यं कहलाता है, (एकं); आदि पद से तक्र और नवनीत का ग्रहण है; जो घन से इतरत् अर्थात् भिन्न वा पतला दही है उसे द्रप्स्यं, "और भी द्रप्स्यं, और द्रप्सं वा सरं" कहते हैं, "दगरी दही इस प्रसिद्ध का नाम है", ॥ ५१ ॥ घृतं, आज्यं, हविः, सर्पिः, ये ४ घी के नाम हैं, नवनीतं, नवोद्धृतं, ये २ नवनीत वा नयनू—माखन—आदि के नाम हैं, अर्थात् दही मथने से उस काल उत्पन्न हुआ है;।

टटका नयनू ।	न (तत्) हैयंगवीनं (यत् ह्योगोदोहोद्भवं घृतम्) ॥ ५२ ॥
गोरस वा मंठा ।	न न १न पु दण्डाहतं कालशेय मरिष्ट (मपि) गोरसः ।
मंठा के भेद ।	न २न न तक्रं (ह्यु) दश्वि न्मथितं (पादाम्ब्वर्द्धाम्बुनिर्जलम्) ॥ ५३ ॥
दही का जल ।	न (मण्डं दधिभवं) मस्तु
पेयुस ।	पु पीयूषो (ऽभिनवं पयः) ।
भूख ।	स स ३स अशनाया बुभुक्षा क्षुद्
कवर ।	पु ४पु ग्रास (स्तु) कवलो (ऽर्थकः) ५४ ॥
साथ पीना ।	स न सपीतिः (स्त्री) तुल्यपानं
साथ खाना	स न सग्धिः (स्त्री) सहभोजनम् ।
प्यास ।	स स ५स पु उदन्या (तु) पिपासा तृट् तर्षो
खाना वा भोजन ।	स न जग्धि (स्तु) भोजनम् ॥ ५५ ॥
	न पु पु पु पु जेमनं लेप आहारो निघसो न्याद (इत्यपि) ।

१ अ–. २ उ–त्. ३–धं. ४–ल. ५–स्.

पूर्व दिन के गोक्षीर के दही से उत्पन्न घृत को हैयंगवीनं कहते, हैं, (एकं), ॥ ५२ ॥ दण्डाहतं, कालशेयं, "वा कालसेयं" अरिष्टं, गोरसः, ये ४ दण्ड से मथे मंठा वा गोरस मात्र के नाम हैं, उस्में विशेष यह है, कि दही का चतुर्थांश जल देकर दण्ड से मथा हुआ तक्रं कहलाता है; आधा जल जिस गोरस में दिया गया उसे उदश्वित् कहते हैं, और जल रहित दही मथनमात्र से मथितं कहलाता है, (एकैकं) ॥ ५३ ॥ दही से उत्पन्न पहिला मंडमस्तु कहलाता है, "दही के ऊपर के भाग को वा वस्त्र से निकाले दही के जल को मस्तु कहते हैं यह भी किसी का मत है, अभिनवंपयः अर्थात् सात दिवस तक की नई प्रसूत गोक्षीर को पीयूषः, "और भी पेयूषः" कहते हैं, (एकं), अशनाया, बुभुक्षा, क्षुत्, ये ३ क्षुधा के नाम हैं, "क्षुत् (–ध्) और भी क्षुधा", ग्रासः, कवलः, ये २ ग्रास या कवर के नाम हैं; कवलार्थकः, यह भी पाठ है, ॥ ५४ ॥ सपीतिः, तुल्यपानं, ये २ साथ पीने के नाम हैं, सग्धिः, सहभोजनं, ये २ सहभोजन के वा साथ भोजन के नाम हैं; उदन्या, पिपासा, तृट्, "तृषा, तृष्णा" तर्षः ये ४ प्यास, के नाम हैं, जग्धिः, भोजनं, ॥ ५५ ॥ जेमनं, "वा जमनं", लेपः, "लेहः", आहारः निघसः, "उसी प्रकार विघसः" न्यादः, ये ७ भोजन के नाम हैं; ।

अघाया ।	सौहित्यं तर्पणं तृप्तिः
जूंठा ।	फेला भुक्तसमुज्झितम् ॥ ५६ ॥
।	कामं प्रकामं पर्य्याप्तं निकामेष्टं यथेप्सितम् ।
अहीर ।	गोपे गोपाल गोसंख्य गोधुगाभीर वल्लवाः ॥ ५७ ॥
चौपाये ।	(गोमहिष्यादिकं) पादबन्धनं
गोस्वामी ।	(द्वौ) गवीश्वरे । गोमान् गोमी
गैयों का समूह ।	गोकुल (न्तु) गोधनं (स्याद्) गवांव्रजे ॥ ५८ ॥
जहां पहिले गैयों ने खाया ।	(त्रिष्वा) शितंगवीनं (तद्यावो यत्राशिताः पुरा) ।
बैल ।	उक्षा भद्रो बलीवर्द ऋषभो वृषभो वृषः ॥ ५९ ॥
	अनड्वान् सौरभेयो गौर्
बैल का समूह ।	(उक्ष्णां संहतिर्) औक्षकम् ।
गैयों का झुण्ड ।	गव्या गोत्रा (गवां)
बछड़ों का समूह, धेनुओं का समूह ।	(वत्सधेन्वोर्) वात्सक-धैनुके ॥ ६० ॥

१—मं. २ इष्टं. ३ आ—. ४—त्. ५—न्. ६ आ—. ७—डुह्. ८ गो.

सौहित्यं, तर्पणं, तृप्तिः, ये ३ तृप्ति के नाम हैं, खाया पीछे शेष को त्याग किया वह भुक्तसमुज्झितं है वही फेला कहलाती है "और फेलिः, और भी पुं॰ फेलकः" ॥ ५६ ॥ कामं, प्रकामं, पर्य्याप्तं, निकामं, इष्टं, यथेप्सितं, ये ६ यथेप्सित वा चाह के नाम हैं, और ये सब क्रियाविशेषण हैं, जैसे यथाकामं भुंक्तेस्म; गोपः, गोपालः, गोसंख्यः, गोधुक्, (ह) और भी गोदुहः, आभीरः, "वा अभीरः भी" वल्लवः, ये ६ गोपाल वा अहीर के नाम हैं, ॥५७॥ गोमहिष्यादिकं अर्थात् गैया भैंस आदि को पादबन्धनं कहते हैं, "बाजे पढ़ते हैं यादबन्धनं, यहां गैया आदि यादवं है" आदि पद से खर-अजा आदि का ग्रहण है; गवीश्वरः, गोमान्, गोमी, ये ३ गैयों के स्वामी के नाम हैं, "गोमन्तौ, गोमिनौ"; गोकुलं, गोधनं "बाजे पढ़ते हैं धनं" गवांव्रजः, ये ३ गैयों के समूह के नाम हैं, ॥ ५८ ॥ जहां पहिले गैयां खिलाई गई उस स्थान को आशितंगवीनं, "आशितंगवीनः, (ना—नं) वा अशितंगवीनः, (ना—नं), वा उपितंगवीनः, (ना—नं)", कहते हैं, और तीनों लिंग हैं, उक्षा, भद्रः-बलीवर्दः, "और वरीवर्दः, वा वलीवर्दः" ऋषभः, वृषभः, वृषः, ॥ ५९ ॥ अनड्वान्, "स्त्री॰ अनड्वाही, और अनडुही" सौरभेयः, गौः, ये ९ वृषभ वा बैल के नाम हैं, वृषभों का समूह औक्षकं कहलाता है, (एकं) गवांसंहतिः अर्थात् गैयों के समूह का गव्या, गोत्रा, ये २ नाम हैं, बछड़ों का समूह वात्सकं कहलाता है, धेनुओं का समूह धैनुकं कहलाता है, (एकैकं), क्रम से जानना ॥ ६० ॥

	पु
बड़ा बैल।	(वृषो महान्) महोक्षः (स्याद्) पु पु
बूढ़ा बैल।	वृद्धोक्ष-(स्तु) जरद्गवः।
	पु
कलोर।	(उत्पन्न उक्षा) जातोक्षः
	पु
नया बछड़ा।	(सद्योजात स्तु) तर्णकः ॥ ६१ ॥
	पु पु
बछड़ा।	शकृत्करि (स्तु)-वत्सः (स्याद्) पु पु
तरुण बछड़ा।	दम्य-वत्सतरौ (समौ)।
	पु
स्वच्छन्द बैल।	आर्षभ्यः (षण्डतायोग्यः) पु १पु २पु
सांड़।	षण्डो गोपति रिट्चरः ॥ ६२ ॥
	पु
कान्धा।	(स्कन्धप्रदेशस्तु) वहः स पु
सास्ना—वा गले में लटका चाम।	सास्ना (तु) गलकम्बलः।
	पु पु
नाथे बैल।	(स्यात्) नस्तित (स्तु) नस्योतः
	पु पु
निकालने का काठ	प्रष्ठवाड् युगपार्श्वगः ॥ ६३ ॥
जोतने के योग्य।	पु पु ३पु
	(युगादीनां तु वोढारो) युग्य-प्रासंग्य-शाकटाः।
	पु पु
हलवाह।	(खनति तेन तद्वोढा ऽस्येदं) हालिक-सैरिकौ ॥ ६४ ॥
	पु पु पु पु
जोतू।	धुर्वहे धुर्य्य-धौरेय-धुरीणाः (स) धुरन्धरः।

१—ति. २ द्र—. ३—ट.

महान् वृषः अर्थात् बड़ा बैल महोक्षः कहलाता है, वृद्धोक्षः, जरद्गवः, "स्त्री॰ जरद्गवी", ये २ वृद्ध वृषभ के नाम हैं, उत्पन्न बलीवर्द भाव को प्राप्त उक्षा जातोक्षः, कहलाता है, सद्य उत्पन्न बछड़ा तर्णकः कहलाता है, (एकं) ॥ ६१ ॥ शकृत्करिः, "वा सकृत्करिः" वत्सः, ये २ बछड़े के नाम हैं; दम्यः, वत्सतरः, ये २ स्पष्ट तारुण्यवाले बछड़े के नाम हैं; षण्डता गोपतित्व है उस के योग्य को आर्षभ्यः कहते हैं. (एकं), षण्ढः, "शण्ढः, वा शण्डः" गोपतिः, इट्चरः, "और भी इट्वरः" ये ३ स्वेच्छाचारी अर्थात् सांड़ के नाम हैं "(षणोति गर्भं ददातीति षंडः, इच्छया चरतीति इट्चरः)" ॥ ६२ ॥ इस वृषभ का स्कन्ध देश वहः कहलाता है, "कंधा यह प्रसिद्ध है; सास्ना, गलकम्बलः, ये २ गैया के कण्ठ में लम्बे चाम के नाम हैं; नस्तितः, नस्योतः, ये २ नथे बैल के नाम हैं; प्रष्ठवाट्, (ह)" युगपार्श्वगः, "वा युगपार्श्वकः" ये २ बैल के ढीला करने के अर्थ जो ग्रीवा के साथ काठ बांधते हैं, उस के नाम हैं; ॥ ६३ ॥ युग का लेजानेवाला युग्यः कहलाता है, बछड़ों को दमन के समय जो काठ डालते हैं वह प्रासंगः है, उस का लेजानेवाला प्रासंग्यः कहलाता है, शकट का लेजानेवाला शाकटः कहलाता है, (एकैकं) तेन खनति इस आदि अर्थ में हालिक और सैरिक कहलाते हैं, जैसे हल से जो खनता है वह हालिकः है, इसी प्रकार हल का लेजानेवाला हालिकः वा हल का यह हालिकः कहलाता है, फिर सीर से खनता, सीर का लेजानेवाला, वा सीर का यह सैरिकः कहलाता है. सीर हल का पर्य्याय है, ये जोतू बैल के वा हलवाह के नाम हैं, ॥ ६४ ॥ धूर्वहः, "वा धूर्धरः", धुर्य्यः, धौरेयः, धुरीणः, धुरंधरः, ये ५ धुरंधर वा बलवान् बैल के नाम हैं।

एक कोई बोझा ले-जानेवाला।	पु १पु २पु (उभाव्) एकधुरीणै कधुरावेक धुरावहे ॥ ६५ ॥
सब बोझ का ले-जानेवाला।	पु पु (सतु) सर्व्वधुरीणः (स्याद्योवै) सर्वधुरावहः ।
गैया।	स स स ३स स स माहेयी सौरभेयी गौरु स्रा माता (च) शृङ्गिणी ॥ ६६ ॥ ४स ५स स अर्ज्जुन्य घ्या रोहिणी (स्याद्)
उत्तम गैया।	स (उत्तमा गोषु) नैचिकी ॥ ६७ ॥
चित्र विचित्र गैया।	स स (वर्णादिभेदा त्संज्ञाः स्युः) शवली धवला (दयः) ।
दो वर्ष की बछिया।	स स द्विहायनी द्विवर्षा (गौर्) स ६स
एक वर्ष की बछिया।	एकाब्दा (त्वे) कहायनी ॥ ६८ ॥
चार वर्ष की।	स स चतुरब्दा चतुर्हायणी
तीन वर्ष की।	स स (एवं) त्र्यब्दा त्रिहायणी ।
वंध्या।	स स वशा वन्ध्या
पतित गर्भा।	स स ऽवतोका (तु) स्रवद्गर्भा
गर्भिणी।	स (ऽथ) सन्धिनी ॥ ६९ ॥
बिना समय बैल के पास जाने वाली।	(आक्रांता वृषभेण) ७स ८स (ऽथ) वेह द्गर्भोपघातिनी ।

१ ए–र. २ ए–. ३ उस्रा. ४–नी. ५ अ–. ६ ए–. ७–त्. ८ ग–.

एकधुरीणः, एकधुरः, एकधुरावहः, ये ३ जो एकही धुरा को लेजाता है उस के नाम हैं, ॥ ६५ ॥ और जो सब धुराओं को लेजाता है उसे सर्वधुरीणः कहते हैं, (एकं) माहेयी, सौरभेयी, गौः, उस्रा, माता, शृंगिणी, ॥ ६६ ॥ अर्ज्जुनी, अघ्या, रोहिणी, ये ९ गैयों के नाम हैं, गावी, मातरी; जो गैयों में उत्तमा है उसे नैचिकी, "और नीचिकी, वा नीचिका, निचिकी" कहते हैं, वर्ण–अवयव–प्रमाणों के भेद से शवली धवला आदि गैयों की संज्ञा हैं; शवली चित्रवर्णा है, "शबला भी" धवला शुक्लवर्णा, "और धवली"; आदि पद से कृष्णा काली, कपिला भूरी, आदि अवयव भेद से लम्बकर्णी, चक्रशृंगी, आदि, प्रमाण भेद से हृस्वा छोटी, दीर्घा बड़ी, वामनी अति छोटी, आदि हैं (एकैकं) ॥ ६७ ॥ वयोभेद से संज्ञा भेद है, दो वर्ष प्रमाण है जिस का वह गौ द्विहायनी कहलाती है, (एकं) एक है अब्द वर्ष जिस का वह एकाब्दा गौ एकहायनी है, (एकं) ॥ ६८ ॥ चतुरब्दा गौ चतुरहायनी है, (एकं) त्रिवर्षा गौ त्रिहायनी कहलाती है, (एकं) वशा, वन्ध्या, ये २ बांझ वा बहिला इस प्रसिद्ध के नाम हैं; अवतोका, "वतोका भी" स्रवद्गर्भा, ये २ अकस्मात् पतितगर्भा के नाम हैं, वृषभ से मैथुन के अर्थ जो आक्रान्त है वह सन्धिनी कहलाती है, ॥ ६९ ॥ "(संधा गर्भाधानमस्त्यस्याः संधिनी)" (एकं) वृषभ के उपगमन से गर्भ की उपघातिनी वेहत्, और गर्भोपघातिनी, कहलाती है, (एकं) "वेहत् वृषोपगतेति भागुरिः" ।

बैल के पास जाने का उचित समय।	स १४ काल्या पसर्य्या (प्रजने)
गाभिन कलोर-वा श्रोसर।	स स प्रष्ठौही बालगर्भिणी ॥ ७० ॥
सीधी गैया।	स स (स्याद्) अचण्डी (तु) सुकरा
बहुत बच्चा देने वाली।	स स बहुसूतिः परेष्टुका।
बकेनि।	स स चिरसूता वष्कयणी
तुर्त की ब्याई।	स स धेनुः (स्यान्) नवसूतिका ॥ ७१ ॥
दूहने में सुशीला।	स स सुव्रता सुखसन्दोह्या
मोटे थन वाली।	स स पीनोध्नी पीवरस्तनी।
दश सेर दूध की।	स स द्रोणक्षीरा द्रोणदुघा
जो गिरों धरी गई।	स धेनुष्या (बन्धके स्थिता) ॥ ७२ ॥
प्रति वर्ष बच्चा देने वाली।	स समांसमीना (सा यैव प्रतिवर्षं प्रसूयते)।
थन।	२न न ऊध (स्तु क्लीवम्) आपीनं
खूंटा।	पु पु (समौ) शिवक-कीलकौ ॥ ७३ ॥
रस्सी।	३सन न (नपुंसि) दाम संदानं
डोरी।	स स पशुरज्जु (स्तु) दामनी।

१ उ-. २-स. ३-न. .

प्रजन जो गर्भ ग्रहण का काल है उसमें काल्या अर्थात् प्राप्तकाला जो गौ है वह काल्या, और उपसर्य्या, कहलाती है बालाही गर्भिणी बालगर्भिणी, प्रष्ठौही और बालगर्भिणी हैं. ॥ ७० ॥ अचण्डी, सुकरा, ये २ सीधी गैया के नाम हैं, बहुसूतिः, परेष्टुका, ये २ बहुत प्रसव करनेवाली के नाम हैं; चिरसूता, वष्कयणी, "उसी प्रकार वस्कयनी, और वष्कयिणी, वा अवष्कयणी, और भी वष्कयणी आदि", ये २ दीर्घ काल से प्रसव करनेवाली वा बकेना के नाम हैं; धेनुः, नवसूतिका, ये २ नूतन प्रसूता के नाम हैं; ॥ ७१ ॥ सुव्रता, सुखसंदोह्या, "सुखसंदुह्या" ये २ सुशीला के नाम हैं; पीनोध्नी, पीवरस्तनी, ये २ मोटे थनवाली के नाम हैं; द्रोणक्षीरा. द्रोणदुघा, ये २ द्रोणपरिमित दूध देनेवाली के नाम हैं; जो बंधक धरी गई ऋण देने तक ऋण दाता के दूहने के अर्थ वह धेनुष्या कहलाती है, (एक); ॥ ७२ ॥ जो वर्ष २ में बच्चा देती है वह समांसमीना अर्थात् बरसायन या बरसोड़ी कहलाती है, यह एक पंच अक्षर का पद है. ऊधः, "और भी उधः, और ओघः" आपीनं, ये २ गौ के थन वा आपीन के नाम हैं; शिवकः. कीलकः, ये २ गैयों के बांधने के लिये गड़े खूंटे के नाम हैं, ॥ ७३ ॥ दाम. "दामा (मन्) वा दामा (मा)", संदानं, ये २ बांधने की रस्सी के नाम हैं. पशुरज्जुः, दामनी, "उसी प्रकार सामनी, और दन्यनी भी" ये २ जिस बहुत गांठयुत एक रस्सी में बहुत पशु बांधे जाते हैं उनके नाम हैं; ।

मथनी वा रई—छोढ़ी।	पु पु पु पु पु वैशाख-मन्थ-मन्थान-मन्थाना मन्थदण्डके ॥ ७४ ॥
खंभा।	पु पु कुठरो दण्डविष्कम्भे
मथानी वा महेंड़ा।	स स मन्थनी गर्गरी (समे)।
ऊंट।	पु पु पु पु उष्ट्रे क्रमेलक-मय-महाङ्गाः
बच्चे।	पु पु करभः शिशुः ॥ ७५ ॥
छोटे बच्चे काठ में बंधे।	१पु (करभाः स्युः) शृंखलका (दारवैः पादबन्धनैः)।
बकरी।	स स अजा छागी
बकरा।	पु पु पु पु पु स्तुभः च्छाग-वस्त-च्छगलका अजे ॥ ७६ ॥
भेंड़ा।	पु २पु ३पु ४पु पु ५पु पु मेढ्रो-रभ्रो-रणो-र्णायु-मेष-वृष्णय एडकाः।
ऊंट समूह।	न ६न ७न (उष्ट्रोरभ्राजवृन्दे स्यात्) औष्ट्रको रभ्रका जकम् ॥ ७७ ॥
गदहा।	८पु पु पु पु पु चक्रीवन्त-(स्तु) बालेया रासभा गर्द्दभाः खराः।
साहूकार।	पु पु पु पु ९पु वैदेहकः सार्थवाहो नैगमो वणिजो वणिक् ॥ ७८ ॥
	पु १०पु पु पण्याजीवो (ह्या) पणिकः क्रयविक्रयिक (श्च सः)।

१—क. २ उ—. ३ उ—. ४ ऊ—. ५—ष्णि. ६ औ—. ७ आ—. ८—त. ९—ज्. १० आ—.

वैशाखः, मन्थः, "मन्था (—न)", मन्थानः, मन्थाः, मन्थदण्डकः, ये ५ मंथन दण्ड के वा रई वा छोढ़ी इस प्रसिद्ध के नाम हैं. ॥ ७४ ॥ कुठरः, "और भी कुटरः" दण्डविष्कम्भः, ये २ जिस खम्भे में मथने का दण्ड बांधते हैं उस के नाम हैं, मंथनी, गर्गरी, ये २ मथने के पात्र के नाम हैं, "(मंथते ऽस्यां मथनी)" कलशी भी पाठ है, उष्ट्रः, क्रमेलकः, मयः, महाङ्गः, ये ४ ऊंट के नाम हैं. ऊंट का शिशु करभः कहलाता है, ॥ ७५ ॥ काष्ठमय पादबन्धन से युक्त करभाः शृंखलका कहलाते हैं, (एकं) अजा, छागी ये २ बकरी वा छेड़ी के नाम हैं; स्तुभः, "और भी तभः और स्तभः, वा शुभः" छागः, "वा छगः" वस्तः, छगलकः, "छगलः, और छागलः", अजः, ये ५ बकरा—वा बोकरा—इस प्रसिद्ध के नाम हैं; ॥ ७६ ॥ मेंढ्रः, उरभ्रः, उरणः, ऊर्णायुः, मेषः, वृष्णिः, एडकः, "स्त्री॰ एडका:" ये ७ भेड़ा के नाम हैं, ऊंटों के वृन्द को औष्ट्रकं, उरभ्रों के वृन्द को औरभ्रकं कहते हैं; अजों के वृन्द को आजकं, क्रम से एकेक जानना ॥ ७७ ॥ चक्रीवान्, वालेयः, रासभः, "और भी राशभः" गर्दभः, खरः, ये ५ गदहों के नाम हैं, वैदेहकः, "वा वैदेहः" सार्थवाहः, नैगमः, वणिजः, "वा वाणिजिकः", और भी वाणिजः, वणिक्, ॥ ७८ ॥ पण्याजीवः, आपणिकः, क्रयविक्रयिकः, ये ८ क्रयविक्रयों से वर्त्तमान साहूकार के नाम हैं, वा व्यवहारिआ इस प्रसिद्ध के नाम हैं; ।

व्योपारी वा बेचने वाला ।	१पु पु विक्रेता (स्याद्) विक्रयिक:
लेनेवाला ।	पु पु क्रायक-क्रयकौ (समौ) ॥ ७९ ॥
बनियांपन ।	न स वाणिज्यं (तु) वणिज्या (स्यात्)
मोल ३	न पु २पु मूल्यं वस्नो (ऽप्य) वक्रय: ।
मूर ।	स पुन न नीवी परिपणो मूलधनं
ब्याज-वा नफा ।	पु पु लाभो (ऽधिकं) फलम् ॥ ८० ॥
लेन-देन ।	न पु पु पु परिदानं परीवर्तो नैमेय निमया (वपि) ।
धरोहर ।	पु ३पु (पुमान्) उपनिधि न्यास:
फेरदेना ।	न प्रतिदानं (तदर्पणम्) ॥ ८१ ॥
बेचने को योग्य वस्तु	पुसन (क्रये प्रसारितं) क्रय्यं
लेने की वस्तु ।	पुसन पुसन क्रेयं क्रेतव्य (मात्रके) । पुसन पुसन पुसन विक्रेयं पणितव्यं (च) पण्यं (क्रय्यादयस्त्रिषु) ॥ ८२ ॥
बयाना ।	न पु स (क्लीबे) सत्यापनं सत्यंकार: सत्याकृति: (स्त्रियाम्) ।

१-तृ. २ अ-. ३ न्या-.

विक्रेता, विक्रयिक:, ये २ वस्त्र पात्र आदि देकर मूल्य देनेवाले के वा बेचनेवाले के नाम हैं. "(विक्रयेण जीवति विक्रयिक:)" क्रायक:, क्रयक:, ये २ मूल्य देकर वस्त्र आदि के लेनेवाले के नाम हैं. ॥ ७९ ॥ वाणिज्यं, "वा वणिज्यं" वणिज्या. ये २ बनियों के कर्म के नाम हैं, "(वणिजां कर्म वाणिज्यं)" मूल्यं, वस्न:, अवक्रय:, ये ३ विकने की वस्तुओं के मोल के नाम हैं. "(वसति अस्मिन् वस्तुप्राप्तिरिति वस्न:)" नीवी "और नीवि:" परिपण:, मूलधनं, ये ३ क्रय और विक्रय आदि व्यवहार में जो मूलधन है उसके नाम हैं, "(परिपण्यते वृद्ध्यर्थं प्रयुज्यते इति परिपण:)" मूलधन से अधिक निष्पन्न हुआ कालान्तर में वह लाभ:, और फलं, कहलाता है, "नफा इस प्रसिद्ध का नाम है" ॥ ८० ॥ परिदानं, "कोई पढ़ते हैं प्रतिदानं" परीवर्त्त:, "और परिवर्त:" नैमेय: "उसी प्रकार नैमेय:" निमय:, "वा विमय:, और विनिमय:" ये ४ अदलबदल, लेनदेन-सराफेरी आदि के नाम हैं, उपनिधि:, न्यास:, ये २ धरोहर के नाम हैं. "वा यासी" प्रतिदानं, "कोई पढ़ते हैं परिदानं" उसको फेर देने का नाम है ॥ ८१ ॥ क्रये, अर्थात् क्रयविक्रय के स्थान में ग्राहक लोग लेवें इस बुद्धि से जो फैलाई वस्तु है उसे क्रय्यं कहते हैं, क्रेतव्य मात्र जहां कहीं है उसे क्रेयं, क्रेतव्यं, कहते हैं, इसी प्रकार विक्रेयं, पणितव्यं, पण्यं ये ३ विकने की वस्तु के नाम हैं, ये क्रय्य आदि तीनों लिंग अर्थात् वाच्यलिंग हैं, ॥ ८२ ॥ सत्यापनं, "और भी स्त्री० सत्यापना", सत्यंकार:, सत्याकृति:, ये ३ अवश्य मुझे लेना चाहिये इस आदि रूप के सत्य करने के नाम हैं, ।

	पु पु
बेंचना ।	विपणो विक्रयः
गिन्ती १ से ले १८ तक।	(संख्याः संख्येये ह्यादश त्रिषु ॥ ८३ ॥
२० से ले परार्द्ध पर्य्यन्त ।	विंशत्याद्याः सदैकत्वे सर्वाः संख्येयसंख्ययोः ।
	संख्यार्थे द्विबहुत्वे स्तः तासु चानवतेः स्त्रियः ॥ ८४ ॥
	पंक्तेः शतसहस्रादिक्रमाद्दशगुणोत्तरम्) ।
	न न न १न
तोल-वा नाप ।	यौतवं द्रुवयं पाय्य (मिति) माना (र्थकं त्रयम्) ॥ ८५ ॥
	स स पु
तोल के भेद ।	(मानं) तुला-ऽङ्गुलि- प्रस्थैर् २पु
घुंघुची से मासा तक ।	(गुञ्जाः पञ्च) द्यमाषकः ।
	पु पुन
तोला ।	(ते षोडश) ऽक्षः कर्षो (ऽस्त्री) न
चार तोला ।	पलं (कर्षचतुष्टयम्) ॥ ८६ ॥
	पुन पुन
८० घुंघुची भर वा मोहर ।	सुवर्णो बिस्तौ (हेम्नो ऽक्षे) पु
पल ।	कुरुविस्त (स्तु तत्पले) ।

१—न. २—श्रा.

विपणः, विक्रयः, ये २ बेचने के नाम हैं, श्रादश अर्थात् दश शब्द पर्य्यन्त एक श्रादि श्रष्टादश अन्त संख्याशब्द संख्येय में वर्त्तमान तीनों लिङ्ग हैं, जैसे एकाशाटी, एकः पटः, एकं वस्त्रं, दश स्त्रियः, दश पुरुषाः, दश कुलानि, "न क्रि विप्र का एक है इस श्रादि" इसी प्रकार श्रष्टादश पर्य्यन्त उदाहरण बनाने चाहिये, तिनमें चतुर शब्द पर्य्यन्त वाच्यलिङ्ग हैं, शेष त्रिलिङ्ग समान हैं, हि शब्द से इनकी संख्येय में ही वृत्ति है श्रौर संख्या में नहीं है, यह सूचित होता है, ॥ ८३ ॥ विंशत्याद्याः अर्थात् विंशति से लेकर परार्द्ध पर्य्यंत सब संख्या सदा एकत्व श्रौर नित्य एक बचनान्त हैं, संख्येय श्रौर संख्या में वर्त्तमान हैं, तहां संख्येय में जैसे एकोनविंशतिः पटाः, विंशत्यापुरुषैः कृतं, संति शतं गावः इत्यादि, संख्या में जैसे पटानां विंशतिः, "वा विंशतो" गवांशतं, संख्या के अर्थ में द्विवचन श्रौर बहुवचन होता है, श्रौर संख्यांतरार्थ में वर्त्तमान विंशत्यादि संख्या के द्विवचन श्रौर बहुवचन भी होते हैं,—जैसे—द्वेविंशती, गवांशतानि, तिस्रो विंशतयः इत्यादि, उस विंशति श्रादि में नब्बे पर्य्यंत स्त्रीलिङ्ग हैं, ॥ ८४ ॥ पंक्तिः दशसंख्या उससे लेकर दशगुण उत्तर हैं जिस में तैसी संख्या क्रम से शत—सहस्र श्रादि होता हैं, जैसे दशगुण पंक्ति शत होता है, शत दशगुण सहस्रं होता है, इसी रीति अयुत श्रादि, जैसा कहा है, "(एक दश शत सहस्रायुत लक्ष प्रयुत कोटयः क्रमशः । अर्बुदमब्जं खर्व निखर्व महापद्म शंकवस्तस्मात् । जलधिश्चान्त्यं मध्यं परार्द्धमिति दशगुणोत्तराः संज्ञाः । संख्यायाः स्थानानां व्यवहारार्थं कृताः पूर्वैरिति)" यौतवं, "श्रौर भी यौवतं" द्रुवयं, पाय्यं, मानं, ये ४ मानार्थक वा प्रमाणार्थक हैं, "(मानमर्थो यस्य तत्)" ॥ ८५ ॥ वह प्रमाण तुला अंगुली श्रौर पत्थर श्रादि से भिन्न २ होते हैं, तुला तराजू तुलामानं—अंगुलिमानं—प्रस्थमानं—ये त्रिविध हैं, येही ३ उन्मान—प्रमाण—परिमाणशब्दों से क्रम से व्यवहार किये जाते हैं, जो कहा है, "(ऊर्ध्वमानं किलोन्मानं परिमाणं तु सर्वतः । श्रायामस्तु प्रमाणं स्यात् संख्याभिन्ना तु सर्वतः)" पंचगुञ्जाः श्राद्यमाषकः, "श्रौर भी माषः, श्रौर मासः", अर्थात् ५ गुंजा का एक मासा, वे सोलह मासे का एक अक्षः, श्रौर कर्षः होता है, ये २ तोला कहलाते हैं, चार कर्ष का एक पल होता है, ॥ ८६ ॥ सुवर्णः, बिस्तः, ये २ सुवर्ण के अक्ष वा कर्ष के नाम हैं, वा अस्सी गुंजा से तुले सुवर्ण के नाम हैं, उस सुवर्ण के पल को कुरुविस्तः कहते हैं, (एकं) ।

	स
१०० पल ।	तुला (स्त्रियां पलशतं)
	पु
२० तुला ।	भार: (स्याद्विंशति स्तुला) ॥ ८७ ॥
	पुन
१० भार ।	आचितं (दशभारा: स्यु:)
	पुन
गाड़ी भर भार ।	(शाकटो भार) आचित: ।
	पु पु
रुपया ।	कार्षापण: कार्षिक: (स्यात्)
	पु
पैसा ।	(कार्षिके ताम्रिके) पण: ॥ ८८ ॥
	पुन पु स पु पु
बहुत प्रकार के प्रमाण विशेष ।	(अस्त्रियाम्) आढक-न्द्रोणौ खारी वाहो निकुंचक: ।
	पु पु
	कुडव: प्रस्थ (इत्याद्या: परिमाणार्थका: पृथक्) ॥ ८९ ॥
	पु
चौथाई ।	पाद (स्तुरीयो भाग: स्याद्)
	पु पु पु
बांट ।	अंश भागौ (तु) वण्टक: ।
	न न न न १न न न
धन ।	द्रव्यं वित्तं स्वापतेयं रिक्थ मृक्थं धनं वसु ॥ ९० ॥
	न न न २पु पु पु
	हिरण्यं द्रविणं द्युम्न मर्थ-रै-विभवा (अपि) ।
	पु न
चान्दी-सोना ।	(स्यात्) कोश-(श्च) हिरण्य-(ञ्च हेमरूप्ये कृताकृते) ॥९१॥

१ ऋ-. २ अ-.

शतपलों की एक तुला होती है, (एकं) बीस तुला का एक भार:, उसी प्रकार भर:, भी होता है, "(भ्रियत इति भार:)" ॥ ८७ ॥ दशभारा: आचितं है, जो शाकट: अर्थात् शकट से लेजाने के योग्य भार है वह भी आचित:, वाजे पढ़ते हैं पुराण:, कहलाता है; कार्षापण:, "वाजे पढ़ते हैं, कार्षापणक:" कार्षिक:, ये २ राजत कर्षपरिमित रुप या रुपया इस प्रसिद्ध के नाम हैं; ताम्र संम्बन्धी कर्ष प्रमाण को पण:, या पैसा कहते हैं, ॥ ८८ ॥ इस प्रकार तुला मान कहा गया और अंगुलिमान हस्त आदि है वह तो नृवर्ग में कहचुके हैं, अब प्रस्थमान कहते हैं; आढ़क आदिशब्द परिमाणार्थक और परिमाण विशेष के वाचक पृथक् प्रत्येक भिन्न हैं, तिन में चौथाई द्रोण का एक आढ़क होता है, ४ आढ़क का एक द्रोण, १६ द्रोण की एक खारी, "उसी प्रकार खारि:, और पुं॰ खार:", "२० द्रोण का एक कुम्भ" १० कुम्भ का एक वाह:, "खारी का चतुर्थांश एक माणी, चौथाई माणी का एक द्रोण, चौथाई द्रोण का एक आढ़क, चौथाई कुड़व का एक निकुञ्चक", चौथाई प्रस्थ का एक कुड़व:, और चौथाई आढ़क का एक प्रस्थ होता है, इस आदि परिमाणार्थक पृथक २ हैं, "कुड़व: यह एक पाव सेर इस प्रसिद्ध का, तथा प्रस्थ यह एक सेर इस प्रसिद्ध का नाम हैं, और भी स्त्री॰ आढ़की, और आढ़किका, और कुड़प:, या कुटप:" ॥ ८९ ॥ रुपये आदि के चतुर्थ भाग को पाद: कहते हैं, अर्थात् पावली, कहते हैं; अंश:, "या अंस:" भाग:, वण्टक:, ये ३ भाग मात्र के वा बांट इस प्रसिद्ध के नाम हैं; द्रव्यं, वित्तं, स्वापतेयं, रिक्थं, ऋक्थं, धनं, वसु, ॥ ९० ॥ हिरण्यं, द्रविणं, द्युम्नं अर्थ:, रा:, (रै) विभव:, ये १३ धन के नाम हैं; कोश:, हिरण्यं, "वाजे पढ़ते हैं कोष:, या कोषं" ये २ सुद्ध, बने-या अनबने-चान्दी, सोने के नाम हैं; ९१ ॥

	न
ताम्रादि ।	(ताभ्यां यदन्यत्तत्) कुप्यं न
तामा रूपा का मेल।	न न १न पु रूप्यं (तद्द्वय माहतम्)।
मरकत मणि ।	गारुत्मतं मरकत मश्मगर्भ हरिन्मणिः ॥ ९२ ॥
	न पु पु
पद्मराग वा माणिक्य।	शोणरत्नं लोहितकः पद्मरागो न
मोती ।	स (ऽथ) मौक्तिकम् ।
	मुक्ता पु पुन
मूंगा ।	(ऽथ) विद्रुमः (पुंसि) प्रवालं (पुंनपुंसकम्) ॥ ९३ ॥
	न पुस
रत्नमात्र ।	रत्नं मणि (र्द्वयो रश्मजातौ मुक्तादिके ऽपि च) ।
	न न न न २न न
सोना ।	स्वर्णं सुवर्णं कनकं हिरण्यं हेम हाटकम्) ॥ ९४ ॥
	न न न ३न न
	तपनीयं शातकुंभं गाङ्गेयं भर्म कर्बुरम् ।
	न न न न
	चामीकरं जातरूपं महारजत-काञ्चने ॥ ९५ ॥
	न न न ४पुन
	रुक्मं कार्तस्वरं जाम्बूनद मष्टापदो (ऽस्त्रियाम्) ।
	५पुन
सोने का गहना ।	(अलङ्कार सुवर्णं यच्) छृङ्गीकनक (मित्यदः) ॥ ९६ ॥
	न न न न न
चांदी ।	दुर्वर्णं रजतं रूप्यं खर्ज्जूरं श्वेत (मित्यपि) ।

१ अ—. २—न. ३—न. ४ अ—. ५ श—.

ताभ्यां अर्थात् हेमरूप से जोताम्र आदि भिन्न है वह कुप्यं कहलाता है; अर्थात् हिरण्यं और अरूप्यञ्च कुप्यं "वा अकुप्यं" है और तद्द्वयं अर्थात् कुप्यं, और अकुप्यं आहतं "अर्थात् मुद्रा बनाया होय तो" रूप्यं कहलाता है; गारुत्मतं, मरकतं, अश्मगर्भं, हरिन्मणिः, ये ४ पन्ना वा मरकत मणि के नाम हैं; ॥ ९२ ॥ शोणरत्नं लोहितकः, पद्मरागः, ये ३ पद्मराग के वा माणिक्य के नाम हैं; मौक्तिकं, मुक्ता, ये २ मोती के नाम हैं; "(मुच्यते शुक्तिभिर्मौक्तिकम्)" विद्रुमः, प्रवालः, ये २ मूंगा के नाम हैं; ॥ ९३ ॥ रत्नं, मणिः, "और भी स्त्री॰ मणी" ये २ अश्मजातौ अर्थात् पत्थर को जाति में—मरकत मणि की जाति में—वा मोती आदि की जाति में वर्त्तमान हैं, आदि शब्द से मूंगा में भी वर्त्तमान हैं, "(रमन्ते अस्मिन् रत्नम्)" और भी "(कनकं कुलिशं नीलं पद्मरागं च मौक्तिकं एतानि पञ्चरत्नानि रत्नशास्त्रविदो विदुः॥ सुवर्णं रजतं मुक्ता राजावर्त्तप्रवालकं। रत्नपञ्चकमाख्यातं शेषं वस्तु प्रचक्षते इति वा मुक्ताफलं हिरण्यं च वैडूर्यं पद्मरागकं पुष्परागं च गोमेदं नीलं गारुत्मकं तथा। प्रवालमुक्तान्युक्तानि महारत्नानि वै नव) ॥ स्वर्णं, सुवर्णं, कनकं, हिरण्यं, हेम, हाटकं, ॥ ९४ ॥ तपनीयं, शातकुम्भं, "वा शातकौम्भं" गांगेयं, भर्म, "और भी भर्मं" कर्बुरं, "और कर्बूरं उसी प्रकार कर्चुरं" चामीकरं, जातरूपं महारजतं, कांचनम्, ॥ ९५ ॥ रुक्मं, "वा रुग्मं", कार्त्तस्वरं, जाम्बूनदं, अष्टापदः, ये १९ सुवर्ण वा सोना इस प्रसिद्ध के नाम हैं, जो अलंकार कुण्डल आदि सुवर्ण का है उसे शृङ्गी कनकं कहते हैं, "बाजे पढ़ते हैं शृङ्गी वा शृङ्गिः, और भी न॰ शृङ्गि और कनकं" ॥९६॥ दुर्वर्णं. रजतं, रूप्यं, खर्ज्जूरं, "वा खर्ज्जुरं" श्वेतं, ये ५ रजत वा रूप के नाम हैं।

अर्थ	लिङ्ग	मूल
पीतल।	स पुन	रीतिः (स्त्रियाम्) आरकूटो (न स्त्रियाम्)
तामा।	न	(अथ) ताम्रकम् ॥ ९७ ॥
	न न न न न	शुल्वं म्लेच्छमुखं द्व्यष्टं वरिष्ठो दुम्बराणि (च)।
लोहा।	पुन न न न १न. न	लोहो (ऽस्त्री) शस्त्रकं तीक्ष्णं पिण्डं कालायसा-ऽयसी ॥ ९८ ॥
	पुन	अश्मसारो
लोहमल-वा कीट।	पुन पुन	(ऽथ) मण्डूरं सिंहान (मपि तन्मले)।
सब धातु।	न	(सर्वं स्यात्तैजसं) लोहं
फाल।	स	(विकार स्त्वयसः) कुशी ॥ ९९ ॥
कांच।	पु पु	क्षारः काचो
पारा।	पु पु पु पुन	(ऽथ) चपलो रसः सूत (श्च) पारदे।
भैंस का सींग।	न	गवलं (माहिषं शृङ्गम्)
अबरख।	न २न न	अभ्रकं गिरिजा-ऽमले ॥ १०० ॥
सुरमा।	न न न न	स्रोतोऽञ्जन (न्तु) सौवीरं कापोताञ्जन-यामुने।
तूतिया।	न न न न	तुत्थाञ्जनं शिखिग्रीवं वितुन्नक-मयूरके ॥ १०१ ॥

१–स. २ ल.

रीतिः, और भी "रीती और क्लीब रेत्यं" आरकूटः, "उसी प्रकार आरः" ये २ पीतल के नाम हैं; ताम्रकं. ॥ ९७ ॥ शुल्वं, "वा शुल्वं" म्लेच्छमुखं, द्व्यष्टं, और "द्विष्टं" वरिष्ठं, उदुंबरं, और उदुम्बरं या औदुम्बरं" ये ८ तामे के नाम हैं; लोहः, "और लोहं, वा लोहः" शस्त्रकं, तीक्ष्णं, पिण्डं, कालायसं, "उसी प्रकार कृष्णायसं, यह रत्नमाला का मत है" अयः, "अय (स्) और भी आयसं" ॥ ९८ ॥ अश्मसारः, ये ७ लोह के नाम हैं; मण्डूरं, सिंहानं, "और सिंहाणं, वा सिंहाणं, सिंघाणं", ये २ लोहमल के वा कीट इस प्रसिद्ध के नाम हैं; सब तैजस सुवर्ण रजत आदि लोहं, "वा लोहं कहलाता है; जो लोह का विकार वा लोह की बनी वस्तु है उसे कुशी वा फाल कहते हैं ॥ ९९ ॥ क्षारः, काचः, ये २ कांच के नाम हैं; चपलः, रसः, सूतः, पारदः, "और भी पारतः, वा पारः" ये ४ पारा के नाम हैं; जो महिष की सींग है उसे गवलं कहते हैं; अभ्रकं, गिरिजामलं, ये २ अभ्रक के नाम हैं; "गिरिजं, अमलं", इस मत में ३ हैं, ॥ १०० ॥ स्रोतोऽञ्जनं, सौवीरं, कापोताञ्जनं, "और कपोताञ्जनं" यामुनं, ये ४ सुरमा के नाम हैं; "(सुवीरदेशे भवं सौवीरं)"- तुत्थाञ्जनं, "और भी तुत्थं" शिखिग्रीवं, वितुन्नकं, मयूरकं, ॥ १०१ ॥

रसोंत-वा रसाञ्जन ।	स स न कर्परी दार्विका (क्वाथोद्भवं) तुत्यं न रसाञ्जनम् । न न रसगर्भं तार्क्ष्यशैलं
गन्धक ।	१पु पु गन्धाश्मनि (तु) गन्धकः ॥ १०२ ॥ पु सौगन्धिक-(श्च)
काला सुरमा ।	स २स स चक्षुष्या-कुलाल्यौ (तु) कुलत्थिका ।
अञ्जन विशेष ।	न न न न रीतिपुष्पं पुष्पकेतु पौष्पकं कुसुमाञ्जनम् ॥ १०३ ॥
हरताल ।	न न न न न पिञ्जरं पीतकं ताल मा(ल) (द्वे) हरितालके ।
शिलाजित ।	न ३न न ४न न गैरेय मर्थ्यं गिरिज मश्मज (च) शिलाजतु ॥ १०४ ॥
गन्धरस ।	पु पु पु पु पु पु बोल-गन्धरस-प्राण-पिण्ड-गोप-रसाः (समाः) ।

१–न. २–ली. ३ अ–. ४ अ–.

कर्परी, "खर्परी, वा खर्परं" ये ५ तूतिया के वा उसके अंजन के नाम हैं, वा मोचरस इस प्रसिद्ध के नाम हैं, "(तुदति अक्षिरोगान् तुत्यं)" दार्विका अर्थात् दारु हरदी का हुआ क्वाथ "समभाग बकरी के दूध से संस्कार किया" तुत्यं तुत्याञ्जनं, रसांजनं कहलाता है, "दार्विका भी" तुत्थं रसाञ्जनं, रसगर्भं, तार्क्ष्यशैलं, ये ४ रसोंत वा एक प्रकार के अञ्जन वा कज्जल के नाम हैं; गन्धाश्मा, गन्धकः, "और गंधिकः" ॥ १०२ ॥ सौगन्धिकः, "वा सुगंधिकः" ये ३ गन्धक के नाम हैं; चक्षुष्या, कुलाली, कुलत्थिका, "और कुलत्था, उसी प्रकार कुलं" ये ३ तूतिया विशेष वा नीला सुरमा वा काजल के नाम हैं, "(चक्षुर्विहिता चक्षुष्या, कुले तिष्ठति लत्प्रतिकृतिः कुलत्थिका)" रीतिपुष्पं, पुष्पकेतु, "पौष्पकं, और पुष्पकं" कुसुमाञ्जनं "और भी पुष्पाञ्जनं" ये ४ जलाये हुये पीतल से उत्पन्न जस्ता के फूल के नाम हैं, ॥ १०३ ॥ पिञ्जरं, पीतकं, "और भी पीतनं" तालं, आलं, "वा अलं और भी नालं" हरितालकं, ये ५ हरताल के नाम हैं; गैरेयं, अर्थ्यं, गिरिजं, अश्मजं, शिलाजतु, ये ५ शिलाजतु के वा शिलाजित इस प्रसिद्ध के नाम हैं; "(अर्थ्यते रसायनार्थिभिरर्थ्यम्, शिलायां अवल्लाज्जातकृतिस्त्वाच्छिलाजतु)" ॥ १०४ ॥ बोलः, गन्धरसः, "वा रसगन्धः", प्राणः, पिण्डः, गोपः, "और गोसः, और भी पिण्डगोसः" रसः, "वा शशः, और भी गोसशशः" ये ६ गन्धरस के नाम हैं; ।

	पु पु पु
समुद्रफेन ।	हिण्डीरो ऽब्धिकफः फेनः
	न न
सेन्दुर ।	सिन्दूरं नागसम्भवम् ॥ १०५ ॥
	न न न १न
सीसा ।	नाग-सीसक-योगेष्ट-वप्राणि न न
रांग ।	त्रपु पिच्चटम् ।
	न न
	रङ्ग-वंगे पु २पु
रूई ।	(प्यथ) पिचु-स्तूलो न
कुसुम ।	(ऽथ) कमलोत्तरम् ॥ १०६ ॥
	न न न
	(स्यात्) कुसुंभं वह्निशिखं महारजन (मित्यपि) ।
	पु पु
कम्बल ।	मेषकम्बल ऊर्णायुः न ३न
खरगोश-वा चौघड़ा का रोम ।	शशोर्णं शशलोमनि ॥ १०७ ॥
	न न ४न
सहत ।	मधु चौद्रं माक्षिका (दि) न न
मोम ।	मधूच्छिष्टं (तु) सिक्थकं
	स म स स
मैनशिर ।	मनःशिला मनोगुप्ता मनोह्वा नागजिह्विका ॥ १०८ ॥
	स स स
नेपाली मैनशिर ।	नेपाली कुनटी गोला पु पु
यवाखार ।	यवक्षारो यवाग्रजः ।

१—प्र. २ तूल. ३—न. ४—क.

हिण्डीरः, "डिण्डीरः, वा पिण्डीरः, और भी डिण्डिरः" अब्धिकफः, "वा समुद्रफेनः" फेनः ये ३ समुद्रफेन के नाम हैं; सिन्दूरं, नागसम्भवम्, ये २ सेंदुर के नाम हैं, "(नागात् सीसात्सम्भवो ऽस्य नागसम्भवम्)" ॥ १०५ ॥ नागं, सीसकं, योगेष्टं, वप्रं, "वर्द्धं, यह मुकुट का अर्थ, है", और भी त्रप्रं ये ४ सीसा के नाम हैं, त्रपु, पिच्चटं, रंगं, वंगं, ये ४ वंग—कथीर—वा रांग, इस प्रसिद्ध के नाम हैं; पिचुः, तूलः, "और पिचुलः, और भी पिचुतूलः, वा तूलपिचुः" ये २ कपास या रूई के नाम हैं, कमलोत्तरम्, ॥ १०६ ॥ कुसुंभं, वह्निशिखं, महारजनम्, ये ४ कुसुम के नाम हैं, "(रज्यते यस्यापनेन रजनं, महच्च तद्रजनं च महारजनम्)" मेषकम्बलः, ऊर्णायुः, ये २ कम्बल के नाम हैं, शशोर्णं, शशलोम, ये २ खरगोश के लोम वा रोंओं के नाम हैं, ॥ १०७ ॥ मधु, चौद्रं, माक्षिकं, ये ३ मधु—वा सहत इस प्रसिद्ध के नाम हैं, मधूच्छिष्टं, सिक्थकं, ये २ मोम के नाम हैं, "(मधुना उच्छिष्यते मधूच्छिष्टम्)" मनःशिला, "उसी प्रकार मनःसिला, और भी पुं- मनःशिलः" मनोगुप्ता, मनोह्वा, "और मनोज्ञा" नागजिह्विका, ये ४ मनःशिला या मैनशिर के या खानि से निकले गये विष के नाम हैं, ॥ १०८ ॥ नेपाली, कुनटी, "वाले पढ़ते हैं कुरटी, वा कलटी", गोला, ये ३ नेपाल देश में उत्पन्न मनःशिला के नाम हैं, किसी के मत में ७ मनःशिला के हैं, यवक्षारः, यवाग्रजः, ।

	पु पाक्यो।
सज्जी।	पु पु पु (१थ) सर्जिकाक्षारः कापोतः सुखवर्चकः ॥ १०९ ॥
सोंचर।	न न सौवर्चलं (स्याद्) रुचकं
वंशलोचन।	स स त्वक्क्षीरा वंशरोचना।
श्वेतमिर्च शोभाञ्जन।	न न शिग्रुजं श्वेतमरिचं
ऊख की जड़ि।	न मोरटं (मूलमैक्षवम्) ॥ ११० ॥
पिपरा मूल।	न न १न ग्रन्थिकं पिप्पलीमूलं चटिकाशिर (इत्यपि)।
जटामासी।	स पु गोलोमी भूतकेशो (ना)
पतङ्ग।	न न पत्राङ्गं रक्तचन्दनम् ॥ १११ ॥
मिले सोंठि-मिर्च-पीपरि।	न न न त्रिकटु त्र्यूषणं व्योषं
फला।	स न त्रिफला (तु) फलत्रिकम्।
	॥ इति वैश्यवर्गः ॥

१—स.

पाक्यः ये ३ जवाखार इस प्रसिद्ध के नाम हैं, सर्जिकाक्षारः, "वा सर्जिकाक्षारः, और भी सर्जिका और क्षारः" कापोतः, सुखवर्चकः, ये ३ क्षारभेद वा सज्जीखार इस प्रसिद्ध के नाम हैं, ॥ १०९ ॥ सौवर्चलं, रुचकं, ये २ क्षार के भेद वा सोंचरखार इस प्रसिद्ध के नाम हैं, ये ५ भी सर्ज्जिकाक्षार के भेद हैं, "यह सुभूति आदि का मत है" त्वक्क्षीरा, "वंशलोचना, यह हेमचन्द्र का मत है" वंशरोचना, ये २ वंशलोचन के नाम हैं; शिग्रुजं, श्वेतमरिचं, ये २ सैाभांजन के बीज के नाम हैं, ऊख वा इक्षु के मूल को मोरटं कहते हैं; (एकं) ॥ ११० ॥ ग्रन्थिकं, पिप्पलीमूलं, चटिकाशिरः, (—र्) "और चटकाशिरः (स्) वा पुं॰ चटिकाशिरः, और भी चटका और शिरः" ये ३ पिप्पलीमूल के वा पिपरामूल इस प्रसिद्ध के नाम हैं, गोलोमी, भूतकेशः, ये २ जटामासी इस प्रसिद्ध के नाम हैं, पत्राङ्गं, रक्तचन्दनं, ये २ रक्तचन्दन सदृश रक्तसार के वा पतङ्ग इस प्रसिद्ध के नाम हैं, ॥ १११ ॥ त्रिकटु, त्र्यूषणं, "वा त्र्युषणं" व्योषं, ये ३ सोंठि पीपरि और मिरच इन के मिले हुये के नाम हैं, त्रिफला, "और त्रिफली, वा तृफला" फलत्रिकं, ये २ हरड़—अंवरा—बहेरा—के मिलेजुले के नाम हैं, ॥ ११२ ॥

॥ इति वैश्यवर्गः ॥

॥ अथ दशमवर्गः ॥

शूद्र ।	शूद्रा[पु] (श्चा) ऽवरवर्णा[पु] (श्च) वृषला[पु] (श्च) जघन्यजाः[पु]।
चण्डाल से लेकर उग्र तक ।	(आचण्डालात्तु) संकीर्णा[पु] (अम्बष्ठ करणादयः) ॥ १ ॥
शूद्र स्त्री और वैश्य से उत्पन्न ।	(शूद्राविशो स्तु) करणो[पु]
वैश्य स्त्री और ब्राह्मण से उत्पन्न ।	ऽम्बष्ठो[पु] (वैश्याद्विजन्मनोः) ।
शूद्र स्त्री क्षत्री से उत्पन्न ।	(शूद्रा क्षत्रिययोर्) उग्रो[पु]
क्षत्री स्त्री और वैश्य से उत्पन्न ।	मागधः[पु] (क्षत्रियाविशोः) ॥ २ ॥
वैश्य स्त्री और क्षत्री से उत्पन्न ।	माहिष्यो[पु] (ऽर्य्याक्षत्रिययोः)
क्षत्रिया स्त्री और शूद्र से उत्पन्न ।	क्षत्ता[१पु] (ऽर्य्याशूद्रयोः सुतः) ।
ब्राह्मणी स्त्री और क्षत्रिय से उत्पन्न ।	(ब्राह्मण्यां क्षत्रियात्) सूतः[पु]
ब्राह्मणी में वैश्य से उत्पन्न ।	(स्याताम्) वैदेहको[पु] (विशः) ॥ ३ ॥

१–त्तृ.

शूद्रः, अवरवर्णः, वृषलः, जघन्यजः, ये ४ शूद्र के नाम हैं. ब्राह्मणी में शूद्र से उत्पन्न चण्डाल है चण्डाल पर्यन्त वक्ष्यमाण अम्बष्ठ करण आदि, "आदि पद से उग्र आदि ग्रहण किये जाते हैं" संकीर्णाः, प्रतिलोम और अनुलोम से उत्पन्न होने से मिश्राः कहलाते हैं; (एकं) ॥ १ ॥ शूद्र जाति की स्त्री और वैश्य से उत्पन्न सुतलेखन वृत्तिवाला करणः कहलाता है, वैश्या स्त्री और ब्राह्मण से उत्पन्न सुत वैद्यक वृत्तिवाला अम्बष्ठः कहलाता है, शूद्रा स्त्री और क्षत्रिय से उत्पन्न सुत शस्त्रवृत्ति रखनेवाला उग्रः कहलाता है, क्षत्रिया स्त्री में वैश्य से उत्पन्न राजा आदि की स्तुतिपाठ करनेवाला मागधः कहलाता है (एकैकं) ॥ २ ॥ अर्य्या वैश्या स्त्री में क्षत्रिय से उत्पन्न सुतमाहिष्यः कहलाता है, और ज्योतिष–शकुनशास्त्र–और स्वरशास्त्र आदि इस की जीविका है, अर्य्या क्षत्रिया स्त्री में शूद्र से उत्पन्न पुत्र क्षत्ता कहलाता है, पाप और धन का संचय करना इसकी वृत्ति है, ब्राह्मणी में क्षत्रिय से उत्पन्न पुत्र सूतः कहलाता है, उस को गजबन्धन–घोड़ों का चलाना–गाड़ी–रथ आदि की सारथी आदि कर्म जीविका है, ऐसी ब्राह्मणी में वैश्य से उत्पन्न वैदेहकः कहलाता है, चौंसठि कलाकर्म की शिक्षा आदि उसकी जीविका है, "(पण्यां गजानां राज्ञां च कुर्यात्सद्वृत्तादिच्छया। उपजीव्यन्तु तास्त्वियेति)" ॥ ३ ॥

शूद्र और वैश्य स्त्री में वैश्य और क्षत्रिय से उत्पन्न।	रथकार (स्तु माहिष्यात् करण्यां यस्य सम्भवः)।
ब्राह्मणी में शूद्र से उत्पन्न।	(स्याच्) चण्डाल (स्तु जनितो ब्राह्मण्यां वृषलेन यः)॥४॥
चितेरा आदि।	कारुः शिल्पी
सब का सजातीय समूह।	(संहते स्तेद्वयोः) श्रेणिः (सजातिभिः)।
उन कुलों के प्रधान।	कुलकः (स्यात्) कुलश्रेष्ठी
माली।	मालाकार (स्तु) मालिकः ॥ ५ ॥
कुम्भार।	कुंभकारः कुलालः (स्यात्)
राज।	पलगण्ड (स्तु) लेपकः।
कोरी-वा जोलाहा	तन्तुवायः कुविन्दः (स्यात्)
दर्जी।	तुन्नवाय (स्तु) सौचिकः ॥ ६ ॥
रंगसाज।	रङ्गाजीव श्चित्रकरः
शिकिलीगर।	शस्त्रमार्जो ऽसिधावकः।
चमार।	पादूकृ च्चर्मकारः (स्याद्)
लोहार।	व्योकारो लोहकारकः ॥ ७ ॥
सोनार।	नाडीन्धमः स्वर्णकारः कलादो रुक्मकारके।

१—न्. २—न्. ३ चि—. ४—त्. ५ च—.

करण्यां अर्थात् शूद्र और वैश्य की कन्या में माहिष्यात् अर्थात् वैश्य और क्षत्रिय के लड़के से उत्पन्न रथकारः कहलाता है, इस की जीविका रथकर्म और ईन्धन आदि से, है, ब्राह्मणी में वृषल अर्थात् शूद्र से उत्पन्न चण्डालः, "और भी चाण्डालः", कहलाता है, मृतक वस्त्र और निन्द्य मांस से इस की जीविका है, ॥ ४ ॥ कारुः, "उसी प्रकार स्त्री॰ कारुः" शिल्पी, ये २ चित्रकार आदि के नाम हैं, (तक्षाच तंतुवाय श्च नापितो रजकस्तथा। पञ्चमश्चर्मकारश्च कारवः शिल्पिनोमता इत्यपि)" उन सजातियों के समूह को श्रेणिः, कहते हैं, "और भी स्त्री॰ श्रेणी" कुलकः, "वा कुलिकः" कुलश्रेष्ठी, ये २ शिल्पियों के कुल में प्रधान के नाम हैं, उसी प्रकार कुलः, और श्रेष्ठी, अब कारीगढ़ और शिल्पियों के भेद कहते हैं; मालाकारः, मालिकः, ये २ माली इस प्रसिद्ध के नाम हैं; "(पुष्पमालापण्यमस्यमालिकः)" ॥ ५ ॥ कुम्भकारः, कुलालः, ये २ कुम्भार इस प्रसिद्ध के नाम हैं, पलगण्डः, लेपकः, ये २ राज के वा ईंट के कारीगढ़ के नाम हैं; तंतुवायः, "और तन्त्रवायः वा तन्द्रवायः, और भी तन्त्रवापः" कुविन्दः, "वा कुपिन्दः", ये २ वस्त्र बनाने वाले के वा जोलाहा इस प्रसिद्ध के नाम हैं, तुन्नवायः, सौचिकः, ये २ दर्जी के नाम हैं; ॥ ६ रङ्गाजीवः, चित्रकरः, ये २ चित्रकार वा चितेरा के नाम हैं, "(रङ्गं श्वेतपीतरक्तादिकमाजीवति-रङ्गाजीवः)" शस्त्रमार्जः, असिधावकः, ये २ शिकिलीगढ़ इस प्रसिद्ध के नाम हैं; पादूकृत्, "वा पादुकृत्" चर्मकारः "और भी चर्मरः", ये २ चमार इस प्रसिद्ध के नाम हैं, "(पादूः पादत्राणि करोतीति पादूकृत्)" व्योकारः, लोहकारकः, ये २ लोहार इस प्रसिद्ध के नाम हैं, व्यो यह अव्यय लोह बीज वाची श्रीभोज के मत में है ॥ ७ ॥ नाडिन्धमः, स्वर्णकार, कलादः, "वा कणादः" रुक्मकारकः, ये ४ स्वर्णकार के वा सोनार इस प्रसिद्ध के नाम कारः

चुरिहार ।	(स्याच्) शाङ्खिकः[१पु] काम्बविकः[पु]
ठठेर ।	शौल्विक[पु] स्ताम्रकुट्टकः[२पु] ॥ ८ ॥
बढ़ई ।	तक्षा[३पु] (तु) वर्द्धकि[पु] स्त्वष्टा[४पु] रथकार[पु] (श्च) काष्ठतट्[५पु] ।
गांव का बढ़ई ।	(ग्रामाधीनो) ग्रामतक्षः[पु]
प्रधान बढ़ई ।	कौटतक्षो[पु] (ऽनधीनकः) ॥ ९ ॥
नाऊ वा नाई ।	क्षुरि[६पु]-मुण्डि[७पु]-दिवाकीर्त्ति[पु]-नापिता[पु]-ऽन्तावसायिनः[८पु] ।
धोबी ।	निर्णेजकः[पु] (स्याद्) रजकः[पु]
कलवार ।	शौण्डिको[पु] मण्डहारकः[पु] ॥ १० ॥
गड़ेरिया ।	जाबालः[पु] (स्याद्) अजाजीवो[पु]
पण्डा वा पुजारी ।	देवाजीवो[९पु] (तु) देवलः[पु] ।
इन्द्रजाल ।	(स्यान्) माया[स] शाम्बरी[स]
इन्द्रजाली ।	मायाकार[पु] (स्तु) प्रातिहारिकः[पु] ॥ ११ ॥
नट ।	शैलालिन-(स्तु)[१०पु] शैलूषा[पु] जायाजीवाः[पु] कृशाश्विनः[११पु] ।
	भरता[पु] (इत्यपि) नटाश्[पु]
कथक ।	चारणा-(स्तु)[पु] कुशीलवाः[पु] ॥ १२ ॥

१ शां—. २ ता—. ३—न्. ४ त्वष्टृ. ५—द्. ६—न्. ७—न्. ८—न्. ९—न्. १०—न्. ११—न्.

शांखिकः, काम्बविकः, ये २ शंखसीपी आदि के भूषण बनाने वाले के नाम हैं, "चुरिहार प्रसिद्ध है" शौल्विकः, ताम्रकुट्टकः, "और सौल्विकः" ये २ ताम्रादि के भूषण बनाने वाले या ठठेर के नाम हैं, "(शुल्वं ताम्रं तद् घट्टनं शिल्पमस्य शौल्विकः)" ॥ ८ ॥ तक्षा, वर्द्धकिः, त्वष्टा, रथकारः, काष्ठतट्, ये ५ बढ़ई के नाम हैं, "(काष्टं वर्द्धयति छिनत्ति इति वर्द्धकिः)" तक्षाणा-त्वष्टारो, "(काष्टं तक्ष्णोतीति काष्टतट्)" काष्टतक्षो, जो ग्रामाधीन तक्षा है वह ग्रामतक्षः कहलाता है, "गांव का बढ़ई" अनधीनकः अर्थात् स्वाधीन जो तक्षा है वह कौटतक्षः कहलाता है, (एकैकम्,) ॥ ९ ॥ क्षुरी, मुण्डी, दिवाकीर्त्तिः, नापितः, अन्तावसायी, ये ५ नापित या नाई इस प्रसिद्ध के नाम हैं, निर्णेजकः, रजकः, "स्त्री॰ रजकी" ये २ धोबी के नाम हैं, शौण्डिकः, मण्डहारकः, ये २ कलाल या कलवार के नाम हैं, "(शुण्डा सुरासापण्यमस्य शौण्डिकः)" ॥ १० ॥ जाबालः, अजाजीवः, ये २ गड़ेरिया के नाम हैं, देवाजीवो, "या देवाजीवः" देवलः, ये २ पण्डा या पुजारी के नाम हैं, "(देवं लक्षणया तत् स्वंलाति गृह्णातीति देवलः)" माया, शांबरी, "और साम्बरी या शांबरी", ये २ इन्द्रजाल के नाम हैं, "(शम्बराख्यस्यासुरस्येयं शाम्बरी)" मायाकारः, और मायावी (न्) या मायी (न्) प्रातिहारिकः, "और प्रतिहारः, प्रातिहारः, या प्रातिहारकः" ये २ इन्द्रजालिक के नाम हैं, ॥ ११ ॥ शैलाली, शैलूषः, जायाजीवः, कृशाश्वी, भरतः, "और भारतः" नटः, ये ६ नट के नाम हैं, "(नटति नृत्यतीति नटः)" चारणः, कुशीलवः, ये २ कथक के या भांड़ के नाम हैं, "(कुत्सितं शीलमस्य कुशीलवः)" ॥ १२ ॥

मृदङ्ग बजाने वाला ।	मार्दङ्गिका मौरजिकाः
ताड़ी बजाने वाला ।	पाणिवादा-(स्तु) पाणिघाः ।
बांसुड़ी बजाने वाला ।	वेणुध्माः (स्युर्) वैणविका
वीणा बजाने वाला ।	वीणावादा-(स्तु) वैणिकाः ॥ १३ ॥
चिड़ीमार ।	जीवान्तकः शाकुनिको
जालिक ।	(द्वौ) वागुरिक जालिकौ ।
कसाई ।	वैतंसिकः कौटिक-(श्च) मांसिक-(श्च समं त्रयम्) ॥ १४ ॥
मजूर ।	भृतको भृतिभुक्कर्मकरो वैतनिको (ऽपि सः) ।
संदेसिहा ।	वार्तावहो वैवधिको
बोझिआ ।	भारवाह-(स्तु) भारिकः ॥ १५ ॥
नीच ।	विवर्णः पामरो नीचः प्राकृत-(श्च) पृथग्जनः ।
	निहीनो ऽपसदो जाल्मः क्षुल्लक-(श्चे) तर-(श्च सः)॥१६॥
दास-वा टहलुआ ।	भृत्ये दासेर-दासेय दास-गोप्यक-चेटकाः ।
	नियोज्य-किङ्कर-प्रैष्य-भुजिष्य-परिचारकाः ॥ १७ ॥

१—ज. २ क—. ३ द्व—.

मार्दंगिकाः, मौरजिकाः, "उसी प्रकार मौरविकाः", ये २ मृदंग बजाने में चतुर के वा मृदंगी के नाम हैं, पाणिवादाः, पाणिघाः, ये २ जो हाथ से मृदंग आदि की ध्वनि का अनुकरण करते हैं उन के वा हाथ के तालधारियों के नाम हैं, वेणुध्माः, वैणविकाः, ये २ वंशी बजानेवाले के नाम हैं, वीणावादाः, वैणिकाः, ये २ वीणा बजानेवाले के नाम हैं ॥ १३ ॥ जीवान्तकः, "वा जीवन्तिकः" शाकुनिकः, ये २ पक्षियों के मारनेवाले के वा चिड़ीमार के नाम हैं, वागुरिकः, जालिकः ये २ जो जाल से मृगों को बान्धते हैं उन के नाम हैं, "(वागुरामृगबन्धनीतया चरति वागुरिकः)", वैतंसिकः, कौटिकः, मांसिकः, ये ३ जो मांस विक्रय से जीते हैं उन के वा कसाई इस प्रसिद्ध के नाम हैं, "(वीतंसेन मृगपक्ष्यादि बन्धनोपायेन चरति वैतंसिकः, मांसं पण्यमस्य मांसिकः,)" ॥ १४ ॥ भृतकः, भृतिभुक्, कर्मकरः, वैतनिकः, ये ४ वेतन से जो जीते हैं "वा चाकर मजूर इस प्रसिद्ध के नाम हैं" "(भृतिं वेतनं भुंक्ते भृतिभुक्)" वार्त्तावहः, वैवधिकः, "और विवन्धिकः" ये २ वार्त्ता—वा सन्देश के ले जानेवाले के नाम हैं, भारवाहः, भारिकः, "उसी प्रकार भारी (न) ये २ बोझा लेजानेवाले के नाम हैं ॥ १५ ॥ विवर्णः, पामरः, नीचः, प्राकृतः, पृथक्जनः, निहीनः, अपसदः, "वा अपशदः" जाल्मः, क्षुल्लकः, "उसी प्रकार खुल्लकः", इतरः, ये १० नीच के नाम हैं, ॥ १६ ॥ भृत्यः, दासेरः, दासेयः, दासः, "वा दाशः, स्त्री॰ दासी (—शी)" गोप्यकः, "और गोप्यः" चेटकः, "वा चेटः, और भी चेडः, चेडकः, स्त्री॰ चेटिका, चेटी, चेडी", नियोज्यः, किङ्करः, "स्त्री॰ किङ्करा, वा किङ्करी" प्रैष्यः, "और भी प्रेषः, और प्रेष्यः" भुजिष्यः, परिचारकः, ये ११ दास—वा टहलुआ के नाम हैं, ॥ १७ ॥

अन्य का पलुआ।	पु पु पु पु पराचित-परिस्कन्द-परजात-परैधिताः ॥ १८ ॥
सुस्त।	पु १पु पु पु पु पु मन्द स्तुन्दपरिमृज आलस्यः शीतको ऽलसो ऽनुष्णः।
चतुर वा तेज।	पु पु पु २पु पु पु दक्षे (तु) चतुर-पेशल-पटवः सूत्थान उष्ण-(श्च) ॥१९॥
चाण्डाल।	पु पु पु पु पु चण्डाल-प्लव-मातङ्ग-दिवाकीर्त्ति-जनङ्गमाः।
	पु पु ३पु पु पु निषाद-श्वपचा वन्तेवासि-चाण्डाल-पुक्कसाः ॥ २० ॥
म्लेच्छ भेद।	पु पु पु पु (भेदाः) किरात-शबर-पुलिन्दा म्लेच्छ (जातयः)।
व्याधा।	पु पु पु ४पु व्याधो मृगवधाजीवो मृगयु-र्लुब्धको (ऽपि सः) ॥ २१ ॥
कुक्कुर।	पु पु पु पु कौलेयकः सारमेयः कुक्कुरो मृगदंशकः।
	पु पु ५पु शुनको भषकः श्वा (स्याद्)
पागल कुत्ता।	पु अलर्क-(स्तु स योगितः) ॥ २२ ॥
सिकारी कुत्ता।	पु (श्वा) विश्वकद्रु-(र्मृगया कुशलः)
कुतिया।	स स सरमा शुनी।

१ तु–. २ पटु. ३ अ–सिन्. ४ लु–. ५ श्वन्.

पराचितः, "पराजितः भी, परैराजीयते स्म" परिस्कन्दः, "उसी प्रकार परिष्कन्दः, परिष्कचः, परिस्कन्दः, परिस्कचः" परजातः, "और परजितः" परैधितः, ये ४ दूसरे से पाले हुये के नाम हैं, "(परैराचीयते वर्ध्यते पराचितः)" ॥ १८ ॥ मन्दः, तुन्दपरिमृजः, "वा तुन्दपरिमार्जः" आलस्यः, शीतकः, अलसः, अनुष्णः, ये ६ आलसी के नाम हैं, "(अलसमस्त्यस्य अलसः, अलस एव आलस्यः)" दक्षः, चतुरः, पेशलः, "वा पेसलः, और पेषलः", पटुः, सूत्थानः, उष्णः, ये ६ दक्ष के वा तेज के नाम हैं, "(उष्णत्वं शीघ्रकारित्वमस्यास्तीत्युष्णः)" ॥ १९ ॥ चण्डालः, प्लवः, मातङ्गः, दिवाकीर्तिः, जनङ्गमः, "और जलङ्गमः भी" निषादः, "और निशादः भी" श्वपचः, "उसी प्रकार श्वपक् (च्), श्वपाकः" अन्तेवासी, चाण्डालः, पुक्कसः, "और भी पुक्कशः, पुक्कषः" ये १० चाण्डाल के नाम हैं, और इस में भीतरी भेद कुछ है वह आदर नहीं किया गया, ॥ २० ॥ किरातः, शबरः, पुलिन्द, "वा पुलिन्दः" ये ३ म्लेच्छ जाति चाण्डालों के भेद हैं, "(किरति शरान् किरातः)" ये सब वनों में रहते हैं, व्याधः, मृगवधाजीवः, मृगयुः, लुब्धकः, ये ४ व्याधा के नाम हैं, "(विध्यति मृगान् व्याधः)" ॥ २१ ॥ कौलेयकः, सारमेयः, कुक्कुरः, "और कुक्कुरः, वा कुकुरः" मृगदंशकः, शुनकः, "शुनः, और शुनिः" भषकः, श्वा, "और भी श्वानः" ये ७ कुत्ते के नाम हैं, सयोगितः अर्थात् प्रयोग से मतवाला या पागल कुत्ता अलर्कः, "उसी प्रकार अलकः, कहलाता है" (एकं) ॥ २२ ॥ जो मृगया अर्थात् शिकार करने में चतुर है वह कुत्ता विश्वकद्रुः कहलाता है, (एकं) सरमा, शुनी, ये २ कुतिया के नाम हैं;।

	पु पु पु
गांव का सूअर ।	विट्चरः शूकरो ग्राम्यो
	पु
बकरा-वा युवा पशु ।	वर्क्कर-(स्तरुणः पशुः) ॥ २३ ॥
	न न पु स
सिकार ।	आच्छोदनं मृगव्यं (स्याद्) आखेटो मृगया (स्त्रियाम्) ।
	१पु
दहिने अङ्ग में घाव वाला मृग ।	(दक्षिणारुर्लुब्धयोगाद्) दक्षिणेर्मा (कुरङ्गकः) ॥ २४ ॥
	२पु ३पु पु पु पु पु
चोर ।	चौरै-कागारिक-स्तेन-दस्यु तस्कर-मोषकाः ।
	४पु ५पु पु पु
	प्रतिरोधि-परास्कन्दि-पाटच्चर-मलिम्लुचाः ॥ २५ ॥
	स न न न
चोरी ।	चौरिका स्तैन्य-चौर्य्ये (च) स्तेयं न
चोरी का माल ।	पु लोप्त्रं (तु तद्धनम्) ।
व्याधों की सामग्री।	वीतंस-(स्तूपकरणं बन्धने मृगपक्षिणाम्) ॥ २६ ॥
	पु न
फन्दा ।	उन्माथः कूटयन्त्रं (स्याद्) स स
जाल ।	वागुरा मृगबन्धनी ।
	न पु स पुसन पु
रस्सी ।	शुल्वं वराटकः (स्त्री तु) रज्जु (स्त्रिषु) वटी गुणः ॥ २७ ॥

१—न. २—र. ३ ऐ—. ४—न. ५—न.

विट्चरः, शूकरः, ग्राम्यः, ये ३ सूअर के नाम हैं, वा जो ग्राम्य शूकर है वह विट्चरः कहलाता है, (एकं) "गांव का सूअर यह प्रसिद्ध है" जो तरुण पशु अजा आदि है वह वर्क्करः, "स्त्री॰ वर्क्करी, बकरा यह प्रसिद्ध वा युवा पशु मात्र का नाम है"; ॥ २३ ॥ आच्छोदनं, मृगव्यं, आखेटः, मृगया, ये ४ सिकार इस प्रसिद्ध के नाम हैं; लुब्धयोगात् अर्थात् लुब्धक के सम्बन्ध से दक्षिणारुः दक्षिण पार्श्व में अरुः अर्थात् घाव है जिसके वह कुरंगकः दक्षिणेर्मा कहलाता है, (एकं), द्विव॰ दक्षिणेर्माणौ, ॥ २४ ॥ चौरः, "और भी चोरः, स्त्री॰ चौरी" ऐकागारिकः, "स्त्री॰ ऐकागारिकी" स्तेनः, "और भी स्तैन्यः" दस्युः, तस्करः, मोषकः, प्रतिरोधी, "और प्रतिरोधकः", परास्कन्दी, पाटच्चरः, "उसी प्रकार पटच्चरः" मलिम्लुचः, ये १० चोर के वा डाकू के नाम हैं; ॥ २५ ॥ चौरिका, "और भी चोरिका" स्तैन्यं, चौर्य्यं, स्तेयं, ये ४ चोरी के नाम हैं, "(चौरस्य भावः चौरिका)" चोर के धन को लोप्त्रं कहते हैं, "और लोत्रं, वा लोतं", (एकं) मृग और पक्षियों के बान्धने के निमित्त जो उपकरण पाश और जाल आदि है वह वीतंसः कहलाता है, "और भी वितंसः" ॥ २६ ॥ उन्माथः, कूटयन्त्रं, ये २ मृग और पक्षियों के बन्धन के अर्थ जो छल से यन्त्र स्थापन करते हैं उसके नाम हैं, वा फन्दा कहलाता है; वागुरा, मृगबन्धनी, ये २ मृगबन्धन जाल के नाम हैं, शुल्वं, "शुल्बं, वा शुल्लं, और भी पुं॰ शुल्बः, और स्त्री॰ शुल्वा वा शुल्बी" "उसी प्रकार सुम्बं," वराटकः, "वा वराटः, मतान्तर में वटाकरः" रज्जुः, वटी, "उसी प्रकार वटीगुणः", गुणः, ये ५ रस्सी के नाम हैं, ॥ २७ ॥

	न न
रहट-वा पुरवट ।	उद्घाटनं घटीयन्त्रं (सलिलोद्वाहनं प्रहेः) ।
	१पुन पु
राछ ।	(पुंसि) वेमा वायदण्डः न पु
सूत ।	स २स सूत्राणि (नरि) तन्तवः ॥ २८ ॥
बीनना ।	वाणि-र्व्यूतिः (स्त्रियौ तुल्ये) न
लीपना आदि ।	स स पुस्तं (लेप्यादिकर्म्मणि) ।
गुड्डई-गुड्डुआ ।	पाञ्चालिका पुत्रिका (स्याद्वस्त्रदन्तादिभिः कृता) ॥ २९ ॥
	पु पु स स
प्यटाढ़ी ।	पिटकः पेटकः पेटा मञ्जूषा स
बहंगी ।	३स (ऽथ) विहङ्गिका ।
	भारयष्टिस् न पु
शिकहर वा छींका ।	(तदालम्बि) शिक्यं काचो स
जूता ।	(ऽथ) पादुका ॥ ३० ॥
	स ४स
	पादू रुपानत् (स्त्री) स
मोजा ।	(सैवा) ऽनुपदीना (पदायता) ।
	स स स
चाम की रस्सी ।	नद्ध्री वद्ध्री वरत्रा (स्याद्) स
जेरवन्द ।	(अश्वादे स्ताड़नी) कशा ॥ ३१ ॥

१—न. २ व्यू—. ३—ष्टि. ४ उ—ह.

प्रहेः अर्थात् कूप से जिस यन्त्र से जल ऊपर को निकालते हैं उस यन्त्र के "वा रहट—डोल—मोट—वा काष्ठ आदि के बने जल उठाने के पात्र के" उद्घाटनं, घटीयन्त्रं, ये २ नाम हैं, वेमा, "उसी प्रकार वेमः, या वेम" वायदण्डः, "वा वापदण्डः" ये २ वस्त्र बीनने के दण्ड के या जोलाहा के राछ वा असबाव के नाम हैं "(वयतितं तूननेन इति वेमा, वेमानौ, ऊयते इति वायः,वानं तदर्थो वायदण्डः)" सूत्राणि, तंतवः, "एक वचन सूत्रं, तन्तुः, और भी सूत्रतन्तुः" ये २ सूत इस प्रसिद्ध के नाम हैं, ॥ २८ ॥ वाणिः, "और वेणिः" व्यूतिः, "वा व्युतिः" "(विशिष्टा ऊतिर्व्यूतिः)" ये २ बीनने के नाम हैं, लेप्यं अर्थात् मट्टी से पुत्तलिका आदि करना, आदि पद से काष्ठ की पुत्तलिका कर्म्म का ग्रहण है, उसका पुस्तं यह एक नाम है, "(कहा है कि, मृदा वा दारुणा वा ऽथ वस्त्रेणाप्यथ चर्म्मणा । लोहरत्नैः कृतं वापि पुस्तमित्यभिधीयते इति)" वस्त्र दन्त आदि से बनाई पुत्रिका पाञ्चा लिका "और पञ्चालिका" कहलाती है, "पञ्चभिर्वर्णैरल्यते भूष्यते इति पञ्चालिका" ॥ २९ ॥ पिटकः, पेटकः, पेटा, "पेड़ा, वा पोड़ा" मञ्जूषा, "याञ्जे पद्यते मञ्जूषा" ये ४ सन्दूक वा पेटाढ़ी के नाम हैं, विहंगिका, "वा विहङ्गमाः" भारयष्टिः, ये २ खूंटी वा बहंगी इस प्रसिद्ध के नाम हैं, शिक्यं, काचः, "उसी प्रकार शिक्(च) ये २ छींका वा शिकहर इस प्रसिद्ध के नाम हैं, पादुका, ॥ ३० ॥ पादूः, उपानत्, ये ३ पादत्राण वा जूता—जोड़ा इस प्रसिद्ध के नाम हैं, वही उपानत जो पाव में बंधी है उसे अनुपदीना कहते हैं वा मोजा बूट इस प्रसिद्ध के नाम हैं, नध्री, वध्री, वरत्रा, "और वाद्ध्री, वा वद्ध्री" ये ३ चाम की बनी रस्सी—वा बाधी—वा चर्म्मबन्धनी—इस प्रसिद्ध के नाम हैं,अश्व आदि के ताड़नी रस्सी कशा, "और भी कषा, वा कसा" कहलाती है, वा जेरवन्द इस प्रसिद्ध के या चाबुक के नाम हैं, आदि पद से ऊंट—गदहा, बैल आदि का ग्रहण है, ॥ ३१ ॥

इतर वा नीचवीणा	स स स चाण्डालिका (तु) कण्डोलवीणा चाण्डालवल्लकी ।
सोनार का कांटा ।	स स नाराची (स्याद्) एषणिका
कशौटी ।	पु पु पु शाण-(स्तु) निकष: कष: ॥ ३२ ॥
रेती ।	पु १पु व्रश्चन: पत्रपरशु:
सलाई ।	स स ईषिका तूलिका (समे) ।
धातुगलानेकीघरिया	स स तैजसावर्त्तनी मूषा
भाथी ।	स स भस्त्रा चर्मप्रसेविका ॥ ३३ ॥
बर्मा ।	स स आस्फोटनी वेधनिका
कतरनी	स स कृपाणी कर्त्तरी (समे) ।
बांकी ।	पु २पु वृक्षादनो वृक्षभेदी
टांकी ।	पु पु टङ्क: पाषाणदारण: ॥ ३४ ॥
आरा ।	पुन न क्रकचो (ऽस्त्री) करपत्रं
चमार का चक्कू ।	स स (स्याद्) आरा चर्मप्रभेदिका ।

१—पु. २—न.

चाण्डालिका "और चण्ड लिका" कण्डोलवीणा, "उसी प्रकार कटोलवीणा" चाण्डालवल्लकी, ये ३ नीच वा अन्त्यज वीणा के नाम हैं, नाराची, एषणिका, ये २ सोनार का कांटा वा तराजू आदि के नाम हैं, शाण:, निकष:, कष:, "वाजे पढ़ते हैं शान:, निकस:, और कस:" ये ३ कशौटी वा शान इस प्रसिद्ध के नाम हैं, ॥ ३२ ॥ व्रश्चन:, पत्रपरशु:, ये २ सोना आदि के काटने की रेती—वा टांकी—आदि के नाम हैं ईषिका, "और भी इषीका, और ईषीका, वा इषिका" तूलिका, "उसी प्रकार तुलि:, वा तुली" ये २ चित्रकार की कूंची—वा चित्रकार की लेखनी, इस प्रसिद्ध के नाम हैं, तैजसावर्त्तनी, मूषा, "और भी मुषा, और मूषी, वा मूषिका" ये २ धातु गलाने की घरिया के वा कुल्हड़ी के नाम हैं, "(तैजसमावर्त्यते यत्र सा तैजसावर्त्तनी स्वर्णादिपाकार्थ: पात्रविशेष: मूषा स्यात्)" भस्त्रा, चर्मप्रसेविका, "वा पुं. चर्मप्रसेवक:" ये २ धौंकनी वा भाथी के नाम हैं, ॥ ३३ ॥ आस्फोटनी, "और लास्फोटनी" वेधनिका, ये २ मणि आदि के वेध करने के उपयोगी शस्त्रभेद के—वा बर्म्मा—बर्म्मी के नाम हैं, कृपाणी, कर्त्तरी, ये २ स्वर्ण पात्र आदि के काटने के उपयोगी शस्त्रविशेष के वा कतरनी इस प्रसिद्ध के नाम हैं, वृक्षादन:, वृक्षभेदी, ये २ बढ़ई की रुखानी— वा बसूला—वा बांकी के नाम हैं; टङ्क:, "वा तङ्क:" पाषाणदारण:, ये २ पत्थल तोडने के अर्थ घन भेद के—वा कुल्हाड़ी—वा टांकी के नाम हैं, ॥ ३४ ॥ क्रकच:, करपत्रं, "और क्रकर:" ये २ आरा—वा—आरी के नाम हैं, आरा, चर्मप्रभेदिका, ये २ चाम के काटने के अर्थ शस्त्र विशेष के—वा चमार के चक्कू के नाम हैं, ।

	स स स
लोहकी प्रतिमा ।	सूर्म्मी स्थूणा लोहप्रतिमा
	न
कारीगढ़ी वा सबकी चतुराई ।	शिल्पं (कर्म कलादिकम्) ॥ ३५ ॥
	न न स स स
प्रतिबिम्ब ।	प्रतिमानं प्रतिबिम्बं प्रतिमा प्रतियातना प्रतिच्छाया ।
	स १स २पु
	प्रतिकृति रर्चा (पुंसि) प्रतिनिधिर्
	स ३न
मिसाल ।	उपमो पमानं (स्यात्) ॥ ३६ ॥
	पुसन पुसन पुसन पुसन ४पुसन
बराबर ।	(वाच्यलिङ्गाः) सम-स्तुल्यः सदृचः सदृशः सदृक् ।
	पुसन पुसन
	साधारणः समान (श्च)
सदृश ।	(स्युरुत्तरपदे त्वमी) ॥ ३७ ॥
	पुसन पुसन पुसन पुसन ५पुसन
	निभ-सङ्काश-नीकाश-प्रतीकाशो-पमा (दयः) ।
	स स स ६स ७न न
मजूरी ।	कर्मण्या (तु) विधा-भृत्या-भृतयो भर्म्म वेतनम् ॥ ३८ ॥
	न न न पु पु
	भरण्यं भरणं मूल्यं निर्वेशः पण (इत्यपि) ।
	स स स ८स ९स
मदिरा ।	सुरा हलिप्रिया हाला परिस्रु द्वरुणात्मजा ॥ ३९ ॥

१ अ–. २–धि. ३ उ–. ४–गृ. ५ उपम. ६–ति. ७–नृ. ८–त्. ९ व–.

सूर्म्मी, "वा सूर्म्मिः और भी स्युर्म्मी, वा स्युर्म्मिः, और शूर्म्मी, शूर्म्मिः, वा शूर्म्मी" स्थूणा लोहप्रतिमा, ये ३ लोह की प्रतिमा–वा मूर्ति के नाम हैं, कलागीत–नृत्य–आदि जो कर्म है वह शिल्पं कहलाता है, आदि पद से रथकार आदि कर्म का ग्रहण है, ॥ ३५ ॥ प्रतिमानं, प्रतिबिम्बं, प्रतिमा, प्रतियातना, प्रतिच्छाया, प्रतिकृतिः, अर्चा, प्रतिनिधिः, ये ८ प्रतिमा–वा मूर्त्ति के नाम हैं, "(प्रतिकृत्यमीयते ऽनेनेति प्रतिमानम्. मामाने)" उपमा, उपमानं, ये २ उपमा देने के नाम हैं और "(येनोपमीयते याचोपमितिस्तयोरेते नामनी इत्यर्थः, केचित्तु पूर्वान्वितेत्याहुः)" ॥ ३६ ॥ समः, तुल्यः, सदृक्षः, सदृशः, सदृक्, साधारणः, "स्त्री॰ साधारणी, वा साधारणा. समानः. ये सम आदि ७ समानांतर के वाची और ये वाच्यलिङ्ग हैं, और ये निभ–सङ्काश नीकाशः "और भी निकासः" और प्रतीकाशः, "प्रतिकाशः, उसी प्रकार प्रतिकासः, वा प्रतीकासः" आदि उत्तर पद में स्थित–सदृश के पर्याय और वाच्यलिङ्ग हैं, जैसे पितृनिभः पुत्रः. यह नित्यसमास है, पित्रा सदृशः यह अर्थ है, मातृनिभाकन्या मातुः सदृशी यह अर्थ है, आदि पद से भूत–रूप–कल्प–आदि का ग्रहण है, "जैसे पितृभूतः–पितृरूपः–पितृकल्पः" कर्मण्या, विधा, भृत्या, भृतिः, भर्म्म, वेतनं, ॥ ३८ ॥ भरण्यं, "और भी स्त्री॰ भरण्या" भरणं, मूल्यं, निर्वेशः, पणः, ये ११ वेतन के–वा दरमाहा–वा कमाई–या महीना के–नाम हैं, सुरा, हलिप्रिया, हाला, परिस्रुत्, वरुणात्मजा, ॥ ३९ ॥

	स स १स ३स स
	गन्धोत्तमा-प्रसन्ने-रा-कादम्बर्य्यः परिस्रुता ।
	ध न न
	मदिरा कश्य-मद्ये (चाप्य) पु
मद्य पीने में रुचि बढ़ाने वाला ।	न न ऽवदंश-(स्तु भक्षणम्) ॥ ४० ॥
मद्यपानस्थान ।	शुण्डापानं मदस्थानं पु पु
मद्यपीने का समय ।	पु पु न न मधुवारा मधुक्रमाः ।
महुआ का ।	मध्वासवो माधवको मधु माध्वीक (मुद्वयोः) ॥ ४१ ॥
	न ३पु ४पुन
गुड़ आदि का ।	मैरेय मासवः शीधुर् पु पु
उस्का काढ़ा ।	न पु मेदको जगलः (समौ) ।
उस्का बनाना ।	सन्धानं (स्याद्) अभिषवः न पु
उस्का बीज ।	पु पु किण्वं (पुंसि तु) नग्नहूः ॥ ४२ ॥
उस्का फूल ।	कारोत्तरः सुरामण्ड न स
उस्की सभा ।	पुन न आपानं पानगोष्ठिका ।
मदिरा पीने का बर्तन	चषको (ऽस्त्री) पानपात्रं पुन ५न
मद्य पीना ।	सरको (ऽप्य) नुतर्षणम् ॥ ४३ ॥

१ हूरा. २-री. ३ श्रा-. ४-धु. ५ श्र-.

गन्धोत्तमा, प्रसन्ना, इरा, "श्रौर भी प्रसन्नेरा" कादम्बरी, परिस्रुता, मदिरा, कश्यं, मद्यं, ये १३ मद्य के-वा उत्तम मदिरा के-नाम हैं, "(कदम्बे जातो रसः कादम्बस्तं राति गृह्णातीति कादम्बरी, तत्र गौड़ी पैष्टी च माध्वी च विज्ञेया त्रिविधा सुरेति वचनात्)" सुरा श्रादि २ गौड़ी श्रादि त्रिविध मद्य के नाम हैं, श्रौर शेष मदिरा मात्र के नाम हैं; यह किसी का मत है; मदिरापान में रुचि बढ़ाने के लिये जो व्यञ्जन खाया जाता है वह श्रवदंशः कहलाता है, "वा भूंजे चना श्रादि के खाने को कहते हैं"; ॥ ४० ॥ शुण्डापानं, मदस्थानं, ये २ मद्यगृह-वा कलवारखाना-वा मद्यशाला के नाम हैं; "(पीयते ऽस्मिन्निति पानं)" मधुवारः, मधुक्रमः, ये २ मधुपान के समय वा क्रम के-वा मद्यासक्त के-नाम हैं, "(मधुनोवारः समयः मधुवारः)" मध्वासवः, माधवकः, "श्रौर माध्वकं, वा मार्द्वीकं", मधु, माध्वीकं, "श्रौर भी मधुमाध्वीकं" "(मृद्विका द्राक्षा तस्याः विकारः)" ये ४ मधुक-वा महुआ के पुष्प से उत्पन्न मदिरा के नाम हैं, "दो दो पर्याय हैं यह भी मत है, श्रौर मार्द्वीक इस पाठ में मध्वादि द्वय दाख के रस के नाम हैं, ॥ ४१ ॥ मैरेयं, श्रासवः शीधुः ये ३ ईख श्रौर शाक श्रादि से उत्पन्न मद्य विशेष के नाम हैं; मेदकः, जगलः, ये २ मदिरा के कढ़ा-वा काढ़ा के नाम हैं, "वा मद्य भेद के नाम हैं", सन्धानं, श्रभिषवः, ये २ मद्यसन्धान वा बनाने के नाम हैं; फल वंश श्रौर श्रङ्कुर श्रादि जो दीर्घ काल तक उत्तम मद्य बनाने के श्रर्थ स्थापन करते हैं उसके नाम हैं; किण्वं, "वा कण्वं", नग्नहूः, "श्रौर भी क्लीव नग्नहु" ये २ चावल श्रादि द्रव्य के श्रौटाने से उठे खमीर से बने सुरा बीज के नाम हैं; नग्नहु ; ॥ ४२ ॥ सुरा का जो मण्ड श्रर्थात् श्रग्रभाग है वह कारोत्तरः, श्रौर सुरामण्डः, कहलाता है, "श्रौर कारोत्तमः" श्रापानं, पानगोष्ठिका, ये २ पानार्थ सभा के नाम हैं, "श्रासंभूयपिवन्त्यत्र श्रापानम्" चषकः, पानपात्रं, ये २ मद्यपान के पात्र के नाम हैं; सरकः, श्रनुतर्षणं, "श्रौर भी पुं· श्रनुतर्षः" ये २ मद्यपान के नाम हैं, "मुकुट के मत से चारो पान पात्र के नाम हैं"; ॥ ४३ ॥

जुआरी।	पु १पु पु पु पु धूर्त्तोऽक्षदेवी कितवोऽक्षधूर्त्तो द्यूतकृत् (समाः)।
ज़ामिन।	पु पु (स्युर्) लग्नकाः प्रतिभुवः
फड़वाज़।	पु पु सभिका द्यूतकारकाः ॥ ४४ ॥
जूआ।	पुन स न पु द्यूतोऽ(स्त्रियाम्) अक्षवती कैतवं पण (इत्यपि)।
वाज़ी।	पु पु पणोऽ(क्षेषु) ग्लहो पु पु पु
पासा।	ऽक्षा-(स्तु)देवनाः पाशका-(श्च ते)॥४५॥
गोटियों का चलना।	पु परिणाय-(स्तु शारीणां समन्तान्नयने) (ऽस्त्रियौ)।
चौपड़।	पुन पुन अष्टापदं शारिफलं न पु
जीवों की वाज़ी।	प्राणिद्यूतं समाह्वयः ॥ ४६ ॥
	(उक्ता भूरिप्रयोगत्वादेकस्मिन् येऽत्र यौगिकाः।
	ताद्धर्म्यादन्यतो वृत्ता ऊह्या लिङ्गान्तरेऽपि ते)॥ ४७ ॥
	॥ इति शूद्रवर्गः ॥
	इत्यमरसिंहकृतौ नाम लिङ्गानुशासने।
	द्वितीयः काण्डो भूम्यादिः साङ्ग एव समर्थितः ॥
	॥ * ॥ * ॥ इति द्वितीयःकाण्डः ॥ * ॥ * ॥

१—न्.

धूर्त्तः, "धार्त्तः, भी, धावनेन आर्त्तः" अक्षदेवी, कितवः, अक्षधूर्त्तः, द्यूतकृत्, ये ५ जूआ खेलनेवाले केनाम हैं, वा जुआरी के नाम हैं; "अक्षैर्दीव्यति अक्षदेवी"; लग्नकः, प्रतिभूः, ये २ ऋण आदि में प्रतिनिधि भूतके—या ज़ामिन इस प्रसिद्ध के नाम हैं; "(प्रतिप्रतिनिधिर्भवतीति प्रतिभूः)"; सभिकाः, द्यूतकारकाः, "एक वचन सभिकः, द्यूतकारकः" ये २ जूआ करानेवाले के नाम हैं; ॥४४॥ द्यूतः, अक्षवती, कैतवं, पणः, ये ४ जूआके नाम हैं, "(अक्षाः पाशकाः सन्त्यस्यां सा अक्षवती)"; पणः, ग्लहः, ये २ जूआ जीतनेपर भाषा बन्धसे जो ग्राह्य है उसके वा वाज़ीके नाम हैं; अक्षः, देवनः, पाशकः ये ३ पाशा के नाम हैं, ॥ ४५ ॥ शारीणां अर्थात् चौपड़की नर्द्द गोटियों कोइधर उधर लेजाना परिणायः, "और भी परीणायः" कहलाता है, (एकं), अस्त्रियौ इस पदका अष्टापद आदिके साथ सम्बन्ध है, अष्टापदं, शारिफलं, ये २ चौपड़की गोटियोंके विधिसे रखनेके लिये वस्त्रके बने कोष्ट युक्त वस्त्र आदि के नाम हैं, "वा चौपड़ के घर के नाम है; और २ कोशकारों के मत में काठ हाथीदांत के बने जूआ खेलने के सामानके नाम हैं"; प्राणियोंका अर्थात् मेंढ़ा—मुर्गा, और बुलबुल आदियोंका जूआ जो परस्पर युद्ध लक्षण क्रीड़ा विशेष है वह प्राणिद्यूतं, कहलाता है; और अप्राणियों का किया जो सो तो लोक में समाह्वयः कहलाता है; (एकं), ॥ ४६ ॥ अब यहां किसी शब्दों के लिङ्गभेद के विधान के अभाव से प्राप्त जो अपूर्णत्व है उसका परिहार करते हैं, उक्ता इस पद से इस शूद्रवर्ग में यौगिक जो कुम्भकार और मालाकार प्रभृति शब्द हैं, काव्य पुराण आदि में पुल्लिङ्गही में बहुत प्रयोग के दर्शन से एकही लिङ्ग में कहे गये हैं और वे अन्यत्र स्त्रीत्व आदि विशिष्ट विशेष्य वृत्ति के होने पर ताद्धर्म्यात् अर्थात् विशिष्टों का विशेष्य धर्म होने से लिङ्गान्तर में वर्त्तमानोंको स्त्रीलिङ्ग आदि में भी वे जाननीय हैं, अपि शब्द से रूढ़ भी करण कुनाल आदि जाति वचन से पुलिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग में भी वर्त्तते हैं, यह जानना चाहिये, जिसका अवयवार्थ जाना जाय सक्ता है वह यौगिक है, और जिसका अवयव शक्ति के बिना समुदाय शक्ति मात्र से अर्थ बोध होता है वह रूढ़ है, तिनमें यौगिक लिङ्गान्तर में, जैसे, कुम्भकारी स्त्री, कुम्भकारं कुलं, इसी प्रकार, मालाकारी, मालाकारं अयौगिक जैसे, करणी, कुलाली।

अमरसिंह के कोश में काण्डत्रय शुभखानि। द्वितीय काण्ड वर्णन कियो देवदत्त निधि जानि ॥

॥ इति श्रीमत्पण्डित देवदत्त त्रिपाठिविरचिता अमरकोश द्वितीयकाण्डटीका समाप्तिमगात् ॥

॥ अथ तृतीयकाण्डस्य प्रथमवर्गः ॥

विशेष्यनिघ्नैः संकीर्णै-र्नानार्थै-रव्ययै-रपि ।
लिङ्गादिसंग्रहै-र्वर्गाः सामान्ये वर्गसंश्रयाः ॥ १ ॥
स्त्रीदाराद्यै-र्यद्विशेष्यं यादृशैः प्रस्तुतं पदैः ।
गुणद्रव्यक्रियाशब्दा स्तथा स्युस्तस्य भेदकाः ॥ २ ॥

	१पुसन २पुसन पुसन
भाग्यमान ।	सुकृती पुण्यवान् धन्यो पुसन पुसन
उदार ।	महेच्छ-(स्तु) महाशयः ।
	पुसन पुसन
सीधा ।	हृदयालुः सुहृदयो पुसन पुसन
उद्योगी ।	महोत्साहो महोद्यमः ॥ ३ ॥
	पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन
ज्ञाता ।	प्रवीणे निपुणा-ऽभिज्ञ-विज्ञ-निष्णात-शिक्षिताः ।
	पुसन पुसन ३पुसन पुसन
	वैज्ञानिकः कृतमुखः कृती कुशल (इत्यपि) ॥ ४ ॥
	पुसन पुसन
मान्य ।	पूज्यः प्रतीक्ष्यः पुसन पुसन
संशयी ।	सांशयिकः संशयापन्नमानसः ।

१—न. २—वत्. ३—न.

	पुसन २पुसन पुसन पुसन
जरे ।	प्रुष्ट प्लुष्टौ षितौ दग्धे
	पुसन पुसन पुसन
सूक्ष्म किये ।	तष्ट-त्वष्टौ तनूकृते ॥ ४८ ॥
	पुसन ३पुसन पुसन
छेदे ।	वेधित-च्छिद्रितौ विद्धे
	पुसन पुसन पुसन
विचारे ।	विन्न-वित्तौ विचारिते ।
	पुसन पुसन पुसन
निस्तेज ।	निःप्रभे विगता-ऽरोकौ
	पुसन पुसन पुसन
पिघले घी आदि ।	विलीने विद्रुत-द्रुतौ ॥ ४९ ॥
	पुसन पुसन पुसन
सिद्ध ।	सिद्धे निर्वृत्त-निष्पन्नौ
	पुसन पुसन पुसन
फारे ।	दारिते भिन्न-भेदितौ ।
	पुसन पुसन ४पुसन
बीने वस्त्र आदि ।	ऊतं स्यूत मुतं (चेति त्रितयं तन्तुसन्तते) ॥ ५० ॥

१ छा-. २ उ-. ३ छि-. ४ उ-.

दान्तः, दमितः, ये २ दम में प्राप्त के—वा इन्द्रियों को रोके हुये के नाम हैं, जैसे दमितमिन्द्रियम्; शान्तः, शमितः, ये २ शमन में प्राप्त के नाम हैं, जैसे शान्तो रोगः निवर्तितः इत्यर्थः; प्रार्थितः, अर्द्दितः, ये २ याचित के वा मांगे हुये के नाम हैं; ज्ञप्तः, ज्ञपितः, ये २ बोध में प्राप्त के—वा जाने हुये के नाम हैं; छन्नः, छादितः, ये २ आच्छादित—वा ढंके हुये के नाम हैं; पूजितः, अञ्चितः, और "अर्च्चितः, अर्च्चपूजायां धातुः" ये २ पूजित के नाम हैं, ॥ ४७ ॥ पूर्णः, पूरित, ये २ पूर्ण के नाम हैं; क्लिष्टः, क्लिशितः, ये २ क्लेश में प्राप्त के नाम हैं, अवसितः, सितः, ये २ समाप्त के नाम हैं, षोन्तकर्मणि धातुः; प्रुष्टः, प्लुष्टः, उषितः, दग्धः, ये ४ दग्ध—वा जले हुये के नाम हैं; तष्टः, त्वष्टः, तनूकृतः, ये ३ मोटे के सूक्ष्म करने के नाम हैं, "(अतनुस्तनुरकारि तनूकृतः, यथा तष्टं काष्ठं शस्त्रेणाल्पीकृतमित्यर्थः)"; ॥ ४८ ॥ वेधितः, छिद्रितः, विद्धः, ये ३ वेधे हुये के नाम हैं, (यथा कर्णौ विद्धौ); विन्नः, वित्तः, विचारितः, ये ३ प्राप्तविचार के नाम हैं; निष्प्रभः, विगतः, अरोकः, ये ३ दीप्ति हीन के नाम हैं; विलीनः, विद्रुतः, द्रुतः, ये ३ द्रवीभूत घृत आदि के नाम हैं; ॥ ४९ ॥ सिद्धः, निर्वृत्तः, निष्पन्नः, ये ३ सिद्ध के नाम हैं, दारितः, भिन्नः, भेदितः, ये ३ भेद को प्राप्त के नाम हैं; ऊतं, स्यूतं, उतं, ये ३ तन्तु अर्थात् सूत के विस्तार करने के नाम हैं; "(यथा प्रोतः पटः तंतुभिरनुस्यूतः इत्यर्थः)"; ॥ ५० ॥

	पुसन पुसन पुसन १पुसन पुसन पुसन
पूजे ।	(स्याद्)अर्हिते नमस्यितं नमसितमपचायिताऽर्चिताऽपचितम्
	पुसन पुसन २पुसन ३पुसन
सेवित ।	वरिवसिते वरिवस्यित मुपासित (श्चो) पचरित (श्च) ॥५१॥
	पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन
तपे ।	सन्तापित-सन्तप्तौ-धूपित-धूपायितौ (च) दून-(श्च)।
	पुसन पुसन ४पुसन पुसन पुसन पुसन
हर्षित ।	हृष्टे मत्त स्तृप्तः प्रह्लन्नः प्रमुदितः प्रीतः ॥ ५२ ॥
	पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन
कटे ।	छिन्नं छातं लूनं कृत्तं दातं दितं छितं वृक्णम् ।
	पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन
चूये ।	स्रस्तं ध्वस्तं भ्रष्टं स्कन्नं पन्नं च्युतं गलितम् ॥ ५३ ॥
	पुसन पुसन पुसन पुसन ५पुसन पुसन
पाये ।	लब्धं प्राप्तं विन्नं भावित मासादितं (च) भूतं (च) ।
	पुसन पुसन ६पुसन पुसन पुसन
ढूंढे ।	अन्वेषितं गवेषित मन्विष्टं मार्गितं मृगितम् ॥ ५४ ॥
	पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन ७पुसन
गीले ।	आर्द्रं सार्द्रं क्लिन्नं तिमितं स्तिमितं समुन्न मुत्तं (च) ।
	पुसन पुसन पुसन ८पुसन पुसन पुसन
रखाये ।	त्रातं त्राणं रक्षित मवितं गोपायितं (च) गुप्तं (च) ॥५५॥
	पुसन ९पुसन पुसन पुसन पुसन
अपमानकिये ।	अवगणित मवमता-ऽवज्ञाते ऽवमानितं (च) परिभूते ।
	पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन १०पुसन
त्यागे ।	त्यक्तं हीनं विधुतं समुज्झितं धूत मुत्सृष्टम् ॥ ५६ ॥
	पुसन पुसन ११पुसन पुसन १२पुसन १३पुसन पुसन
कहे ।	उक्तं भाषित मुदितं जल्पित माख्यात मभिहितं लपितम् ।

१ अ-. २उ-. ३उ-. ४तृ-. ५आ-. ६अ-. ७उ-. ८अ-. ९अ-. १०उ-. ११उ-. १२आ-. १३अ-.

अर्हितं, नमस्यितं, नमसितं, अपचायितं, अर्चितं, अपचितं, ये ६ पूजित के नाम हैं, वरिवसितं, वरिवस्यितं, उपासितं, उपचरितं, ये ४ सुश्रूषित के नाम हैं, ॥ ५१ ॥ सन्तापितं, सन्तप्तं, धूपितं, धूपायितं, दूनं, ये ५ सन्तापित—वा दुखी के नाम हैं, "(इन अकर्मक धातुओं से कर्त्ता अर्थ में क्त प्रत्यय करने से भी येही रूप होते हैं)" हृष्टः, मत्तः, तृप्तः, प्रह्लन्नः, प्रमुदितः, प्रीतः, ये ६ प्रसन्न के नाम हैं, ॥ ५२ ॥ छिन्नं, छातं, लूनं, कृत्तं, दातं, दितं, छितं, वृक्णं, ये ८ खण्डित के नाम हैं; स्रस्तं, ध्वस्तं, भ्रष्टं, स्कन्नं, पन्नं, च्युतं, गलितं, ये ७ च्युत के नाम हैं, "(इन धातुओं से गत्यर्थाकर्मक इस सूत्र से कर्त्ता में क्त प्रत्यय होने से भी येही रूप होते हैं)" ॥ ५३ ॥ लब्धं, प्राप्तं, विन्नं, भावितं, आसादितं, भूतं, ये ६ प्राप्त के नाम हैं; अन्वेषितं, गवेषितं, अन्विष्टं, मार्गितं, मृगितं, ये ५ खोजने के नाम हैं, "(यथा, इतस्ततो गवेषितो ऽपि चोरो न दृष्टः)" ॥ ५४ ॥ आर्द्रं, सार्द्रं, क्लिन्नं, तिमितं, स्तिमितं, समुन्नं, उत्तं, ये ७ क्लिन्न के—वा गीले इन प्रसिद्ध के नाम हैं, "(यथास्तिमितलोचना ऽश्रुभिः)" त्रातं, त्राणं, रक्षितं, अवितं, गोपायितं, गुप्तं, ये ६ रक्षित के नाम हैं; ॥ ५५ ॥ अवगणितं, अवमतं, अवज्ञातं, अवमानितं, परिभूतं, ये ५ अपमान प्राप्त के नाम हैं; त्यक्तं, हीनं, विधुतं, समुज्झितं, धूतं, उत्सृष्टं, ये ६ उत्सृष्ट—वा त्यक्त के नाम हैं, ॥ ५६ ॥ उक्तं, भाषितं, उदितं, जल्पितं, आख्यातं, अभिहितं, लपितं, ये ७ उदित के—वा कथित के नाम हैं;।

	पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन १पुसन पुसन
ज्ञाने ।	बुद्धं बुधितं मनितं विदितं प्रतिपन्न मवसिता-ऽवगते ॥५७॥
	पुसन २पुसन ३पुसन ४पुसन पुसन
अङ्गीकृत ।	ऊरीकृत मुररीकृत मङ्गीकृत माश्रुतं प्रतिज्ञातम् ।
	पुसन पुसन पुसन पुसन ५पुसन ६पुसन
	सङ्गीर्णं सम्विदितं संश्रुतं समाहितो-पश्रुतो-पगतम् ॥ ५८ ॥
	पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन ७पुसन
स्तुति किये ।	ईलित-शस्त-पणायित-पनायित-प्रणुत-पणित-पनितानि ।
	पुसन पुसन पुसन ८पुसन ९पुसन
	अपिगीर्णं वर्णिता-ऽभिष्टुते-डितानि स्तुता-(र्थानि) ॥५९॥
	पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन
खायेगये ।	भक्षित-चर्वित-लिप्त-प्रत्यवसित-गिलित खादित-प्सातम् ।
	पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन
	अभ्यवहृता-ऽन्न-जग्ध-ग्रस्त-ग्लस्ता-ऽशितं भुक्तम् ॥ ६० ॥
	पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन
अतिशयार्थक ये ६ शब्द हैं ।	क्षेपिष्ठ-क्षोदिष्ठ-प्रेष्ठ-वरिष्ठ-स्थविष्ठ-बंहिष्ठाः ।
	(क्षिप्र-क्षुद्रा-भीप्सित-पृथु-पीवर-बहुल-प्रकर्षार्थाः) ॥ ६१ ॥
	पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन पुसन
तैसे ये भी ६ हैं ।	साधिष्ठ-द्राघिष्ठ-स्फेष्ठ-गरिष्ठ- ह्रसिष्ठ-वृन्दिष्ठाः ।
	(बाढ-व्यायत-बहु-गुरु-वामन-वृन्दारका-तिशये) ॥ ६२ ॥
	॥ इति विशेष्यनिघ्नवर्गः ॥

१ अ–. २ उ–. ३ अ–. ४ आ–. ५उ–. ६ उ–. ७–त. ८ ईडित. ९ स्तुत.

बुद्धं, बुधितं, मनितं, विदितं, प्रतिपन्नं, अवसितं, अवगतं, ये ७ अवगत वा जाने हुये के नाम हैं; ॥ ५७ ॥ ऊरीकृतं, "और उरीकृतं", उररीकृतं, अंगीकृतं, आश्रुतं, प्रतिज्ञातं, संगीर्णं, सम्विदितं, संश्रुतं, "और भी प्रतिश्रुतं" समाहितं, उपश्रुतं, उपगतं ; ये ११ अंगीकृत के नाम हैं ; ॥ ५८ ॥ ईलितं, शस्तं, पणायितं, पनायितं, प्रणुतं, पणितं, पनितं, अपिगीर्णं, "और गीर्णं" वर्णितं, अभिष्टुतं, ईडितं, स्तुतं, ये १२ स्तुत्यर्थक वा स्तुति प्राप्त के नाम हैं ॥ ५९ ॥ भक्षितं, चर्वितं, लिप्तं, "उसी प्रकार लीढं" प्रत्यवसितं, गिलितं, "और गिरितं" खादितं, प्सातं; अभ्यवहृतं, अन्नं, जग्धं, "और भी जग्द्धं" ग्रस्तं, ग्लस्तं, अशितं, भुक्तं, ये १४ खादित वा खाये हुये के नाम हैं, "(प्सा भक्षणे प्सातं, अद्यते स्म अन्नं)" ॥ ६० ॥ क्षेपिष्ठ आदि क्षिप्र आदिकों के प्रकर्षार्थक हैं अर्थात् प्रकर्ष अर्थ हैं जिन्हों के वे प्रकर्षार्थ कहलाते हैं, तैसे अतिशय विशिष्ट क्षिप्रादिकों में क्रम से वर्त्तते हैं, जैसे अतिशयेन क्षिप्रः क्षेपिष्ठः, अतिशयेन क्षुद्रः क्षोदिष्ठः, यहां प्रेष्ठ आदि चारों में भी प्रिय-उरु-स्थूल-बहुल-येही इष्ठन् प्रत्यय के प्रकृति हैं, और अभीप्सितादि का निर्द्देश तो उसके पर्य्यायत्त्व से है, अतिशयेन प्रियः प्रेष्ठः, अतिशयेन उरुः वरिष्ठः, अतिशयेन स्थूलः स्थविष्ठः, अतिशयेन बहुलः बंहिष्ठः, इस आदि एकेक के नाम हैं ॥ ६१ ॥ बाढ आदि के अतिशय अर्थ में साधिष्ठ आदि होते हैं, और यहां व्यायत-बहु-वामन ये ३ दीर्घ स्फिर ह्रस्वों के पर्य्याय हैं, जैसे अतिशयेन बाढः साधिष्ठः, अतिशयेन व्यायतः दीर्घः, द्राघिष्ठः, अतिशयेन बहुलः स्फिरः, स्फेष्ठः, अतियेन गुरुः गरिष्ठः, अतिशयेन वामनः, ह्रस्वः, ह्रसिष्ठः, अतिशयेन वृन्दारकः मुख्यः, वृन्दिष्ठः, "वृन्दारक मुख्य को कहते हैं" ॥ ६२ ॥ ॥ इति विशेष्यनिघ्नवर्गः ॥

॥ अथ तृतीयवर्गः ॥

(प्रकृतिप्रत्ययाद्यर्थैः सङ्कीर्णे लिङ्ग मुन्नयेत्) ।

क्रिया । बार २ चलना ।	कर्म[१न] क्रिया[स] (तत्सातत्ये गम्ये स्युर्) अपरस्पराः[पुसन] ॥ १ ॥
साकल्य वचन । आसंग वचन ।	(साकल्यासङ्गवचने) पारायण[न] परायणे[पुसन] ।
स्वतंत्रता । बिना कारण स्थिति ।	यदृच्छा[स] स्वैरिता[स] (हेतु शून्या त्वास्था) विलक्षणम्[न] ॥ २ ॥
शान्ति । इन्द्री निग्रह ।	शमथ[पु]-(स्तु) शमः[पु] शान्तिर्[२स] दान्ति[स]-(स्तु) दमथो[पु] दमः[पु] ।
सुकर्म । काम्यदान ।	अवदानं[न] (कर्मवृत्तं) काम्यदानं[न] प्रवारणम्[न] ॥ ३ ॥

१-न्. २-न्ति.

पहिले दो काण्डों में स्वर्ग आदि नाम प्रकरणों से सजातीय गुथे हुये हैं, और इस काण्ड में भी सुकृती आदि नाम विशेष्यनिघ्नके लिङ्गोंसे कहे गये हैं; अब पूर्व्वोक्तोंको परस्पर मिलजाने के भय से ये शब्द पहिले नहीं कहे हैं उनके सङ्ग्रह के लिये (सङ्कीर्ण) प्रकरणका आरम्भ करते हैं; यहां तो कर्म्म क्रिया आदि भाववचन और अपरस्पर आदि निर्व्विशेष्य (निघ्न) स्तम्बघ्न आदि करण वचन, तैसे (समूहवचन), आपूपिक आदि, इसी प्रकार संकीर्णों से वा सङ्कीर्णार्थों से और सङ्कीर्णलिङ्गों से कथन हैं इसलिये यह सङ्कीर्णवर्ग है (भिन्नजाति और अर्थोंका एकत्र होनाही संकर है) सो यहां बहुधाविद्यमान है इस कारण यहांही उसका मुख्य व्यवहार है, न कहो कि यहां सङ्कीर्णत्व में विशेष विधान के अभावसे क्योंकर लिङ्गज्ञान हो सकता है, ऐसी आशंका पर उसका उपाय कहा, (प्रकृति इन पदोंसे) संकीर्ण नामवाले इस वर्गमें वक्ष्यमाण लिङ्गसंग्रह की रीति से प्रकृति के अर्थ और प्रत्ययार्थों से तथा आद्य शब्दसे कहीं रूपभेद आदिसे भी लिङ्ग जाने, तहां प्रकृत्यर्थ से, जैसे अपरस्पराः यहां विभक्तिकी प्रकृति होनेसे प्रकृति है उसका निरन्तर क्रियासम्बन्धसे क्रिया योग है, अपरत्वादि गुण योग भी है, इसी प्रकार गुणद्रव्य और क्रियायोगकी उपाधियोंसे परगामियों को अभिधेय लिङ्गत्व है, प्रत्ययार्थसे जैसे, स्फाति प्रभृतियों को क्तिन् आदि प्रत्ययान्तो को स्त्री भावसे आप अनिक्तिन् इन प्रत्ययोंके वक्ष्यमाणत्वसे स्त्रीलिङ्गत्व है. तैसे कि प्रत्ययान्त सन्धि प्रभृतियोंको (घोःकिः) इस वक्ष्यमाणत्वसे पुंस्त्व है, रूप भेदसे कर्म्म आदिकोंको क्लीवत्व आदि हैं, साहचर्य्य से भी डिम्भे डमरविप्लवौ यहां डिम्भको पुंस्त्व है. संकीर्ण यह उपलक्षण है, वर्गान्तरोंमें भी मुतप्रोति आदि अनिश्चित लिंगोंको प्रकृति प्रत्यय आदिकोंसे लिङ्गके निश्चयसे, क्रम क्रिया २ क्रियायोंको, तत् शब्दसे क्रियाका परामर्श करते हैं, क्रियाके निरन्तर गम्यमान रहने पर अपरस्पराः यह एक नाम है, अपरस्पराः सार्थाः गच्छन्ति, अपर और पर समूह निरन्तर जाते हैं यह अर्थ है, निरन्तर क्यों कहा, अपरस्पराः सकृद्गच्छन्ति, वाच्यलिङ्गत्व से अपरस्परा योषितः, अपरस्पराणि कुलानि, निर्द्दिष्टं कर्म सातत्यं, सुधियोंने अपरस्परं यह भागुरिके कहने से कहा, उनके निरन्तर में क्रिया को और क्रियावालोंको नैरन्तर्य्यमें वह है, जैसे क्रिया सातत्य में अपरस्परं गच्छन्ति और क्रियावालों के सातत्य में तो लिङ्गत्रय होताही है, ॥ १ ॥ साकल्य वचन को पारायणं, और आसङ्ग वचन को परायणं कहते हैं, "तुरायणं, वा त्वरायणं भी पाठ है, तुरस्य अयनं" आसंगः आसक्तिस्तद्वचनं, क्रम से एक एक के नाम हैं. यदृच्छा, स्वैरिता, "और भी स्वैरता" ये २ स्वच्छन्दता वा स्वतन्त्रताके नाम हैं, हेतुशून्या अर्थात् कारणरहित आस्थास्थितिः विलक्षणं है, (एकं) ॥ २ ॥ शमथः, शमः, शान्तिः, ये ३ चित्तशान्ति के नाम हैं, दान्तिः, दमथः, दमः, ये ३ इन्द्रियनिग्रह के नाम हैं, धार्मभूतकर्म्म वा भूतपूर्व चरित्र अवदानं, "और भी अपदानं, कहलाता है, "वा प्रशस्त कर्म्म के नाम हैं" (एकं); काम्यदानं अर्थात् काम्य जो तुलापुरुष आदिका दान है उसे प्रवारणं, कहते हैं, (एकं); "उसी प्रकार प्रहारणं, यह भरतमाला में, हैं प्रवारणं महादानमिति त्रिकाण्डशेषः", ॥ ३ ॥

	स न
वशीकरण ।	वशक्रिया संवदनं १न न
उच्चाटन ।	न न मूलकर्म (तु) कार्म्मणम् ।
कांपना ।	विधूननं विधुवनं
	न न न
अघाया ।	तर्प्पणं प्रीणना ऽवनम् ॥ ४ ॥
	स न न
रक्षा करना ।	पर्य्याप्तिः (स्यात्) परित्राणं हस्तवारण (मित्यपि) ।
	न न २स
सीना ।	सेवनं सीवनं स्यूतिर् पु न स
फूटना ।	न ३पु विदरः स्फुटनं भिदा ॥ ५ ॥
गाली ।	आक्रोशन मभीषङ्गः
	पु सन
अनुभव ज्ञान ।	संवेदो वेदना (न ना) ।
	न ४स
सर्व्वत्र व्याप्त ।	सम्मूर्छन मभिव्याप्तिर् स स सन सन
भिक्षा ।	न न याञ्चा भिक्षा ऽर्थना ऽर्द्दना ॥ ६ ॥
काटना ।	वर्द्धनं छेदने न न
कुशलानन्द ।	न (ऽथ द्वे) आनन्दन-सभाजने ।
	आप्रच्छनम्
	५पु पु
उत्तमोपदेश ।	(अथा) म्नायः सम्प्रदायः पु स
हानि ।	क्षये क्षिया ॥ ७ ॥

१—न्. २—ति. ३ अ—. ४—प्ति. ५ आ—.

वशक्रिया, संवदनं, "और भी संवदना, वा संवननं" ये २ मणिमंत्र आदि से वशीकरण के नाम हैं, "स्यात्संवदनमालोचे वशीकारे नपुंसकमिति मेदिनी"; मूलकर्म्म, कार्मणं, ये २ औषधी के मूलों से उच्चाटन आदि कर्म्म कहलाते हैं; विधूननं, विधुवनं, "और विधुननमिति जटाधरः" ये २ कांपने के नाम हैं; तर्प्पणं, प्रीणनं, अवनं, ये ३ तृप्ति के, नाम हैं; ॥ ४ ॥ पर्य्याप्तिः, परित्राणं, हस्तवारणं, "वा हस्तधारणं" ये ३ वधोद्यत के वारण के नाम हैं, अर्थात् रोकने के नाम हैं; सेवनं, सीवनम्, स्यूतिः, ये ३ सूची क्रिया के वा सीने के नाम हैं, "सेवस्तु सेवनं, स्यूतिरिति पाठो वा" विदरः, स्फुटनं, "और स्फोटनं यह भरतमाला है" भिदा, ये ३ द्विधा भाव के वा फूटना इस प्रसिद्ध के नाम हैं; ॥ ५ ॥ आक्रोशनं, अभीषङ्गः, "उसी प्रकार अभिषङ्गः भी" ये २ गाली देने के नाम हैं; संवेदः, वेदना ये २ अनुभव ज्ञान के नाम हैं, इनमें वेदना पुल्लिङ्ग नहीं है, "इसलिये वेदनं यह भी है"; सम्मूर्छनं, अभिव्याप्तिः, ये २ सर्वतोव्याप्त के नाम हैं, अर्थात् सब जगह फैला हुआ; याञ्चा, भिक्षा, अर्थना, अर्द्दना, ये ४ याचना वा मांगने के नाम हैं; ॥ ६ ॥ वर्द्धनं, छेदनं, ये २ काटने के नाम हैं; आनन्दनं "और आमन्त्रणं" सभाजनं, "और भी स्वभाजनं, यह राजमुकुट है" आप्रच्छनं, ये ३ स्वागत संप्रश्न आदि से विहित आनन्द के नाम हैं; आम्नायः, सम्प्रदायः, ये २ गुरुपरंपरा से प्राप्त अच्छे उपदेश के नाम हैं; क्षयः, क्षिया, ये २ अपचय वा हानि के नाम हैं; ॥ ७ ॥

लेना ।	ग्रहे[पु] ग्राहो[पु]
इच्छा ।	वशः[पु] कान्तौ[१स]
रक्षा ।	रक्ष्णा[पु]-स्त्राणे[२न]
शब्द ।	रणः[पु] क्कणे[पु] ।
छेदना ।	व्यधो[पु] वेधे[पु]
पकाना ।	पचा[स] पाके[पु]
बुलाना ।	हवो[पु] हूतौ[३स]
वरदान ।	वरो[पु] वृतौ[४स] ॥ ८ ॥
तराना ।	ओषः[पु] प्लोषे[पु]
नीति ।	नयो[पु] नाये[पु]
जीर्ण ।	ज्यानि[स] जीर्णौ[५स]
भ्रम ।	भ्रमो[पु] भ्रमौ[६स] ।
बढ़ती ।	स्फाति[स] वृद्धौ[७स]
प्रसिद्धता ।	प्रथा[स] ख्यातौ[८स]
छूना ।	स्पृष्टिः[स] पृक्तौ[९स]
झरना ।	स्रवः[पु] स्रवे[स] ॥ ९ ॥

१-ति. २ त्रा-. ३-ति. ४-ति. ५ जीर्णि. ६-मि. ७ वृद्धि. ८-ति. ९-क्ति.

ग्रहः, ग्राहः, ये २ ग्रहण के नाम हैं; वशः, कान्तिः, ये २ इच्छा के नाम हैं; रक्षणः, "बाज़े पहले हैं रक्षा" त्राणः, ये २ रक्षण के नाम हैं; रणः, "और भी वणः" क्कणः, ये २ शब्दकरने-वा बोलने के नाम हैं; व्यधः, वेधः, ये २ वेधन के नाम हैं; पचा, पाकः, ये २ पचन के वा पचाने के नाम हैं; हवः, हूतिः, ये २ पुकारने के नाम हैं; वरः, वृत्तिः, ये २ वेष्टन वा घेर-वा वरदान और भक्ति के नाम हैं, "तपोभिरिष्यते यस्तु देवेभ्यः सवरोमत इति" ॥ ८ ॥ ओषः, प्लोषः, "और भी प्रोषः" ये २ दाह वा जलाने के नाम हैं; नयः, नायः, ये २ नीति, के नाम हैं; ज्यानिः, जीर्णिः, ये २ जीर्णता के नाम हैं; भ्रमः, भ्रमिः, ये २ भ्रान्ति के नाम हैं; स्फातिः. वृद्धिः, ये २ वृद्धि के नाम हैं; प्रथा, ख्यातिः, ये २ प्रख्याति वा प्रसिद्ध के नाम हैं, स्पृष्टिः, पृक्तिः, ये २ स्पर्श के नाम हैं, स्रवः, स्रवः, "और स्रायः, और भी स्रयः" ये २ बहने वा टपकने के नाम हैं, ॥ ९ ॥

बढ़ना ।	स १स ऋधा समृद्धौ
फरकना ।	न न स्फुरणं स्फरणे
सच्चा ज्ञान ।	२स स प्रमितौ प्रमा ।
जन्म ।	स पु प्रसूतिः प्रसवे
घी आदि का टपकना ।	पु पु श्च्योते प्राघारः
ग्लानि ।	पु पु क्लमथः क्लमे ॥ १० ॥
बड़ाई ।	पु पु उत्कर्षोऽतिशये
मिलाप ।	स पु सन्धिः श्लेषे
प्रयोजन ।	पु पु विषय आशये ।
हुक्म वा आज्ञा करना ।	३स न क्षिपायां क्षेपणं
लीलना ।	स ४स गीर्णि गिरौ
उद्यम ।	न ५पु गुरणमुद्यमे ॥ ११ ॥
उठाना ।	पु पु उन्नाय उन्नये
आश्रय ।	पु न श्रायः श्रयणे
जीत ।	न पु जयने जयः ।

१–द्धि. २–ति. ३–पा. ४ गिरि. ५ उ–.

ऋधा, "बाज़े पढ़ते हैं विधा" समद्धिः, ये २ वृद्धि के नाम हैं; स्फुरणं, "और स्फुलनं वा स्फोरणं, और भी स्फुरः वा स्फुरणा" स्फरणं, "उसी प्रकार स्फारणं" ये २ स्फुरण वा स्मरण के नाम हैं; प्रमितिः, प्रमा, ये २ यथार्थ ज्ञान के नाम हैं; प्रसूतिः, प्रसवः, ये २ गर्भ विमोचन वा उत्पत्ति के नाम हैं; श्च्योतः, "और च्योतः" प्राघारः, ये २ घृत आदि के टपकने के नाम हैं; क्लमथः, क्लमः, ये २ ग्लानि के नाम हैं; ॥ १० ॥ उत्कर्षः, अतिशयः, ये २ प्रकर्ष वा बड़ाई के नाम हैं; संधिः, श्लेषः, ये २ मेल के नाम हैं; विषयः, आशयः, "वा आश्रयः" ये २ आश्रय के नाम हैं; क्षिपा, क्षेपणं, ये २ प्रेरण वा फेंकना वा आज्ञा–वा हुकुम–के नाम हैं; गीर्णिः, गिरिः, "और भी गिलिः, और गिलनं" ये २ निगरण वा निगलना वा लीलने के नाम हैं; गुरणं, "उसी प्रकार गूरणं, और गोरणं" उद्यमः, ये २ उद्योग करने के नाम हैं; ॥ ११ ॥ उन्नायः, उन्नयः, ये २ ऊपर ले जाने के नाम हैं; "और तर्क के भी नाम हैं"; श्रायः, श्रयणं, ये २ सेवा वा आश्रय के नाम हैं; जयनं, जयः "बाज़े पढ़ते हैं जयनं, जयः" ये २ जय वा जीत के नाम हैं; ।

कहना ।	पु पु निगादो निगदे
खुशी ।	पु पु मादो मद
उद्वेग ।	पु पु उद्वेग उद्भ्रमे ॥ १२ ॥
मीजना ।	न पु विमर्द्दनं परिमले
अंगीकार ।	१पु २पु ऽभ्युपपत्तिर् नुग्रहः ।
न मानना ।	पु निग्रह-(स्तद्विरुद्धः स्याद्)
लड़ाई में पुकारना।	पु ३पु अभियोग-(स्त्व)-भिग्रहः ॥ १३ ॥
मूठी वांधना ।	पु पु मुष्टिबन्ध-(स्तु) संग्राहो
लूटना ।	पु पु पु डिम्बे डमर-विप्लवौ ।
वांधना ।	न स ४पु बन्धनं प्रसितिः श्चारः
संताप ।	पु ५पु ६पु स्पर्शः स्प्रष्टा पतप्तरि ॥ १४ ॥
अपकार ।	पु पु निकारो विप्रकारः (स्याद्)
अभिप्राय के योग्य।	पु ७पु पु आकार स्त्विङ्ग इङ्गितः ।

१–त्ति. २ अ–. ३ अ–. ४ चार. ५–ष्टृ. ६ उ–प्तृ. ७ इ–.

निगादः, निगदः, ये २ कथन के नाम हैं; मादः, मदः, ये २ हर्ष के नाम हैं; उद्वेगः, उद्भ्रमः, ये २ उद्वेजन के नाम हैं; वा उद्भ्रम के नाम हैं; ॥ १२ ॥ विमर्द्दनं, परिमलः, ये २ कुंकुम आदि से मर्द्दित वा मीजने के नाम हैं; "(परिमलो विमर्देपीति विश्वः)" अभ्युपपत्तिः, अनुग्रहः, ये २ अंगीकार के नाम हैं; अनुग्रह से विरुद्ध जो है उसे निग्रहः, "वा विग्रहः, और भी निरोधः, और विरोधः" कहते हैं, (एकं) अभियोगः, अभिग्रहः, ये २ कलह में पुकारने के नाम हैं, ॥ १३ ॥ मुष्टिबंधः, संग्राहः, ये २ मूठी से दृढ़ ग्रहण के नाम हैं; डिम्बः, डमरः, "और डामरः" विप्लवः, ये ३ परस्पर लड़ाई "वा लूटने वा प्रलय करने के नाम हैं"; बन्धनं, प्रसितिः, चारः, "वाज़े पढ़ते हैं स्चारः" ये ३ बन्धन के नाम हैं, (चारः, स्पशः); स्पर्शः, "और भी स्पशः" स्प्रष्टा, "वा स्पर्ष्टा भी" उपतप्ता, ये ३ उपताप नाम रोग विशेष–वा सन्तप्त के नाम हैं, "(स्पृशतीति स्पर्शः)"; ॥ १४ ॥ निकारः, विप्रकारः, ये २ अपकार के नाम हैं, आकारः, इङ्गः, इङ्गितः, ये ३ अभिप्राय के अनुरूप चेष्टित के नाम हैं; ।

	पु पु
प्रकृति का बदलना	परिणामो विकारो (द्वे समे)
	स १स
विरुद्ध करना।	विकृति-विक्रिये ॥ १५ ॥
	पु २पु
छीन लेना।	अपहार-(स्त्व) पचय:
	पु पु
बटोरना।	समाहार: समुच्चय: ।
	पु न
लेना।	प्रत्याहार उपादानं
	पु पु
खेलमें पांवसे चलना।	विहार-(स्तु) परिक्रम: ॥ १६ ॥
	पु न
चोरी करना।	अभिहारो ऽभिग्रहणं
	पु न
युक्ति से शस्त्रादि निकालना।	निर्हारो ऽभ्यवकर्षणम् ।
	पु पु
नकल करना।	अनुहारो ऽनुकार: (स्याद्)
	पु
खर्च।	(अर्थस्यापगमे) व्यय: ॥ १७ ॥
	पु स
बहना।	प्रवाह-(स्तु) प्रवृत्ति: (स्यात्)
	पु
बाहरजाना।	प्रवहो (गमनं बहि:) ।
	पु पु पु पु पु पु
संयम।	वियामो वियमो यामो यम: संयाम-संयमो ॥ १८ ॥
	३न पु
हिंसा।	हिंसाकर्म्मा ऽभिचार: (स्याज्)
	स पुस
जागना।	जागर्य्या जागरा (द्वयो:) ।

१–या. २ अ–. ३–न.

परिणाम:, विकार:, ये २ प्रकृति के उलटा होने–वा विकार के नाम हैं, जैसे मट्टी का विकार घट है; विकृति:, विक्रिया, ये २ विरुद्ध क्रिया के नाम हैं, और किसी के मत से ये ४ एकार्थक हैं जैसे कुण्डल कनक का हो विकृति अर्थात् परिणाम है; ॥ १५ ॥ अपहार:, अपचय:, ये २ अपहरण के नाम हैं; समाहार:, समुच्चय:, ये २ राशिकरण के नाम हैं; प्रत्याहार:, उपादानं, ये २ इन्द्रिय से खींचने के नाम हैं; विहार:, परिक्रम:, ये २ पांव से चलने के नाम हैं, जो कहा है, (सुरांगना नाम वनोपरिक्रमइति) ॥ १६ ॥ अभिहार:, "उसी प्रकार अभ्याहार:" अभिग्रहणं, ये २ चोरी करने के नाम हैं; निर्हार:, अभ्यवकर्षणं, ये २ बाण आदि के निकालने के नाम हैं; अनुहार:, अनुकार:, ये २ नकल करने के नाम हैं, "जैसे भन् भन् ये पावजेव की नकल हैं"; अर्थ जो धन आदि है उस के अल्प होने का व्यय:, नाम है; ॥ १७ ॥ प्रवाह:, प्रवृत्ति:, ये २ जल आदि की बराबर गति के नाम हैं; और जो बाहर जाना है वह प्रवह: कहलाता है; वियाम:, वियम:, याम:, यम:, संयाम:, संयम:, ये ६ योगांग वा संयम के नाम हैं; ॥ १८ ॥ हिंसाकर्म्म, अभिचार:, ये २ हिंसा के नाम हैं; जागर्य्या, "और भी जागिया, और जागर्त्ति:, यह राजमुकुट का मत है, उसी प्रकार जागरणं" जागरा, ये २ जागने के नाम हैं; ।

	पु पु पु
विघ्न ।	विघ्नो ऽन्तरायः प्रत्यूहः पु पु
पास का आश्रय ।	पु पु (स्याद्) उपघ्नो ऽन्तिकाश्रये ॥ १९ ॥
उपभोग ।	निर्वेश उपभोगः (स्यात्) पु स
परिवार ।	न पु परिसर्पः परिक्रिया ।
बड़ा वियोग ।	विधुर (न्तु) प्रविश्लेषो पु १पु पु
अभिप्राय ।	न न ऽभिप्राय श्छन्द आशयः ॥ २० ॥
सङ्क्षेप ।	संक्षेपणं समसनं स न
बिगाड़ ।	स पु पर्य्यवस्था विरोधनम् ।
सब ओर फैलना ।	परिसर्य्या परीसारः स २स स
आसन ।	(स्याद्) आस्या (त्वा) सना स्थितिः ॥ २१ ॥
	पु पु पु
विस्तार ।	विस्तारो विग्रहो व्यासः पु
शब्दविस्तार ।	न न (स च शब्दस्य) विस्तरः ।
अङ्ग मींजना ।	(स्यान्) मर्द्दनं सम्वाहनं पु न
लोप ।	विनाशः (स्याद्) अदर्शनम् ॥२२॥
	पु पु
परिचय ।	संस्तवः (स्यात्) परिचयः पु न
घाव का फैलना ।	पु पु प्रसर-(स्तु) विसर्पणम् ।
धनादि का संग्रह ।	नीवाक-(स्तु) प्रयामः (स्यात्)
	पु न
परोस ।	सन्निधिः सन्निकर्षणम् ॥ २३ ।

१ छ—. २ आ—.

विघ्नः, अन्तरायः, प्रत्यूहः, ये ३ विघ्न के नाम हैं ; उपघ्नः, अन्तिकाश्रयः, ये २ निकट के आश्रय के नाम हैं, "वा आश्रय के नाम हैं"; ॥ १९ ॥ निर्वेशः, उपभोगः, ये २ उपभोग के नाम हैं ; परिसर्पः, परिक्रिया, ये २ परिजनं आदि से घिरे हुये के नाम हैं ; विधुरं, प्रविश्लेषः, ये २ अत्यन्त वियोग के नाम हैं ; अभिप्रायः, छन्दः, "और भी न० छन्दः (स)", आशयः ये ३ अभिप्राय के नाम हैं ; ॥ २० ॥ संक्षेपणं, समसनं, ये २ अविस्तार वा सङ्क्षेप के नाम हैं; पर्यवस्था, "और प्रत्यवस्था" विरोधनं, ये २ विरोध—वा बिगाड़ के नाम हैं ; परिसर्य्या, "वा परीसर्य्या" परीसारः, "वा परिसारः" ये २ चारों ओर गमन के नाम हैं ; आस्या, आसना, स्थितिः, ये ३ आसन के नाम हैं ; ॥ २१ ॥ विस्तारः, "और विस्तरः" विग्रहः, व्यासः, ये ३ विस्तार के नाम हैं ; शब्द सम्बन्धी विस्तार को विस्तरः कहते हैं. (कर्क) मर्द्दनं, सम्वाहनं, ये २ अंगमर्दन के नाम हैं, जैसे पादसंवाहनं ; विनाशः, अदर्शनं, ये २ तिरोधान वा अन्तर्धान वा लोप के नाम हैं ; ॥ २२ ॥ संस्तवः, परिचयः, ये २ परिचित के नाम हैं, प्रसरः, विसर्पणं, ये २ फोड़ा आदि के बढ़ने के नाम हैं, नीवाकः, प्रयामः, ये २ धन और धान्य आदि में अन्नों के आदरातिशय के नाम हैं, "नितरामुच्यते नीवाकः"; सन्निधिः, "और भी सन्निधं" सन्निकर्षणं, ये २ अति निकट वा पड़ोस—वा परोस के नाम हैं ॥ २३ ॥

अन्न काटना ।	पु पु न लवो ऽभिलावो लवने
अन्नादि साफ़ करना ।	पु न पु निष्पावः पवने पवः ।
प्रसङ्ग वा अवसर ।	पु पु प्रस्तावः (स्याद्) अवसरः
नरी बनाना ।	पु न त्सरः सूत्रवेष्टनम् ॥ २४ ॥
प्रथम गर्भ ।	पु पु प्रजनः (स्याद्) उपसरः
प्रेम ।	पु पु प्रश्रय-प्रणयौ (समौ) ।
बुद्धिशक्ति ।	स १पु धीशक्ति-र्निष्क्रमो-
कोट का रस्ता ।	पुन पु (ऽस्त्री तु) संक्रामो दुर्गसञ्चरः ॥ २५ ॥
युद्ध का बढ़ाव ।	पु पु प्रत्युत्क्रमः प्रयोगार्थः
उद्योग ।	पु पु प्रक्रमः (स्याद्) उपक्रमः ।
प्रथमारंभ वा आरंभमात्र ।	न २पु पु (स्याद्) अभ्यादान मुद्घात आरम्भः
वेग ।	पु ३पुस्त्री सम्भ्रम-स्त्वरा ॥ २६ ॥

१ नि—. २ उ—. ३ त्व—.

लवः, अभिलावः, लवनं, ये ३ धान्य आदि के काटने के नाम हैं; निष्पावः, पवनं, पवः, ये ३ धान्य आदि के पवित्र करने वा उसाने—वा पसाने के नाम हैं; प्रस्तावः, अवसरः, ये २ प्रसङ्ग वा अवसर के नाम हैं, जैसे अवसर पठिता वाणी इत्यादि; त्सरः, "वा तसरः" सूत्रवेष्टनं, ये २ जुलाहे के बनाये सूत लपेटने वा नरी इस प्रसिद्ध के नाम हैं. ॥ २४ ॥ प्रजनः, उपसरः, ये २ पहिले पहिल गर्भ ग्रहण के नाम हैं; प्रश्रयः, प्रणयः, "और भी प्रसरः" ये २ प्रेम के नाम हैं; धीशक्तिः, निष्क्रमः, ये २ बुद्धिसामर्थ्य के नाम हैं, "(निष्क्रमो बुद्धिसंपत्ताविति विश्वः, शुश्रूषाश्रवणं चैव ग्रहणं धारणं तथा। ऊहापोहोऽर्थविज्ञानं तत्त्वज्ञानं च धीगुणा इति)"; संक्रामः, "और संक्रम" दुर्गसंचरः, ये २ कोट के मार्ग के वा कोट में प्रवेश करने के नाम हैं, "(संक्रमते संक्राम्यते वा अनेन संक्रमः)"; और "इसी प्रकार सञ्चारः" ॥ २५ ॥ प्रत्युत्क्रमः, "वा प्रत्युत्क्रान्तिः" प्रयोगार्थः, "कोई प्रयुद्धार्थः भी पढ़ते हैं" ये २ युद्ध के लिये अत्यन्त उद्योग के नाम हैं; प्रक्रमः, उपक्रमः, ये २ प्रथम आरम्भ के नाम हैं, अभ्यादानं, उद्घातः, "और भी उपोद्घातः" आरम्भः, ये ३ आरम्भ मात्र के नाम हैं, जैसे उद्घातः प्रणवो यासामिति, और प्रक्रम आदि पांचो भी किसी के मत से एकार्थक हैं; सम्भ्रमः, त्वरा, "और त्वरिः" ये २ अच्छे वेग के नाम हैं; "(आवेगस्तु त्वरात्वरिरिति वाचस्पतिः)" ॥ २६ ॥

	पु पु
कार्य्य का रुकना ।	प्रतिबन्धः प्रतिष्टम्भो
	पु न
गिरना ।	ऽवनाय-(स्तु) निपातनम् ।
	पु पु
साक्षात्कार ।	उपलम्भ-(स्त्व) ऽनुभवः
	पु न
तिलक करना ।	समालम्भो विलेपनम् ॥ २७ ॥
	पु पु
स्नेह तोड़ना ।	विप्रलम्भो विप्रयोगो
	पु १न
अति दान ।	विलम्भ-(स्त्व) तिसर्ज्जनम् ।
	पु २स
अति प्रसिद्ध ।	विश्राव-(स्तु) प्रविख्यातिर्
	स पु
पदार्थों का देखना ।	अवेक्षा प्रतिजागरः ॥ २८ ॥
	पु पु पु
पढ़ना ।	निपाठ-निपठौ पाठे
	पु पु न
गीला करना ।	तेम-स्तेमौ समुन्दने ।
	पु ३पु पु
क्लेश ।	आदीनवा-स्रवौ क्लेशे
	पु पु पु
मेल ।	मेलके सङ्ग-सङ्गमौ ॥ २९ ॥
	न न न स पु
ढूंढ़ना ।	सम्वीक्षणं विचयनं मार्गणं मृगणा मृगः ।
	पु पु पु न
लिपटना ।	परिरम्भः परिष्वङ्गः संश्लेष उपगूहनम् ॥ ३० ॥
	न न ४न ५न ६न
देखना ।	निर्वर्णनं (तु) निध्यानं दर्शना लोकने क्षणम् ।

१ अ–. २–ति. ३ आ–. ४–न. ५ आ–. ६ ई–.

प्रतिबन्धः, प्रतिष्टम्भः, "उसी प्रकार विष्टम्भः" ये २ कार्य्य प्रतिघात के नाम हैं; जैसे "मणि और मंत्र आदि के प्रतिबन्ध से अग्नि की अनुष्णता होती है"; अवनायः, और "अवनयः भी" निपातनं, "वा नियातनं" ये २ नीचे लेजाना वा गिरने के नाम हैं; उपलम्भः, अनुभवः, ये २ साक्षात्कार के नाम हैं, समालम्भः, विलेपनं, ये २ रोली आदि से तिलक करने के नाम हैं, ॥ २७ ॥ विप्रलम्भः, विप्रयोगः, ये २ स्नेहियों के स्नेह तोड़ने के नाम हैं; विलंभः, अतिसर्ज्जनम्, ये २ अति-दान के नाम हैं; विश्रावः, प्रविख्यातिः, "और भी प्रतिख्यातिः" ये २ बड़े प्रसिद्ध के नाम हैं; अवेक्षा, प्रतिजागरः, ये २ वस्तुओं के देखने के नाम हैं, "वा रक्षण के नाम हैं"; ॥ २८ ॥ निपाठः, निपठः, पाठः, ये ३ पठन के नाम हैं; तेमः, स्तेमः, समुन्दनम्, ये २ गीले करने के नाम हैं; आदीनवः, आस्रवः, क्लेशः, "वा आस्रवः" ये ३ क्लेश के नाम हैं, "(आस्रवन्तीन्द्रियाण्यनेनेति आस्रवः)" मेलकः, सङ्गः, सङ्गमः, "और भी सङ्गमं, और साङ्गमः" ये ३ संगम वा मिलने के नाम हैं; ॥ २९ ॥ संवीक्षणं, "उसी प्रकार अन्वीक्षणं, और अन्वेषणं, वा गवेषणं", विचयनं, मार्गणं, मृगणा, मृगः, "याज्ञे मृगया पढ़ते हैं" ये ५ तात्पर्य्य से वस्तुओं के खोजने के नाम हैं; परिरंभः, "वा परीरम्भः" परि-ष्वङ्गः, संश्लेषः, उपगूहनं, ये ४ आलिङ्गन के नाम हैं, ॥ ३० ॥ निर्वर्णनं, निध्यानं, दर्शनं, आलोकनं, "याज्ञे पढ़ते हैं आलोकः, और लक्षणं" ईक्षणं, ये ५ निरीक्षण के वा देखने के नाम हैं, ।

निराकरण ।	न न पु स प्रत्याख्यानं निरसनं प्रत्यादेशो निराकृतिः ॥ ३१ ॥
प्रहर के सोनेवाले।	पु पु उपशायो विशाय-(श्च पर्य्याय-शयनार्थकौ) ।
घिनाना ।	न स स स अर्त्तनं (च) ऋतीया (च) हृणीया (च) घृणा (र्थकाः) ॥३२॥
उलटापुलटा ।	पु पु पु पु (स्याद्) व्यत्यासो विपर्य्यासो व्यत्यय-(श्च) विपर्य्यये ।
अतिक्रम ।	पु पु पु पु पर्य्ययो ऽतिक्रम-(स्तस्मिन्न) ऽतिपात उपात्ययः ॥ ३३ ॥
सेवकों को भेजना।	न (प्रेषणं यत्समाहूय तत्र स्यात्) प्रतिशासनम् ।
यज्ञ में ब्राह्मणों की स्तुति स्थान ।	पु (स) संस्तावः (क्रतुषु या स्तुतिभूमि र्द्विजन्मनाम्)॥ ३४ ॥
ठीहा ।	पु (निधाय तक्ष्यते यत्र काष्ठे काष्ठं स) उद्घनः ।
खन्ता-वा खन्ती।	पु पु स्तम्बघ्न-(स्तु) स्तम्बघनः (स्तम्बो येन निहन्यते) ॥३५॥
बर्मा ।	पु आविधो (विध्यते येन तत्र)
बराबर लगे वृक्ष।	पु (विष्वक्समे) निघः ।
अन्न आदि का निकालना ।	पु पु उत्कार-(श्च) निकार-(श्चद्वौ धान्योत्क्षेपणार्थकौ) ॥३६॥

प्रत्याख्यानं, निरसनं, प्रत्यादेशः, निराकृतिः, ये ४ निराकरण वा निरादर करने के नाम हैं, ॥ ३१ ॥ उपशायः, विशायः, ये २ पर्य्याय से अर्थात् क्रम से प्रहर आदि के शयन अर्थ के वाचक हैं; अर्त्तनं, ऋतीया, हृणीया, "उसी प्रकार हृणिया, और भी रोज्या, उसी प्रकार ह्रिणीया, वा हृणीया" घृणा, ये ४ निन्दा के नाम हैं वा किसी के मत में करुणा के नाम हैं, "(घृणा जुगुप्सा कृपयोरिति विश्वः)" ॥ ३२ ॥ व्यत्यासः, विपर्य्यासः, व्यत्ययः, विपर्ययः, "और विपर्य्यायः" ये ४ व्यतिक्रम के वा उलटा पुलटा करने के नाम हैं, पर्य्ययः, "और पर्य्यायः" अतिक्रमः, अतिपातः, उपात्ययः, ये ४ अतिक्रम के नाम हैं; ॥ ३३ ॥ बुलाकर जो सेवकों को कुछ आज्ञा करना है उस अर्थ का वाचक प्रतिशासनं है, और यज्ञों में वेद के गानेवाले ब्राह्मणों के स्तुति के स्थान को संस्तावः कहते हैं, "(यज्ञे समिस्तुव इति घञ्)"; ॥ ३४ ॥ जिस काष्ठ में काष्ठ रख कर और गढ़ के पतला करते हैं वह काष्ठरूप आधार उद्घनः, कहलाता है, और स्तम्ब जो तृण का गुच्छा है वह जिस शस्त्र विशेष से काटा जाता है वह स्तम्बघ्नः, और स्तम्बघनः, "और भी स्तम्बहननं,-नी" कहलाता है; ॥ ३५ ॥ जिस शस्त्र विशेष से पदार्थों को वेधते हैं उस को आविधः कहते हैं; "भ्रमर के डंक आदि को विन्धना कहते हैं", विष्वक्समे अर्थात् चारों ओर से समान वृक्ष को निघ्नः कहते हैं; "(तुल्यारोहपरिणाहवृक्षादेः)" उत्कारः, निकारः, ये २ धान्य के स्वच्छ करने के लिये ऊपर निकालने के नाम हैं, ॥ ३६ ॥

	पु १पु पु २पु
खाना-डांकना-छींक-डेंकार।	निगारो द्गार-विक्षावो-द्ग्राहा-(स्तु गरणादिषु)।
	३स ४स ५स पु
निवृत्ति।	आरत्य-वरति-विरतय उपरामे
	पुस
थूकना।	(वा स्त्रियां तु) निष्ठेव: ॥ ३७ ॥
	स ६न न
	निष्ठ्यूति-र्निष्ठेवनं निष्ठीवन-(मित्यभिन्नानि)।
	न स
वेग।	जवने जूति:
	स न
अन्त।	साति-(स्त्व) ऽवसाने (स्याद्)
	पु स
ज्वर।	(अथ) ज्वरे जूर्त्ति: ॥ ३८ ॥
	पु न
पशुओं को ललकारना।	उदज-(स्तु) पशुप्रेरणम्
	पु
शाप।	अकरणि-(रित्यादय: शापे)।
	७न
औपगव समूह।	(गोत्रान्तेभ्य स्तस्य वृन्दमित्यौ) पगवका (दिकम्) ॥ ३९॥
	न न
पूआ-पूरी का समूह।	आपूपिकं शाष्कुलिक-(मेवमाद्यमचेतसाम्)।

१ उ- २ उ-. ३-ति. ४ अ-. ५-ति. ६ नि-. ७ औ-क.

निगार आदि शब्द गरण आदि अर्थ में, हैं जैसे गरणे अर्थात् भोजन अर्थ में निगार:, "लीलना या निगलना" इस प्रसिद्ध का नाम है; उद्गरणे अर्थात् वमन में उद्गार:, और शब्द में विक्षाव:, यह छींक इस प्रसिद्ध का नाम है, उद्ग्रहणे अर्थात् उर्ध्वीकृत्य ग्रहणे उद्ग्राह: डेंकार -या हेंकार इस प्रसिद्ध का नाम है, (एकैकं) आरति:, अवरति:, विरति:, उपराम: "वा उपरम:" ये ४ उपरति या उपराम के नाम हैं; निष्ठेव: "स्त्री॰ निष्ठेवा, वा क्लीव निष्ठेवं" ॥ ३७ ॥ निष्ठ्यूति:. निष्ठेवनं. निष्ठीवनं, ये ४ मुख से कफ फेंकने के नाम हैं, और ये अभिन्न और एकार्थक हैं; जवनं, जूति:, उसी प्रकार यूति:, या ऊति:, और अवनम् ये २ वेग के नाम हैं; साति:, अवसानं, ये २ अन्त के नाम हैं; ज्वर:, जूर्त्ति:, ये २ ज्वर के नाम हैं; ॥ ३८ ॥ उदज:, पशुप्रेरणं, ये २ पशुओं अर्थात् गैया आदिकों के प्रेरण वा ललकारने के नाम हैं, शापे अर्थात् आक्रोश योत्यत्वे अकरणि: इस आदि होते हैं, जैसे "अजननि:, अजीवनि:, अवग्राह:, निग्राह:, आदि (तस्याजीवनिर्भूयात्)" गोत्रान्तेभ्य: अर्थात् अपत्यार्थ प्रत्ययान्त औपगव आदि शब्दों से तस्यवृन्दं इस अर्थ में औपगवादिकं होता है, जैसे उपगोरपत्यानि पुमांस: औपगवास्तेषां समूह: औपगवकं, आदि शब्द से गार्गकं, दाक्षकं, इस आदि होते हैं. ॥ ३९ ॥ यहां से लेकर वर्ग समाप्त पर्यन्त वृन्दं इस का अधिकार करते हैं, अचेतन जड़ अपूप आदि के वृन्दों के आपूपिकं, शाष्कुलिकं, साक्तुकं, आदि प्रयोग होते हैं, ।

मनुष्य- वा लड़कों का समूह ।	(माणवानान्तु) माणव्यं (न)
मित्रों का समूह ।	(सहायानां) सहायता ॥ ४० ॥ (स)
हर-वा हलोंका स० ।	हल्या (हलानां) (स)
ब्राह्मणों का स० ।	ब्राह्मण्य-वाडव्ये (तु द्विजन्मनाम्) । (न न)
पशु और पीठों का स० ।	(द्वे पर्शुकानां पृष्ठानां) पार्श्वं पृष्ठ्य (मनुक्रमात्) ॥ ४१ ॥ (न न)
खलिहानों का स० ।	(खलानां) खलिनी खल्या (ऽप्य) (स स)
मनुष्यों का स० ।	(ऽथ) मानुष्यकं (नृणाम्) । (न)
ग्राम-जन-धूम्रां-पाश-बड़ी काश का समूह ।	ग्रामता जनता धूम्या पाश्या गल्या (पृथक् पृथक्) ॥ ४२ ॥ (स स स स स)
सहस्र-कारीष-चार्मण-और अथर्वणों का स० ।	(अपि) साहस्र कारीष चार्म्मणा थर्वणा (दिकम्) । (न न न १न)

॥ * * ॥ इति सङ्कीर्णवर्गः ॥ * * ॥

१ आ—णा.

माणवानां समूहो माणव्यं, "बाज़े पढ़ते हैं मानव्यं" माणवाः बालाः, सहायाः सखायः तेषां समूहः सहायता, हलानां समूहो हल्या, (एकैकं), ॥ ४० ॥ ब्राह्मण्यं, वाड़व्यं, ये २ ब्राह्मणों के समूह के नाम हैं; पर्शुकाः अस्थिविशेषास्तेषां समूहः पार्श्वं; पृष्ठानां समूहः पृष्ठ्यं, "यज्ञ के विषय में इन का स्मरण है" ये २ क्रम से होते हैं; ॥ ४१ ॥ खलिनी, खल्या, ये २ खलिहान के समूह के नाम हैं; मनुष्यों के समूह को मानुष्यकं कहते हैं; ग्रामों के समूह को ग्रामता; जनों के समूह को जनता; धूमों के समूह को धूम्या; पाशों के समूह को पाश्या; गल वा गला अर्थात् काशों के समूह को गल्या, पृथक् पृथक् कहते हैं; ॥ ४२ ॥ सहस्रों के समूह को साहस्रं; करीषों के अर्थात् सूखे गोबरों के समूह को कारीषं, चर्म वा चर्मियों के समूह को चार्मणं वा चार्मिणं, चर्मी खड्गधारी; वर्म कवच वालों के समूह को वार्मणं वार्मिणं, और अथर्वणों के समूह को आथर्वणं एक एक को कहते हैं, आदि शब्द से आंगारं, चैत्रं, इस आदि कहे जाते हैं; ॥

॥ इति सङ्कीर्णवर्गः ॥

॥ अथ चतुर्थ वर्गः ॥

(नानार्थाः केऽपि कान्तादि वर्गेष्वेवात्र कीर्तिताः ।
भूरि प्रयोगा ये येषु पर्य्याये ष्वपि तेषु ते) ॥ १ ॥

१ आकाश और २ स्वर्ग ।	(आकाशे त्रिदिवे) नाको (पु)
१ स्वर्गादि और २ जन ।	लोक-(स्तु भुवने जने) । (पु)
१ छन्द और २ कीर्ति ।	(पद्ये यशसि च) श्लोकः (पु)
१ तीर और २ तलवार ।	(शरे खड्गे च) सायकः ॥ २ ॥ (पु)
१ सियार और २ वरुण ।	जम्बुको (क्रोष्टु वरुणौ) (पु)
१ चिउरा और २ लड़के ।	पृथुको (चिपिटार्भकौ) । (पु)
१ प्रकाश और २ दर्शन ।	आलोको (दर्शनोद्योतौ) (पु)
१ तुरही और २ पटह ।	(भेरी पटहम्) आनकौ ॥ ३ ॥ (पु)
१ गोदी और २ चिह्न	(उत्सङ्ग-चिह्नयोर्) अङ्कः (पु)
१ चिह्न और २ अपवाद ।	कलङ्को (ऽङ्कापवादयोः) । (पु)

न कहो किमर्थ अनेकार्थ का आरम्भ करते हैं क्योंकि उन का प्रागुक्त वर्गों में अभिधान है, जो यहां कहेंगे तो किस प्रकार प्रागुक्त हैं इस पर कहते हैं, नानार्था इति, यहां वक्ष्यमाण कान्तादि वर्गों में ही कोई २ नानार्थ कहे हैं और प्रागुक्त पर्य्यायों में नहीं कहे हैं, जैसे मारुते वेधसि ब्रध्ने पुंसिकः कंशिरोम्बुनोरिति, भूरि बहुत प्रयोग जहां कहीं काव्य आदिकों में कवियों ने बाहुल्य से किये हुये ये नाक लोक आदि शब्द हैं वे पहिले कहे हुए में जिन के पर्य्यायों में देख पड़ते हैं उन्हीं के पर्य्यायों में और अपि शब्द से यहां भी कान्तादिक वर्गों में भी कहे हैं, जैसे नाक शब्द प्रचुर प्रयोगत्व से पहिले स्वर्ग और आकाश अर्थ में कहा हुआ भी फिर यहां कहा, और जंबुक शब्द तो शृगाल के पर्य्याय में ही कहा है वरुण के पर्य्यायों में बहुत प्रयोग के अभाव से नहीं कहा, और यहां तो जंबुको क्रोष्टुवरुणौ यह दोनों जगह कहे जाते हैं ; ॥ १ ॥ नाकः यह एक ककारान्त आकाश और स्वर्ग का नाम है, "(न अकं दुःखमत्र नाकः)" लोकः यह एक स्वर्ग आदि भुवन और जन का नाम है, "(लोक्यते इति लोकः)" श्लोकः यह एक अनुष्टुप् आदि छन्द और कीर्त्ति का नाम है, "(श्लोक्यते इति श्लोकः, श्लोकसंघाते)" यश में जैसे, पुण्यश्लोको हरिः, सायकः "वा शायकः मतांतर में शारकः" यह एक बाण और खड्ग का नाम है, ॥ २ ॥ क्रोष्टा, सियार और वरुण प्रसिद्ध ये २ जम्बुक शब्दवाच्य हैं चिपिटः भूंजे धान के बने चिउड़ा यह प्रसिद्ध है, अर्भकः शिशु, ये २ पृथुकः कहलाते हैं, दर्शनं, उद्योतः प्रकाश, ये २ आलोक पद वाच्य हैं, भेरी, पटहं वाद्य विशेष, ये २ आनकः कहलाते हैं "(आनकः पटहो भेर्यां मृदंगे ध्वनदम्बुदे इति मेदिनी)" ॥ ३ ॥ उत्संग अर्थात् गोदी और चिह्न को अंकः कहते हैं ; चिह्न और दोषारोप को कलंकः कहते हैं ; "(कलंकोंके ऽपवादे च कालाय सुमलेऽपि चेति मेदिनी)" ; ।

१ सर्प्प और २ बढ़ई ।	पु तक्षकः (नागवर्द्धक्योः)
१ स्फटिक और २ सूर्य्य ।	पु अर्कः (स्फटिकसूर्य्ययोः) ॥ ४ ॥
१ वायु २ ब्रह्मा ३ सूर्य्य ।	पु (मारुते वेधसि व्रध्ने पुंसि) कः
१ शिर २ पानी ३ सुख ।	न कं (शिरोऽम्बुनोः) ।
१ तिन्नी २ संक्षेप ३ भात ।	पु (स्यात्) पुलाक-(स्तुच्छधान्ये संक्षेपे भक्तसिक्थके) ॥ ५ ॥
१ उल्लू २ हाथी की पोंछ के पास का मांस ।	पु (उलूके करिणः पुच्छमूलोपान्ते च) पेचकः ।
१ करवा २ ओला ३ अनार ।	पुन (कमण्डलौ च) करकः
१ बुद्ध २ गणेश ३ गरुड़ ।	पु (सुगते च) विनायकः ॥ ६ ॥
१ हाथ २ बीता ।	पु किष्कु-(हस्ते वितस्तौ च)
१ बिच्छू २ आठवीं राशि ।	पु (शूककीटे च) वृश्चिकः ।
१ बिगड़ा २ अंक ।	पु (प्रतिकूले) प्रतीक-(स्त्रिष्वेकदेशे च पुंस्ययम्) ॥ ७ ॥

तक्षकः, यह एक, नाग विशेष और बढ़ई का नाम है, अर्कः, यह एक, स्फटिक और सूर्य्य का नाम है, "(अर्कोऽर्कपर्णे स्फटिके रवौ ताम्रे दिवस्पतामिति मेदिनी)" ॥ ४ ॥ कः यह एकाक्षर, का पद पवन–ब्रह्मा और सूर्य्य का नाम है, उस का रूप तो, कः, कौ, काः, इस आदि देव शब्द के तुल्य होते हैं, कं यह एकाक्षर शिर–और जल का नाम है, सुख का भी नाम है "(को ब्रह्मणि समोरात्मयमदंक्षेषु भास्करे, मयूराग्नौ च पुंसिस्यात्सुखशीर्षजलेषु कमिति मेदिनी)" पुलाकः, यह एक तण्डुल–शून्य–तुच्छ धान्य–संक्षेप अविस्तार–भक्तसिक्थक–अन्नावयव–का नाम है, ॥ ५ ॥ उलूकः पक्षिभेद और करिणः गज की पोंछ के मूल के निकट गुदाच्छादक मांस के पिंड को पेचकः कहते हैं, (एकं); कमण्डल–वर्षा का पत्थर–और दाड़िम आदि को करकः कहते हैं, सुगत बुद्ध–विघ्नराज–और गरुड़ को विनायकः कहते हैं, ॥ ६ ॥ हस्त प्रमाण और वितस्ति अर्थात् द्वादश अंगुल को किष्कुः कहते हैं, शूककीटे अर्थात् शूक सदृश रोम से व्याप्त कीट विशेष–भ्रमर वा केकड़ा–वृक्ष विशेष–और अष्टमराशि को वृश्चिकः कहते हैं, प्रतिकूल को प्रतीकः कहते हैं, तहां प्रतिकूल अर्थ में प्रतीक शब्द त्रिलिङ्ग है और अवयव में पुल्लिङ्ग है ॥ ७ ॥

१ चिरायता २ गन्धतृण ३ कुकुरमुता ।	(स्याद्) भूतिक[न] (न्तु भूनिम्बे कतृणे भूस्तृणे ऽपि च)।
१ तुरई २ चिचिंडा ।	(ज्योत्स्निकायां च घोषे च) कोषातक्य[१स] (ऽथ कट्फले ॥ ८ ॥
१ कायफल २ दूधिया खयर ।	सिते च खदिरे) सोमवल्कः[पु] (स्याद्) (ऽथ सिह्लके ।
१ लोहबान २ तिल्ली की खल वा पीना	तिलकल्के च) पिण्याको[पुन]
१ हींग २ काबुल देश ३ काबुली घोड़ा ।	बाह्लीकं[न] (रामठे ऽपि च) ॥ ९ ॥
१ इन्द्र २ गुग्गुल ३ उल्लू ४ सर्पग्राही ५ विश्वामित्र ६ स्याना ।	(महेन्द्रगुग्गुलूलूक-व्यालग्राहिषु) कौशिकः[पु] ।
१ रोग २ ताप ३ शङ्का ।	(रुक्तापशंकास्वा) तङ्कः[२पु]
१ थोड़ा २ नीच ३ छोटा ।	(स्वल्पे ऽपि) क्षुल्लक[पुमन]-(स्त्रिषु) ॥ १० ॥

१–कौ· २ आ–.

भूनिम्ब चिरायता· कत्तृण और भूस्तृणगन्ध विशेष और वृक्ष विशेष का वाचक भूतिकं है. ज्योत्स्निका अर्थात् तुरई और घोष अर्थात् अपामार्ग वा चिचिंडा का वाचक कोषातकी, "और कोषातकी, वा कोषातकः" है; ॥ ८ ॥ कटफले अर्थात् कायफल वृक्षभेद और शुभ्र खदिर को सोमवल्कः कहते हैं; सिह्लक के पर्यायभेद और तिलकल्क अर्थात् स्नेह रहित तिल चूर्ण वा तिल्ली की खरी–वा खल–वा–पीना को पिण्याकः कहते हैं, रामठ अर्थात् हींग–व शब्द से बाह्लीकदेश–अश्व–घोड़ा–को बाह्लीकं, "बाह्लिकं, वाह्लिकं, वा बह्लीकं" कहते हैं, ॥ ९ ॥ महेन्द्र–गुग्गुल–उल्लू–सर्पग्राही–विश्वामित्र–स्याना–और कोशकारादि, जैसे "(कौशिको नकुले व्यालग्राहि गुग्गुलकर्षयोः, विश्वामित्रे च कोशज्ञो लूकयोरपि कौशिक इति विश्वः)" इन अर्थों का वाचक कौशिकः "और स्त्री· कौशिकी, वा कौषिकः–को" है. रुक्रोग, तापः सन्ताप, शंका· भय–वा सन्देह इन अर्थों का वाचक आतङ्कः है, स्वल्प–अपि शब्द से नीच–कनिष्ठ–दरिद्र–इन अर्थों का वाचक क्षुल्लकः है, "स्त्री· क्षुल्लका, और भी खुल्लकः–का"; ॥ १० ॥

१ चन्द्रमा २ दीर्घायु ३ कुश ।	पु जैवातृकः (शशाङ्के ऽपि)
१ घोड़े का खुर २ बतक ।	पु (खुरेऽप्य श्वस्य) वर्त्तकः ।
१ बाघ २ अग्नि ३ दिग्गज ४ उजला कमल ।	पु (व्याघ्रे ऽपि) पुण्डरीको (ना)
१ अजवायन २ मोर की चोटी ३ प्रकाश ।	पु (यवान्यामपि) दीपकः ॥ ११ ॥
१ वानर २ भेड़िआ ३ कुत्तादि ।	१पु शालावृकाः (कपि-क्रोष्टु-श्वानः)
१ सोना २ गेरू ।	न (स्वर्णे ऽपि) गैरिकम् ।
१ अप्रिय कार्य्य २ पीड़ा ।	न (पीडार्थेऽपि) व्यलीकं (स्याद्)
१ अप्रिय २ झूंठ ।	न अलीकं (त्वप्रिये ऽनृते) ॥ १२ ॥
१ स्वभाव २ वंश ।	न (शीलान्वयाव) ऽनूके (द्वे)
१ खण्ड २ बकला ।	न शल्के (शकल-वल्कले) ।

१-क्.

जैवातृकः, यह एक चन्द्रमा-दीर्घायु-और कुश का नाम है; वर्त्तकः, यह एक अश्व का खुर-और अपि शब्द से पक्षि भेद का नाम है; पुण्डरीकः, यह १ व्याघ्र-अपि शब्द से अग्नि-और दिग्गज आदि का नाम और पुल्लिङ्ग है; और शुभ्रकमल आदि का नाम और क्लीब है; यवानी औषधी का भेद-अपि शब्द से मोर की शिखा प्रकाश आदि का वाचक दीपकः, "वा दीप्यकं भी" है, "(दीपकं वागलङ्कारे वाच्यवद्दीप्ति कारके। दीपकश्चाजमोदायां यवानी बर्हिचूडयोरिकोशान्तरम्)" ॥ ११ ॥ शालावृकाः, यह १ वानर-सियार-श्वान-बिल्ली-मृग-भेड़िया वा महाभारत में प्रेत, आदि का नाम है; गैरिकं, यह एक सोना-गेरू-और धातु विशेष का नाम है, "(गैरिकं धातुरुक्मयोरिति मेदिनी)"; व्यलीकं, यह एक अप्रिय कार्य्य-व्यथा-वैलक्ष्य-आदि का नाम है; अलीकं यह एक मिथ्या-अप्रिय कार्य्य-क्रोधजनक आदि का नाम है; ॥ १२ ॥ अनूकं, यह एक शील अर्थात् स्वभाव-अन्वय अर्थात् वंश का नाम है, "(अनूकं तु कुले शीले पुंसि स्याद्गतजन्मनीति मेदिनी)" शल्कं, यह एक शकलं, अर्थात्, खंड-वल्कलं अर्थात् त्वचा का नाम है; ।

१, १०८ कर्ष सोना २ छाती के भूषण ३ मोहर।	(साष्टे शते, सुवर्णानां हेम्न्युरो भूषणे पले ॥ १३ ॥ पुन दीनारेऽपि च) निष्को (ऽस्त्री)
१ विष्टा २ पाप ३ हाथी दांत ४ घी तेल आदि का शेष ५ दम्भ	पुन कल्को (ऽस्त्री समलैनसोः। दम्भेऽप्य)
१ त्रिशूल २ शिवधनुष ३ धूलि की वर्षा।	पुन (ऽथ) पिनाको (ऽस्त्री शूलशङ्करधन्वनोः) ॥१४॥
१ हथिनी २ नई ब्याई गाय।	स धेनुका (तु करेण्वां च)
१ मेघ समूह २ देवी।	स (मेघजाले च) कालिका।
१ नरक यातना २ वृत्ति।	स कारिका (यातनावृत्त्योः)
१ तर्की २ हाथी के सूंड़ का आगा ३ कमल बीज।	स कर्णिका (कर्णभूषणे ॥ १५ ॥

सुवर्ण के आठ अधिक सौ कर्षों का एक निष्कः कहलाता है, "(सहाष्टाभिर्वर्त्तत इति साष्टं)" ऐसे सुवर्ण मात्र के बने वक्षस्थल के भूषण को जो सुवर्ण के पल का बना हो और दीनारे अर्थात् अच्छे व्यवहार के योग्य द्रव्य को भी निष्कः, कहते हैं, "(पलं कर्षचतुष्टयम्, गुंजानामशीतिः कर्षः)" (एकं) ॥ १३ ॥ कल्कः, यह १ शमलं अर्थात् विष्ठा और एनः अर्थात् पाप और दम्भ का भी वाचक है; "(त्रिषु पापाशये कल्कोऽस्त्री विट्किट्टेभ दन्तयोरिति विश्वः कल्कोऽस्त्री घृततैलादिशेषे दम्भे विभीतक इति मेदिनी)" (एकं) पिनाकः, यह १ रुद्रचाप-धूलि की वर्षा-और त्रिशूल का नाम है, और स्त्री लिङ्ग नहीं है, (एकं) ॥ १४ ॥ धेनुका, यह एक हथिनी-और नवप्रसूत गैया का नाम है; कालिका, यह एक मेघसमूह-और देवता विशेष का नाम है; कारिका, यह एक नट की स्त्री-यातना अर्थात् क्लेश या नरक-विवरण श्लोक-कविता-क्रिया आदि का नाम है;

	करिहस्ताङ्गुलौ पद्मबीजकोश्यां)
	(त्रिषूत्तरे)।
१ देवता २ मनोज्ञ ३ श्रेष्ठ।	पुसन वृन्दारकौ (रूपिमुख्यौ)
१ मुख्य २ अन्य ३ केवल।	पुसन एके (मुख्यान्य केवला:) ॥ १६ ॥
१ मायावी और २ दूर से देखने-वाला।	पुसन पुसन (स्यात्) दाम्भिक: कौक्कुटिको (यश्चा दूरेरितेक्षण:)।
१ मुहदेखा २ जो मालिक का कार्य्य न कर सके।	पुसन लालाटिक: (प्रभोर्भालदर्शी कार्य्याक्षमश्च य:) ॥ १७ ॥
१ राजा २ चूतर ३ कङ्कण ४ चक्र।	पुन (भूभृन्नितम्बवलयचक्रेषु) कटको (ऽस्त्रियाम्)।
१ सूई की नोंक २ छोटा शत्रु ३ रोंए खड़े होना।	पु (सूच्यग्रे क्षुद्रशत्रौ च रोमहर्षे च) कण्टक: ॥ १८ ॥
	॥ इति कान्तवर्ग: ॥

कर्णभूषण करिहस्तांगुली अर्थात् गजशुण्ड का अग्रभाग—और कमल के मध्य कोश अर्थात् बीज को कर्णिका कहते हैं, "(कर्णिका करिहस्ताग्रे करमध्याङ्गुलावपि, क्रमुकादि च्छटांशेब्ज वराटे कर्णभूषण इति मेदिनी)"; (एके) इस के अनन्तर खान्त शब्द के पूर्व जितने शब्द कहे गये हैं वे तीनों लिङ्गों में हैं; "वृंदारकः सुरे पुंसि मनोज्ञ श्रेष्ठयोस्त्रिष्विति मेदिनी" अर्थात् वृन्दारक, यह १ देवता वाची पुल्लिङ्ग है रमणीय और मुख्य वाची त्रिलिङ्ग है; एकः यह १ मुख्य—अन्य—और केवल का नाम है; ॥ १६ ॥ दाम्भिकः, यह १ मायावी—वा छली का नाम है; जो दूर से देखता है वह कौक्कुटिकः कहलाता है; और जो सेवक क्रोध—और प्रसाद के अर्थ प्रभु के ललाट ही को देखता है और जो प्रभु के कार्य्य करने को असक्त है ये दोनों लालाटिकः कहलाते हैं, "(लालाटिकः, सदालस्ये प्रभुभावनिदर्शिनीत्यजयः)"; ॥ १७ ॥ अब यहां से भूभन्नितम्ब इस आदि ये अमूलक ही श्लोक हैं, इसलिये इन की व्याख्या नहीं है, "(भूभृन्नितम्बवलयचक्रेषु कटकोऽस्त्रियाम्। सूच्यग्रे क्षुद्रशत्रौ च रोमहर्षे च कंटकः, ॥ १ ॥ पाको पंक्तिशिशूमध्यरते नेतरि नायकः। पर्य्यंकः स्यात्परिकरे स्याद्व्याघ्रेऽपि च लुब्धकः ॥ २ ॥ आर्द्रायामपि लुब्धकः यह भी पाठ है, पेटकस्त्रिषु वृन्देपि गुरौ देश्ये च देशिकः। खेटकौ ग्रामफलको धीवरेपि च जालिकः ॥ ३ ॥ पुष्परेणौ च किञ्जलकः शुल्कोऽस्त्री स्त्रीधनेपि च। स्यात्कल्लोलेप्युत्कलिका वार्द्धकं भाववृन्दयोः ॥ ४ ॥ करिण्यां चापि गणिकादारकौ बालभेदको। अन्धेप्यनेड़मूकः स्यात् टंकौ दर्पाश्मदारणौ)" ॥ ५ ॥ ये ५ श्लोक क्षेपक हैं, ॥ इति कान्तवर्गः ॥

॥ द्वितीयप्रकरण ॥

अर्थ	मूल
१ शोभा २ किरण ३ ज्वाला ।	पु मयूख-(स्त्विट्कर ज्वालास्व)
१ भौंरा २ बाण ।	पु (ऽलिबाणौ) शिलीमुखौ ।
१ निधिभेद २ ललाट की हड्डी ३ शङ्ख ।	पु शंखः (निधौ ललाटास्थि कम्बौ न स्त्री)
१ शून्य २ इन्द्रियादि ।	न (न्द्रिये ऽपि) खम् ॥ १९ ॥
१ किरण २ ज्वाला ३ चोटी आदि ।	१स (घृणिज्वाले अपि) शिखे

॥ इति खान्ताः ॥

॥ तृतीय प्रकरण ॥

अर्थ	मूल
१ पर्वत २ वृक्ष ।	२पु ३पु (शैलवृक्षौ) नगा वगौ ।
१ वायु २ बाण ।	पु आशुगौ (वायुविशिखौ)
१ शर २ सूर्य्य ३ पक्षी ।	पु (शरार्कविहगाः) खगाः ॥ २० ॥
१ पाखी २ सूर्य्य ३ पक्षी ।	पु पतङ्गौ (पक्षिसूर्य्यौ च)
१ सुपारी २ समूह ।	पु पूगः (क्रमुक-वृन्दयोः) ।

१—स्त्री. २ नग. ३ अग.

अथ खान्त वर्ग कहते हैं, त्विट् शोभा—करः किरण—और ज्वाला इन का वाचक मयूखः है; अलि भौंरा—और बाण शर इन का वाची शिलीमुखः है, शङ्खः, यह १ निधिभेद—ललाट की हड्डी—और शङ्ख का नाम है, खं, यह १ इन्द्रियपुर—क्षेत्र—शून्य—बिन्दु—आकाश—संवेदन—देवलोक—कल्याण में नपुंसक है यह मेदिनी के मत से इतने अर्थ का वाचक है; ॥ १९ ॥ शिखा, यह १ पद घृणिः किरण और ज्वाला—अपि शब्द से चूड़ा—प्रपद—मोर की चूड़ा—इन का वाचक है ॥ इति खान्तवर्गः ॥ गान्त कहते हैं, शैल और वृक्ष शब्द नग और अग के वाचक हैं; आशुगः, यह १ पवन—और बाण का नाम है; खगः, यह १ तीर—सूर्य—चिड़ियों का नाम है, "(अर्क यह यहाँ का उपलक्षण है)" ॥ २० ॥ पतङ्गः, यह १ पक्षी—सूर्य—च शब्द से धानभेद का नाम है; पूगः, यह १ क्रमुकः वृक्षभेद—वृन्द समूह का नाम है; और क्रमुक के फल को पूग कहते हैं, क्लीब है, ।

१ हरिण २ मृगशिर ३ ढूंढ़ना ।	पु (पशवो ऽपि) मृगा
१ प्रवाह २ ज़ोर से चलना ।	पु वेग: (प्रवाह-जवयोरपि) ॥ २१ ॥
१ फूल की धूरि २ गन्ध-चूर्ण ३ ग्रहण ४ धूरि आदि ।	पु पराग: (कौसुमे रेणौ स्नानीयादौ रजस्यपि) ।
हाथी ।	पु पु (गजे ऽपि) नाग-मातङ्गाव्
१ तिलक २ नेत्रान्त ३ अङ्गहीन ।	पु अपाङ्ग-(स्तिलके ऽपि च) ॥ २२ ॥
१ स्वभाव २ त्याग ३ निश्चय ४ अध्याय ५ सृष्टि ।	पु सर्ग: (स्वभावनिर्मोचनिश्चयाध्यायसृष्टिषु) ।
१ शस्त्र बांधना २ उपाय ३ ध्यान ४ सङ्गति ५ युक्ति ।	पु योग: (सन्नहनोपायध्यानसङ्गतियुक्तिषु) ॥ २३ ॥
१ स्त्री सुख २ हाथी ३ घोड़ा आदि ।	पु भोग: (सुखे स्त्र्यादिभृतावहेश्च फणकाययो:) ।
१ चातक २ हरिण ३ विचित्र रङ्ग ।	पु (चातके हरिणे पुंसि) सारंग: (शवले त्रिषु) ॥ २४ ॥

पशव: हरिण आदि—अपि शब्द से मृगशीर्ष—और ढूंढ़ने का वाचक मृग:, है; प्रवाह बहना—जव: शीघ्रता—अपि शब्द से विष्ठा आदि के निकलने का वाचक वेग:, है ॥ २१ ॥ फूल की धूलि—स्नान के अर्थ गन्ध द्रव्य का चूर्ण विशेष—रजस् मट्टी की धूलि—आदि शब्द से सुरत आदि के परिश्रम की शान्ति के अर्थ कामशास्त्र आदि से कहे कपूर आदि के चूर्ण को पराग: कहते हैं, अपि शब्द से उपराग को भी पराग:, कहते हैं; नाग:, मातङ्ग:, ये २ गज के नाम हैं, अपि शब्द से काद्रवेय—नागकेशर—नागवल्ली—हास्तिनपुर—मेघमुस्तक आदि का वाचक नाग शब्द पुल्लिङ्ग है, सीसा—और लवंग—का वाची नाग शब्द क्लीव है, अपि शब्द से चाण्डाल को भी मातङ्ग:, कहते हैं; अपाङ्ग:, यह १ तिलक का नाम है, अपि शब्द से नेत्र का अन्त—और अङ्गहीन को भी अपाङ्ग: कहते हैं; ॥ २२ ॥ सर्ग:, यह १ स्वभाव: प्रकृति—निर्मोच त्याग—निश्चय—अध्याय काव्य आदि में विश्रामस्थान—सृष्टि, निर्माण—इन अर्थों का वाचक है, निश्चय में जैसे "(गृहाण शस्त्रं यदि सर्ग एषत इति रघु:)"; योग:, यह १ सन्नहनं कवच वा शस्त्र बांधना—उपाय: साम—आदि—ध्यानं चित्तवृत्ति निरोध—संगति: संगम—युक्ति इन अर्थों का वाचक है; ॥ २३ ॥ भोग:, यह सुख स्त्री आदि से वा मोल स्त्री से—आदि शब्द से हाथी—घोड़ा—आदि के काम करने वालों के भृति अर्थात् पालन—सर्प का फण और देह आदि का वाचक है, "(पालने ऽभ्यवहारे च निर्वेशे पणयोपितामिति विश्व:)"; सारङ्ग:, यह १ चातक पक्षी विशेष—हरिण—का वाचक है, और चित्र विचित्र शरीर का वाचक सारङ्ग शब्द त्रिलिङ्ग है, "उसी प्रकार शारङ्ग: भी", "(सारङ्ग: पुंसि हरिणे चातके च मतंगजे, शवले त्रिष्विति मेदिनी)" ॥ २४ ॥

१ वानर २ मेंडक ३ सारथी ।	(कपौ च) प्लवगः (पु)
१ शाप २ अनादर ।	(शापे त्व) ऽभिषङ्गः (पु) (पराभवे) ।
१ जूआ आदि ।	(यानाद्यङ्गे) युगः (पु) (पुंसि)
१ दो २ सत्ययुगादि ।	युगं (न) (युग्मे कृतादिषु) ॥ २५ ॥
१ स्वर्ग २ बाण ३ गैया बैलादि ।	(स्वर्गेषु पशुवाग्वज्रदिङ्नेत्रघृणिभूजले ।
	लक्ष्यदृष्ट्या स्त्रियां पुंसि) गौर् (पुस)
१ चिह्न २ शिश्नादि ।	लिङ्गं (न) (चिह्न शेफसोः) ॥ २६ ॥
१ प्रभुता २ शिखरादि	शृङ्गं (न) (प्राधान्यसान्वोश्च)
१ मस्तक २ योनि ।	वराङ्गं (न) (मूर्द्धगुह्ययोः) ।
१ श्री २ इच्छा ३ ऐश्वर्यादि ।	भगं (न) (श्री-काम-महात्म्य-वीर्य्य-यत्ना-र्क-कीर्त्तिषु) ॥ २७ ॥

॥ इति गान्ताः ॥

प्लवगः, यह १ कपौ वानर—च शब्द से भेक—वा मेंडक—सारथी—आदि का वाचक है; अभिषङ्गः, यह १ शापे चिल्लाना—पराभवे तिरस्कार—इन अर्थों का वाचक है; युगः, यह एक यान सवारी—आदि शब्द से रथ—शकट—आदि के अवयव अर्थात् जूआ का वाचक है; युगं, यह एक युग्मे २ कृत—त्रेता—आदि युग—चार हाथ—और औषध विशेष का वाचक है; ॥ २५ ॥ गौः, यह एक स्वर्ग—इषुः बाण—पशुः गैया और बैल—वाक् वाणी—वज्र हीरा आदि—दिक् दिशा—नेत्र लोचन—घृणिः किरण—भू पृथिवी—जल पानी—लक्ष्य दृष्ट्या अर्थात् प्रयोगानुसार गो शब्द पूर्वोक्त अर्थों का वाचक पुल्लिङ्ग और स्त्री लिङ्गों में जानना चाहिये, जैसे सुरभिः स्त्री॰—वृषभः पुं॰ है; चिह्नं चीह्न—शेफः शिश्न—इन अर्थों का वाचक लिङ्गं यह शब्द है, और अनुमान—हर मूर्ति के भेद का भी नाम है, "(लिङ्गं चिह्नेऽनुमाने च सांख्योक्तप्रकृतावपि । शिवमूर्तिविशेषेऽपि मेहनेऽपि नपुंसकमिति मेदिनी)"; ॥ २६ ॥ शृङ्गं यह एक प्राधान्यं प्रभुत्व—सानुः शिखर—च शब्द से पशु के अवयव विशेष का नाम है, "(शृङ्गं प्रभुत्वे शिखरे चिह्ने क्रीडाम्बुयन्त्रके । विषाणोत्कर्षयोश्चापि शृङ्गः स्यात्कूर्चशीर्षक इति मेदिनी)"; वराङ्गं, यह एक मूर्द्धा मस्तक—गुह्यं योनि, का वाचक है; भगं, यह एक श्रीः संपत् और शोभा—कामः इच्छा—माहात्म्यं ऐश्वर्य—वीर्यं पराक्रम—यत्नः प्रयत्न अर्कः सूर्य—कीर्त्ति यश—और योनि इन अर्थों का वाचक है, "(भगं श्रीयोनिवीर्येच्छा ज्ञानवैराग्यकीर्तिषु । माहात्म्यैश्वर्ययत्नेषु धर्मे मोक्षे ऽथ-नारयोरिति मेदिनी)" ॥ २७ ॥

॥ इति गान्ताः ॥

॥ चतुर्थ प्रकरण ॥

१ मारना २ अस्त्र ।	पु परिघः (परिघाते ऽस्त्रे ऽप्य)
१ समूह २ जल का वेग ।	पु ओघो (वृन्दे ऽम्भसां रये) ।
१ मोल २ पूजा का जल ।	पु (मूल्ये पूजाविधाव्) ऽर्घो
१ पाप २ दुःख ३ शिकारादि ।	न (ऽंहो दुःखव्यसनेष्व्) ऽघस् ॥ २८ ॥
१ इष्ट २ अल्प ।	पुसन (विष्विष्टे ऽल्पे) लघुः

॥ पञ्चम प्रकरण ॥

१ सिकहर वा छींका २ काच ३ नेत्ररोग ।	पु काचाः (शिक्यमृद्भेददृग्रुजः) ।
१ विपरीत २ बड़ाई ३ ठगना ।	पु (विपर्य्यासे विस्तरे च) प्रपञ्चः
१ अग्नि २ आषाढ़ ३ मन्त्री आदि ।	पु (पावके) शुचिः ॥ २९ ॥ (मास्यमात्ये चाप्युपधे पुंसि मेध्ये सिते त्रिषु) ।
१ इच्छा २ किरणादि ।	स (अभिष्वङ्गे स्पृहायाञ्च गभस्तौ च) रुचिः (स्त्रियाम्) ॥ ३० ॥

परिघः, यह एक परिघाते अर्थात् चारों ओर से मारना–शस्त्रे लोहमय लाठी–अपि शब्द से योग भेद का नाम है; ओघः, यह एक वृन्दे समूह–अम्भसांरये जल के प्रवाह का नाम है, परंपरा–और नृत्यभेद–का भी नाम है; अर्घः, यह एक मूल्ये व्यवहारके योग्य–पूजा के उपहार वा जल का नाम है; अघं, यह एक अंहः पाप–दुःखं जन्म जरा मरण आदि–व्यसनं मृगया द्यूत आदि–विपत् राग द्वेष आदि का–वाचक है; ॥ २८ ॥ लघुः, यह एक इष्टे मनोज्ञ वा रमणीय–अल्पे थोड़ा–अपि शब्द से निःसार भी–इन अर्थों का वाचक है, और त्रिलिङ्ग है, ॥ इति घान्ताः ॥ काचाः, शिक्यं दही दूध आदि के पात्र के लटकाने के अर्थ रस्सी समूह का बना आश्रय विशेष–मृद्भेद मट्टी का भेद–जो कहा है "(काचः काचो मणिर्मणिरिति)" दृग्रुज नेत्र रोग–ये ३ काचाः कहलाते हैं; विपर्य्यासे विपरीतता–विस्तरे बड़ाई–च शब्द से प्रतारण ठगना–इन का वाचक प्रपञ्चः है; पावके अग्नि अर्थ का वाचक शुचिः है, ॥ २९ ॥ मासि आषाढ़–अमात्ये सचिव–अप्युपधे अर्थात्–धर्म्म आदि के परीक्षण से शुद्ध चित्त–इन अर्थों में शुचिः पुं॰ है, "(शुचिर्ग्रीष्माग्निशृङ्गारेष्वाषाढ़े शुद्धमंत्रिणि । ज्येष्ठे च पुंसि धवले शुद्धे ऽनुपहते त्रिष्विति मेदिनी)" मेध्ये पवित्र–सिते शुभ्र–इन अर्थों में त्रिलिङ्ग है; अभिष्वङ्गे अर्थात् क्रोध की इच्छा–स्पृहायां अति आसक्ति–गभस्तौ किरणों में–च शब्द से प्रकाश और शोभा में स्त्री॰ रुचिः, शब्द है; ॥ ३० ॥ ॥ इति चान्ताः ॥

॥ षष्ठ प्रकरण ॥

१ प्रसन्न २ रीछ ३ स्फटिक ।	(प्रसन्ने भल्लुकेप्य्) ऽच्छो (पु)
१ पल्लव २ हार ।	गुच्छः (पु न) (स्तवक-हारयोः) ।
१ पहिरना २ वस्त्र का किनारा ३ नाव ४ जल का किनारा ।	(परिधाना-ञ्चले) कच्छो (पु) (जलप्रान्ते त्रिलिङ्गकः) ॥ ३१ ॥

॥ सप्तम प्रकरण ॥

१ मोर २ गरुड़ ३ नकुल ।	(केकि-तार्क्ष्याव्) ऽहिभुजो (पु)
१ दांत २ ब्राह्मण ३ पक्षी ।	(दन्तविप्राण्डजा) द्विजाः (पु) ।
१ विष्णु २ शिव ३ भेंड़ा आदि ।	अजा (पु) (विष्णुहरच्छागा)
१ गैयों का स्थान २ रस्ता ३ समूह ।	(गोष्ठा ऽध्वनिवहा) व्रजाः (पु) ॥ ३२ ॥
१ बुद्ध २ यमराज ३ युधिष्ठिर ।	धर्म्मराजो (पु) (जिन-यमौ)
१ हाथीदांत २ सघन वन ।	कुञ्जो (पु न) (दन्ते ऽपि न स्त्रियाम्) ।

प्रसन्ने प्रसन्न–और भल्लुके भालू–का नाम अच्छः है; अपि शब्द से स्फटिक को भी अच्छः कहते हैं; स्तवकः फूल का गुच्छा–वा पल्लव हार मोतों की माला के भेद का गुच्छः नाम है; कच्छः, यह नक्र पुन्नाग द्रुम–परिधानाञ्चले अर्थात् पहिरने के वस्त्र का किनारा–नाव का अङ्ग विशेष–इन अर्थों का वाचक पुं० है, और जलप्राय देश के तट का वाची त्रिलिङ्ग है; ॥ ३१ ॥ इति छान्ताः ॥ केकी मोर–तार्क्ष्य गरुड़–और नकुल–इन का वाचक अहिभुज् है; दन्त दांत–विप्र ब्राह्मण यह उपलक्षण है, क्षत्री वैश्यों का–अण्डजाः पक्षिणः ये द्विजाः कहलाते हैं, "(विप्र क्षत्रिय विट् शूद्रा वर्णास्त्वाद्या द्विजाः स्मृताः)"; विष्णु भगवान् –हर शिव–छाग भेंड़ा–काम–ब्रह्मा–रघुराजा के पुत्र इन का वाचक अजाः, है, "(अजो हरे हरे कामे विधौ छागे रघोः सुत इति विश्वः)"; गोष्ठं गैयों का स्थान–अध्वा मार्गः–निवहः समूहः, इन अर्थों का वाचक व्रजाः है, ॥ ३२ ॥ जिनः बुद्ध–यमः धर्मराज युधिष्ठिर में भी धर्मराज शब्द है–इन का वाचक धर्मराजः है, हाथीदांत–और अपि शब्द से निकुञ्ज–या सघन वन को कुञ्जः कहते हैं; ।

१ खेत २ नगर का द्वार।	न वलजे (क्षेत्रपूर्द्वारे)
उत्तम स्त्री।	स्त्री वलजा (वल्गुदर्शना) ॥ ३३ ॥
१ सम भूमि भाग २ संग्राम।	१स्त्री (समे क्ष्मांशे रणे ऽप्या) जिः
१ पुत्र-कन्या २ रैयत।	स्त्री प्रजा (स्यात्सन्ततौ जने)।
१ शंख २ चन्द्रमा ३ धन्वन्तरि ४ कमलादि।	पु अब्जौ (शंख-शशाङ्कौ च)
१ अपने २ नित्य।	पुस्त्रीन (स्वके नित्ये) निजं (त्रिषु) ॥ ३४ ॥

॥ अष्टम प्रकरण ॥

१ आत्मा २ प्रवीण।	पु (पुंस्यात्मनि प्रवीणे च) क्षेत्रज्ञो (वाच्यलिङ्गकः)।
१ बुद्धि २ नाम ३ हाथ आदि से अर्थ बताना ४ गायत्री ५ सूर्य्य की स्त्री।	स्त्री संज्ञा (स्याच्चेतनानाम हस्ताद्यैश्चार्थसूचना)। ॥ ३५ ॥
१ वैद्य २ पण्डित।	पु दोषज्ञो (वैद्यविद्वांसौ)
१ विद्वान् २ बुध।	पु ज्ञो (विद्वान्सोमजो ऽपि च)।

१ आजिः

क्षेत्र खेत—और नगर द्वार—का वाचक वलजं, है, "(वलजं गोपुरे क्षेत्रे सस्य संगरयोरपीति मेदिनी)"; वल्गुदर्शना अर्थात् अच्छी प्रिय स्त्री वलजा, कहलाती है; ॥ ३३ ॥ समे क्ष्मांशे अर्थात् सम भूभाग—रणे संग्राम—इन का वाचक आजिः है; संततिः सन्तान—और जन—का वाचक प्रजा शब्द है; शंख प्रसिद्ध—शशाङ्क चन्द्रमा—च शब्द से धन्वन्तरि वैद्य—कमल "अर्बुदमब्जं खर्व्वं निखर्व्व—शत कोटि संख्या में भी" इन का वाचक अब्जः, है; स्वके आत्मीये नित्ये चिरस्थायी—जैसे धर्म्मोनिजः नित्यः—इन का वाचक त्रिलिङ्ग निज शब्द है, ॥ इति जान्ताः ॥ ३४ ॥ क्षेत्रज्ञः, यह आत्मनि पुरुष—वाची पुं॰ है; और प्रवीण, वाची वाच्यलिङ्ग है; चेतना बुद्धि, नाम अभिधान, और हस्त आदि अर्थात् हाथ, भौंह, लोचन आदि से जो अर्थ की सूचना वा चेष्टा करनी है, इन सब का संज्ञा नाम है; "गायत्री, और सूर्य्य की स्त्री॰ को भी संज्ञा कहते हैं" ॥ ३५ ॥ वैद्य, और विद्वान् को, दोषज्ञः कहते हैं; विद्वान्, और सोमज अर्थात् चन्द्रमा का पुत्र बुधज्ञः, कहलाता है; ॥ इति ञान्ताः ॥

॥ नवम प्रकरण ॥

१ काक २ हाथी का गाल आदि ।	(काके-भगण्डौ) करटौ (पु)
१ हाथी का गाल २ कमर ३ चटाई	(गजगण्डकटी) कटौ (पु) ॥ ३६ ॥
१ चंदुला २ दुष्टचर्म ३ महादेव ।	शिपिविष्ट-(स्तु खलती दुश्चर्म्मणि महेश्वरे) । (पु)
१ विश्वकर्म्मा २ सूर्य्य ३ वढ़ई ।	(देवशिल्पिन्यपि) त्वष्टा । (१पु)
१ भाग्य २ काल ।	दिष्टं (दैवे ऽपि न द्वयोः) ॥ ३७ ॥ (न)
१ रस ।	(रसे) कटुः (पु)
१ अकार्य्य २ अहंकार ३ तीक्ष्ण ।	कट्व-(कार्य्ये त्रिषु मत्सरतीक्ष्णयोः) । (२न)
१ क्षेम २ अशुभ ३ शुभ ।	रिष्टं (क्षेमाशुभाभावेष्व) (न)
१ शुभ २ अशुभ ३ सौरि का घर ४ मदिरा ५ मरण का चिह्न ।	ऽरिष्टे (तु शुभाशुभे) ॥ ३८ ॥ (न)
१ माया २ निश्चल ३ यन्त्रादि ।	(मायानिश्चलयन्त्रेषु कैतवानृतराशिषु ।

१—ष्टृ. २ कटु.

[illegible] प्रसिद्ध—कुम्भगण्ड हाथी का कपोल वा गाल करटः, कहलाता है, "(करटो गजगण्डेस्यात्कुसुंभे निंद्यजीवने । एकादशाहादि श्राद्धे दुर्दुरूटेपि वायसे । करटो वाद्यभेद इति मेदिनी)"; गजगण्डः हाथी का कपोल—और कटिः कमर वा श्रोणि चटाई को कटः, कहते हैं, "कटी—स्त्री॰ कटिः, और कटः भी" ॥ ३६ ॥ रोग से विना केश का खलति—दुष्ट चाम से युक्त—और [illegible] को—शिपिविष्टः, "और—शिपविष्टः, वा शिविपिष्टः" कहते हैं; देवशिल्पी विश्वकर्मा—वा [illegible]—अपि शब्द से सूर्य्य भेद—और वढ़ई को त्वष्टा कहते हैं, "वा तष्टा (ष्टृ)" [illegible] अर्थात् पूर्व्व जन्म कृतकर्म—में दिष्टं यह नपुंसक है, अपि शब्द से काल का वाची पुं॰ है ॥ ३७ ॥ रसे अर्थात् पीपरि आदि के रसभेद को कटुः, कहते हैं, नहीं करने के योग्य कार्य्य को कटु, कहते हैं यह क्लीव है; मत्सर अभिमान—और तीक्ष्ण तेज का वाची कटु [illegible] है; क्षेम कल्याण—अशुभ अमङ्गल—अभाव अर्थात् अशुभ के अभाव को रिष्टं कहते हैं शुभ और अशुभ को अरिष्टं कहते हैं, और सूतिका के गृह को भी अरिष्टं कहते हैं [illegible] सूतिकागारआसवे। शुभे मरणचिन्हे चेति मेदिनी"; ॥ ३८ ॥ माया [illegible] का [illegible] कूटं यह शब्द है और स्त्रीलिङ्ग नहीं है, अन्यथा आकार का [illegible] निश्चल और अधिकार आकाश आदि है, यंत्रं मृगबंधन विशेष, कैतवं [illegible] ;।

	पुन अयोघने शैलशृङ्गे सीराङ्गे) कूट-(मस्त्रियाम्) ॥ ३९ ॥
१ छोटी इलायची २ काल ३ अल्प ४ संशय।	स (सूक्ष्मैलायां) त्रुटिः (स्त्रीस्यात्काले ऽल्पे संशये ऽपि सा) ।
१ अर्त्ति २ धन्वा की नोक २ बड़ाई ३ कोन ४ करोड़ ।	१स (अत्युत्कर्षाश्रयः) कोट्यो
१ जड़ २ लिपटे वार।	स (मूले लग्नकचे) जटा ॥ ४० ॥
१ फल २ सम्पदा ।	स व्युष्टिः (फले समृद्धौ च)
१ ज्ञान २ नेत्र ३ देखना ।	स दृष्टि-(ज्ञाने ऽक्ष्णि दर्शने) ।
१ यज्ञ २ इच्छा ।	स इष्टि-(यागे च्छयोः)
१ निश्चित २ बहुत।	स सृष्टि-(निश्चिते बहुले त्रिषु) ॥ ४१ ॥
१ दुःख २ महावन।	पुसन कष्टे (तु कृच्छ्रगहने)
	(दक्षामन्दागदेषु तु) ।
१ दक्ष २ तीक्ष्ण ३ निरोग ।	पुसन पटु-(द्वौ वाच्यलिङ्गौ च)

१-टि.

अयोघनः लोह गढ़ने का आयुध विशेष, वा घन वा हथौड़ा शैलशृंगे पर्व्वत का शिखर वा चोटी सीराङ्गं हलका अग्रभाग, ॥ ३९ ॥ सूक्ष्म एला छोटी इलायची को त्रुटिः, कहते हैं; काले-कालभेद में अल्पे अति अल्प में-संशये सन्देह में भी त्रुटिः, शब्द कहा जाता है; अर्त्तिः धनुष का अग्रभाग-उत्कर्षः बड़ाई-अश्रिः कोन-का धार-"और करोड़" इन को कोटिः कहते हैं, "(संख्याभेदेपि कोटिः स्यात्कोटिरश्री च चापाग्रे संख्याभेद-प्रकर्षयोः)" यह विश्वकोश है, मूले जड़-और लग्न कचे अर्थात् मिले जुले केशों को जटा कहते हैं; ॥ ४० ॥ फल में-और फल साध्य समृद्धि में-अर्थात् इन का वाचक व्युष्टिः, है; ज्ञाने बोध-अक्ष्णि नेत्रदर्शने देखना-वा शास्त्र-इन को दृष्टिः, कहते हैं; यागः यज्ञ-इच्छा चेष्टा-वा अभिलाष-इन को इष्टिः, कहते हैं, "(इष्टिर्मताभिलाषेपि संग्रहश्लोकयागयोरिति मेदिनी)" निश्चिते निश्चय-बहुले अधिक-छोड़ा-निर्मित बनाया हुआ-इन को सृष्टिः, "वा सृष्टं" कहते हैं, और त्रिलिङ्ग हैं, ॥ ४१ ॥ कृच्छ्रं दुःख-गहनं महावन-वा नहीं जाने के योग्य-देश इन को कष्टं, कहते हैं, दक्षः उद्योगी-अमन्दः तेज-अगदः निरोग-इन को पटुः, वा पटवः, कहते हैं, और ये दोनों कष्ट और पटु वाच्य लिङ्ग अर्थात् त्रिलिङ्ग हैं;

॥ इति टान्ताः ॥

॥ दशम प्रकरण ॥

१ शिव २ मोर।	पु नीलकण्ठः (शिवे ऽपि च) ॥ ४२ ॥
१ पेट के भीतर का कोठा २ कोठिला ३ घर का मध्य।	(पुंसि) कोष्ठो (ऽन्तर्जठरं कुसूलो ऽन्तर्गृहन्तथा)।
१ सिद्धि २ नाश ३ अन्त।	स निष्ठा (निष्पत्तिनाशान्ताः)
१ बड़ाई २ मर्य्यादा ३ दिशा।	१स काष्ठा (त्कर्षे स्थितौ दिशि) ॥ ४३ ॥
१ अत्युत्तम २ अति वृद्ध ३ बड़ा भाई ४ महीना।	पुसन (त्रिषु) ज्येष्ठो (ऽतिशस्ते ऽपि)
१ बालक २ छोटा-भाई।	पुसन कनिष्ठो (ऽतियुवा-ल्पयोः)।
१ लाठी २ दण्ड करना आदि।	पुन दण्डो (ऽस्त्री लगुडे ऽपि स्याद्)
१ मट्टी की गेंद २ मीठा।	पु गुडो (गोलेक्षुपाकयोः) ॥ ४४ ॥
१ सर्प्प २ बाघ।	पु (सर्प्पमांसात्पशू) व्याडौ

१ काष्ठा.

शिव-अपि शब्द से मोर को भी नीलकण्ठः, कहते हैं, ॥ ४२ ॥ अन्तर्जठरं-पेट के भीतर जिसे कोठा कहते हैं कुसूल धान्यागार-कोठिला यह प्रसिद्ध-अन्तर्गृह घर का मध्य-इन को कोष्ठः, कहते हैं, और पुल्लिङ्ग है; निष्पत्तिः निष्पादन-वा सिद्धि-नाशः अदर्शन-अन्त प्रध्वंस-वा नाश-इन को निष्ठा, कहते हैं; उत्कर्षः बड़ाई-स्थितिः मर्य्यादा दिशि दिशा-और काल विशेष-इन को काष्ठा कहते हैं, ॥ ४३ ॥ अतिशये अति प्रशस्त-सुयोग्य-अपि शब्द से अति वृद्ध-अथवा बड़ा भाई-महीना-इन को ज्येष्ठः कहते हैं और त्रिलिङ्ग है; अति युवा बालक-और छोटे भाई को कनिष्ठः, कहते हैं; ॥ इति ठान्ताः ॥ लगुडे लाठी-अपि शब्द से दण्ड करना-प्रमाण विशेष-यम-सेना-किसी विशेष-वृक्ष की शाखा-कोना मथानी-अभिमान-घोड़ा-और सूर्य के निकट के ग्रह को भी दण्डः, कहते हैं, गोलः मट्टी आदि का-इक्षुपाकः ईख-या ऊख का विकार-इन को गुडः, कहते हैं; ॥ ४४ ॥ सर्प सांप मांसात् पशुः व्याघ्र-इन को व्याडः कहते हैं, "(मांसमत्तीति मांसात् सचासौ पशुश्चेति)" इसके समास में व्यालः भी होता है, उसको भी कहते हैं, ॥

१ गैया २ धरती ३ बाणी ४ बुध की स्त्री ।	१स स (गोभूवाचस्त्वि) डा इला: ।
१ बांस की शलाका २ विष ३ सिंहनाद ।	स क्ष्वेडा (वंशशलाकापि)
१ घरी-वा-ड़ी २ नाड़ी ।	स नाडी (काले ऽपि षट्क्षणे) ॥ ४५ ॥
१ दण्डा २ बाणा-दि ।	पुन काण्डो (ऽस्त्री-दण्ड-बाणा-र्व-वर्गा-वसर-वारिषु) ।
१ घोड़े का गहना आदि ।	न (स्याद्) भाण्ड-(मश्वाभरणे ऽमत्रे मूलवणिग्धने) ॥ ४६ ॥

॥ एकादश प्रकरण ॥

१ अत्यर्थ २ प्रति-ज्ञा ३ दृढ़ ।	न (भृश-प्रतिज्ञयोर्) बाढं
१ अतिशय २ दुःख ।	न प्रगाढं (भृश-कृच्छ्रयोः) ।
१ समर्थ २ मोटा ।	पुसन (शक्त-स्थूलौ त्रिषु) दृढौ
१ छोड़े २ मिले ३ सेना विशेष ।	पुसन व्यूढौ (विन्यस्त-संहतौ) ॥ ४७ ॥

१ इड़ा.

गौः धेनु–भू पृथिवी–वाणी–ड और ल को एकत्व होने से–इन को इड़ा, वा इला कहते हैं, और बुध की स्त्री को भी इला कहते हैं; वंशशलाका अर्थात् बांस की शलाका को–वा पिंजरा आदि के अर्थ वेणुशलाका–अपि शब्द से विष वाचक पुल्लिङ्ग, "सिंहनाद में स्त्रीलिङ्ग–इन अर्थों का वाचक क्ष्वेड़ा, शब्द है; काल समय में षट् क्षण मिते काले अर्थात् छ क्षण प्रमाण के समय में–अपि शब्द से शिरा आदि में भी–इन अर्थों का वाचक नाड़ी, शब्द है; ॥ ४५ ॥ दण्ड आदि ६ अर्थों का वाचक काण्ड शब्द है, और पुन्नपुंसक लिङ्ग है, जैसे दण्ड लाठी–बाण, शर–अर्वा कुत्सित वा निन्दित–वर्ग परिच्छेद–जैसा प्रथम काण्ड में कहा है, अवसर प्रस्ताव, वारि जल–सोना आदि के बने अश्व के आभरण–वा भूषणमात्र–अमत्रे पात्र–और वणिक का मूल धन–इन को भाण्डं कहते हैं; ॥ ४६ ॥ इति डान्ताः ॥ भृशं अत्यर्थ–प्रतिज्ञा स्वीकार–पोढ़ इन अर्थों का वाचक बाढं है; भृशं अतिशय–कृच्छ्र कष्ट–वा दुःख–उस का कारण–पाप–कष्ट देने वाला–प्राजापत्य आदि व्रत–मूत्र कृच्छ्ररोग–इन अर्थों का वाचक प्रगाढं, है, और दृढं को भी प्रगाढं, कहते हैं; शक्त समर्थ–और स्थूल दृढ़–वा मोटा–इन का वाचक दृढः, है, विन्यस्त त्याग–छोड़ा–वा रक्खा और संहत दृढ़–वा परस्पर मेल–सेना का विशेष संस्थापन–इन का वाचक व्यूढः है, ॥ ४७ ॥ इति ढान्ताः ॥

अर्थ	मूल
१ बालक २ स्त्री का गर्भ।	पु भ्रूणो (ऽर्भके स्त्रैणगर्भे)
१ बाणासुर २ तीर।	पु बाणो (बलिसुते शरे)।
१ छोटा टुकड़ा २ अन्न का अंश।	पु कणो (ऽतिसूक्ष्मे धान्यांशे)
१ समूह २ शिवसेवक।	पु (संघाते प्रमथे) गणः ॥ ४८ ॥
१ जूआ की बाज़ी आदि।	पु पणो (द्यूतादिषूत्सृष्टे भृतौ मूल्ये धने ऽपि च)।
१ धनुष की रस्सी २ रसगन्धादि।	पु (मौर्व्यां द्रव्याश्रिते सत्त्वशुक्लसन्ध्यादिके) गुणः ॥ ४९ ॥
१ चुपचाप रहना आदि।	पु (निर्व्यापारस्थितौ कालविशेषोत्सवयोः) क्षणः।
१ ब्राह्मणादि ४, २ शुक्लादि।	पु वर्णो (द्विजादौ शुक्लादौ स्तुतौ)
१ अक्षर।	पुन वर्णं-(न्तु वा ऽक्षरे) ॥ ५० ॥
१ सूर्य्य २ सूर्य्य का सारथी आदि।	पु अरुणो (भास्करे ऽपि स्याद्वर्णभेदे ऽपि च त्रिषु)।
१ शिव २ खम्भा ३ वृक्षादि।	पु स्थाणुः (शर्वे ऽप्य)
१ काक २ द्रोणाचार्य्य ३ परिमाण विशेषादि।	पु (ऽथ) द्रोणः (काके ऽपि च)
१ संग्राम २ शब्द।	पु (रवे) रणः ॥ ५१ ॥

एक छोटा लड़का—और स्त्री का गर्भ—भ्रूणः कहलाता है; महाराज बलि का पुत्र बाण और शर अर्थात् तीर को बाणः, कहते हैं; अतिसूक्ष्म धान्यांशे अर्थात् अन्न का बहुत छोटा टुकड़ा कणः कहलाता है; समूह और रुद्र के अनुचर को गणः कहते हैं; ॥ ४८ ॥ द्यूतं पासा आदि से खेल—आदि शब्द से मुर्गा आदि से युद्ध आदि—छोड़े अर्थ आदि—भर्ता अर्थात् नौकरी—वस्तु का मोल—या बेचने की चीज़ें—धनं द्रव्ये—काकिणी चार—इन को पणः, कहते हैं, और अपि शब्द से व्यवहार और स्तुति को भी पणः कहते हैं, मौर्वी धनुष की रस्सी—द्रव्याश्रिते रसगंध आदि—आदि शब्द का प्रत्येक में सम्बन्ध से सत्त्व रज आदि—शौर्य्य चातुर्य्य आदि—सन्धिविग्रह आदि—सन्ध्या आदि को गुणः कहते हैं; ॥ ४९ ॥ निर्व्यापारस्थितौ अर्थात् चुपचाप ठहरना—काल विशेषे अर्थात् काल विशेष मुहूर्त का द्वादशभाग—उत्सवे पुत्रजन्म आदि को क्षणः कहते हैं, "पर्व भी क्षणः है" विप्र क्षत्रिय आदि—शुक्ल पीत आदि—स्तुति वर्णन आदि—इन को वर्णः, कहते हैं; और अक्षर को भी वर्णः, कहते हैं, यह विकल्प से पुल्लिङ्ग और नपुंसक है, "(वर्णो द्विजादि शुक्लादि यशो गुण कथासु च। स्तुतौ ना न स्त्रियां भेद रूपाक्षरविलेपनेष्विति मेदिनी)" ॥ ५० ॥ भास्कर सूर्य्य—वर्णभेद—कपिल—अपि शब्द से सूर्य्य का सारथी—सन्ध्याराग—इन को अरुणः, कहते हैं; शिव—अपि शब्द से स्तम्भ आदि—और ठहरी वस्तु—इन को स्थाणुः कहते हैं, काके कौआ—अपि शब्द से अश्वत्थामा के पिता—और परिमाण विशेष—इन को द्रोणः, कहते हैं, संग्राम—रवे शब्द और सूर्य्य को रणः, कहते हैं, ॥ ५१ ॥

१ नाई २ मुख्यादि।	(पु) ग्रामणी-(र्नापिते पुंसि श्रेष्ठे ग्रामाधिपे त्रिषु)।
१ भेंड़ा-खरहा-ऊंटादि का रोम।	(स) ऊर्णा (मेषादि लोम्निस्या दावर्त्ते चान्तराभ्रुवोः) ॥ ५२ ॥
१ मृगी २ सोने की प्रतिमा आदि।	(स) हरिणी (स्यान्मृगीहेम प्रतिमाहरिताचया)।
१ मृग २ पाण्डुर वर्ण।	(पुमन) (त्रिषुपाण्डौ च) हरिणः
१ खम्भा २ लोहे की प्रतिमा।	(स) स्थूणा (स्तम्भे ऽपि वेश्मनः) ॥ ५३ ॥
१ वाञ्छा २ प्यास।	(स) तृष्णे (स्पृहा-पिपासे द्वे)
१ निन्दा २ दया।	(स) (जुगुप्सा-करुणे) घृणे।
१ बज़ार की गली २ दुकानादि।	(स) (वणिक् पथे ऽपि) विपणिः
१ मदिरा २ पश्चिम की दिशा।	(स) (सुराप्रत्यक् च) वारुणी ॥ ५४ ॥
१ हाथी २ हथिनी।	(स) करेणु-(रिभ्यां स्त्रीनेभे)
१ बल २ धन।	(पुन) द्रविण-(न्तु बलं धनम्)।
१ घर २ रक्षा करने वाला।	(न) शरणं (गृह-रक्षित्रोः)
१ कमल २ अग्निमन्थ।	(न) श्रीपर्णं (कमले ऽपि च) ॥ ५५ ॥

नापितः नाई–श्रेष्ठः मुख्य–ग्रामाधिपः गांव का प्रधान–इन को ग्रामणीः कहते हैं; मेष भेंड़ा का रोम–भेंड़ों का घेर–आदि पद से खरहा–ऊंट आदि के रोम को ऊर्णा, वा उर्णा, कहते हैं, "(सोर्णा तु चक्रवर्त्यादीनां महारोगिनां च महापुरुषलक्षणभूता मृणालतन्तु-सूक्ष्मा शुभ्रायता प्रशस्ता वार्त्ता प्रायेण भवति)" ॥ ५२ ॥ मृगी–सुवर्ण की पीली प्रतिमा–इन का नाम हरिणी है, पाण्डौ पाण्डुरवर्ण–च शब्द से मृगभेद–इन को हरिणः, कहते हैं, घर का खम्भा–अपि शब्द से लोह की बनी प्रतिमा–इन को स्थूणा कहते हैं, ॥ ५३ ॥ स्पृहा वाञ्छा–पिपासा पीने की इच्छा–इन को तृष्णा कहते हैं, जुगुप्सा निन्दा–करुणा दया–इन को घृणा, कहते हैं, वणिक्पथे वज़ार का रास्ता–वज़ार–"व्यवहार के योग्य वस्तु–इन को विपणिः, कहते हैं, सुरा मदिरा–प्रत्यक् पश्चिम की दिशा–इन को वारुणी, कहते हैं, ॥ ५४ ॥ इभ्यां–हथिनी को–करेणुः, वा स्त्री करेणू, कहते हैं, वह स्त्रीलिङ्ग है, और इभे–हाथी वाची करेणुः पुल्लिङ्ग है, बल–पराक्रम–और धन को–द्रविणं, कहते हैं, घर–और रक्षा करने वाले को–शरणं, कहते हैं, कमल–अग्निमन्थ वृक्ष विशेष–को श्रीपर्णी, कहते हैं, ॥ ५५ ॥

१ विष २ युद्ध ३ तेज ४ लोह।	न (विषाभिमरलोहेषु) तीक्ष्णं (क्लीबे खरे त्रिषु)।
१ हेतु २ मर्य्यादादि।	न प्रमाणं (हेतुमर्य्यादाशास्त्रेयत्ताप्रमातृषु) ॥ ५६ ॥
१ जिससे क्रिया की जायादि।	न करणं (साधकतमं क्षेत्रगात्रेन्द्रियेष्वपि)।
१ जीवों के जन्मादि।	न (प्राण्युत्पादे) संसरणं-(मसम्बाध-चमूगतौ ॥ ५७ ॥ घण्टापथे)
१ उगिला अन्नादि।	न (ऽथ वान्तान्ने) समुद्धरणं-(मुन्नये)। (अतस्त्रिषु)
१ पशु का सींग २ हाथीदांत।	पुसन विषाणं (स्यात्पशुशृङ्गेभदन्तयोः) ॥ ५८ ॥
१ क्रम से उतार पृथ्वी आदि।	पुसन प्रवणः (क्रमनिम्नोर्व्यां प्रह्वे ना तु चतुष्पथे)।
१ व्याप्त २ अशुद्धादि।	पुसन सङ्कीर्णो (निचिताशुद्धाव्)
१ शून्य २ ऊसर।	पुसन इरिणं (शून्यमूषरम् ॥ ५९ ॥

विष-अभिमरयुद्ध-"या मरण की निरपेक्षा से जो युद्ध का उत्साह है"-तेज और लोहा को-तीक्ष्णं कहते हैं, यह क्लीब है, और खरे तीग्म-तेजस्पर्श-को तीक्ष्णं, कहते हैं यह त्रिलिङ्ग है, "(तीक्ष्णं सामुद्रलवणे विषलोहाजिमुष्कके। क्लीबं यवाग्रजे पुंसि तिग्मात्मत्यागिनो-स्त्रिष्विति मेदनी)" हेतुः धूम आदि-मर्य्यादा सीमा-शास्त्र ६ दर्शन-इयत्ता प्रमाण-प्रमाता ज्ञाता-इन को प्रमाणं, कहते हैं; ॥ ५६ ॥ साधकतमं क्रियासिद्धि में अत्यन्त उपकारक-क्षेत्रं अनाज के उत्पत्ति का स्थान-गात्र देह-इन्द्रिय कर्ण नासिका आदि-अपि शब्द से कर्म आदि-इन को करणं कहते हैं; प्राणियों की उत्पत्ति-विना रोक सेना का गमन-घण्टापथ सड़क-और नगर मार्ग इन को संसरणं, कहते हैं; ॥ ५७ ॥ वान्तान्न उगिला अन्न-और उन्नय घास पात आदि का ऊपर लाना-उखाड़ डालना-इन को समुद्धरणं, और उद्धरणं भी कहते हैं; इन के आगे वक्ष्यमाण णान्त शब्द त्रिलिङ्ग हैं; पशु को सींग-और हाथी का दांत-इन को विषाणं, कहते हैं, "(स्त्री॰ विषाणी)" ॥ ५८ ॥ क्रम से निम्न गम्भीर-या क्रम से उतार पृथ्वी-प्रह्वनम्र-चतुष्पथ चौराहा इन को प्रवणः कहते हैं; निचित व्याप्त-अशुद्ध-अमिश्र-मिले हुए या नीच-को संकीर्णः, कहते हैं, "(संकीर्णो संकटे व्याप्ते कुत्रचिद्वर्णसंकरे इत्यजयः)" शून्यं निर्जन देश-ऊषरं स्थलभेद-या ऊसर धरती-को इरिणं, या ईरिणं, कहते हैं, ॥ ५९ ॥

॥ इति णान्ताः ॥

१ देव २ सूर्य्यादि ।	(देव-सूर्य्यौ) विवस्वन्तौ [१पु]
१ नद २ समुद्र ।	सरस्वन्तौ (नदा-र्णवौ) [२पु] ।
१ पक्षी २ गरुड़ ।	(पक्षि-तार्क्ष्यौ) गरुत्मन्तौ [३पु]
१ गीध २ पक्षी मात्र ।	शकुन्तौ (भास-पक्षिणौ) [४पु] ॥ ६० ॥
१ अग्नि २ धूममयी तारा ।	(अग्न्यु-त्पातौ) धूमकेतू [५पु]
१ मेघ २ पर्व्वत ।	जीमूतौ (मेघ-पर्व्वतौ) [पु] ।
१ हाथ २ नक्षत्र विशेष ।	हस्तौ (तु पाणि-नक्षत्रे) [पु]
१ पवन २ देवता ।	मरुतौ (पवना-मरौ) [६पु] ॥ ६१ ॥
१ हाथीवान् २ गाड़ीवान् ।	यन्ता (हस्तिपके सूते) [७पु]
१ धारण २ और पालन करने वालाआदि ।	भर्त्ता (धातरि पोष्टरि) [८पुसन] ।
१ पीने का पात्र २ लड़का आदि ।	(पानपात्रे शिशौ) पोतः [पु]
१ परेत २ मृतकादि ।	प्रेतः (प्राण्यन्तरेमृ ते) [पु] ॥ ६२ ॥

१–त्. २–त्. ३–त्. ४–न्त्. ५–तु. ६–त–वा–त्. ७–न्तृ. ८–र्तृ.

देव अमर–परमेश्वर–राजा–और सूर्य्य–दिवाकर–मंदारवृक्ष–दानव–इन को विवस्वान्, कहते हैं; नदः सरित विशेष–अर्णव समुद्र–इन को सरस्वान्, कहते हैं; पक्षी चिड़िये–तार्क्ष्यः– गरुड़–इन को गरुत्मान्, कहते हैं; भासः पक्षिभेद–प्रकाश–गोष्ठ–कुक्कुट–कौआ–और पक्षीमात्र को शकुन्तः, कहते हैं; ॥ ६० ॥ अग्निः–उत्पातः धूममयी तारा–वा ग्रहभेद–इन को धूमकेतुः, वा केशः कहते हैं; मेघ–और पर्व्वत को–जीमूतः, कहते हैं; पाणिः हाथ–नक्षत्र त्रयोदश इन को हस्तः, कहते हैं; पवन बतास–वा वायु–अमर देवता–इन को मरुत्, वा मरुतः, कहते हैं, ॥ ६१ ॥ हस्तिपक हाथीवान्–और सूत सारथी को यन्ता कहते हैं; धाता धारण करने वाला–पोष्टा पालन करने वाले–को भर्त्ता, कहते हैं, "स्वामी को भी भर्त्ता कहते हैं", पानपात्रे मद्य आदि पीने का पात्र–शिशु बालक–नाव इन को पोतः, कहते हैं, "रहने के स्थान को भी पोतः, कहते हैं"; प्राणयन्तर जीवभेद–और मृत मरे को प्रेतः, कहते हैं; ॥ ६२ ॥

१ ग्रहभेद २ पताका।	(ग्रहभेदे ध्वजे) केतुः (पु)
१ राजा २ पुत्र।	(पार्थिवे तनये) सुतः (पु)।
१ कारीगर २ कंचुकी आदि।	स्थपतिः (पु) (कारुभेदे ऽपि)
१ पहाड़ २ राजा।	भूभृद् (१पु) (भूमिधरे नृपे) ॥ ६३ ॥
१ राजा २ क्षत्रिय मात्र।	मूर्द्धाभिषिक्तो (पु) (भूपे ऽपि)
१ स्त्री का रज २ वसन्तादि समय।	ऋतुः (पु) (स्त्रीकुसुमे ऽपि च)।
१ विष्णु २ शिव।	(विष्णावप्य) ऽजिता (पु)-ऽव्यक्तौ (२पु)
१ बढ़ई २ सारथी।	सूत (पु)-(स्त्वष्टरि सारथौ) ॥ ६४ ॥
१ पण्डित २ प्रकाशितादि।	व्यक्तः (पुस्त्रन) (प्राज्ञे ऽपि)
१ तर्कादि शास्त्र २ उदाहरण।	दृष्टान्ताव् (३पु) (उभे शास्त्रनिदर्शने)।
१ सारथी २ ड्योढ़ीदारादि।	क्षत्ता (४पु) (स्यात्सारथौ द्वाःस्थे क्षत्रियायां च शूद्रजे) ॥ ६५ ॥
१ प्रकरणादि।	वृत्तान्तः (पु) (स्यात्प्रकरणे प्रकारे कार्त्स्न्यवार्त्तयोः)।

१-त्. २-क्त. ३-न्त. ४-तृ.

ग्रहभेद-और ध्वजा वा पताका-को केतुः, कहते हैं; राजा-और पुत्र-को सुतः स्त्री॰ सुता, कहते हैं; कारुभेद अर्थात् शिल्पी वा कारीगर के भेद-और अपि शब्द से कंचुकी-अभीष्ट यज्ञकारी-को स्थपतिः, कहते हैं; पर्व्वत-और राजा को भूभृत्, कहते हैं; ॥ ६३ ॥ राजा-अपि शब्द से राजप्रधान-और क्षत्रियमात्र-को मूर्द्धाभिषिक्तः, कहते हैं; स्त्री कुसुम-वा रज-और-हेमन्त आदि ऋतु को भी ऋतुः कहते हैं; विष्णु-भगवान् को अजितः अव्यक्तः कहते हैं, अपि शब्द से शंकर को भी अजितः, कहते हैं; त्वष्टरि सूर्य्य-कारीगर-सारथी-"वा गाड़ीवान्" आदि को सूतः, कहते हैं; ॥ ६४ ॥ प्राज्ञ विद्वान्-स्फुट-प्रकाशित-दृश्य-स्थूल-आदि को व्यक्तः, कहते हैं; शास्त्र-न्याय शास्त्र आदि-निदर्शन उदाहरण-आदि को दृष्टान्तः, वा इन दोनों को दृष्टान्तौ कहते हैं; सारथी-द्वारपाल-"वा ड्योढ़ीदार-" क्षत्रिया-शूद्रा-इन के लड़के को क्षत्ता कहते हैं, वैश्या के लड़के को भी कहते हैं, "(क्षत्ता शूद्रात्क्षत्रियाजे इति विश्वकोशात्)" च शब्द से दासीपुत्र को भी क्षत्ता कहते हैं; ॥ ६५ ॥ प्रकरण प्रस्ताव-प्रकार भाव-वा अभिप्राय-कार्त्स्न्य सम्पूर्ण-वार्त्ता गाथा-इन को वृत्तान्तः कहते हैं; ।

१ समरादि ।	आनर्त्तः [पु] (समरे नृत्यस्थान-नीवृद्विशेषयोः) ॥ ६६ ॥
१ यमराजादि ।	कृतान्तो [पु] (यम-सिद्धान्त-दैवा-कुशलकर्म्मसु) ।
	(श्लेष्मादि रसरक्तादि महाभूतानि तद्गुणाः ॥ ६७ ॥
१ श्लेष्मपित्तादि २ रसादि ।	इन्द्रियाण्यश्मविकृतिः शब्दयोनिश्च) धातवः [१पु] ।
१ राजधानी रनिवासादि ।	(कक्षान्तरे ऽपि) शुद्धान्तो [पु] (नृपस्यासर्वगोचरे) ॥ ६८ ॥
१ बर्छी-वा सांग २ बल-वा ताक़त ।	(कासू-सामर्थ्ययोः) शक्तिर् [स]
१ कठिनता २ शरीर ।	मूर्त्तिः [स] (काठिन्य-काययोः) ।
१ बड़ाई २ लता वा वेलि ।	(विस्तार-वल्ल्योर्) व्रततिर् [स]
१ रात २ घर ।	वसती [२स] (रात्रि-वेश्मनोः) ॥ ६९ ॥
१ क्षयपूजाआदि ।	(क्षया-र्चयोर्) अपचितिः [स]
१ दान २ अन्तादि ।	साति-[स] (दाना-वसानयोः) ।

१—तु. २—ति वा—ती.

समर सङ्ग्राम—वा लड़ाई—नृत्यस्थान नाच का मण्डप—नीवृद्विशेष जनपद—वा देश विशेष—इन को आनर्त्तः कहते हैं; वह पश्चिम सागर के तीरस्थ द्वारावती है; ॥ ६६ ॥ यमः धर्म्मराज—सिद्धान्त वादीप्रतिवादी से निर्णीत अर्थ—दैवं पूर्व्व जन्म कृतकर्म—अकुशल कर्म पाप—इन को कृतान्तः कहते हैं; श्लेष्म आदि धातु शब्द वाच्य—आदि पद से पित्त आदि का सङ्ग्रह है रसः आहार के परिणाम से उत्पन्न भाग विशेष—रसरक्त आदि इस आदि पद से वसामज्जा आदि का संग्रह है—महाभूतानि पृथिव्यादीनि पांच—इन के गुण गन्धादि—॥ ६७ ॥ इन्द्रियाणि चक्षुः आदि—अश्मविकृतिः मनः शिला आदि—शब्दयोनिः भूसत्तायामित्यादि—इन को धातवः कहते हैं; राजा के कक्षान्तरे अर्थात् राजधानी का स्थान विशेष—और असर्व्व गोचर जो सब साधारण के जाने के योग्य नहीं है—अपि शब्द से अन्तःपुर वा रनवास—और अशौच का अन्त—इन को शुद्धान्तः कहते हैं; ॥ ६८ ॥ कासूः लोहे का भाला—वा बर्छी—प्रकाश—वा शाङ्ग—वा आयुध विशेष—और सामर्थ्य—को—शक्तिः, वा शक्ती कहते हैं; काठिन्यं दृढ़ता— काय शरीर—इन को मूर्त्तिः, कहते हैं; विस्तार बड़ाई—वल्ली लता—को व्रततिः, "वा व्रततिः", कहते हैं; रात—और वेश्म घर को वसतिः, कहते हैं; ॥ ६९ ॥ क्षयः हानि—अर्थ प्रयोजन—याचना भी—"अर्चा पूजा" इन को अपचितिः, कहते हैं; दान देना—हाथी के मद का जल—पालन—अवसानं अन्त—वा विराम—इन को सातिः, कहते हैं, "वाऽ़े सतिः, और संतिः भी कहते हैं" ।

१ दुःख २ धन्वा का किनारा।	स अर्त्तिः (पीडा-धनुष्कोट्योर्)
१ सामान्य जाति २ जन्म।	स जातिः (सामान्य-जन्मनोः) ॥ ७० ॥
१ लोकाचार २ टपकना।	१स (प्रचार-स्यन्दयोः) रीतिर्
१ उपद्रवादि २ विदेश।	स ईति-(डिम्ब-प्रवासयोः)।
१ उदय २ लाभ।	स (उदये ऽधिगमे) प्राप्तिः
१ अग्नित्रयादि २ दूसरा युग।	स त्रेता (त्व ऽग्नित्रये युगे) ॥ ७१ ॥
१ नारद की वीणा २ महत्त्व गुण युक्त भार्य्या।	स (वीणाभेदे ऽपि) महती
१ भस्म २ ऐश्वर्य्यादि।	स भूति-(र्भस्मनि सम्पदि)।
१ सर्पों की नदी और नगरी।	२स (नदी नगर्यो-र्नागानां) भोगवत्य (ऽथ सङ्गरे ॥ ७२ ॥
१ समर २ सङ्ग ३ सभा।	स संगे सभायां) समितिः
१ क्षय २ वास ३ पृथ्वी।	स (क्षय-वासावपि) क्षितिः।
१ सूर्य्य का तेज २ शस्त्र ३ अग्नि की ज्वाला।	३स (रवेरर्चिश्च शस्त्रं च वह्निज्वाला च) हेतयः ॥ ७३ ॥
१ लोक २ छन्द विशेष ३ पृथ्वी ४ जन।	स जगती (जगतिच्छन्दो विशेषे ऽपि क्षितावपि)।

१—ति. २—तो. ३—ति.

पीड़ा दुःख—और धनुष का अग्रभाग—इन को अर्त्तिः, कहते हैं, "आर्त्तिः भी पाठ है" एक प्रकार—वा सामान्य गोत्त्व आदि—मालती पुष्प विशेष—"वा चमेली" और जन्म—इन को जातिः, कहते हैं, ॥ ७० ॥ प्रचारः लोकाचार—स्यन्दः टपकना—इन को रीतिः, कहते हैं, "(रीतिः प्रचारे स्यन्दे च लोहकिट्टारकूटयोरिति विश्वः)" डिम्ब—शिशु—अण्ड—प्लीह रोग—और विप्लव—फिर यह सात ७ प्रकार का है, जैसे अति वृष्टिः—अनावृष्टिः—शलभाः—मूषकाः—शुकाः—स्वचक्रं—परचक्रं भी—ये ७ ईतियां कहलाती हैं, और प्रवास अर्थात् विदेश को ईतिः कहते हैं, उदये उत्पत्ति—"वा बढ़ती"—अधिगमे लाभ—इन को प्राप्तिः कहते हैं, अग्नित्रये अर्थात् दक्षिणाग्नि—गार्हपत्याग्नि—आहवनीयाग्नि—और दूसरे युग को आकारान्तात्रेता शब्द कहते हैं, ॥ ७१ ॥ वीणाभेदे नारद की वीणा—अपि शब्द से महत्त्व गुण युक्त भार्य्या को भी महती कहते हैं, भस्म राख—और अणिमादिक ऐश्वर्य्य—को भूतिः कहते हैं, नागों की—नदी—नगरी—को भोगवती कहते हैं, "भोगवान् (—वत्)" "पातालगंगा—सर्प शरीर—वामाध्यक्ष—नाभि—वा साईं—को भी भोगवती कहते हैं, संगर संग्राम—"वा लड़ाई" ॥ ७२ ॥ संगमेलन—सभा जन समूह—को समितिः, कहते हैं, क्षय नाश—ह्रास—और वासः निवास—को क्षितिः, कहते हैं, अपि शब्द से मेदिनी वाचक क्षिति शब्द है रवे रर्चिः सूर्य्य की प्रभा—शस्त्र अस्त्र—"वा हथियार—" वह्निज्वाला आगि का जलना—इन को हेतिः, वा हेतयः, कहते हैं, ॥ ७३ ॥ जगति लोक में—छन्दोविशेषे द्वादशाक्षरपदयुक्त विशेष छन्द में—क्षिती पृथिवी में—और अपि शब्द से जन का भी वाचक जगती शब्द है, ।

१ दश अक्षर के चरण का छन्द २ पांति ।	स पंक्ति-(श्छन्दो ऽपि दशमं)
१ प्रभाव २ उत्तर काल ।	१स (स्यात्प्रभावे ऽपि चा) यतिः ॥ ७४ ॥
१ जाना २ सेना का भेदादि ।	स पत्ति-(र्गतौ च)
१ पक्ष २ पक्षी का पक्षमूल ३परिवा आदि ।	स (मूले तु) पक्षतिः (पक्षभेदयोः) ।
१ भग २ लिङ्ग ३ मंत्री आदि ।	स प्रकृति-(र्योनि-लिङ्गे च)
१ कौशिकी २ जीविका आदि।	२स (कौशिक्याद्याश्च) वृत्तयः ॥ ७५ ॥
१ वालू २ वालू युक्त देशादि ।	स सिकताः (स्युर्वालुकापि)
१ चारों वेद २ कानादि ।	स (वेदे श्रवसि च) श्रुतिः ।
१ बड़ी प्यारी स्त्री २ वा स्त्री मात्र ।	स वनिता (जनितात्यर्थानुरागायां च योषिति) ॥ ७६ ॥
१ भूमि का बिल २ गुफ़ा ।	स गुप्तिः (क्षितिव्युदासे ऽपि)
१ धारण २ धैर्य्य ।	स धृति-(र्द्धारण-धैर्य्ययोः) ।
१ भटकटैया २ वनभटा आदि ।	स वृहती (क्षुद्रवार्त्ताकी छन्दोभेदे महत्यपि) ॥ ७७ ॥

१ आ-. २-त्ति.

दशमं छन्दः अर्थात् दशाक्षर का पाद-और अपि शब्द से पत्र की पांती को पंक्तिः, कहते हैं; प्रभावः प्रताप-और आने वाले उत्तर काल को भी आयतिः,कहते हैं, "(आयतिः, संयमे दैर्घे प्रभावागामि कालयोरिति विश्वः)" ॥ ७४ ॥ गतौ जाना-बीर का भेद-वा सैन्य का भेद-इन को पत्तिः, कहते हैं, पक्षभेदयोः यह षष्ठी है, और पक्ष शब्द मासार्द्धवाची और खगावयववाची है, इस लिये द्विवचन है, मासार्द्ध का मूल परिवा-और पक्षी के पक्ष का मूल नीचे के भाग को पक्षतिः, कहते हैं; योनि-और लिङ्ग-च शब्द से प्रधान तत्त्व-राजमंत्री-और स्वभाव को प्रकृतिः, कहते हैं; कौशिकी नदीविशेष जिसे विश्वामित्र की बहिन ने बनाई है-आद्य शब्द से आरभटी-सात्त्वती-भारती-च शब्द से जीविका-और सूत्र के विवरण को वृत्तिः, कहते हैं; ॥ ७५ ॥ वालुका वालू अपि शब्द से बालू युक्त देश-और ठिकरा से युक्त को स्त्रीलिङ्ग बहुवचनान्त सिकताः, कहते हैं; चारों वेद-श्रवसि कर्ण-सुनना-च शब्द से प्रसिद्ध को भी श्रुतिः, कहते हैं, "(श्रुतिः श्रोत्रे तथाम्नाये वार्त्तायां श्रोत्रकर्म्मणीति विश्वः)"; जनित उत्पन्न अत्यन्त अनुराग है जिस्में उसे और योषिति अर्थात् स्त्री मात्र को वनिता कहते हैं; ॥ ७६ ॥ क्षितिव्युदासे अर्थात् पृथिवी के भीतर का बिल-वा गुफ़ा-बन्दीख़ाना-अपि शब्द से रक्षण को गुप्तिः, कहते हैं, "(गुप्तिः कारागृहे प्रोक्ता भूगर्त्ते रक्षणेऽधमे इति विश्वः)" "बिल बनाने के लिये धरती के खनने को भी गुप्तिः कहते हैं यह सुभूति का मत है"; धारण रखना-धैर्य्य धीरता-"तुष्टि सन्तोष-वा योगभेद-अध्वर यज्ञ को भी" धृतिः, कहते हैं; क्षुद्रवार्त्ताकी ओषधि विशेष-वा भटकटैया-वा वनभटा-वा वैंगन-और छन्दोभेदे नवाक्षर के चरण के छन्द को वृहती, कहते हैं, "महती विपुला वह भी वृहती कहलाती है"; ॥ ७७ ॥

१ स्त्री २ हथिनी ।	स वासिता (स्त्री-करिण्योश्च)
१ जीविका २ वार्तादि ।	स वार्त्ता (वृत्तौ जनश्रुतौ) ।
१ लघु २ असार ३ रोग रहित ।	न वार्त्तं (फल्गुन्यरोगे च त्रिषु)
१ पानी २ घी ३ सुधा ४ यज्ञ शेष ।	(ऽप्सु च) न घृता-ऽमृते न ॥ ७८ ॥
१ चांदी २ सोना ।	न कलधौतं (रूप्य-हेम्नोर्)
१ हेतु २ चिह्न ।	न निमित्तं (हेतु-लक्ष्मणोः) ।
१ शास्त्र २ सुना हुआ ।	न श्रुतं (शास्त्रा-वधृतयोर्)
१ सत्ययुग २ अलमर्त्य ।	(युग-पर्य्याप्त्योः) न कृतम् ॥ ७९ ॥
१ बड़ा भय २ बड़ा साहस ।	न अत्याहितं (महाभीतिः कर्मजीवानपेक्षि च) ।
१ न्याय २ पृथिव्यादि ५-३ सत्यादि ।	(युक्ते क्ष्मादावृते) न भूतं (प्राण्यतीते समे त्रिषु) ॥ ८० ॥
१ श्लोक २ यश ३ भूत कालादि ।	न वृत्तं (पद्ये चरित्रे त्रिष्वतीते दृढनिस्तले) ।
१ राज्य २ बड़ा आदि ।	न महद् (राज्यं च)
१ अपवाद २ निन्दित ।	न ऽपगीतं (जन्ये स्याद्गर्हिते त्रिषु) ॥ ८१ ॥

स्त्री योषित्–करिणी हथिनी–को वासिता, और अवमात्र–तथा पक्षी के शब्द को वासितं, कहते, हैं, यह नपुंसक है; वृत्तिः जीविका–जनश्रुतिः वृत्तान्त–वा [illegible]–को वार्त्ता, कहते हैं; फल्गुनि लघु–वा असार–वा तत्वहीन को क्लीब वार्त्तं, कहते हैं [illegible] और अरोग रोग रहित का वाचक वार्त्तं, त्रिलिङ्ग है; घृत–और अमृत–का वाची अप्सु सप्तम्यन्त शब्द अर्थात् जल हैं, च शब्द से घृत और जल का वाची क्लीब है, और भी अमृतं यह घृत–पीयूष–यज्ञशेष–का वाचक है; ॥ ७८ ॥ रूप्यं रजत–या चान्दी–हेम सुवर्ण–को [illegible]लधौतं, कहते हैं; हेतुः कारण–लक्ष्म चिह्न को निमित्तं, कहते हैं; शास्त्रं ६ शास्त्र–अव[illegible]तं सुना हुआ–को श्रुतं, कहते हैं; युग प्रथम युग–पर्य्याप्ति अलमर्त्य को–कृतम्, कहते [illegible] ॥ ७९ ॥ महाभीतिः बड़ा भय–जीवानपेक्षि कर्म अर्थात् बड़े साहस के कर्म को अत्याहि[illegible] कहते हैं; युक्ते न्याय्य क्ष्मादौ क्षिती आदि पांच–तत्त्वे सत्य–प्राणिनि जन्तु–अतीते गत[illegible]समे सदृश–इन को भूतं, कहते हैं, "(भूतं क्ष्मादौ पिशाचादौ न्याय्ये सत्योपमानयोरिति वि[illegible]:)" ॥ ८० ॥ पद्ये श्लोक–चरित्रे यश–अतीते बीत गया–दृढे गाढ़–निस्तले गोल–वा वर्त्तु[illegible]–इन को वृत्तं कहते हैं, और तीनों लिङ्ग हैं, राज्यं राज–च शब्द से बड़े को भी महत्, कहते हैं, "(महाराज्ये विशाले चेति विश्वः)"; जन्ये जनों के अपवाद–और गर्हिते निन्दित को अपगीतं कहते हैं, और त्रिलिङ्ग है; ॥ ८१ ॥

१ रूपा २ उजला ३ द्वीप विशेष।	न श्वेतं (रूप्ये ऽपि)
१ रत्नों की माला २ सोना ३ चान्दी-आदि।	न रजतं (हारे रूप्ये सिते त्रिषु)।
	(त्रिष्विती) १पुसन
१ जङ्गम २ भुवन।	जगद् (इङ्गे ऽपि)
१ नीलादिरङ्ग २ रुधिर।	पुसन रक्तं (नील्यादिरागि च) ॥ ८२ ॥
१ सित २ पीत ३ निर्म्मल।	पुसन अवदातः (सिते पीते शुद्धे)
१ बद्ध २ अर्ज्जुन।	पुसन (बद्धार्ज्जुनौ) सितौ।
१ उचित २ संस्कारी ३ असहनशील।	पुसन (युक्ते ऽतिसंस्कृते मर्षिण्य) ऽभिनीतौ
१ बनायेपदार्थ २ शास्त्र लक्षण युक्तादि।	पुसन (ऽथ) संस्कृतम् ॥ ८३ ॥
१ विनासीमा २ विष्णु ३ शेष।	(कृत्रिमे लक्षणोपेते ऽप्य) पुसन ऽनन्तो (ऽनवधावपि)।
१ प्रसिद्ध २ हर्षितादि।	पुसन (ख्याते हृष्टे) प्रतीतो
१ कुलीन २ पण्डितादि।	पुसन ऽभिजात-(स्तु कुलजे बुधे) ॥ ८४ ॥

१–त.

रूप्यं रूपा–वा चान्दी–अपि शब्द से श्वेतद्वीप और शुभ्र को भी श्वेतं कहते हैं, "(श्वेतं रूप्ये ऽन्यवच्छुक्ले श्वेतो द्वीपाद्रिभेदयोरिति विश्वः)"; हारः रत्नों की माला विशेष–रूप्यं रूपा–सितं शुभ्र–हेम्नि सुवर्ण–को रजतं कहते हैं, और शुभ्र का वाची त्रिलिङ्ग है, "सोना को महारजतं कहते हैं"; इस रजत शब्द से आगे जितने तान्त शब्द हैं वे त्रिलिङ्ग हैं; इङ्गे जङ्गम–और भुवन–को जगत्, कहते हैं; नील्यादि रंग से युक्त और रुधिर को रक्तं, कहते हैं, "(रक्तो नुरक्ते निल्यादिरंजिते लोहिते त्रिषु। क्लीवन्तु कुंकुमे ताम्रे इति मेदिनी)" ॥ ८२ ॥ सितं उजला–पीतं पीला–शुद्ध निर्मल–को अवदातः, कहते हैं; अर्ज्जुनः शुक्ल–और बद्ध अर्थात् कैदी को सितः, कहते हैं; युक्ते न्याय्य–वा उचित–अति संस्कृते संस्कार प्राप्त–वा भूषित–मर्षिणि सहनशील–अति सिंगार युक्त–को अभिनीतः, कहते हैं; ॥ ८३ ॥ कृत्रिम बनाये घट आदि–लक्षणोपेते शास्त्र के लक्षण से युक्त–और संस्कार से युक्त वा अलङ्कार से युक्त को–संस्कृतं, कहते हैं; अनवधौ विना सीमा– अपि शब्द से शेष आदि को अनन्तः, कहते हैं, "उसी प्रकार विष्णु–वा सर्पों के राजा को भी अनन्तः, कहते हैं, और इन अर्थों में पुल्लिङ्ग है, "(अनन्तः केशवे शेषे पुमाननवधौ त्रिषु इति मेदिनी। अनन्तं खे निरवधाविति हैमः)"; ख्याते प्रसिद्ध–हृष्टे हर्षित–"और भी जाना हुआ", वा मर्य्याद प्राप्त, को प्रतीतः, कहते हैं; कुलजे कुलीन–बुधे पण्डित–"और श्रेष्ठ को" अभिजातः, कहते हैं, ॥ ८४ ॥

१ पवित्र २ एकान्तादि ।	पुसन विविक्तौ (पूत-विजनौ)
१ मोहित २ बढ़ा हुआ आदि ।	पुसन मूर्छितौ (मूढ-सोच्छ्रयौ) ।
१ खट्टा २ निठुर ।	(द्वौ चाम्ल-परुषौ) पुसन शुक्तौ
१ शुक्ल २ कृष्णवर्ण ।	पुसन शिती (धवल-मेचकौ) ॥ ८५ ॥
१ सच्चा २ साधु ३ विद्यमानादि ।	(सत्ये साधौ विद्यमाने प्रशस्ते ऽभ्यर्हिते च) १पुसन सन् ।
१ पूजित २ शत्रुपीड़ितादि ।	पुसन पुरस्कृतः (पूजिते ऽरात्यभियुक्ते ऽग्रतः कृते) ॥ ८६ ॥
१ निवास २ वायुरहितादि ।	पुसन निवातावू (आश्रया-वातौ शस्त्राभेद्यं च वर्म्म यत्) ।
१ उत्पन्न २ अभिमानी ३ बढ़ाहुआ ।	(जातोन्नद्धप्रवृद्धाःस्युर्) पुसन उच्छ्रिता
	पुसन उत्थिता-(स्त्वमी ॥ ८७ ॥
१ वृद्धिमान् २ प्रवृत्त ३ उत्पन्न ।	वृद्धिमत्प्रोद्यतो त्पन्ना)
१ सत्कारयुत २ पूजित ।	पुसन आदृतौ (सादरा-र्चितौ) ।
	इति तान्ताः ॥

१ सत्–

पूतं पवित्र–विजनः एकान्त–और छोड़ा गया–इन को विविक्तः, कहते हैं; मूढः मोह को प्राप्त–सोच्छ्रयः वृद्धियुक्त–और अचेतन–वा अज्ञान–को मूर्छितः, कहते हैं; अम्लं खट्टा–वा चुक्र जो तीन रात का रक्खा हो वा खट्टा मठा–परुषः निठुर–ये दो शुक्तः, कहलाते हैं, "शुक्तं पूताम्लनिष्ठुर इति मेदिनी"; धवलः श्वेत–मेचकः कृष्णवर्ण–को शितिः–ती–ति, "और भी सितिः" कहते हैं, ॥ ८५ सत्ये सच्चा वा सत्ययुग–साधौ योग्य–वा उत्तम कुल जात–वा उचित–विद्यमाने वर्त्तमान काल–प्रशस्ते प्रशंसनीय वा श्रेष्ठ–अभ्यर्हिते पूजित–इन को सन्, कहते हैं, "स्त्री सती" धर्म मात्र में क्लीब है और धर्मयुक्त में सत् त्रिलिङ्ग है; पूजिते मान्य–अरात्यभियुक्ते शत्रु से जीते हुये–और अग्रतः कृते अगाड़ी किये हुये को पुरस्कृतः, कहते हैं; ॥ ८६ ॥ आश्रयः निवास–अवातः वातवर्ज्जित–को निवातः, कहते हैं, और जो शस्त्र से अभेद्य है वर्म अर्थात् कवच, वा बख्तर, उसे भी निवातः, कहते हैं, जैसे निवात कवचो धीरः, "निवातो दृढसन्नाहः इति अजयः"; जातः उत्पन्न–उन्नद्धः दृप्तः–वा अभिमानी–प्रवृद्ध बढ़ा हुआ–इन को उच्छ्रितः, वा ये उच्छ्रिताः, कहलाते हैं; ये वक्ष्यमाण वृद्धिमत् आदि उत्थिताः, कहलाते हैं, ॥ ८७ ॥ वृद्धिमत् वृद्धिमान्–प्रोद्यत प्रवृत्त–वा लगा हुआ–और उत्पन्न जन्म–को उत्थितः, कहते हैं, "यहां कहीं किसीने उदास्थिताः इस आदि कहा है वे असम्बद्ध होने से आदर के योग्य नहीं हैं; सादर सत्कारयुत–अर्चित पूजित, को आदृतः, कहते हैं;

॥ इति तान्ताः ॥

॥ त्रयोदश प्रकरण ॥

१ वाच्य २ धन ३ प्रयोजनादि ।	पु अर्थो (ऽभिधेयो रै-वस्तु-प्रयोजन-निवृत्तिषु) ॥ ८८ ॥
१ कूपादि जलाशय २ शास्त्रादि ।	न (निपाना-गमयोस्) तीर्थम् (ऋषिजुष्टजले गुरौ) ।
१ शक्तिमान २ सम्बन्धार्थादि ।	पुसन समर्थ-(स्त्रिषु शक्तिस्थे सम्बन्धार्थे हिते ऽपि च) ॥ ८९ ॥
१ क्षीणराग २ अतिवृद्ध ।	पु दशमीस्थौ (क्षीणराग-वृद्धौ)
१ मार्ग २ पंक्ति ।	स वीथी (पदव्यपि) ।
१ सभा २ उपाय ।	स (आस्थानी-यत्नयोर्) आस्था
१ कंगूरा २ परिमाणभेद ।	पुन प्रस्थो (ऽस्त्रीसानु-मानयोः) ॥ ९० ॥

॥ इति थान्ताः ॥

॥ चतुर्दश प्रकरण ॥

१ अभिप्राय २ आधीन ।	१पु (अभिप्राय-वशौ) छन्दौ
१ मेघ २ वर्ष ।	पु अब्दौ (जीमूत-वत्सरौ) ।

१—न्द.

अभिधेयः वाच्य—वा कहने के योग्य—राः धन—वस्तु तत्त्व—प्रयोजन उद्देश्य—वा हेतु—निवृत्तिः निवर्त्तन—वा उपराग—वा विराग—इन को अर्थः, कहते हैं; ॥ ८८ ॥ निपानं कूप के पास का जलाशय—आगमः वोद्ध शास्त्र से भिन्न शास्त्र—ऋषिजुष्टजले ऋषियों से सेवित जल—गुरौ उपाध्याय—अयोध्या—काशी—आदि को तीर्थं कहते हैं, "(तीर्थं शास्त्राध्वरक्षेत्रोपाय नारीरजःसु च। अवतारर्षि जुष्टाम्बु पात्रोपाध्याय मंत्रिष्विति मेदिनी)"; शक्तिस्थे शक्तिमान—सम्बन्धार्थे सम्बन्ध अर्थ में—जैसे समर्थः पदविधिः, हिते अनुकूल को समर्थः, कहते हैं; ॥ ८९ ॥ क्षीणरागः दूर हो गया है राग रस जिस का—और वृद्धः अति वृद्ध को दशमीस्थः, कहते हैं, "(दशमीस्थो नष्टबीजे स्थविरे चेति विश्वः)"; पदवी मार्ग—वा रास्ता—अपि शब्द से पांती को भी वीथी, कहते हैं, आस्थानी सभा—यत्नः उपाय—इन को आस्था, कहते हैं; सानु पर्वत का अग्रभाग—मानं परिमाण भेद—इन को प्रस्थः, कहते हैं; ॥ ९० ॥ "(शास्त्रद्रविणयोर्ग्रन्थः संस्थाधारे स्थितौ मता वित्यन्यत्)"; ॥ इति थान्ताः ॥ अभिप्रायः आशय—वशो ऽधीनः—वा वशीभूत—इन को छन्दः, कहते हैं "(छन्दोवशे ऽभिप्राये च दृषत् पाषाणमात्रके ॥ निर्णयणार्थ्यपट्टे ऽपीति हेमः)"; जीमूतः मेघ—वत्सरः वर्ष—इन को अब्दः, कहते हैं, "(अब्दःसम्वत्सरे मेघे गिरिभेदे च मुस्तकः इति विश्वः)"; ।

१ निन्दा २ आज्ञा ।	पु अपवादो (तु निन्दाज्ञे)
१ सुत २ भाई बन्धु ।	पु दायादौ (सुत-बान्धवौ) ॥ ९१ ॥
१ किरण २ चरण ३ चौथाई ।	पु पादा-(रश्म्यं-ङ्घ्रि-तूर्य्यांशाः)
१ चन्द्र २ अग्नि ३ सूर्य्य ।	१पु (चन्द्रा-ग्न्य-र्काः) तमोनुदः ।
१ जनवाद २ सिद्धान्त ।	पु निर्व्वादो (जनवादे ऽपि)
१ कीचड़ २ बालतृण ।	पु शादो (जम्बाल-शष्पयोः) ॥ ९२ ॥
१ कष्ट युत शब्द २ रोया ३ रक्षकादि ।	२पु (आरावे रुदिते त्रातर्य्या) क्रन्दो (दारुणे रणे) ।
१ अनुग्रह २ प्रसन्नता ३ काव्यगुण ।	पु (स्यात्) प्रसादो (ऽनुरोधे ऽपि)
१ व्यञ्जन २ रसोइया-वा-बाला ।	पु सूदः (स्याद्व्यञ्जने ऽपि च) ॥ ९३ ॥
१ गोष्ठाध्यक्ष २ कृष्णादि ।	पु (गोष्ठाध्यक्षे ऽपि) गोविन्दो
हर्षादि ।	३पु पु (हर्षे ऽप्या) मोद (वत्) मदः ।
१ प्रधान २ राजचिह्नादि ।	पुन (प्राधान्ये राजलिङ्गे च वृषाङ्गे) ककुदो (ऽस्त्रियाम्) ॥ ९४ ॥

१-द. वा-द. २ आ-. ३ आ-.

निन्दा गुणों में दोष लगाना-आज्ञा शासन-वा हुकुम- इन को अपवादः, कहते हैं, "वा अववादः"; सुतः पुत्र-बान्धवः ज्ञाति-वा भाई आदि-इनको दायादः, कहते हैं; ॥ ९१ ॥ रश्मिः किरण-अंघ्रिः चरण-वा वृक्षमूल-और चौथाई-को पादः, कहते हैं; चन्द्रः चान्द-अग्निः आग-अर्कः सूर्य्य-इन को तमोनुद, वा तमोनुत्, कहते हैं; जनवादे लोकवाद-अपि शब्द से निर्णीत वाद-वा सिद्धान्त-को निर्वादः, कहते हैं; जम्बालः कीचड़-शष्पः बालतृण-को शादः कहते हैं, ॥ ९२ ॥ आरावे आर्त्त शब्द-रुदिते रोया-त्रातरि रक्षक-दारुणे-रणे भयानक युद्ध-वा बड़ी लड़ाई को आक्रन्दः, कहते हैं; अनुरोधे अनुवर्त्तन-"वा अनुरागे प्रीति-वा अनुग्रह वा काव्यगुण" इन को प्रसादः, कहते हैं, "(प्रसादो ऽनुग्रहे काव्यप्राणस्वास्थ्य-प्रसत्तिष्विति मेदिनी)"; व्यञ्जने तर्कारी आदि- वा शाकभेद-वा सूपकार रसोई का कर्त्ता-इन को सूदः, कहते हैं; ॥ ९३ ॥ गोष्ठ गैयों का स्थान-उस का अध्यक्ष-गोपाल आदि-वा कृष्ण-को गोविन्दः, कहते हैं, "वृहस्पति को भी गोविन्दः, कहते हैं" दकारान्त आमोदः, शब्द हर्ष का वाची है, और अपि शब्द से अति निर्हारी अर्थात् जो दूर से मन को सुगन्धित करता है उस गन्ध को भी आमोदः, कहते हैं; तैसे ही मदः, शब्द भी हर्ष में-अपि शब्द से गर्व अभिमान-गज का मदस्राव-वीर्य्य-आदि का वाचक है; प्राधान्ये मुख्य-राजलिङ्गे छत्र चंवर-आदि-वृषाङ्गे बैल का अङ्ग विशेष-राजप्रधान को-ककुद, वा ककुत् (-द्) कहते हैं, ॥ ९४ ॥

१ ज्ञान २ सम्भाषणादि ।	१स (स्त्री) सम्विज् (ज्ञानसम्भाषा क्रियाकारा जिनामसु) ।
१ धर्म्म २ एकान्तादि ।	२स (धर्मे रहस्यु) पनिषत्
१ शरदृतु २ वर्ष ।	३स (स्यादृतौ वत्सरे) शरत् ॥ ६५ ॥
१ व्यवसाय २ रक्षादि ।	न पदं (व्यवसितिचाण-स्थान-लक्ष्मां-ह्रि-वस्तुषु) ।
१ गैयों के स्थानादि ।	न गोष्पदं (सेविते माने)
१ स्थान २ कार्य्य ।	न (प्रतिष्ठाकृत्यम्) आस्पदम् ॥ ६६ ॥
१ इष्ट २ मधुर ।	४पुसन (विष्विष्ट-मधुरौ) स्वादु
१ अतीक्ष्ण २ कोमल ।	५पुसन मृदू (चातीक्ष्ण-कोमलौ) ।
१ मूर्ख २ अल्पादि ।	६पुसन (मूढा-ल्पा-पटु-निर्भाग्या) मन्दाः (स्युर्)
१ नया २ अधीर ।	पुसन (द्वौ तु) शारदौ ॥ ६७ ॥ (प्रत्यग्रा प्रतिभौ)
१ पण्डित २ ढीठ ।	पुसन (विद्व-त्सुप्रगल्भौ) विशारदौ ।

॥ इति दान्ताः ॥

१-द. २-उ-द. ३-द. ४-दु. ५-दु. ६-न्द.

ज्ञान विद्या-सम्भाषा रीति पूर्वक कहना-क्रियाकारः कर्म का नियम-आजिः युद्ध-नाम-संज्ञा-इन को संवित्, कहते हैं, "(संवित्संभाषणे ज्ञाने संयमे नाम्नितोषणे । क्रियाकारे प्रतिज्ञायां संकेताचारयोरपीति हेमः)"; धर्म्म श्रुति स्मृति से विहित कर्म्म-वा शास्त्र कथित कर्म करने से उत्पन्न होनहार फल का साधन भूत शुभ पुण्य-वा दान आदि-रहसि एकान्त-वा गोप्य-वेदान्त को भी उपनिषद्, कहते हैं; ऋतौ छ ऋतु वसन्त आदि-और वत्सरे वर्ष को शरत् कहते हैं; ॥ ६५ ॥ व्यवसितिः व्यवसाय-वा उद्यम-त्राण रक्षण-स्थान स्थिति-लक्ष्म चिह्न-अंह्रि चरण-वस्तु पदार्थ-शब्द भेद-सुबन्त और तिङन्त रूप-इन को पदं, कहते हैं; सेविते गैयों से सेवित देश माने गैयों के खुर के प्रमाण लम्बाई-चौड़ाई आदि के गड़हा-को गोष्पदं, कहते हैं, प्रतिष्ठा स्थान-वा मर्य्यादा-कृत्यं कार्य्य-को आस्पदं, कहते हैं; ॥ ६६ ॥ इस के आगे वर्ग समाप्ति पर्य्यन्त दान्त शब्द त्रिलिङ्ग हैं; इष्टः मनोहर-मधुर रस गुड़-आदि इन को स्वादुः कहते हैं, "(स्वादुर्मनोज्ञे मिष्ठे चेति विश्वः)" अतीक्ष्णः अतिग्मः-कोमलः अकठिन को मृदुः, वा मृदू, कहते हैं, मूढः मूर्ख-अल्पा मन्दोदरी-अपटुः असमर्थ-निर्भाग्यः भाग्यहीन-इन को मन्दः, वा मन्दाः कहते हैं, ॥ ६७ ॥ प्रत्यग्रः अभिनव-वा अत्यन्त नया-अप्रतिभः अप्रगल्भ-वा अधीर-ये दो शारदौ कहलाते हैं; विद्वान् पण्डित-प्रगल्भः ढीठ-को विशारदः, कहते हैं, "(विशारदो बुधे धृष्टे इति हेमः)" ॥ इति दान्ताः ॥

	॥ पञ्चदश प्रकरण ॥
१ नापविशेष २ बरगद ।	(व्यामो वटश्च) न्यग्रोधाव् (पु)
१ देह २ उंचाई ।	उत्सेधः (पु) (काय उन्नतिः) ॥ ९८ ॥
१ध्यानादि २रास्ता	(पर्य्याहारश्च मार्गश्च) विवधो (पु) वीवधो (पु) (च तौ) ।
यज्ञीय वृक्षादि ।	परिधि (पु) -(र्यज्ञियतरोः शाखायामुपसूर्य्यके) ॥ ९९ ॥
गिरोंधरीवस्त्वादि	(वन्धकं व्यसनं चेतः पीडाधिष्ठानम्) आधयः (२पु) ।
समाधानादि ।	(स्युः समर्थन-नीवाक-नियमाश्च) समाधयः (३पु) ॥ १०० ॥
दोष का उत्पादनादि ।	(दोषोत्पादे) ऽनुबन्धः (पु) (स्यात्प्रकृत्यादिविनश्वरे ।
	मुख्यानुयायिनि शिशौ प्रकृतस्यानुवर्त्तने) ॥ १०१ ॥
विष्ण्वादि ।	विधु (पु) -(र्विष्णौचन्द्रमसि)
सीमादि ।	(परिच्छेदे विले) ऽवधिः (पु) ।

१–ध. २–धि. ३–धि.

फैलाये दोनों भुजों के गोल का परिमाण व्याम वा व्यामः–वटः बरगद का वृक्ष–इन दोनों को न्यग्रोधः, कहते हैं; कायः देह–उन्नतिः उचाई–को उत्सेधः, कहते हैं; ॥ ९८ ॥ परितः चारों ओर से आह्रियते एकत्र किया जाता जो ध्यान आदि है–मार्गः पंथा–ये दोनों विवध. और वीवध संज्ञक कहलाते हैं, और तंडुल आदि के संग्रह–भार बोझे को भी कहते हैं; यज्ञिय तरु अर्थात् पलाश आदि की शाखा चन्द्र सूर्य्य के समीपस्थ मेष वृष आदि के सन्निकर्ष मे जायमान वेष्टन के आकार मण्डल–वा चन्द्र सूर्य्य सभा–परिवेष नाम मण्डल–इन को परिधिः, कहते हैं, ॥ ९९ ॥ उत्तम रणगृहे अर्थात् धनी वा महाजन के घर ऋण देने पर्य्यन्त विश्वास के अर्थ जो वस्तु गिरों धरी जाती है उसे वन्धकं, कहते हैं, व्यसनं आपत्ति –वा दुःख–चेतः पीड़ा वा मानसी व्यथा–अधिष्ठानं अध्यासन–वा आश्रय–इन को आधयः, कहते हैं; समर्थनं शंका का परिहार–वा समाधान–नीवाकः वचन का अभाव नियमः अंगीकार–इन को समाधयः, कहते हैं, ॥ १०० ॥ दोष का उत्पादन दोषोत्पाद है तहां प्रकृति आदिकों में प्रकृति प्रत्यय, आगम और आदेशों में जो नश्वर है अर्थात् इत्संज्ञालोपों से जो अदर्शनशील अक्षर है उसे–और जो मुख्य पिता माता आदि को आज्ञाकारी शिशु है उसे–और प्रकृतस्य प्रकरण में प्राप्त विषय का अनुवर्त्तन अर्थात् बड़े लोगों से इष्ट की प्राप्ति करना –इन को अनुबन्धः, कहते हैं, ॥ १०१ ॥ विष्णु भगवान्–और चन्द्रमा को विधुः, कहते हैं, "(विधुः समासि कर्पूरे हृषीकेशे च राक्षसे इति विश्वः)" परिच्छेदे सीमा–विले गड्हा–वा बिल–इन को अवधिः कहते हैं, ।

१ विधान २ भाग्य ३ ब्रह्मा ।	पु विधि-(विधाने दैवे च)
१ प्रार्थना २ हलकारा ।	पु प्रणिधिः (प्रार्थने चरे) ॥ १०२ ॥
१ पण्डित २ बूढ़ ३ बुध ।	पु पु बुध-वृद्धौ (पण्डिते ऽपि)
१ समूह २ काण्ड ३ राजा आदि ।	पु स्कन्धः (समुदये ऽपि च) ।
१ सिन्धु देशादि ।	पु (देशे नदविशेषे ऽब्धौ) सिन्धु-(र्ना सरिति स्त्रियाम्) ॥१०३॥
१ विधान २ प्रकाशादि ।	स विधा (विधौ प्रकारे च)
१ रम्य २ सज्जन ।	१पुसन साधू-(रम्ये ऽपि च त्रिषु) ।
१ भार्य्या २ पतोहू ३ स्त्रीमात्र ।	स वधू-(जाया स्नुषा स्त्री च)
चूना आदि ।	स सुधा (लेपो ऽमृतं स्नुही) ॥ १०४ ॥
१प्रतिज्ञा २मर्य्यादा	स सन्धा (प्रतिज्ञा मर्य्यादा)
१आदर २आकांक्षा	स श्रद्धा (सम्प्रत्ययः स्पृहा) ।

१-धु.

विधाने कर्त्तव्य कार्य्य-और दैवे पूर्व्व जन्म का किया शुभ वा अशुभ कर्म्म-च शब्द से ब्रह्मा को भी-विधिः, कहते हैं; प्रार्थने मांगना-वा बिनती-और चरे अपने और दूसरे राज की बात जानने वाला-वा हलकारा-इन को प्रणिधिः, कहते हैं, ॥ १०२ ॥ पण्डित-अपि शब्द से, सौम्य सुन्दर बुध-और बूढ़े को बुधः, और वृद्धः, कहते हैं; समुदये समुदाय-वा समूह-अपि शब्द से कांडे शाखा-राजा-कांध-इन को स्कन्धः, कहते हैं, "(स्कंधः प्रकाण्डे कायेंऽसे विज्ञानादिषु पञ्चसु। नृपे समूहे व्यूहेचेति हैमः)"; देशे देशभेद-अब्धौ समुद्र-नद विशेषे नदविशेष-अर्थात्-सिन्धु-भैरव-शोणभद्र-ब्रह्मपुत्र-आदि-और हाथी के मदस्राव को सिन्धुः, कहते हैं, सो पुल्लिङ्ग है, और सामान्य नदी वाची तो स्त्रीलिङ्ग है, ॥ १०३ ॥ विधौ विधान-वा आज्ञा-हुकुम- प्रकारे जैसे दो प्रकार-वा किस प्रकार-इस आदि-इन को विधा कहते हैं, रम्ये रमणीय-वा सुन्दर-अपि शब्द से व्याज से जीविका वाला-और सज्जन को साधुः, कहते हैं, "हलकारा को भी साधुः कहते हैं"; जाया भार्य्या-स्नुषा पुत्र की पत्नी-इन को और स्त्री मात्र को-वधूः, कहते हैं; देवालय आदि जिस से लिपे जाते हैं, चूना आदि-अमृत मोक्ष-सुधा-जल-वा घृत-स्नुही-सेहुंड़ वृक्ष-इन को सुधा कहते हैं, "(सुधा प्रासादभाक्द्रव्यं सुधा विद्युत्सुधा ऽमृतं। सुधाहि भोजनं ज्ञेयं सुधाधात्री सुधास्नुहीति मञ्जरी)", ॥ १०४ ॥ प्रतिज्ञा स्वीकार-मर्य्यादा बड़ाई-इन को सन्धा कहते हैं, जैसे सत्यसन्धः; सम्प्रत्ययः-आदर-वा-विश्वास-स्पृहा आकांक्षा-इन को श्रद्धा, कहते हैं; ।

१मद्य २पुष्परसादि	न मधु (मद्ये पुष्परसे क्षौद्रे च)
१अन्धा २अंधेरा।	न ऽन्धं (तमस्यपि) ॥ १०५ ॥
	(अतस्त्रिषु)
१मूर्ख २अहंकारी	पुस्त्न समुन्नद्धो (पण्डितं मन्य-गर्व्विते)।
१निन्दित २आज्ञा आदि।	पुस्त्न ब्रह्मबन्धु-(रधिक्षेपे निर्द्देशे)
आश्रितादि।	(ऽथावलम्बित: ॥ १०६ ॥
	पुस्त्न अविदूरो ऽप्य) ऽवष्टब्ध:
१ख्यात २भूषित।	पुस्त्न प्रसिद्धौ (ख्यात-भूषितौ)।

॥ इति धान्ता: ॥

॥ षोडश प्रकरण ॥

१सूर्य्य २अग्नि।	१पु (सूर्य्य-वह्नी) चित्रभानू
१किरण २सूर्य्य।	२पु भानू (रश्मि-दिवाकरौ) ॥ १०७ ॥

१–नु. २–नु.

मद्ये–मदिरा–वा मादक द्रव्य–वा फूल का रस–क्षौद्रे मधु–वा महत–जलै मीठा–विष्णुकर्ण से उत्पन्न दैत्यभेद–कुंभी नसीका भर्ता–वसन्त ऋतु–चैत्रमास–आत्मा के रस से उत्साह युत–दूध–वृक्षभेद–वा अशोक वृक्ष–इन को मधु कहते हैं; तमसि अन्धेरा–अपि शब्द से–आंखहीन–और जल–को अन्धं, कहते हैं; ॥ १०५ ॥ इस के आगे धान्त वर्ग पर्यन्त त्रिलिङ्ग हैं. अहंकारी पण्डिताई का–वा जो अपने तईं पण्डित मानता है वह पंडितंमन्य: है–और गर्व्वित–वा अभिमानी को समुन्नद्ध:, कहते हैं; अधिक्षेपे निन्दा के प्रयोग में–जैसे ऐब्रह्मबन्धो दुर्बुद्धेर्मति–विप्र के आचार से हीन–वा निन्द्य कर्मकारी–और निर्द्देशे आज्ञा–वा उपदेश–वा बेतन–वा दिखलाना उस आदमी के भूल का–इन को ब्रह्मबन्धु:, "स्त्री. ब्रह्मबन्धू:, कहते हैं" "उसी प्रकार क्षत्रबन्धु:" "(ब्रह्मबन्धुरधिक्षेपे निर्द्देशे च द्विजन्मनामिति विश्व:)" ॥ १०६ ॥ अवलम्बित: आश्रित–अविदूर: निकट–वा संचित–जीता हुआ–वा रुका हुआ–अपि शब्द से ग्रस्त को भी अवष्टब्ध:, कहते हैं; ख्यात: प्रसिद्ध–वा कथित–और भूषित: अलंकृत–वा वस्त्र और आभूषण से युक्त–इन को प्रसिद्ध:, कहते हैं; ॥ इति धान्ता: ॥ चित्र विचित्र किरण हैं, जिन की ऐसे सूर्य–और वह्नि आग्नि–को चित्रभानु:, कहते हैं; रश्मि: किरण–वा घोड़े की रस्सी–वा लगाम–और दिवाकर: सूर्य–को भानु:, कहते हैं; ॥ १०७ ॥

१ धाता २ देह ।	[१पु] भूता-त्मानौ (धातृ-देहौ)
१ मूर्ख २ नीच ।	(मूर्खनीचौ) [पु] पृथग्जनौ ।
१ पर्व्वत २ पत्थर ।	[२पु] ग्रावाणौ (शैलपाषाणौ)
१ बाण २ पक्षी ।	[३पु] पत्त्रिणौ (शर-पक्षिणौ) ॥ १०८ ॥
१ वृक्ष २ पर्व्वत ।	(तरु-शैलौ) [४पु] शिखरिणौ
१ अग्नि २ मोर ।	[५पु] शिखिनौ (वह्नि-बर्हिणौ) ।
१ वाञ्छा २ अनुकूल ।	[६पु] प्रतियत्नाव् (उभौ लिप्सो-पग्रहाव्)
१ सारथी २ सवार ।	(अथ) [७पु] सादिनौ ॥ १०९ ॥
	(द्वौ सारथि-हयारोहौ)
१ अश्व २ बाण ३ पक्षी ।	[८पु] वाजिनो (ऽश्वेषु पक्षिणः) ।
१ कुल २ जन्मभूमि ।	(कुले ऽप्य्) [पु] ऽभिजनो (जन्मभूम्यामप्य्)
१ वर्ष २ किरण ३ धानभेद ।	[पु] (ऽथ) हायनाः ॥ ११० ॥

१-त्मन्. २-वन्. ३-न्. ४-न्. ५-न्. ६ त्न. ७-न्. ८-न्.

धाता ब्रह्मा-वा चतुर्मुख-वा विष्णु-वा पालक-और देह शरीर-को भूतात्मा, कहते हैं; मूर्खः मूढ़-और नीचः हीन जाति-को पृथग्जनः, कहते हैं, "पृथक् कार्य्याजनः पृथग्जनः"; शैलः पर्व्वत-और पाषाणः पत्थर-को ग्रावा, कहते हैं, "(ग्रावा प्रस्तरे जलदे गिराविति विश्वः)"; शरः जल-वा बाण-और पक्षी चिड़िये-इन को पत्री कहते हैं, "(पत्री श्येने रथे काण्डे खगद्रुरथिकादिष्विति विश्वः)"; ॥ १०८ ॥ तरुः वृक्ष-और शैलः पहाड़-को शिखरी, कहते हैं, "शिखरिणी स्त्री"; वह्नि अग्नि-बर्ही मयूर-को शिखी कहते हैं; लिप्सा चाहना-उपग्रहः अनुकूल-उभौ ये दोनों प्रतियत्नः, वा प्रतियत्नौ कहलाते हैं, "(प्रतियत्नस्तु संस्कारलिप्सोपग्रहणेषु चेति मेदिनी)"; ॥ १०९ ॥ सारथी रथ का हांकने वाला-वा गाड़ीवान-वा कोचवान-और हयारोहः घोड़चढ़ा-वा सवार-को सादी वा सादिनौ कहते हैं, "(सादी तुरङ्गमारोहे निषादिरथिनोरपीति हेमः)" अश्वः घोड़ा-इषुः बाण-पक्षी पखेरु-इन को वाजिनः, कहते हैं, "एक वचन में वाजी" कुले कुलमुख्य-जन्मभूम्यां जन्मस्थान-अपि शब्द से ख्यातः प्रसिद्ध, को अभिजनः, कहते हैं, "(अभिजनः कुले ख्याते जन्मभूम्यां कुलध्वजे इति विश्वः)" ॥ ११० ॥ अथ अव-

	(वर्षा-र्चि-र्व्रीहिभेदाः स्युश्)
१ चन्द्र २ अग्नि ३ सूर्य्य ४ प्रह्लाद का पुत्र ।	पु (चन्द्रा-ग्न्य-र्कौ) विरोचनाः ।
१ क्लेश २ पापादि ।	पु (क्लेशे ऽपि) वृजिनो
१ सूर्य्य २ देवों का वढ़ई ।	१पु विश्वकर्मा-(ऽर्क-सुरशिल्पिनोः) ॥ १११ ॥
यत्नादि ।	२पु आत्मा (यत्नो धृतिर्बुद्धिः स्वभावो ब्रह्मवर्ष्म च) ।
इन्द्रादि ।	पु (शक्रघातुक मत्तेभवर्षुकाब्दा) घनाघनाः ॥ ११२ ॥
१ द्रव्यादि कृत अहङ्कारादि ।	पु अभिमानो (ऽर्थादिदर्पे ज्ञाने प्रणय-हिंसयोः) ।
मेघादि ।	पु घनो (मेघे मूर्त्तिगुणे त्रिषु मूर्त्ते निरन्तरे) ॥ ११३ ॥
१ सूर्य्य २ राजा ३ स्वामी ।	पु इनः (सूर्य्ये प्रभौ)
चन्द्रादि ।	३पु राजा (मृगाङ्के क्षत्रिये नृपे) ।

१-मन्. २-त्मन्. ३-जन्.

वर्षः वरष-अर्चिः ज्वाला-वा किरण-और व्रीहिभेदः धान का भेद-वा साठी-वा अन्नमात्र-को हायनाः, कहते हैं; चन्द्रः-चांद-अग्निः आगि अर्कः सूर्य्य-और प्रह्लाद के पुत्र को भी-विरोचनः, कहते हैं; क्लेशे वाल-वा क्लेश दुःख वरुण-वा विष्णु को वृजिनः, कहते हैं, "पाप को भी क्लीव वृजिनं कहते हैं"; अर्कः सूर्य्य-सुरशिल्पी देवतों का कारीगर-वा राज-जो स्थान आदि बनाता है, उसको विश्वकर्मा कहते हैं, ॥ १११ ॥ यत्नः परिश्रम-वा उद्योग-धृतिः तुष्टि-वा धारणा-वा सुख-बुद्धिः ज्ञान-वा सांख्योक्त सुख और दुःख आदि आठ प्रकार के धर्म वाले प्रकृति के परिणाम का भेद-स्वभावः स्वकीय धर्म-निज गुण वा-ब्रह्म परमेश्वर-वा जगदीश-वर्ष्म देह-इन को आत्मा, कहते हैं, "(आत्मा कलेवरे यत्ने स्वभावे परमात्मनि । चित्ते धृतौ च बुद्धौ च पर्य्यावर्त्तनेऽपि चेति धरणिः)"; शक्रः इन्द्र-घातुकः हिंसाकारी-वा क्रूर-वा घातुक हो मत्त इभ हाथी कर्मधारय समास करने पर घातुक मत्तेभ एक पद हुआ-तब घातुकमत्तेभः अर्थात् क्रूर मत वाला हाथी-वर्षुकः वर्षा करने वाला-अब्दः वर्षः वा बरस वर्षुकही अब्द इस प्रकार कर्मधारय करने पर-वर्षुकाब्दः वर्षा या अब्द-बरस-इन को घनाघनः, वा घनाघनाः, कहते हैं, यह चार अक्षरका पद है, ॥ ११२ ॥ ऋत्यादिदर्पे अर्थः धन-वा वस्तु-आदि दर्पः अभिमान-ज्ञाने विवेक-वा विद्या-प्रणयः स्नेह-हिंसाप्राणवियोग-इनको अभिमानः, कहते हैं, मेघे बादल-वा जलधर-मूर्त्तिः देह-वा आकार-मूर्त्ति गुणे कठिनता-वा प्रतिमा-मूर्त्ते कठिन-निरन्तरः सान्द्र-वा सघन को घनः, कहते-हैं, "(घनं स्यात् कांस्यतालादिवाद्यमध्यमनृत्ययोः । नामुस्ताब्दोघदार्ढ्येषु विस्तारे लोहमुद्गरे ॥ त्रिषु सान्द्रे दृढे चेति मेदिनी)" ॥ ११३ ॥ सूर्य्ये सूर्य्य-प्रभौ अध्यक्ष-इन को इनः, कहते हैं, "वा प्रभौ राजा-वा स्वामी या पति-भतार-आदि को भी इनः, कहते हैं", मृगाङ्कः चन्द्रमा-क्षत्रिये क्षत्री जाति-वा राजपूत-नृपे नृप-वा राजमात्र-को राजा, कहते हैं, "(राजा प्रभौ च नृपतौ क्षत्रिये रजनीपतौ । यक्षे शक्रे च पुंसिस्यादिति मेदिनी)"; ।

१ नर्त्तकी २ दूती ।	[१स] वाणिन्यौ (नर्त्तकी-दूत्यौ)
१ स्रवन्ती २ नदी ३ सेना ।	[स] (स्रवन्त्यामपि) वाहिनी ॥ ११४ ॥
१ वज्र २ बिजुली ।	[२स] ह्लादिन्यौ (वज्र-तडितौ)
१ वृक्षका बांदा २ स्त्री मात्र ३ वा प्यारी ।	[स] (वन्दायामपि) कामिनी ।
१ खाल २ देह ।	[स] (त्व-ग्देहयोरपि) तनुः
गलघण्टिका आदि ।	[स] सूना (ऽधोजिह्विकापि च) ॥ ११५ ॥
यज्ञादि ।	[पुन] (क्रतु-विस्तारयोरस्त्री) वितानं (त्रिषु तुच्छके । मन्दे)
कार्य्यादि ।	[न] (ऽथ) केतनं (कृत्ये केतावुपनिमन्त्रणे) ॥ ११६ ॥
१ वेद २ चैतन्य ३ तपस्या ।	[३न] (वेदस्तत्वं तपो) ब्रह्म
१ ब्राह्मण २ विधाता ।	[४पु] ब्रह्मा (विप्रः प्रजापतिः) ।

१–नी. २–नी. ३–न. ४–न.

नर्त्तकी नाचने वाली–वा दूती–मत्ता तमवाली–को वाणिनी, कहते हैं, "(वाणिनी नर्त्तकी मत्ता विदग्धा वनितासुचेति मेदिनी)"; स्रवन्त्यां नदी–वा औषधी भेद–अपि शब्द से सेना–को वाहिनी, कहते हैं; ॥ ११४ ॥ वज्रं कुलिश–तड़ित् बिजुली–को ह्रादिनी कहते हैं; वन्दायां लता–वा वृक्ष–अपि शब्द से स्त्रीमात्र–वा विलासिनी–को कामिनी, कहते हैं; त्वग् छिलका–वा चाम–देहः काय–वा शरीर को तनुः, कहते हैं, "(तनुः काये त्वचि स्त्रियस्त्रिष्वल्पे विरले कृश इति मेदिनी)"; अधोजिह्विका गलकंठिका वा–गलघण्टिका–रोगविशेष–अपि शब्द से पुत्री–और वधस्थान–को सूना कहते हैं, ॥ ११५ ॥ क्रतुः यज्ञ–विस्तार बड़ाई–तुच्छ के सून्य–मंद आलसी वा अभागा–और असमर्थ को वितानः, कहते हैं, पहिले के २ अर्थों में वितान स्त्री लिङ्ग नहीं है; और अगले अर्थों में त्रिलिङ्ग है, "मन्द अर्थ में जैसे वितानभूतहृदयः" कृत्ये कार्य्य –केतौ ध्वजा–वा पताका–उपनिमन्त्रणे आमन्त्रण–मित्रों का नेवता–वा जाफत–और निवास –इन को केतनं, कहते हैं; ॥ ११६ ॥ वेदः तीनो वेद–वा ज्ञान–शास्त्र ज्ञान–उस का साधन भी–तत्त्वं चैतन्य–वा परमात्मा–तपः तपस्या–वा तप ऋतु ग्रीष्म ऋतु–"वा ब्रह्म–जैसे ब्रह्मचारीति" वेद आदि तीन अर्थ में ब्रह्म शब्द क्लीव है, और विप्र ब्राह्मण–और प्रजापतिः विधाता–इन दो अर्थों का वाची पुल्लिङ्ग है, "ऋत्विग् यज्ञ कराने वाला–और योग युक्त भी"

उत्साहन वा ऊपर को उठाना आदि।	(उत्साहने च हिंसायां सूचने चापि) गन्धनम्^न ॥ ११७ ॥
दूधी का जावनादि।	आतञ्चनं^न (प्रतीवाप जवनाप्यायनार्थकम्)।
चिह्नादि।	व्यञ्जनं^न (लाञ्छनं श्मश्रु-निष्ठाना-वयवेष्वपि) ॥ ११८ ॥
लोकापवादादि।	(स्यात्) कौलीनं^न (लोकवादे युद्धे पश्वहिपक्षिणाम्)।
निकलनादि।	(स्याद्) उद्यानं^न (निःसरणे वनभेदे प्रयोजने) ॥ ११९ ॥
१ अवकाश २ स्थिति।	(अवकाशे स्थितौ) स्थानं^न
खेल-आदि।	(क्रीडादावपि) देवनम्^न।
पौरुष।	उत्थानं^न (पौरुषे तन्त्रे सन्निविष्टोद्गमे ऽपि च) ॥ १२० ॥
	व्युत्थानं^न (प्रतिरोधे च विरोधाचरणे ऽपि च)।

उत्साहने ऊपर को उठाना—हिंसा क्रूर कर्म—सूचने आशय प्रकाश करना—इन को गन्धनम्, कहते हैं. ॥ ११७ ॥ प्रतीवापः दूध में जावन देना—जवनं वेग—आप्यायनं प्रीणन—वा तृप्ति करना—इन अर्थों का वाचक—आतञ्चनं है; लाञ्छनं चिह्न—श्मश्रु मोछ वा मोछ दाढ़ी, निष्ठानं गीला करना—वा भत्या अचादि का सेवन—अवयवः स्त्री पुरुष के अङ्गों का भेद—इन अर्थों को व्यञ्जनं, कहते हैं, ॥ ११८ ॥ लोकवादः लोकापवाद—पशुः मृग आदि—अहिः सर्प—वा वृत्रासुर—वा सूर्य—पक्षी चिड़िया—इन के युद्ध को कौलीनं, कहते हैं, "कुलीनत्व को भी कौलीनं, कहते हैं"; निःसरणे घर आदि मे निकलना—वनभेदे—उपवन—प्रयोजने अर्थ—वा कार्य—वा हेतु—को उद्यानं, कहते हैं; ॥ ११९ ॥ अवकाशे अवसर—वा सावकाश— वा सुविहिता—स्थितौ स्थान—वा ठिकाना—वा घर—इन को स्थानं, कहते हैं, "स्थानं नित्यावकाशयोः। सादृश्ये संनिवेशेऽपि हेमः"; क्रीड़ा खेल—आदि पद से व्यवहार—दीप्ति—जीतने की इच्छा—स्तुति—वा क्रीड़ा याग—इन को देवनं, कहते हैं, "पाशा को भी देवनः, विश्व के मत से है"; पौरुषे उद्योग—वा पुरुषार्थ—पराक्रम आदि—तन्त्र कुटुम्ब कार्य—वा सिद्धान्त—उत्तम औषध—प्रधान—पक्ष साधन आदि—संनिविष्टोद्गमे बैठे हुये को उठाना—इन को उत्थानं, कहते हैं, ॥ १२० ॥ प्रतिरोधे तिरस्कार—वा बाध—प्रतिबन्ध—निरोध—चोरी आदि—विरोधाचरणे विरुद्ध करना—स्वतन्त्र करना—इन को व्युत्थानं, कहते हैं, ।

१मारण पारा आदि का २मृतक का संस्कारादि ।	(मारणे मृतसंस्कारे गतौ द्रव्येऽर्त्थदापने ॥ १२१ ॥ न निवर्त्तनोपकरणानुव्रज्यासु च) साधनम् ।
१वैरशुद्धि२दानादि	न निर्य्यातनं (वैरशुद्धौ दाने न्यासार्पणेऽपि च) ॥ १२२ ॥
१ विपदि दुःख २ भ्रंशादि ।	न व्यसनं (विपदि भ्रंशे दोषे कामजकोपजे) ।
पलक-वा बरौनी आदि ।	१न पक्ष्मा (ऽक्षिलोम्नि किञ्जल्के तंत्वाद्यंशेऽप्यणीयसि) १२४
तिथि भेदादि ।	२न (तिथिभेदे क्षणे) पर्व
१बरौनी २रास्ता ।	३न वर्त्म (नेत्रच्छदेऽध्वनि) ।
१ अकार्य्य २ गुह्य ।	न (अकार्य्य गुह्ये) कौपीने
१सङ्गति २सुरतादि	न मैथुनं (सङ्गतौ रते) ॥ १२४ ॥
परमात्मा सम्बंधी बुद्धि आदि ।	न प्रधानं (परमात्माधीः)
१बुद्धि २ चिह्न ।	न प्रज्ञानं (बुद्धि-चिह्नयोः) ।

१ पक्ष्मन्. २—न्. ३—न्.

